RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 32
लखनऊ, शुक्रवार, 20 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



सेरेना ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बातों को स्वीकारा
विविध-12

www.dailypioneer.com

# पीओके में लक्षित हमले कर रही भारतीय सेना

## ● पाकिस्तान के सीमा पार आतंकवाद से सख्ती से निपटना जारी रखेगा भारत : सरकारी सूत्र

**भाषा।** नई दिल्ली

**कड़ाके** की सर्दी पड़ने से पहले भारत में अधिकतम आतंकियों की घुसपैठ कराने की पाकिस्तानी सेना की लगातार कोशिशों के जवाब में भारतीय सेना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में संदिग्ध आतंकी ठिकानों पर सटीक लक्षित हमले कर रही है। सुरक्षा प्रतिष्ठान से जुड़े सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सेना ने स्पष्ट किया है कि बृहस्पतिवार को नियंत्रण रेखा पर कोई गोलीबारी या संघर्षविराम का उल्लंघन नहीं हुआ।

सीमा पार आतंकवाद के हाल के प्रयासों के संदर्भ में सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान में डीप स्टेट (पर्दे के पीछे छद्म रूप से काम करने वाली सरकारी शक्तियां) ने आतंकवाद रोधी निगरानीकर्ता एफएटीएफ की निगरानी से बचने और उसके साथ ही जम्मू कश्मीर में अशांति को हवा देने के लिए आतंकवादियों की मदद के उद्देश्य से संतुलन साधने की कोशिश की है। सेना ने कहा कि बृहस्पतिवार को उसके द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक किए जाने संबंधी कयासपूर्ण खबरें 13 नवंबर को हुए संघर्षविराम उल्लंघन के विश्लेषण पर आधारित हैं। नियंत्रण रेखा पर आज कोई गोलीबारी या संघर्षविराम का उल्लंघन नहीं हुआ। पाकिस्तान ने बीते शुक्रवार को संघर्ष विराम उल्लंघन की बड़ी घटना को अंजाम देते हुए उत्तरी कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर भारी गोलाबारी की जिसमें कम से कम चार नागरिकों के अलावा पांच सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। भारतीय सेना ने इस संघर्ष विराम उल्लंघन का मुंहतोड़ जवाब देते हुए कई पाकिस्तानी ठिकानों पर टैंक रोधी निर्देशित मिसाइलों और तोपों से गोले दागे जिसमें कम से कम आठ पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हुई और 12 अन्य घायल हो गए।

सूत्रों ने कहा कि बीते कुछ हफ्तों में जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों की घुसपैठ कराने में मदद के उद्देश्य से पाकिस्तानी सेना नियंत्रण रेखा पर भारत की तरफ के असैन्य क्षेत्रों को लगातार मोर्टार और अन्य भारी हथियारों से निशाना बना रही है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 2019 में जहां पूरे साल में 18 नागरिक पाकिस्तान की गोलाबारी में मारे गए थे, वहीं इस साल अब तक 21 निर्दोष नागरिकों की जान पाकिस्तान की गोलाबारी में जा चुकी है। सूत्रों ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा आतंकवादियों (अधिकतर पाकिस्तानी और विदेशी) को नाकाम करने के लिए खुफिया सूचना आधारित लक्षित हमले किए जा रहे हैं और इन अभियानों में अपनी तरफ नुकसान की गुंजाइश बेहद नगण्य रहती है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में अशांति भड़काने और युवाओं को हथियार मुहैया कराने के लिए पाकिस्तान द्वारा नया तरीका अपनाया जा रहा है जिससे बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दवाब के बीच किसी तरह की निगरानी से बचा जा सके। एक सैन्य सूत्र ने कहा, पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर भारत की तरफ शांतिपूर्वक रह रहे ग्रामीणों को निशाना बनाकर इलाके में रहने वालों को यह संदेश देना चाहता है कि आतंकवाद को लेकर पाकिस्तानी निर्देशों की नाफरमानी जानलेवा साबित होगी। उन्होंने कहा, नागरिकों को खास तौर पर निशाना बनाने की पाकिस्तानी सेना की कार्वाई का जवाब भारतीय सेना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में संदिग्ध आतंकी लॉन्च पैड पर सटीक लक्षित हमले करके दे रही है। सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान सहानुभूति बटोरने और अंतरराष्ट्रीय (शेष पेज 9)

## जम्मू-कश्मीर में जैश ए मुहम्मद के चार आतंकी ढेर

### ● जम्मू-श्रीनगर हाइवे पर सुरक्षा बलों ने गोला-बारूद का भारी जखीरा लेकर जा रहे मोबाइल बंकर ट्रक को उड़ाया

**मोहित कंधारी।** जम्मू



जम्मू में आतंकियों से हुई मुठभेड़ की जगह पर जांच करते सुरक्षा बलों के अधिकारी

**भारी** हथियारों से लैस चार पाकिस्तानी घुसपैठियों को सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बान टोल प्लाजा के पास गुरुवार तड़के तीन घंटे चली मुठभेड़ में ढेर कर दिया। माना जा रहा है कि ये चारों पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के फिदायीन दस्ते के सदस्य थे।

स्पष्ट रूप से इन आतंकवादियों को जम्मू और कश्मीर में 28 नवंबर से शुरू होने वाले जिला विकास परिषद (डीडीसी)चुनावों से पहले बड़ी आतंकी साजिश को अंजाम देने के लिए खास मिशन पर भेजा गया था। चारों आतंकी ट्रक पर बने मोबाइल बंकर में चावल और रेत के बोरों के पीछे छिपे हुए थे। सुरक्षा बलों ने इन्हें मार गिराने के लिए पहली बार फ्लैमेथ्रो का इस्तेमाल किया। मुठभेड़ स्थल पर आतंकवादियों के पास से 11 एके-47 राइफल, 29 ग्रेनेड, तीन किलोग्राम आरडीएक्स, मोबाइल और रेडियो हैंडसेट, दवा और राशन सहित हथियार और गोला-बारूद की बहुत बड़ी खेप भी बरामद की गई है। मुठभेड़ में जम्मू और कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के दो जवानों मोहम्मद इशाक मलिक और कुलदीप राज को चोटें आई हैं।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज जाकर घायल जवानों का हालचाल पूछा। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने कहा कि सेनाओं (शेष पेज 9)

# जन सरोकार से खुद को जोड़ें शिक्षण संस्थान: मुख्यमंत्री

## ● योगी ने किया लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि शिक्षण संस्थानों को जन सरोकार से खुद को जोड़ना चाहिए। शिक्षण संस्थान महज छात्र और शिक्षक तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि पूर्व छात्र और अभिभावकों को भी शामिल करना चाहिए। इनसे बेहतर संवाद कर किसी कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे तो ज्ञान के साथ शोध की उत्कृष्टता को बेहतर करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय को 100 वर्षों की शानदार यात्रा के लिए हृदय से बधाई देता हूं। विवि को अब आगे आने वाले 100 वर्ष की तरफ देखना चाहिए। अपने 100 वर्षों की यात्रा को याद करते हुए लखनऊ विवि बड़े गौरव के साथ कह सकता है कि हमने इस देश को राष्ट्रपति से लेकर न्याय की उत्कृष्टता को बनाए रखने के लिए न्यायमूर्ति, प्रशासनिक अधिकारी और भारत के लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनेक नेता भी दिए हैं। स्वाभाविक रूप से एक लंबी श्रृंखला है। इस श्रृंखला को संजोने का अवसर भी यह शताब्दी वर्ष प्रदान कर रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट छात्र देने वाला लखनऊ विश्वविद्यालय जब अपना मूल्यांकन करेगा तो मूल्यांकन में यह सब एक-एक नग और उपलब्धि के रूप में विश्वविद्यालय के साथ जुड़ता हुआ दिखाई देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ओर वैश्विक महामारी कोविड19 की चुनौती है और दूसरी ओर देश के प्रधानमंत्री के विजन के रूप में देशवासियों के सामने एक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति है। याद रखिये चुनौतियों से उभर कर आग से तपा हुआ ही खरा सोना होता है। इन दोनों में से हम लोग बहुत कुछ सीख सकते हैं। जब हम इन दोनों के मध्य समन्वय स्थापित करेंगे तो हमारा नौजवान अपना पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद खुद को असहाय महसूस नहीं करेगा बल्कि अपने पैरों पर खड़ा होकर आगे बढ़ाने में सक्षम होगा, जो समाज और राष्ट्र के लिए भी नया संदेश देगा।

ध्यान रहे ज्ञान महज एक सैद्धांतिक पक्ष नहीं है बल्कि उसका एक व्यवहारिक पक्ष भी है। ज्ञान का क्षेत्र व्यापक है। शिक्षण संस्थानों को आमजनमानस के साथ जुड़ने और स्थानीय समस्याओं के निदान की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अक्सर (शेष पेज 9)

# कोरोना योद्धाओं के बच्चों को एमबीबीएस में पांच सीटें

## ● केंद्र सरकार के कोटे से इन सीटों को किया जाएगा आरक्षित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**सरकार** ने शिक्षण सत्र 2020-21 में केन्द्र के कोटे से एमबीबीएस पाठ्यक्रम की पांच सीटें कोरोना योद्धाओं के बच्चों के लिए आरक्षित करने का फैसला किया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कहा कि इस कदम का लक्ष्य उन कोरोना योद्धाओं का सम्मान करना है जिनकी मृत्यु कोविड-19 के कारण या महामारी संबंधी ड्यूटी के दौरान हुई है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने केन्द्र के कोटे से एमबीबीएस में दाखिले के दिशा-निर्देशों में नयी श्रेणी 'कोरोना योद्धाओं के बच्चे' जोड़ा है। राष्ट्रीय परीक्षा अकादमी द्वारा करायी गई नीट-2020 में प्राप्त रैंक के आधार पर भरे गए ऑनलाइन आवेदनों के माध्यम से मेडिकल काउंसिल कमेटी इन छात्रों का चयन करेगी। हर्षवर्धन ने कहा, 'यह उन कोरोना योद्धाओं के बलिदान का सम्मान होगा जिन्होंने निस्वार्थ भाव से अपना कर्तव्य और मानव धर्म निभाया है।' रेखांकित करते हुए कि 50 लाख रुपये की बीमा योजना की घोषणा के दौरान ही सरकार द्वारा 'कोरोना योद्धा' की परिभाषा तय कर दी गई थी, मंत्री ने कहा कि कोरोना योद्धा में सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मियों सहित, ऐसे सभी स्वास्थ्यकर्मी आते हैं, जो कोविड-19 मरीजों की सीधे-सीधे देखभाल कर रहे हैं या फिर इसके कारण जिनके जीवन को खतरा है। उन्होंने कहा, इसमें 'राज्य/केन्द्र सरकार के अस्पताल, केन्द्र/राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के स्वायत अस्पताल, एम्स और राष्ट्रीय (शेष पेज 9)

## 'वैक्सीन में स्वास्थ्य कर्मियों व 65 से अधिक उम्र वालों को प्राथमिकता'

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने गुरुवार को कहा कि कोविड-19 टीका वितरण में प्राथमिकता दिया जाना स्वाभाविक है और जब कोई टीका उपलब्ध होगा तो सबसे पहले स्वास्थ्य कर्मियों व 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को वरीयता दी जाएगी। हर्षवर्धन 'फिक्की एफएलओ' द्वारा आयोजित एक वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। 'कोविड के दौरान और उसके बाद बदले स्वास्थ्य प्रतिमान' विषयक वेबिनार में हर्षवर्धन ने कहा कि कोविड-19 टीका अगले कुछ महीनों में उपलब्ध होगा और उम्मीद है कि अगले साल जुलाई-अगस्त तक 25-30 करोड़ लोगों के लिए 40-50 करोड़ खुराक उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा, 'यह स्वाभाविक है कि टीका वितरण में प्राथमिकता दी जाएगी। जैसा कि आप जानते हैं कि स्वास्थ्य कर्मी, जो कोरोना योद्धा हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी, फिर 65 साल से अधिक आयु के लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। फिर 50-65 साल की आयु वाले लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी।'

# 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद को 10 साल की जेल



## ● पाकिस्तान की आतंकवाद रोधी अदालत ने अवैध फंडिंग के दो मामलों में सुनाई सजा

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/लाहौर

**पाकिस्तान** की एक आतंकवाद रोधी अदालत ने आतंकी संगठन जमात-उद-दावा के सरगना हाफिज सईद को अवैध फंडिंग मामले में 10 साल कैद की सजा सुनाई है। पाकिस्तानी मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हाफिज सईद को पिछले साल 17 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था।

हाफिज 26/11 मुंबई आतंकी हमले का मुख्य आरोपी है। इसमें 166 लोगों की मौत हुई थी। इनमें छह अमेरिकी नागरिक शामिल थे। सईद के साथ दो और आरोपियों प्रो. जफर इकबाल, और याह्या मुजाहिद को दो मामलों में पांच-पांच साल और दूसरे मामले में छह महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। उन पर 1,10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। सभी की चल-अचल संपत्ति जब्त कर ली गई है। संयुक्त राष्ट्र ने सईद को आतंकवादी घोषित किया था और अमेरिका ने उसपर एक करोड़ डॉलर के इनाम की घोषणा कर रखी है। उसे आतंकी कृत्यों के लिए वित्तीय मदद उपलबध कराने के मामले में पिछले साल 17 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था।

आतंकवाद रोधी अदालत ने आतंकी कृत्यों के लिए वित्तीय मदद उपलबध कराने के दो मामलों में उसे इस साल फरवरी में 11 साल कैद की सजा सुनाई थी। वह लाहौर की उच्च सुरक्षा वाली कोट लखपत जेल में बंद है। अदालत के एक अधिकारी ने पीटीआई से कहा कि लाहौर स्थित आतंकवाद रोधी अदालत ने बृहस्पतिवार को जमात उद दावा के सरगना सईद (शेष पेज 9)

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश

### किसी भी प्रदेश में सीबीआई जांच के लिए राज्य सरकार की स्वीकृति आवश्यक



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकार की सहमति उसके अधिकार क्षेत्र में सीबीआई जांच के लिए अनिवार्य है और इसके बिना एजेंसी जांच नहीं कर सकती। न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर और न्यायमूर्ति बी. आर. गवई की एक पीठ ने कहा कि प्रावधान संविधान के संघीय चरित्र के अनुरूप हैं, जिसे इसकी बुनियादी संरचनाओं में से एक माना गया है। शीर्ष अदालत ने दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (डीएसपी) अधिनियम की धारा पांच और छह का हवाला दिया, जो अन्य क्षेत्रों के लिए विशेष पुलिस प्रतिष्ठान की शक्तियों और अधिकार क्षेत्र के विस्तार और राज्य सरकार की शक्तियों और (शेष पेज 9)

# भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे बिहार के शिक्षा मंत्री मेवालाल का इस्तीफा

## ● सीएम नीतीश कुमार के 14 सदस्यीय कैबिनेट के शपथ लेने के तीन बाद छोड़ना पड़ा पद

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना



**बिहार** के शिक्षा मंत्री मेवालाल चौधरी ने बृहस्पतिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। भ्रष्टाचार के आरोपों के बावजूद चौधरी को मंत्री बनाए जाने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था। राज्य की नीतीश कुमार कैबिनेट में एक मंत्री के तौर पर शपथ लेने के तीन दिन बाद ही चौधरी ने इस्तीफा दे दिया।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चौधरी को शपथ ग्रहण के एक दिन बाद मंगलवार को प्रभार आवंटित किया गया था। उन्होंने अपराह्न एक बजे प्रभार संभालने के तत्काल बाद अपना इस्तीफा भेज दिया। चौधरी मुख्यमंत्री कुमार के नेतृत्व वाले जदयू के सदस्य हैं। वह बिहार कृषि विश्वविद्यालय, भागलपुर में शिक्षकों और तकनीशियनों की नियुक्ति में कथित अनियमितता के पांच वर्ष पुराने एक मामले में आरोपी हैं। वह इस विश्वविद्यालय के कुलपति रहे हैं।

राज्य में हाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में तारापुर सीट से निर्वाचित हुए चौधरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद अपना इस्तीफा दे दिया। राज्यपाल फागू चौहान ने मुख्यमंत्री कुमार की सलाह पर यह निर्णय लिया है कि शिक्षा विभाग के मंत्री मेवा लाल चौधरी तात्कालिक प्रभाव से बिहार राज्य के मंत्री तथा मंत्रिपरिषद के सदस्य नहीं रहेंगे। राजभवन द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार राज्यपाल ने मुख्यमंत्री की सलाह पर भवन निर्माण मंत्री अशोक (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 43,599 | ⬇ | 580 | |
| निफ्टी | 12,771 | ⬇ | 166 | |
| सोना | 49,714 | ⬇ | 248 | /10g |
| चांदी | 61,184 | ⬇ | 853 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कोरोना के कारण अहमदाबाद में आज से रात का कर्फ्यू

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद शहर मे कोरोना वायरस संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए शुक्रवार से रात का कर्फ्यू लगाने का निर्णय लिया गया है। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार 20 नवंबर से रात नौ बजे से सुबह छह तक कर्फ्यू लगाया जाएगा और अगले आदेश तक इसे जारी रखा जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव कुमार गुप्ता ने यह घोषणा की। उन्हें गुजरात सरकार ने विशेष कार्याधिकारी नियुक्त किया है और उनका काम अहमदाबाद नगर पालिका के कोरोना वायरस संक्रमण संबंधी कामकाज की निगरानी करना है। उन्होंने कहा कि यहां कुछ दिनो मे संक्रमण के मामले तेजी से बढ़े है जिसके कारण निजी अस्पतालो मे कोरोना वायरस संक्रमण के मरीजों के बेड तेजी से भर रहे है।

# ऑक्सफोर्ड का कोविड-19 टीका उम्रदराज लोगों पर ज्यादा प्रभावी

## ● भारत के सीरम संस्थान के साथ मिलकर किया जा रहा वैक्सीन का विकास

**पीएनएस/एजेंसी।** लंदन




**ऑक्सफोर्ड** यूनिवर्सिटी द्वारा विकसित कोविड-19 टीका 56-69 आयु समूह के लोगों तथा 70 साल से अधिक के बुजुर्गों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में महत्वपूर्ण सुधार करने में कारगर है।

इस टीके से संबंधित यह जानकारी गुरुवार को पत्रिका 'लैंसेट' में प्रकाशित हुई जिसका विकास भारतीय सीरम संस्थान के साथ मिलकर किया जा रहा है। अध्ययन में 560 स्वस्थ वयस्कों को शामिल किया गया और पाया गया कि 'सीएचएडीओएक्स 1 एनकोव-19' नाम का यह टीका अधिक आयु समूह के लोगों के लिए काफी उत्साहजनक है। इसका मतलब है कि यह टीका अधिक आयु समूह के लोगों में कोरोना वायरस के खिलाफ रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर सकता है। अनुसंधानकर्ताओं ने उल्लेख किया कि यह निष्कर्ष उत्साहजनक है क्योंकि अधिक आयु समूह के लोगों को कोविड-19 संबंधी जोखिम अधिक होता है। इसलिए कोई ऐसा टीका होना चाहिए जो अधिक आयु समूह के लोगों के लिए कारगर हो। ऑक्सफोर्ड टीका समूह से जुड़े डॉक्टर महेशी रामासामी ने अधिक आयु समूह के लोगों में टीके के अच्छे परिणामों पर खुशी व्यक्त की। ब्रिटेन ऑक्सफोर्ड के इस टीके की 10 करोड़ खुराक का पहले ही ऑर्डर दे चुका है।

अनुसंधानकर्ताओं की टीम यह भी जानने की कोशिश कर रही है कि क्या तीसरे चरण के व्यापक परीक्षण में यह टीका लोगों में कोविड-19 को विकसित होने से रोकता है। इस महत्वपूर्ण चरण के शुरुआती परिणाम अगले कुछ सप्ताह में आने की उम्मीद है। डॉक्टर रामासामी ने कहा कि हम यह देखकर प्रसन्न हैं कि हमारा टीका न सिर्फ अधिक आयु के वयस्कों के लिए अच्छी तरह कारगर है, बल्कि इसने युवा स्वयंसेवियों में भी समान रोग प्रतिरोधक (शेष पेज 9)

# रैपिड रेल के लिए शंघाई का बैंक देगा 500 मिलियन डॉलर

## ● ऋण समझौते पर हस्ताक्षर, दिल्ली-मेरठ के बीच आरआरटीएस परियोजना के निर्माण को मिलेगी गति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**चीन** के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर महीनों से जारी गतिरोध के बीच दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना के लिए शंघाई स्थित न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) 500 मिलियन डॉलर का ऋण देगा।

केंद्र की ओर से शहरी मामलों के मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनसीआरटीसी) और एनडीबी की ओर से चीफ ऑपरेशन ऑफिसर जियान झू ने गुरुवार को इस ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए। रैपिड रेल चलने से दिल्ली और मेरठ की दूरी लगभग एक घंटे में सिमट जाएगी। अभी यहां आने-जाने में करीब दो से ढाई घंटे लगते हैं। ब्रिक्स देशों द्वारा स्थापित बहुपक्षीय विकास बैंक एनडीबी से ऋण के लिए हरी झंडी बीते 29 सितंबर को हुई बोर्ड की बैठक के बाद मिली है। यह ऋण आठ वर्ष की छूट अवधि के साथ 25 वर्षों में लौटाया जा सकेगा। इससे पहले सितंबर में केंद्र ने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस गलियारे के लिए 500 मिलियन डॉलर का एक और ऋण लिया था। केंद्र सरकार एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) से भी लोन लेने की योजना बना रही है। एनडीबी और एआईआईबी दोनों ही प्रमुख बैंकों का मुख्यालय चीन में है। इस धनराशि का उपयोग रोलिंग स्टॉक, सिग्नलिंग सिस्टम, परिचालन संरचनाओं, परिचालन कर्मचारियों के लिए निवास बनाने, ट्रेन नियंत्रण और दूरसंचार प्रणाली सहित अन्य कार्यों में किया जाएगा।

एनसीआरटीसी द्वारा बनाए जा रहे 82 किमी लंबे गलियारे पर लगभग 3,759 मिलियन अमेरिकी डॉलर का खर्च आएगा। इसमें एनडीबी (500 मिलियन डॉलर), एआईआईबी (500 मिलियन डॉलर), एशियाई विकास बैंक (1,049 मिलियन डॉलर), जापान फंड फॉर पॉवर्टी रिडक्शन (3 मिलियन डॉलर) देगा जबकि केंद्र सरकार और अन्य स्त्रोतों से 1,707 मिलियन डॉलर रकम मिलेगी। आरआरटीएस दिल्ली और मेरठ के बीच 82 किमी लंबी परियोजना है। इसमें 11.5 किमी ट्रैक भूमिगत होगा। एलिवेटेड कॉरिडोर में 24 स्टेशन होंगे। तैयार होने के बाद यात्रा के समय को कम करने के लिए इस पर हाई स्पीड ट्रेनें चलेंगी। परियोजना पर सिविल निर्माण कार्य गाजियाबाद के साहिबाबाद से मेरठ में शताब्दीपुरम तक 50 किमी के बीच बहुत तेजी से चल रहा है। पहले चरण में साहिबाबाद और दुहाई के बीच 17 किमी लंबे ट्रैक पर 2023 तक ट्रेन चलाने का लक्ष्य रखा गया है। पूरा कॉरिडोर वर्ष 2025 तक चालू हो जाएगा।

# कोरोना से बचाव व उपचार में सक्रियता दिखाएं

## कान्टैक्ट ट्रेसिंग की व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखा जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना संक्रमण से बचाव तथा उपचार की व्यवस्था को पूरी सक्रियता से संचालित किये जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है।

मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि छठ पर्व को देखते हुए पूरी सावधानी बरती जाए। उन्होंने पर्व के दौरान घाटों पर साफ-सफाई की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड 19 की चेन को तोड़ने में मेडिकल टेस्टिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने टेस्टिंग कार्य को पूरी क्षमता से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन आरटीपीसीआर विधि से 65 से 75 हजार टेस्ट तथा रैपिड एन्टीजन विधि से 90 हजार से 01 लाख 10 हजार टेस्ट किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कान्टैक्ट ट्रेसिंग की व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर पूरी सक्रियता से कार्य करें। प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रतिदिन सुबह कोविड अस्पताल में तथा शाम को इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में नियमित तौर पर समीक्षा बैठक सम्पन्न की जाए। उन्होने कहा कि जब तक कोविड 19 की कोई कारगर दवा अथवा वैक्सीन उपलब्ध नहीं हो जाती, तब तक बचाव ही उपचार है। इसे ध्यान में रखते हुए लोगों को संक्रमण से सुरक्षित रखने के बारे में निरन्तर जागरूक किया जाए। इसके लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों के साथ-साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम के द्वारा लोगों को जानकारी दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कोविड चिकित्सालयों तथा मेडिकल कॉलेजों में उपचार की व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखा जाए। इन अस्पतालों में बेड्स की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने चिकित्सालयों में उपलब्ध संसाधनों की नियमित समीक्षा किए जाने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसादए अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव पशुपालन भुवनेश कुमार, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य आलोक कुमार, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अलगाववादियों के साथ खड़ी है कांग्रेस: योगी

● गुपकार समझौते में कांग्रेस की संलिप्तता पर बरसे सीएम, कहा कि देश की संप्रभुता से खिलवाड़ करने के लिए माफी मांगे कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जम्मू-कश्मीर** में विपक्षी नेताओं के संगठन गुपकार समझौते को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे देश की संप्रभुता और अखंडता से खिलवाड़ की कुत्सित कोशिश करार दिया है। सीएम योगी ने गुपकार में कांग्रेसी नेताओं की सहभागिता को शर्मनाक बताते हुए कहा है कि कांग्रेस का हाथ अलगाववादियों के साथ है। इसके नेता दिल्ली में कुछ बोलते हैं और घाटी में कुछ और। देश में सबसे अधिक समय तक शासन करने वाली राष्ट्रीय पार्टी का यह दोहरा चरित्र निंदनीय है। देश यह स्वीकार नहीं करेगा। इसके लिए पार्टी नेतृत्व को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस नेतृत्व से अनुच्छेद 370 के मसले पर भी अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जम्मू और कश्मीर को लेकर कांग्रेस का दोहरा रवैया है। यह राष्ट्रीय एकता और अखंडता के साथ सीधा-सीधा खिलवाड़ है। कांग्रेस ने यह सदैव किया है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से उन तत्वों को प्रेरित करती रही है जो अराजकता और अलगाववाद को बढ़ावा देते हैं। एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को कभी साकार नहीं होने दिया। छल से जम्मू और कश्मीर में धारा 370 लगाकर आतंकवाद को प्ररित और प्रोत्साहित किया।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में गुपकार बैठक में कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति यह साबित करती है कि कांग्रेस के नेता दिल्ली में कुछ कहते हैं और कश्मीर में कुछ और करते हैं। कांग्रेस नेतृत्व को गुपकार गठबंधन पर पार्टी का रुख साफ करना होगा। देश अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस से स्पष्टता चाहता है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 देश में आतंकवाद और अलगाववाद का कारण होने के साथ जम्म-कश्मीर में विकास के विकास में भी बाधक था। इसे हटाने के बाद वहां के कुछ नेताओं ने समझौता किया, जो गुपकार कन्वेंशन कहलाता है। इस पर हस्ताक्षर करने वाले क्षेत्रीय दलों के नेताओं साथ कांग्रेस पार्टी के भी नेता हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने सदैव राष्ट्रीय अस्मिता के साथ खिलवाड़ किया है। वह प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से उन तत्वों को प्रेरित करती रही है जो देश में आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देते हैं। जम्मू और कश्मीर में कांग्रेस का यह दोहरा चेहरा देश की जनता के सामने आया है। उन्होंने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को सकार न होने देने में कांग्रेस पार्टी ही जिम्मेदार है।

# सहकारिता के माध्यम से किसानों को किया जा रहा लाभान्वित: मुकुट बिहारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि विभागीय कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। विभागीय दायित्वों को जिम्मेदारी के साथ करना सुनिश्चित किया जाए। उप्र राज्य भण्डारण निगम निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है। सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है।

वर्मा बृहस्पतिवार को 67वें अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह के छठवें दिन उप्र राज्य भण्डारण निगम एवं उप्र सहकारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में निगम के सभाकक्ष में कोआपरेटिव फार यूथ, महिला और वर्कर सेशन विषय पर आयोजित गोष्ठी का शुभारम्भ करने के बाद उसे संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 67 वर्ष पहले भी ग्रामीण क्षेत्र में सहकारिता विभाग कार्य कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए कार्य करना चाहिए। गोष्ठी में युवाओं को रोजगार, स्किल डेवलपमेंट तथा उद्यमिता के विकास हेतु सहकारी संस्थाओं के योगदान तथा भविष्य में सहकारी संस्थाओं के माध्यम से महिलाओं तथा कमजोर वर्गो का सशक्तिकरण कैसे किया जाए, इस पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर गोष्ठी में प्रबन्ध निदेशक एलडीबी एके सिंह, अपर आवास आयुक्त व अपर निबन्धक वरूण कुमार मिश्रा, अपर आयुक्त व अपर निबन्धक सहकारिता जमुना प्रसाद पाण्डेय, कार्यकारी निदेशक पीसीएफ आलोक दीक्षित सहित विभाग के तमाम अधिकारी मौजूद थे।

# तुलसीदास सम्मान की राशि दोगुनी हुई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीएम** योगी ने हिंदुस्तानी एकेडेमी प्रयागराज द्वारा प्रदत्त श्गोस्वामी तुलसीदास सम्मान हेतु दी जाने वाली राशि को दोगुनी करने का आदेश दिया है। हिंदी साहित्य के भक्ति काल पर केंद्रित स्तरीय एवं उत्कृष्ट कृति हेतु प्रदत्त इस सम्मान की राशि 2,50,000 से बढ़ाकर 5,00,000 कर दी गई है।

● संत कबीर के नाम पर नया सम्मान शुरू करने को मंजूरी

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने हिंदुस्तानी एकेडेमी प्रयागराज के नवीन पुरस्कार संत कबीर सम्मान को प्रारंभ करने की भी अनुमति दी है। इस नए अवार्ड के तहत निर्गुण भक्ति धारा के महान संत कबीर दास के विचारों से सम्बंधित स्तरीय एवं उत्कृष्ट कृति पर यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। इस सम्मान के रूप में साहित्य सर्जक को 4,00,000 की राशि प्रदान की जाएगी।

# निवेश की दृष्टि से सबसे पसंदीदा राज्य बना यूपी

● 9700 करोड़ की परियोजनाओं को 1000 से अधिक भूखंड आवंटित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा कि निवेश की दृष्टि से उत्तर प्रदेश सबसे पसंदीदा राज्य के रूप में उभर कर सामने आया है। मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की कानून व्यवस्था बेहतर हुई और उद्यमियों के लिए सकारात्मक माहौल बना। इसी के फलस्वरूप 4.28 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए और दो वर्षों के अंदर ही 43 फीसदी परियोजनाएं धरातल पर उतरने को तैयार है। उन्होंने कहा कि इनमें से 48707.49 करोड़ के 156 परियोजनाएं कार्यान्वित हो चुकी है जबकि 53955.40 करोड़ की 174 परियोजनाएं प्रक्रियाधीन है। इनके अलावा 86261.90 करोड़ की 429 परियोजनाओं को आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जा चुकी हैं और निवेशक परियोजना शुरू करने की प्रक्रिया में हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार कुल 188924.79 करोड़ की 759 परियोजनाओं का कार्यान्वयन होगा। पत्रकारों से बात करते हुए महाना ने कहा कि वर्तमान सरकार में पूरी पारदर्शिता के साथ औद्योगिक प्लाटों का आवंटन हुआ है फिजिबिलिटी देखकर लाटरी के माध्यम से प्लाट आवंटित किये गये हैं। इसके साथ ही अवस्थापना सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए 421 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है। इसमें से 44 करोड़ रुपये कोविड काल में स्वीकृत किये गये है। उन्होंने कहा कि जिन औद्योगिक क्षेत्रों में 80 प्रतिशत से अधिक प्लाट बिक चुके हैं वहां ऑनलाइन बिडिंग के माध्यम से प्लाट आवंटन की व्यवस्था की गई है। औद्योगिक विकास मंत्री ने कहा कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में राज्य के औद्योगिक विकास प्राधिकरणों द्वारा अब तक लगभग 9700 करोड़ रुपये के निवेश और करीब 195990 रोजगार सृजन की सम्भावना वाली परियोजनाओं को लगभग 740 एकड़ भूमि (1097 भूखण्ड) आवंटित की गई है। इन निवेश परियोजनाओं में से 7006 करोड़ रुपये के निवेश और 171683 रोजगार की सम्भावना वाली परियोजनाओं के लिए 566 एकड़ भूमि का आवंटन केवल यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा ही किया गया है। इनमें सेक्टर 29 और 33 में परिधान पार्क, हस्तशिल्प पार्क, एमएसएमई पार्क, खिलौना पार्क के लिए भूखण्ड आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ प्रमुख निवेशक जिन्हें हाल ही में भूमि आवंटित की गई है उनमें हीरानंदानी ग्रुप, सूर्या ग्लोबल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एमजी कैप्सूल्स, केशो पैकेजिंग, माउंटेन व्यू टेक्नोलॉजीज आदि सम्मिलित हैं।

# बाइक बोट घोटाले में नोबल कोऑपरेटिव बैंक का सीईओ गिरफ्तार

**लखनऊ।** नोएडा में हुए बहुत चर्चित बाइक बोट घोटाले में आर्थिक अपराध अनुसंधान शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बृहस्पतिवार को मेरठ के नोबल कोऑपरेटिव बैंक के सीईओ विजय कुमार शर्मा को उसके नोएडा स्थित आवास से गिरफ्तार किया। 70 करोड़ रुपए से अधिक के इस घोटाले में शर्मा वांछित चल रहा था। आर्थिक अपराध अनुसंधान शाखा के डीजी आरपी सिंह ने बताया कि विजय कुमार शर्मा ने बाइक बोट घोटाले के मास्टरमाइंड संजय भाटी के साथ मिलकर लोगों को धोखा दिया। इस घोटाले में ढाई लाख लोगों को फर्जी चेक दिए गए। संजय भाटी ने लोगों से बैंक में 70 करोड़ से ज्यादा रुपये की धनराशि जमा कराई थी। बैंक के सीईओ विजय कुमार ने मिलीभगत की रकम को प्रॉपर्टी के काम में ग्रेटर नोएडा में निवेश किया। इसके बाद बैंक का लोगों को दिया गया फर्जी चेक खातों में लगाया गया लेकिन वह बाउंस हो गया।

# मायावती के पिता का निधन सीएम ने जताया शोक

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती के पिता प्रभु दयाल का गुरुवार को निधन हो गया है। वह 95 साल के थे। मायावती के पिता प्रभु दयाल दिल्ली के रकाबगंज में रहते थे। उनका अंतिम संस्कार कल दिल्ली में होगा। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के पिता प्रभु दयाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने मायावती से दूरभाष पर वार्ता कर उन्हें सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए मायावती तथा उनके शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वहीं उनके निधन पर बसपा के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र मिश्रा समेत तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शोक जताया है।

# यूपी में निवेश की अपार संभावनाएं: आलोक रंजन

● विशेषज्ञों को लेकर बहुराष्ट्रीय कम्पनी ने बनाया सलाहकार मंडल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन और आर्थरडी लिटल कंपनी के वरिष्ठ सलाहकार ने कहा कि यूपी में निवेश की बहुत संभावना है और किस क्षेत्र में कहां पर निवेश किया जाए यह काम यूपी के लिए अब आर्थर डी लिटिल कपनी बताएगी। इसके लिए वह सलाहकार के रूप में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अपने सेवा के दौरान 33 साल उन्होंने यूपी में काम किया है। इसलिए उन्हें भली भांति जानकारी है कि प्रदेश के किस हिस्से में क्या संभावनाएं है।

दरअसल दुनिया की सबसे पुरानी प्रबंधन परामशर्दाता कंपनी आथर्र डी लिटल एडीएल ने लखनऊ में एक नया कायार्लय स्थापित किया है। नई दिल्ली और मुम्बई में कायार्लयों के बाद यह एडीएल का भारत में तीसरा कायार्लय है। इसके साथ ही कंपनी ने पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन और कार्यकारी परिषद इंडो-अर्मेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स लखनऊ चैप्टर के सदस्य मुकेश बहादुर सिंह को अपना वरीष्ठ सलाहकार नियुक्त किया है। आलोक रंजन ने कहा कि यूपी में विकास होगा तो देश का विकास होगा। कौशल विकास के तहत युवाओं में स्कील डेवलपमेंट विकसित किया जा रहा है ताकि कंपनियों को यूपी में कुशल हाथ मिल जाए काम करने के लिए, इसी आधार पर प्रदेश काम कर रही है। कृषि से लेकर इलेक्ट्रानिक सेक्टर में बेहतर काम किया जा सकता है जिससे रोजगार के साथ-साथ प्रति व्यक्ति आय में भी बढ़ोत्तरी होगी। एडीएल के सीईओ बारिनक मैत्र ने कहा कि देश में आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक उत्तम कदम है और यूपी में अगले दशक में भारत के विकास का नया वाणिज्यक इंजन बनेगा।

# पिछड़ों के अधिकारों के साथ भाजपा सरकार कर रही खिलवाड़: लल्लू



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

**प्रदेश** कांग्रेस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों की प्रथम बैठक हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू एवं पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन मनोज यादव ने पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। बैठक के दौरान सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके प्रभार क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गयी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि मौजूदा योगी सरकार में सबसे ज्यादा पिछड़ों के हितों पर डकैती डालने का काम किया जा रहा है। योगी सरकार संविधान के मौलिक आत्मा को कुचलते आरक्षण के मौलिक अधिकार को शनैः-शनैः खत्म करने का षडयंत्र कर रही है। पूरे प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्तियों में धांधली की जा रही है। विश्वविद्यालय एवं डिग्री कालेजों में चरणबद्ध तरीके से आरक्षण देने की प्रक्रिया को साजिशन बाधित की जा रही है। पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन मनोज यादव ने पिछड़ा वर्ग विभाग के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया और कहा कि यह कमेटी उप्र में पिछड़ों के हक और अधिकार के लिए एक मजबूत संगठन बनाकर वर्तमान भाजपानीत सरकारों की पिछड़ा विरोधी नीतियों की मुखालफत करेगी।

# भाजपा के जंगलराज में महिला होना ही सबसे बड़ा अपराध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में अपराधी को सत्ता का संरक्षण और अपराध को सामने लाने वाले पर केस दर्ज होने का अजीबोगरीब खेल चल रहा है। कानून व्यवस्था का यह नया रंग ढंग महिलाओं को निराशा में आत्महत्या करने को मजबूर कर रहा है। पिछड़े, दलित और महिलाओं में असुरक्षा की भावना गहरे से घर कर गई है और वे घर बाहर भयाक्रांत रहती हैं। एक तरह से तो भाजपा राज के जंगलराज में महिला होना ही सबसे बड़ा अपराध हो गया है। अखिलेश ने कहा कि दलित समाज की बेटियों पर अत्याचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। अयोध्या के ग्राम नारा में सत्ता संरक्षित दबंगों द्वारा दलित किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म की घटना अत्यंत दुःखद है। बेटी को कब इंसाफ मिलेगा यह प्रश्न सरकार से पीड़ित परिवार का है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र पर ट्वीट कर लोकतंत्र की हत्या का बयान देने वाले मुख्यमंत्री के राज में महिलाओं के खिलाफअपराध रोकने और अपराधी को पकड़ने के बजाय उसे उजागर करने वाले को ही पकड़ा जा रहा है। भाजपा राज में विभिन्न कारणों से कई पत्रकारों के उत्पीड़न और हत्या तक की घटनाएं हो चुकी हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ जिस प्रकार बलात्कार, यौन उत्पीड़न और छेड़खानी के मामले बढ़े हैं उससे हताशा और अवसाद में आकर कई बहन बेटियों को आत्महत्या को मजबूर होना पड़ा है।

# पाक्सो एक्ट के मामलों में 249 को मिली सजा

**लखनऊ।** प्रदेश पुलिस ने पास्को एक्ट के मामलों में इस साल सितंबर तक 249 अभियुक्तों को सजा दिलाई है। डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी की ओर से पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों की विवेचनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण किए जाने के संबंध में सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। डीजीपी के निर्देश पर ऐसे मामलों का अभियान चलाकर निस्तारण कराया जा रहा है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सूच्य हो कि मेरे पति स्व0 जवाहर लाल प्रजापति की भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा-बिसवाँ की पॉलिसी संख्या-213303820 व 213304203 में नामिनी का नाम गेंदा देवी दर्ज है, जबकि आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम शान्ती देवी दर्ज है। गेंदा देवी व शान्ती देवी एक ही महिला के नाम हैं, जो कि मेरे हैं। शान्ती देवी पत्नी स्व0 जवाहर लाल प्रजापति, निवासी : कस्बा-तम्बौर, तहसील-लहरपुर, जिला-सीतापुर।

# सर्राफ लूट व हत्याकांड में वांछित 50 हजार का इनामी राजस्थान से गिरफ्तार

● हिरासत से भागते समय मुठभेड़ में गोली लगने से हुआ घायल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने राजस्थान के करौली जिले के बाल घाट थाना क्षेत्र से यूपी के 50,000 के कुख्यात इनामी अपराधी कपिल उर्फ सर्रा निवासी भावनपुर, मेरठ को गिरफ्तार किया है। कपिल बीते 8 सितंबर को मेरठ के मेडिकल थाना क्षेत्र में ज्वेलर्स की हत्या कर हुई लूटपाट की घटना में वांछित चल रहा था। ट्रांजिट रिमांड पर एसटीएफ उसे मेरठ लाई।

एसटीएफ के मुताबिक मेरठ के थाना मैडिकल पुलिस द्वारा उक्त मुकदमें में लूटी गयी सम्पत्ति की बरामदगी के लिए अभियुक्त कपिल को उसके द्वारा बताए गए स्थान पर लेकर जाया गया। बरामदगी कराने के उपरान्त वापस थाना लौटते समय अभियुक्त द्वारा उप निरीक्षक की पिस्टल छीनकर भागने का प्रयास किया गया, जिस पर पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग की गयी। जिसमें एक गोली अभियुक्त के पैर में लगी।

एसटीएफ को जानकारी मिली कि कपिल अपने जीजा संदीप के दोस्त रामभान के यहां राजस्थान में छिपकर रह रहा है। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम राजस्थान भेजी गई। टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से गांव देवलैन से मूडिया जाने वाले रास्ते पर नाकाबन्दी कर उसे गिरफ्तार किया। कपिल ने पूछताछ में बताया कि मैं यहां पर विगत एक माह से रह रहा हूं।

# 184 गांवों की जनता को जागरूक करेगा स्वच्छता रथ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● कोरोना जागरूकता वाहन को हरी झण्डी दिखा कर किया रवाना

**विश्व** शौचालय दिवस पर गुरुवार को निदेशक पंचायतीराज और निदेशक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण किंजल सिंह ने कोरोना जागरूकता वाहन-स्वच्छता रथ को हरी झण्डी दिखा कर लखनऊ और अवध के जिले बहराइच, सीतापुर, बाराबंकी के लिए रवाना किया। यह कार्यक्रम आगा खान फाउंडेशन एवं यूनिलीवर सहायतित स्वच्छता व्यवहार कार्यक्रम और पंचायतीराज निदेशालय उत्तर प्रदेश के सहयोग से आयोजित किया गया था।

निदेशक पंचायतीराज ने बताया कि आगा खान फाउंडेशन एवं पंचायतीराज विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा अवध के इन जिलों खास करके ग्रामीण इलाकों में कोरोना से बचाव के लिए एक स्वच्छता व्यवहार परिवर्तन कार्यक्रम लागू किया जा रहा है, जिसके द्वारा इन क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वच्छता व्यवहार के परिवर्तनों से संबंधित जानकारी प्रदान की जायेगी। इसी क्रम में कोरोना जागरूकता वाहन स्वच्छता रथ जो कि मोबाइल हैंडवाशिंग के साथ संचार के अन्य माध्यम जैसे टीवी, माइक, स्पीकर्स इत्यादि से सुसज्जित है, ताकि ग्रामीणों से संवाद करने में आसानी रहे। उन्होंने बताया कि इस स्वास्थ्य रथ से लगभग 184 गांवों की 70 प्रतिशत जनता लाभान्वित हो सकेगी।

**कार्यालय नगर पंचायत बभनान बाजार-बस्ती**

**निविदा सूचना**

एतद्वारा सर्वसाधारण तथा समस्त सम्बन्धित ठेकेदारों को सूचित किया जाता कि वित्तीय वर्ष 2020–21 में नगर पंचायत बभनान बाजार बस्ती में राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से हाइड्रोलिक ट्राली क्रय किये जाने हेतु मोहरबन्द निविदा दिनांक 24.11.2020 समय 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत बभनान बाजार बस्ती पर आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन 03:00 बजे निविदादाताओं/ अधिकृत प्रति. निधि के समक्ष अध्यक्ष महोदय के समक्ष खोला जायेगा। अन्य जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 23.11.2020 तक कार्यालय समय में की जायगी। कार्य का विवरण निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाइड्रोलिक ट्राली 10x6x2 दो चक्के पहिये पर कम्पलीट | 2,65,000.00 | 20,000.00 | 200.00 | 1 माह |

(रमेश कुमार गुप्ता)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बभनान बाजार
जनपद–बस्ती

(सईद खाँ)
अध्यक्ष
नगर पंचायत बभनान बाजार
जनपद–बस्ती

पत्रांक : 1239(3)/न0प0ब0बा0/2020–21 दिनांक : 13.11.2020

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# एलयू का सौ साल का सफर शानदार: डा. शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के उद्घाटन अवसर पर विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री प्रोफेसर दिनेश शर्मा ने कहा कि अपने 100 वर्षों की यात्रा में लखनऊ विश्वविद्यालय ने अप्रतिम सफलताएं अर्जित की हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि लखनऊ विश्वविद्यालय देश के उन दस विश्वविद्यालयों में शामिल है, जिन्होंने अपनी 100 वर्षों की यात्रा पूर्ण की है। उपमुख्यमंत्री ने उपस्थित शिक्षकों, छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय ने राष्ट्र को डॉक्टर शंकर दयाल शर्मा जैसे राष्ट्रपति, राधा कमल मुखर्जी, प्रोफेसर सरकार, सुरेश रैना जैसे अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, राजनेता, वैज्ञानिक, शिक्षाविद प्रदान किये हैं। जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर लखनऊ विश्वविद्यालय गरिमा प्रदान की है। डॉक्टर शर्मा ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय ने सरकार की डिजिटल ई कंटेंट योजना में 11500 कंटेंट उपलब्ध करा प्रदेश में सबसे अग्रणी विश्वविद्यालय की भूमिका निर्वाह की है। विश्वविद्यालय की आर्थिक एवं शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विश्वविद्यालय को 11.68 करोड़ रुपये की धनराशि अनुदान के रूप में दी गयी है। शोध के लिए 2.5 करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की गयी है। विश्वविद्यालय में शोध पीठों की स्थापना के लिए 2.2 करोड़ रुपये की धनराशि तथा कैलाश, सुभाष, बीरबल साहनी आदि छात्रावासों की मरम्मत के लिए 12 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि दी गयी है। भाऊराव देवरस, महात्मा गाँधी, अटल सुशासन आदि शोध पीठों की स्थापना की वहीं समय पर लगभग 15 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की है। विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए चार नए शहर के महाविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय से जोड़े गए हैं।




## यह हमारे लिए गौरव का पल: कुलपति

**लखनऊ।** शताब्दी वर्ष के उद्घाटन के मौके पर अपने स्वागत उद्बोधन में विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने कहा कि ऐसा अवसर जीवन में कभी कभी आता हैं यह हमारे लिए गौरव का पल है। हम सबके लिए सीएम का आना भी गौरव है। उन्होंने यहां सहर्ष स्वीकार किया, जब भी एलयू को संकट हुआ उन्होंने मदद की। डॉ दिनेश शर्मा ने सेंटर आफ एक्सीलेंस में मदद की। मैं सभी का स्वागत करता हूँ। प्रो.राय ने बताया कि लखनऊ यूनिवर्सिटी ने अनेक उपलब्धियां प्राप्त की है। नई शिक्षा नीति के 60 फीसद प्राविधान का पालन करने वाला पहला यूनिवर्सिटी हैं। नये डिलिट आर्डिनेंस और पीएचडी आर्डिनेंस का पालन किया है। स्टूडेंट्स के लिए काम हो रहे हैं। हमने फैकल्टी आफ योग और सेंटर आफ नैनो साइंस की स्थापना की है। आध्यातमिक विकास के लिए हैप्पी थिंकिंग लैब, इस्कॉन और ब्रह्मकुमारी से एमओयू किया। जिससे हम दर्शन को ज्ञान से जोड़ा जा सके। हमारे पास डिजिटल लर्निंग सिस्टम स्लेट है। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कृत विभाग के छात्रों द्वारा मंगलचार एवं संस्कृत्की की छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय का कुलगीत प्रस्तुत किया गया।




## परिसर में तांगे पर दौड़ी ऐतिहासिक विरासत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह का उद्घाटन सत्र के सफल आयोजन के बाद परिसर में इक्के तांगे पर ऐतिहासिक विरासत दौड़ती दिखाई दी। जिसे हर छात्र, शिक्षक व कर्मचारी व शहर के गणमान्य नागरिक अपने मोबाइल में कैद करने के लिए उत्सुक दिखाई दिए। मौका था, भाऊराव देवरस द्वार से मछली द्वार तक हेरिटेज वॉक का। इस हेरिटेज वॉक में नवाब जाफर मीर अब्दुल्ला और नवाब मसूद मीर अब्दुल्ला, विवि के कुलपति प्रो आलोक रॉय और प्रो निशि पांडेय ने एक बग्घी में सवार होकर परिसर में छोटी सी यात्रा पूरी की। यह यात्रा भाऊराव देवरस द्वार से मालवीय हाल होते हुए मुंशी प्रेमचंद वाटिका,आर्ट्स क्वैड्रैंगल, लाल बारादरी, टैगोर पुस्तकालय, मछली द्वार पर जाकर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग के प्रोफेसर पीयूष भार्गव के साथ इंस्टिट्यूट ऑफ़टूरिज्म स्टडीज के डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव और डॉ. प्रशांत ने अपने दो छात्रों यश और संजय के साथ सभी इमारतों की वास्तुकला और संरचनाओं का परिचय दिया। इसके बाद सप्ताह भर चलने वाले शताब्दी वर्ष समारोह के पहले दिन साहित्य उत्सव का भी आयोजन किया गया।

## मोहे पनघट पे नन्दलाल छेड़ गयो से रोशन हुई अवध की चौकी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय शताब्दी समारोह की श्रृंखला में पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान अवध की रोशन ए चौकी का आयोजन किया गया। चौकी को सजाने के लिए अवध के प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. यतीन्द्र मिश्र एवं लोकगायिका मालिनी अवस्थी ने शिरकत करते हुए समा बाांधा। डा.यतीन्द्र मिश्र ने अवध के सांस्कृतिक इतिहास पर प्रकाश डालते हुए विकास यात्रा का परिचय दिया वहीं मालिनी अवस्थी ने लोकगीतों की बानगी प्रस्तुत करके इस यात्रा को संगीतमय बना दिया। अवधी लोक परम्परा को अमीर खुसरो से प्रारम्भ करके बेगम अख्तर के विभिन्न गीतों को प्रस्तुत किया। मालिनी अवस्थी ने जहां एक और अवधी लोकगीत सोहर, ब्याह, धमाल, नकटा आदि प्रस्तुत किए वहीं मौसिकी, दादरा, कजरी, गजल आदि गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम प्रारम्भ होने से पूर्व लखनऊ विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. राकेश चंद्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री मंत्री नीलिमा कटियार उपस्थित रहीं। मालिनी अवस्थी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को कहा की लखनऊ की अत्यंत समृद्ध विरासत-धरोहर है। यदि धरोहर को संभाल सकें तो बहुत अच्छा होगा। यतीन्द्र मिश्रा जिन्होंने स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जीवनी लिखी है, ने अवध के तथा आसपास से जुड़े हुए भिन्न लोकगायन के बारे में बताया। मालिनी अवस्थी ने अवधी शैली में गायन प्रस्तुति दी जिसमे से केसरिया बालमा मोरी बनरारे बनी, सैया मिले लरकईयाँ मैं का करूं। इसके अलावा उन्होंने बेगम अख्तर द्वारा गाये कुछ कालजयी नग्मे का प्रस्तुतीकरण किया। जिसमें हमरी अटरिया पर, ऐ मोहब्बत तेरे अंजाम पर रोना आया। बेगम अख्तर के जीवन के बारे में यतीन्द्र मिश्रा और मालिनी अवस्थी ने प्रकाश भी डाला। तलत मेहमूद, रौशन साहब के गीतों की बानगी भी प्रस्तुत की। मालिनी अवस्थी ने बॉलीवुड में गाये गए कुछ अवध से सम्बंधित कुछ यशस्वी गीतकारों-संगीतकारों की लोकप्रिय रचनाएँ सुनाई जिसमें नौशाद साहब द्वारा रचा गया मोहे पनघट पे नन्दलाल छेड़ गयो रे, तेरी महफ़िल में किस्मत आजमा कर हम भी देखेंगे रहे। इसके अलावा नजर लागी राजा तोहरे बंगले में, उनको ये शिकायत है की हम कुछ नहीं कहते, दो सितारों का मिलन, इन आँखों की मस्ती का भी मनोरंजक प्रस्तुति मालिनी अवस्थी ने दिया। कार्यक्रम का समापन होरी खेलें रघुबीरा अवध में द्वारा किया गया।

## बांग्लादेशी घुसपैठिए भाइयों की मिली रिमांड, एटीएस खंगालेगी नेटवर्क

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सहारनपुर** से गिरफ्तार बांग्लादेशी घुसपैठिए भाइयों मो. इकबाल व मो. फारुख की पांच दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड स्वीकृत हो गई है। एसीजेएम शदर कुमार चैधरी ने यह आदेश इस मामले के विवेचक व एटीएस के एसआई राजेश कुमार यादव की अर्जी पर दिया है। इन दोनों मुल्जिम भाईयों की कस्टडी रिमांड 20 नवंबर की सुबह 10 बजे से शुरु होकर 25 नवंबर की सुबह 10 बजे समाप्त होगी। वहीं एटीएस शुक्रवार सुबह दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू करेगा। एटीएस को संदेह है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई जासूसी में भी उनका इस्तेमाल कर रही है । दोनों घुसपैठियों के फर्जी पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज बनवाने में सहयोग करने वाले स्थानीय लोग भी एटीएस की रडार पर हैं । पूछताछ में इनके पूरे नेटवर्क का खुलासा होने की उम्मीद है ।मूल रूप से बांग्लादेश के चटगांव जिले के सठकनिया थाना क्षेत्र स्थित सादाह गांव निवासी दोनों भाइयों को वर्ष 2013 में अवैध रूप से भारत में रहने के कारण पश्चिम बंगाल में गिरफ्तार किया गया था। दोनों वर्ष 2007-08 से भारत में रह रहे थे। दो साल जेल में रहने के बाद वे रिहा हुए तो दोनों को बांग्लादेश डिपोर्ट कर दिया गया था। बावजूद इसके वर्ष 2015 में वे अवैध रूप से सीमा पार करके दोबारा भारत में आ गए। दोनों ने सहारनपुर के पते से फर्जी वोटर कार्ड, आधार कार्ड और पासपोर्ट तक बनवा लिया था।

## वकील आज न्यायिक कार्यों से रहेंगे विरत

**लखनऊ।** सदर तहसील में ध्वस्त किए गए वकीलों का चैम्बर निर्मित कराने व क्षतिपूर्ति देने तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफआवश्यक कार्रवाई की मांग को पूरा नहीं करने पर सेंट्रल बार एसोसिएशन ने 20 नवंबर को न्यायिक कार्यो से पूर्णतया विरत रहने का फैसला किया है। इस दौरान वकील काली पट्टी बांधकर जिला प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन भी करेंगे। बीते बुधवार को सीबीए की इस मसले पर एक आपातकालीन बैठक हुई थी। इस बैठक में उक्त आशय का प्रस्ताव पारित करते हुए 19 नवंबर तक इन मांगों को पूरा करने की मांग जिलाधिकारी से की गई थी। लेकिन मांग पूरी नहीं होने पर गुरुवार को सीबीए ने न्यायिक कार्यो से विरत रहने का निर्णय लिया।

## पत्रकार को पितृ शोक

**लखनऊ।** पायनियर संवाददाता इस्लाहुद्दीन शेख के वयोवृद्ध पिता वजहुल कमर (83 वर्ष) का बृहस्पतिवार की सुबह करीब 6 बजे उनके आवास पर निधन हो गया। वे वर्ष 1995 में पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए थे और गत 2 सप्ताह से सांस की बीमारी से पीड़ित चल रहे थे। उन्हें विभूति खंड गोमती नगर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वे अपने पीछे 2 पुत्र, पुत्र वधुओं व पौत्रों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिजनों और नाते रिश्तेदारों की मौजूदगी में दोपहर बाद बाराबंकी के टिकैतनगर अंतर्गत पैतृक गांव आल्हनमऊ में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## नहीं मिला स्ट्रेचर, मरीज को गोद में उठाकर होल्डिंग एरिया में ले गए परिजन

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में मरीजों के उपचार को लेकर स्ट्रेचर की व्यवस्था में सुधार होने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार को दर्द से तड़पते एक मरीज को दो घंटे तक स्ट्रेचर न मिलने का मामला सामने आया है। बगैर स्ट्रेचर होल्डिंग एरिया में मरीज को रोके जाने पर अंत मे परिजनों को गोद मे उठाकर ले जाना पड़ा। फैजुल्लागंज निवासी 25 वर्षीय सचिन की दिवाली में तबीयत बिगड़ गई थी। परिवारीजन स्थानीय क्लीनिक में ले गए। डॉक्टर ने सचिन को एक इंजेक्शन लगाया। उसके बाद मरीज के हाथ में भीषण दर्द शुरू हो गया। धीरे-धीरे परेशानी बढ़ती चली गई। आज सचिन के हाथ में सूजन आने से दर्द काफी बढ़ गया। जिसके बाद परिजन उसे ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे। वहां से मरीज को होल्डिंग एरिया में भेज दिया गया। परिजनों का आरोप है कि बिना स्ट्रेचर सुरक्षा गार्डों ने मरीज को होल्डिंग एरिया में दाखिल होने से रोक दिया। इलाज के अभाव में मरीज छटपटाता रहा। सड़क पर ही मरीज बेहोश हो गया। परिवारीजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बावजूद दर्द से तड़पते मरीज की सुनवाई नहीं हुई। काफी देर बाद सुरक्षा गार्ड मरीज को होल्डिंग एरिया में ले जाने की अनुमति दी तब जाकर परिवारीजन गोद में मरीज को उठाकर होल्डिंग एरिया में ले गए और इलाज शुरू हो सका।

## पुलिस आयुक्त ने किया बंथरा थाने का औचक निरीक्षण

**लखनऊ।** नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर लखनऊ डीके ठाकुर द्वारा थाना बंथरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रजिस्टरों को गहनता से चेक करते हुए तमाम अभिलेखों का अवलोकन किया। वहीं उपस्थित पुलिसकर्मियों को पुलिसिंग सुधारने व बेहतर पुलिसिंग के दिशा निर्देश दिये। इसके साथ ही अपराध रजिस्टर, मालखाना, त्यौहार रजिस्टर सहित थानों के मुख्य रजिस्टरों को गहनता से चेक करते हुए संबंधित को आवश्यक कड़े दिशा निर्देश दिये गए।महिला सुरक्षाध्महिला सशक्तिकरण के लिए थानों में स्थापित की गई महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। थाने के बाहर साफ-सफाई, बैरकों की साफ-सफाई व भोजनालय का निरीक्षण करते हुए बैरकों व मेस के सामने कूड़ादान रखने व उच्च कोटि की साफ-सफाई बनाये रखने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया।जनसुनवाईए आईजीआरएसए सीएम हेल्पलाइन पर विशेष जोर देते देते हुए सम्बंधित को निर्देशित किया गया। थाने पर रखे अभिलेखों में सुधार के लिए संबंधित को निर्देशित किया। थाने पर रखे अभिलेखों का अपराध नियंत्रण में कैसे प्रयोग होना हैए इसके लिए संबंधित को कड़े निर्देश दिये। अवैध शराब बेचने व बनाने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के लिए संबंधित को दिए कड़े निर्देश दिए। पुलिस आयुक्त लखनऊ द्वारा संबंधित को निर्देशित किया कि रिमांड व जमानत रजिस्टर को अपडेट करते हुए पंजीकृत अपराधियों की क्रियाकलापों को जांचकर कार्रवाई करना सुनिश्चित करे।

## रीता बहुगुणा, राज बब्बर समेत नौ के खिलाफ वारंट

### धरना-प्रदर्शन के दौरान तोड़ फोड़ व पुलिस बल पर हमले का मामला

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**वर्ष** 2015 में धरना-प्रदर्शन के दौरान तोड फोड़ व पुलिस बल पर हमला करने आदि के एक मामले में गैरहाजिर रहने पर एमपीएमएलए की विशेष अदालत ने रीता बहुगुणा जोशी, राज बब्बर व प्रदीप जैन आदित्य समेत नौ मुल्जिमों के खिलाफगैर जमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया है। विशेष जज पवन कुमार राय ने इनके जामिनदारों को नोटिस जारी करते हुए एसएचओ हजरतगंज को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पूछा है कि इतने पुराने मामले में वारंट का तामीला नहीं कराने पर क्यों न उनके खिलाफकार्यवाही की जाए, उपस्थित होकर बताएं। मामले की अगली सुनवाई आठ दिसंबर को होगी। बताते चलें कि 17 अगस्त 2015 को कांग्रेस पार्टी का लक्ष्मण मेला स्थल पर धरना प्रदर्शन था। करीब पांच हजार कार्यकर्ताओं के साथ अचानक यह सभी मुल्जिम धरना स्थल से विधान सभा का घेराव करने निकल पड़े। इन्हें समझाने व रोकने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं माने। संकल्प वाटिका के पास पथराव करने लगे। जिससे भगदड़ मच गई। इस हमले में एडीएम पूर्वी निधि श्रीवास्तव, एसपी पूर्वी राजीव मल्होत्रा, सीओ ट्रैफिक अवनीश मिश्रा, एसएचओ आलमबाग विकास पांडेय व एसओ हुसैनगंज शिवशंकर सिंह समेत पुलिस के कई अधिकारी व पीएसी के कई जवान गंभीर रुप से घायल हो गए। अशोक मार्ग से आने व जाने वाले आम जनता को भी चोंटें आई। कई गाडियों के शीशे टूट गए। कानून व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गया।

## राजधानी में 310, सूबे में मिले कोरोना के 2586 नए मामले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सूबे** में गुरुवार को कोरोना वायरस के 2586 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि राजधानी लखनऊ में 310 केस सामने आए हैं। सूबे में 22757 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3191 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7480 मरीजों की और राजधानी में 950 की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज कानपुर में 131, प्रयागराज में 132, गाजियाबाद में 178, नोएडा में 235, गोरखपुर में 46, वाराणसी में 103, मेरठ में 204, बरेली में 35, मुरादाबाद में सात, अलीगढ़ में 34, झांसी में 27, सहारनपुर में 20, आगरा में 85, अयोध्या में 32, बाराबंकी में 17, बलिया में 33, लखीमपुर खीरी में 13, शाहजहांपुर में 13, देवरिया में 16, मुजफ्फरनगर में 35, जौनपुर में 15, महाराजगंज में 14 आजमगढ़ में 19, कुशीनगर में 16, हरदोई में 19, मथुरा में 59, रामपुर में 2, इटावा में 32, बुलंदशहर में 62, बस्ती में 13, गोंडा में 66, प्रतापगढ़ में 19, गाजीपुर में 6, सीतापुर में 18, रायबरेली में 56, सुल्तानपुर में 22, उन्नाव में 6, फर्रुखाबाद में 17, सोनभद्र में 16, चंदौली में 10, अमरोहा में 3, सिद्धार्थनगर में 3, पीलीभीत में 3, बहराइच में 5, बिजनौर में 6, हापुड़ में 19, बदायूं में 6, मैनपुरी में 15, फतेहपुर में 19, फिरोजाबाद में 17, कन्नौज में 11, जालौन में 26, संत कबीर नगर में 11, मिर्जापुर में 19, शामली में 11, बांदा में 30, ललितपुर में 12, औरैया में 20, संभल में 13, एटा में 15, कानपुर देहात में 2, बलरामपुर 1, अंबेडकरनगर में 1, कासगंज 1, बागपत में 29, हमीरपुर में 6, हाथरस 2, श्रावस्ती में 3 और महोबा में 8 कोरोना वायरस के मरीज पाए गए हैं।

## डेंगू ने भी पसारे पांव, छह और मरीज किए गए चिन्हित, 22 को नोटिस जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में डेंगू का प्रकोप कायम है। लगातार एंटी लार्वा के छिड़काव के बावजूद मरीजों के मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को राजधानी लखनऊ में 6 मरीज सामने आए हैं। वहीं आज स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भ्रमण के दौरान क्षेत्र में खाली स्थानों पर जल भराव की स्थिति पायी। जिस पर तत्काल एण्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया। आज मेडिकल मोबाइल वैन द्वारा नौबस्ता फैजुल्लागंज क्षेत्र में 79 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण करके दवा वितरित की गई। जबकि स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने 4971 घरों तथा विभिन्न स्थानों पर मच्छर जनक स्थितियों का सर्वेक्षण किया, जिनमें 22 घर-स्थानों पर मच्छर जनक स्थितियां पायी जाने पर आईपीसी की धारा 188 के तहत लेबर कॉलोनी आलमनगर एलडी, कॉलोनी कानपुर रोड बालागंज में लोगों को नोटिस जारी की गई। जिन इलाकों से डेंगू के मरीजों के मिलने की पुष्टि हुई है उनमें आलमबाग, अलीगंज, इंदिरा नगर, जैसे इलाके शामिल हैं।

## हाईकोर्ट ने नादरगंज में शूटिंग रेंज चालू नहीं करने पर मांगा जवाब

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**राजधानी** में अमौसी के निकट नादरगंज में शूटिंग रेंज की स्थापना के बावजूद उसे आज तक चालू नहीं करने पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार व नगर निगम से जवाब तलब किया है। पीठ ने जवाबी हलफनामा दाखिल कर इन्हें एक माह में अपना पक्ष रखने का आदेश दिया है।जस्टिस पंकज मित्तल एवं जस्टिस सौरभ लवानिया की पीठ ने यह आदेश रचित टंडन की एक जनहित याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि शूटिंग रेंज की स्थापना तो कर दी गयी लेकिन उसे आज तक चालू नहीं किया गया। जिसकी वजह से सरकारी पैसे की बर्बादी हो रही है। इस याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार व निगम की ओर से कहा गया कि कोविड के कारण फंड जारी नहीं हो पाया है। याचिकाकर्ता का इस पर कहना था कि बनारस व मेरठ में भी शूटिंग रेंज बनाया गया था और उसके लिए 2020-21 में 15 करोड़ आंवटित किए गए। ऐसे में लखनऊ के लिए कोविड का बहाना गलत है। पीठ ने सारी परिस्थितियों पर गौर करने के बाद राज्य सरकार व निगम से जवाब तलब कर लिया।

**शारदा नहर खण्ड-2 के उपराजस्व अधिकारी ने किया सरेंडर, जमानत अर्जी भी खारिज:** लखनऊ।आजादी से पूर्व निर्मित दो हजार 558 हेक्टेयर कल्ली माइनर (नहर) को धोखाधड़ीए व सरकारी अभिलेखों में हेरफेर कर एक साजिश के जरिए समतल कराने के मामले में शारदा नहर खण्ड-2 में उपराजस्व अधिकारी के पद पर तैनात कृष्ण गोपाल की जमानत अर्जी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज संदीप गुप्ता ने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार दिया है। गुरुवार को मुल्जिम ने इस मामले में आत्मसमर्पण कर पहले अंतरिम जमानत की गुहार लगाई थी। अंतरिम जमानत खारिज होने के तत्काल बाद नियमित जमानत अर्जी पर भी सुनवाई हुई। विशेष अदालत ने यह अर्जी भी खारिज कर दी।

**सेवानिवृत आईएएस की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई 25 को:** गबन के एक आपराधिक मामले में नामजद सेवानिवृत आईएएस तुलसी गौड़ की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने 25 नवंबर की तारीख मुकर्रर की है। उप्र निर्यात निगम एवं उप्र राज्य धर्म विकास व विपणन निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रहे तुलसी गौड़ पर अपने पद का दुरुपयोग कर अपनी पत्नी व बेटे के फर्म को लाखों का अनुचित वित्तीय लाभ पहुंचाने का इल्जाम है। 27 अप्रैल 2005 को इस मामले की एफआईआर थाना हजरतगंज में उप्र सर्तकता अधिष्ठान के इंसपेक्टर ने दर्ज कराई थी।

**अपहरण मामले में सीबीआई जांच की मांग:** उन्नाव के चर्चित बिहार थाना अपहरण कांड में मुल्जिम के पिता ने इस मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने इस संदर्भ में दाखिल याचिका पर सरकारी वकील को तीन हफ्ते में विवेचना की प्रगति का ब्यौरा जरिए प्रतिशपथपत्र दाखिल करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई इसके बाद होगी।जस्टिस रितुराज अवस्थी एवं जस्टिस सरोज यादव की पीठ ने यह आदेश विमल की याचिका पर दिया है। याचिका में कहा गया है कि बिहार थानाक्षेत्र के एक गांव से दिवंगत दुष्कर्म पीड़िता का छह वर्षीय भतीजा दो अक्टूबर 2020 से गायब है। जिसका पता पुलिस आज तक नहीं लगा सकी है। लेकिन इस बीच बच्चे के परिजनों द्वारा नामजद मुल्जिमों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है। जबकि मुल्जिमों को गलत नामजद किया गया है। कहा गया कि सिर्फ सीबीआई जांच से ही दूध का दूध व पानी का पानी हो सकता है। पीठ ने सुनवाई के बाद सरकारी वकील को इस संदर्भ में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया।

# जनता का भरोसा भाजपा के प्रति और मजबूत हुआ

## भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष ने शिक्षक व स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर पदाधिकारियों का किया मार्गदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** में विधान परिषद के शिक्षक व स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए हो रहे चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने प्रयागराज व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने आज कन्नौज व आगरा में पार्टी संगठन द्वारा आयोजित बैठकों में सम्मिलित होकर पार्टी पदाधिकारियों के साथ चुनावी तैयारियों पर चर्चा की और चुनाव अभियान में लगे पार्टी पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

प्रयागराज में इलाहाबाद-झांसी स्नातक क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव को लेकर आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए मोहन सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश में हो रहे विधान परिषद के शिक्षक-स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में भी मतदाताओं का भरपूर समर्थन भाजपा को मिलेगा। मोदी और योगी के नेतृत्व में भाजपा सरकार समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर देश की छवि हो या आन्तरिक मोर्चे पर कोविड की आपदा से निपटने की चुनौती हो भाजपा सरकार ने हर मोर्चे पर ऐतिहासिक कार्य किये हैं। जनता इसे भली भांति समझ चुकी है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में हुए उपचुनावों में भाजपा को मिली सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि उपचुनावों के परिणामों से सिद्ध हो चुका है कि जनता का भरोसा भाजपा के प्रति और भी दृढ़ हुआ है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि प्रदेश में हो रहे विधान परिषद के चुनावों में मतदाताओं से सम्पर्क व संवाद स्थापित कर भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और जनहित में उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए पार्टी प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील करें।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने बैठक में विधान परिषद चुनाव के संदर्भ में अब तक हुई तैयारियों की जानकारी लेते हुए पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि वे एक एक मतदाता तक पहुंचकर भाजपा प्रत्याशियों की विजय के लिए वोट की अपील करें। इस अवसर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह व नन्दगोपाल नंदी सहित कई अन्य वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह कन्नौज व आगरा में आगरा शिक्षक-स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर आयोजित बैठकों में सम्मिलित हुए। बैठक में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकारों द्वारा किये जा रहे लोककल्याण के कार्यों का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश के उपचुनावों में तो जनता ने भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया ही साथ ही बिहार सहित अन्य राज्यों में भी पार्टी को विजय हासिल हुई। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जातिवाद, क्षेत्रवाद और वंशवाद के सहारे सत्ता में आए दलों के भ्रष्टाचार का सच जनता के सामने आ चुका है। जनता द्वारा लगातार नकारे जाने से इन दलों में हताशा है।

## मेधावी छात्र सुमित को लैपटॉप देकर किया सम्मानित

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कक्षा 12 में 99.75 प्रतिशत अंक लाने वाले मेधावी छात्र सुमित कुमार त्रिपाठी को पार्टी मुख्यालय में सम्मानित कर लैपटॉप दिया। सुमित कुमार त्रिपाठी सिटी मांटेसरी स्कूल गोमतीनगर के छात्र रहे हैं। उनके पिता संजय कुमार त्रिपाठी, माता गायत्री देवी तथा सीएमएसए गोमतीनगर की प्रिंसिपल आभा अनंत भी कार्यक्रम में शामिल रहे। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलीम शेरवानी तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी भी उपस्थित थे। राजेंद्र चौधरी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में मेधावी छात्र छात्राओं को लैपटाप देने का वादा आज भी निभा रहे हैं। समाजवादी सरकार ने तब 18 लाख से ज्यादा लैपटाप बांटे थे। सरकार न रहने पर भी मेधावी छात्र-छात्राओं का समाजवादी पार्टी लगातार सम्मान कर रही है जबकि भाजपा अपने चुनावी वादे भूल गई है।

## भाजपा प्रत्याशियों को जिताने में पूरी ताकत से जुट जाएं: बृजेश

● स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर कैबिनेट मंत्री के आवास पर हुई बैठक



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्नातक** शिक्षक निर्वाचन में बीजेपी के उम्मीदवारों को विजयी बनाने के लिए बीजेपी के पदाधिकारी और सरकार के मंत्री विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में प्रचार कर रहे हैं। इसी क्रम में लविवि व उससे संबंधित समस्त छात्रनेताओं की एक बैठक प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक के आवास पर हुई।

बैठक में सर्वसमत्ति से स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी को जिताने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी छात्र नेता अपने रिश्तेदारों, पड़ोसियों व अपने पुराने सहपाठियों से संपर्क कर एक-एक वोट भाजपा के पक्ष में डलवाने का कार्य करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए बृजेश पाठक ने कहा कि आप सब पूरी ताकत से भाजपा के प्रत्याशियों को जिताने में पूरी ताकत के साथ जुट जाएं। उन्होंने सभी छात्र संघ पदाधिकारियों से पार्टी प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताने की अपील की और कहा कि हम सब चुनाव से संबंधित जरूरतों व समस्याओं के लिए मतदान से पहले कम से कम चार बार अवश्य बैठक करेंगे।बैठक में सभी को जिलेवार जिम्मेदारी भी सौंपी गई। बैठक में अवध क्षेत्र के मीडिया प्रभारी राजेश मिश्रा, सुशील तिवारी, संतोष सिंह समेत कई अन्य छात्र संघ के नेता व बीजेपी के पदाधिकारी मौजूद थे।

## आवास विकास: द्वितीय चरण में दो दिन में बिके दो करोड़ के फ्लैट



**लखनऊ।** आवास विकास परिषद के आवास विक्रय शिविर के द्वितीय चरण के दूसरे दिन अवध विहार योजना के अन्तर्गत 84.42 लाख की सम्पत्ति बिक्री हुई एवं तीसरे दिन अवध विहार यौजना के सरयू, गोमती, नन्दिनी एवं गंगोत्री एल्क्लेव के 6 फ्लैट्स की बिक्री हुयी जिनका कुल मूल्य 201.10 लाख रूपया है। ग्राहकों की क्रय क्षमता के अनुरूप सरयू एवं गोमती एन्क्लेव के वन बी एचके फ्लैटों के बिक्री में वृद्धि हुई है। शिविर में ग्राहकों की सुविधा के दृष्टिगत भारतीय स्टेट बैंक के काउंटर का भी प्रबंध किया गया है। द्वितीय चरण में आगंतुकों की संख्या लगातार बढ़ रही है एवं टू बीएचके व थ्री बी एचके फ्लैट्स के प्रति ग्राहकों में विशेष रुचि दिख रही है।

## दस दिन से वेबसाइट ठप, आवेदक परेशान

● हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बनी वाहन मालिकों के गले की फांस

**लखनऊ।** हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) वाहन मालिकों के गले की फांस बन गई है। वाहन मालिकों को परिवहन विभाग ने जिस वेबसाइट पर नंबर प्लेट की बुकिंग की सुविधा दी है, वह पिछले दो हफ्ते से काम नहीं कर रही है। ऐसे में आवेदक एचएसआरपी के लिए आवेदन नहीं कर सके। इसके अलावा मार्केट में कई ऐसे वाहन है जिनके शोरूम बंद हो चुके हैं। ऐसे में यह वाहन मालिक भी एचएसआरपी के लिए भटक रहे हैं। विभागीय अधिकारियों से जब इस मामले को लेकर बात की गई तो उन्होंने जानकारी होने से इंकार कर दिया। वहीं आरटीओ ऑफिस से जुड़े कर्मचारियों ने बताया कि पिछले दस दिन से वेबसाइट पर आवेदन नहीं हो पा रहा है। ऐसे में आवेदक भटक रह हैं। शोरूम पर पहुंचने पर आवेदकों से अधिक धनराशि वसूली जा रही है। वहीं कई वाहनों के शोरूम बंद हो चुके हैं। ऐसे वाहन मालिक शोरूम जाते हैं तो उन्हें वापस भेज दिया जा रहा है। ऐसे वाहन मालिक आरटीओ ऑफिस और परिवहन विभाग के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। विभागीय अधिकारियों ने पहले ऐसे वाहन मालिकों के लिए सभी शहर में एक प्वाइंट बनाए जाने के निर्देश दिए थे। लेकिन अब यह काम भी मौजूदा डीलर करेंगे। इसके लिए जल्द ही किसी डीलर से पुराने वाहनों की नंबर प्लेट बदलने के लिए निर्देशित किया जाएगा।

## संविदा कर्मियों को उत्कृष्ट व उत्तम प्रोत्साहन योजना का लाभ दिए जाने की मंजूरी

● परिवहन निगम निदेशक मंडल की बोर्ड बैठक में कई मुद्दों पर हुआ फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**परिवहन** निगम निदेशक मंडल की 230 वीं बोर्ड बैठक में कई मुद्दों पर फैसला लिया गया। इनमें कोविड 19 के दौरान कम बस संचालन के बावजूद संविदा कर्मियों को उत्कृष्ट और उत्तम प्रोत्साहन योजना का लाभ दिए जाने की मंजूरी दी गई। इस फैसले से प्रदेश भर के 10 हजार के करीब संविदा चालक परिचालकों को फायदा होगा।

कोविड 19 के दौरान घोषित लॉकडाउन और अनलॉक के दौरान सीमित संख्या में बसों का संचालन हुआ। इस दौरान संविदा चालक व परिचालकों ने बस संचालन की शर्तो को पूरा नहीं कर सके। ऐसे संविदा कर्मियों को अप्रैल से लेकर अक्तूबर 2020 तक प्रोत्साहन योजना से अगल नहीं किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस फैसले से आगामी महीनों से योजना का लाभ मिलने लगेगा।

**नए बस स्टेशन को मंजूरी मिली:** झांसी के मौजा कोछाभांवर में नया बस अड्डा बनेगा। नगर निगम झांसी से सात एकड़ जमीन को 30 वर्षो के लिए लीज पर लिया जाएगा। ये बस अड्डा उरई रोड पर बनेगा। वहीं मऊ का घोसी बस स्टेशन जर्जर हलात में है। जिसका उच्चीकरण और सुधार कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

**बस अड्डे की कैंटीन नियमावली में बदलाव होगा:** प्रदेश भर के बस अड्डे के कैंटीन व स्टाल आवंटन को बेहतर बनाने के लिए नियमावली में बदलाव होगा। हर बस अड्डे पर एक दिव्यांगजनों को स्टाल आवंटन किए जाने की मंजूरी दी गई। यात्री प्लाजा योजना को और आकर्षक बनाकर जल्द लागू करने के निर्देश दिए गए।

## अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों के लेजर होंगे सत्यापित

**लखनऊ।** जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ मुकेश कुमार सिंह ने अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में तैनात शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लेजर सत्यापन के निर्देश दिए हैं। इससे शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को अपने जीपीएफ जमा की जानकारी प्राप्त होती रहेगी। डीआईओएस डॉ मुकेश सिंह ने बताया कि जनपद के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लेजर की जांच हेतु अलग अलग तिथियां निर्धारित की गई है।

## लेखपत्रों के डिजिटलीकरण का प्रस्तुतीकरण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष आज यहां उनके सरकारी आवास पर 20 वर्षों के लेखपत्रों के डिजिटलीकरण के सम्बन्ध में स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। यह प्रस्तुतीकरण भारत सरकार के उद्योग संवर्धन विभाग के ईज़ आफ डुइंग बिज़नेस के अन्तर्गत बिज़नेस रिफार्म एक्शन प्लान 2020 के क्रम में किया गया। प्रथम चरण में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में लेखपत्रों का डिजिटलीकरण श्रावस्ती, बाराबंकी तथा अम्बेडकरनगर जनपदों में किया जाएगा। इन जनपदों के 14 उपनिबन्धक कार्यालयों में 20 वर्ष के लेखपत्रों की स्कैनिंग, इंडेक्सिंग और डिजिटाइजेशन का कार्य सम्पन्न किया जाएगा।

## नेशनल लेविल प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रा को गोल्ड मैडल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) की कक्षा-8 की मेधावी छात्रा अक्षरा मिश्रा ने नेशनल लेविल इण्टर-स्कूल ऑनलाइन कम्पटीशन ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड-2020 में गोल्ड मैडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित हुई। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के 1500 से अधिक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने मेन्टल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल अर्जित किया।

## पुस्तक मन आंगन,आकाश पराया का हुआ विमोचन

**लखनऊ।** सागर-सँस्कृति-साँस्कृतिक-संस्थान के तत्वावधान में प्रख्यात कवियत्री एवं अवधी भाषा की सशक्त हस्ताक्षर रमा आर्य 'रमा' की आठवीं पुस्तक मन आँगन, आकाश पराया का भव्य विमोचन आज आर्य समाज मन्दिर, लाजपत नगर, चौक, लखनऊ के सभागार में बड़ी धूमधाम से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि पं. हरि ओम शर्मा 'हरि', प्रख्यात साहित्यकार, ने पुस्तक का विमोचन किया। विमोचन समारोह की अध्यक्षता प्रख्यात समाजसेवी तेजेन्द्र प्रकाश हवेलिया ने की जबकि अशोक कुमार पाण्डेय 'अशोक', डा. वेद प्रकाश, अमृत खरे, रंगनाथ मिश्रा 'सत्य' आदि मूर्धन्य विद्वानों की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा में चार-चाँद लगा दिये। कार्यक्रम का संचालन प्रत्यूष रत्न पाण्डेय ने किया।

## तलवार लहराने और कई राउण्ड फायरिंग करने वाले चढ़े हत्थे

**लखनऊ।** ठाकुरगंज थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित बालागंज में बीच सड़क पर कार खड़ी कर तलवार लहराने और फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दबंग को गिरफ्तार करने का दावा किया गया है। एसीपी चौक आईपी सिंह के मुताबिक बुधवार को एक वीडियो वॉयरल हुआ था। जिसमें कुछ युवक तलवार से केक काटते और कई राउण्ड फायरिंग करते नजर आए थे। वीडियो के सामने आते ही ठाकुरगंज पुलिस छानबीन में जुट गई थी। एसीपी के मुताबिक फुटेज मिलान कराने पर घटना बालागंज इलाके में होने की पुष्टि हुई। जिसके आधार पर बुधवार देर रात रस्तोगीनगर निवासी आशीष सिंह को पकड़ा गया। पूछताछ में आशीष ने फायरिंग करने वाले व्यक्ति की पहचान ऋषभ सिंह के तौर पर बताई थी। इस सूचना पर ऋषभ को गुरुवार देर शाम गिरफ्तार किया गया।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने की ई-डॉक पोर्टल की शुरुआत

**लखनऊ।** यूनियन बैंक ऑफइंडिया द्वारा गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य में अपने ऋणों के ई डाक्यूमेंटशन के लिए यूनियर ई डॉक ऑन लाइन पोर्टल की लांचिंग यूनियन बैंक ऑफइंडिया के क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय लखनऊ से रवीन्द्र जायसवाल मंत्री स्टैम्प न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन के कर कमलों से सम्पन्न हुई। इस अवसर पर वीना कुमारी प्रमुख सचिव स्टैम्प एवं पंजीयन , मिनिस्थी एस नायर आईजी स्टैम्प एवं पंजीयन नेशनल ई गोवर्नेंस सर्विसेस लिमिटेड एनईएसएल के एमडी एवं सीईओ रमण उपस्थित रहे वहीं यूनियन बैंक के केंद्रीय कार्यालय से बैंक के मुख्य महाप्रबंधक आशीष पाण्डेय लखनऊ अंचल के क्षेत्र महाप्रबंधक राजीव मिश्रा वाराणसी अंचल के महाप्रबंधक सी एम मिनोचा एवं बैंक के उत्तर प्रदेश राज्य के अन्य क्षेत्र प्रमुख वेब द्वारा कार्यक्रम से जुड़े रहे। कार्यक्रम में बालाजी पात्रो क्षेत्रीय प्रबंधक स्टॉक होल्डिंग कार्पोरेशन भी उपस्थित थे।

## राजकुमार पाण्डेय बने रेलवे परामर्शदात्री समिति के सदस्य

**मोहनलालगंज।** भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री राजकुमार पाण्डेय को पूर्वोत्तर रेलवे मण्डल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति का सदस्य नामित किया गया है। वह दो वर्ष तक समिति सदस्य के रुप में प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होने समिति के माध्यम से मोहनलालगंज रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव और रेल आरक्षण केन्द्र खुलवाने के लिए हरसंभव प्रयास करने का भरोसा दिया। गुरुवार को उन्हें यूपीसीएलडीएफ चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी और सांसद कौशल किशोर ने रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति का सदस्य बनाए जाने पर बधाई दी।

## उपन्यास लॉकडाउन-1 का विमोचन

**लखनऊ।** यूको बैंक लखनऊ अंचल कार्यालय में कार्यरत विपणन अधिकारी तरुण कुमार सिंह के पहले उपन्यास लॉकडाउन 1.0 का विमोचन अंचल कार्यालय गोमती नगर ने दिनाँक 19 नवंबर 2020 को सम्पन्न उप अंचल प्रमुख अजय श्रीवास्तव व राजभाषा अधिकारी व स्थापित सहित्यकार रजनी गुप्ता की उपस्थिति में पुस्तक का विमोचन अंचल प्रमुख ओपी वर्मा के करकमलों से किया विमोचन में करीब चालीस लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही । यह पुस्तक अमेज़न फ्लिपकार्ट व ऑनलाइन गाथा डॉट काम पर उपलब्ध है ।

## ओलेक्स पर गाड़ी खरीदने का झांसा देकर 75 हजार की ठगी

**लखनऊ।** ओलेक्स पर पुरानी गाड़ी बेचना एक युवक को भारी पड़ा। जालसाज ने गाड़ी खरीदने का झांसा देकर पीड़ित को 75 हजार रुपये की चपत लगा दी। जानकीपुरम विस्तार सेक्टर-8 निवासी ब्रजेन्द्र कुमार सिंह का एसबीआई के सीडीआरआई बैंक में बचत खाता है। पीड़ित ब्रजेन्द्र के अनुसार उन्होंने अपनी पुरानी कार को बेंचने के लिए एक नवम्बर को ओलेक्स पर अपलोड किया था। अपलोड करने के पांच मिनट बाद एक व्यक्ति ने उन्हें फोन कर गाड़ी खरीदने की बात कही। डायलकर्ता ने अपने को चौक लखनऊ निवासी सेना कर्मी विकास पटेल बताते हुए लेह लद्दाख की सीमा पर तैनात होना बताया। आरोपित ने अपना आधार कार्ड व सेना की सीएसडीआईडी आईडी कार्ड को पीड़ित के व्हाट्सएप पर भेज कर विश्वास में ले लिया। आरोपित गाड़ी का सौदा तय करने के बाद ओएलएक्स पर सेल आउट लिखकर हटा देने की बात करते हुए 25000 बयाना भेजने के लिए गूगल पे-पेटीएम का नंबर मांगा। पीड़ित ने बयाना रुपये आरटीजीएस व शेष रुपये आकर देंने को कहा। इसके बाद जालसाज ने दो लिंक भेज कर क्लिक करने को कहा। पीड़ित के क्लिक करते ही उसके खाते से दो बार में 75000 निकल गए। बैंक स्टेटमेंट निकालने के बाद पीड़ित को ठगी का पता चला।

## सुरक्षा में चूक, जेलर दफ्तर का राइटर चला रहा था मोबाइल

**लखनऊ।** जिला जेल के जेलर का राइटर मोबाइल संचालित कर रहा था, ऐसे आरोप लगे हैं। उसके पास से मोबाइल चार्जर मिला है। इसे सुरक्षा में चूक माना जा रहा है। चार्जर बरामद होने पर जेल प्रशासन ने उसे हाई सिक्योरिटी में डाल दिया। वहीं दूसरी ओर मोबाइल की तलाश में बैरकों की तलाशी ली जा रही है। अंकित हत्या के मामले में करीब तीन साल से जेल में बंद है। सूत्रों की माने तो जेल प्रशासन पूरे मामले को ही दबाए रखा। इस मामले की अधिकारियों तक को सूचना नहीं दी गई। वहीं जेल सूत्रों के मुताबिक मामला खुलने पर जेल अधिकारियों ने आरोपित अंकित को पकड़ा और उसकी तलवा परेड शुरु की। इस दौरान अंकित ने बताया कि उसने किन किन अधिकारियों की कहां कहां और किससे बात कराई है। इसको लेकर अलर्ट जारी कर दिया है और आगे की जानकारी हासिल करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस संबंध में जिला जेल अधीक्षक लखनऊ आशीष तिवारी ने बताया कि बंदी अंकित मिश्रा जेलर दफ्तर का राइटर है। उसके पास ड्यूटी के दौरान मोबाइल का चार्जर मिला था। हालांकि उसके पास मोबाइल नहीं था, इस बात से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। मोबाइल की बरामदगी के लिए जेल की बैरकों में तलाशी जारी है।

## कैंसर पीड़ित बुजुर्ग ने कुएं में लगाई छलांग, मौत

**मोहनलालगंज।** कैंसर की बीमारी से परेशान चल रहे मऊ निवासी बुजुर्ग कृष्ण कुमार तिवारी ने गुरुवार की सुबह कुएं में छलांग लगा दी। परिवार के लोगों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकाला तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। बेटे सचिन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचायतनामा कर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक दो वर्ष से कैंसर और टीबी की बीमारी से परेशान थे। सप्ताह भर से गला रुंध जाने से कुछ भी खा.पी भी नहीं पा रहे थे। जिसकी वजह से उन्होंने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली।


**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बेहन्दर - हरदोई**
**अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

पत्रांक /565/क्षेत्र पंचायत/राज्य वित्त-पन्द्रहवाँ/पत्रा0/निविदा/2020-21 दिनांक-07/11/2020

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत बेहन्दर में राज्य वित्त-चौदहवाँ/पन्द्रहवाँ वित्त के अन्तर्गत तकनीकी स्वीकृति प्राक्कलन के सापेक्ष क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु सम्पूर्ण कार्य किये जाने हेतु इच्छुक ठेकेदार/आपूर्ति कर्ता/भट्टा मालिक कार्य के अंकित धनराशि की सामग्री/श्रमिक आपूति हेतु अपनी निविदा मुल्य 500.00 जमा कर प्रपत्र दि0-07.11. 2020 से 21.11.2020 अप्रान्हन 12.30 बजे तक कार्यालय कार्य दिवस से कय कर सकते है। समस्त निविदायें दिनांक 21.11.2020 को क्षेत्र पंचायत कार्यालय में रखें बाक्स समय अपरान्ह 2 बजे तक डाली जायेगी। तदउपरान्त निविदाये अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत स्तर पर गठित कमेटी के समक्ष दिनांक 21.11.2020 को अपरान्हन अपराहन 4.00 बजे आपूर्ति कर्ता या उनके प्रतिनिधि के सम्मुख नामित समिति के सदस्यो द्वारा खोली जायेगी। कार्य/आपूर्ति का विवरण निम्नवत है-

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत जी0एस0टी0 सहित (लाख) | धरोहर धनराशि (हजार) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी चार्ज एवं जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड परिसर में बाउड्री वाल के अंदर बाहर पुताई आलेख सौन्दर्गीकरण कार्य। | 1.90 | 10900.00 | 900.00 | 02 माह |
| 2 | विकास खण्ड परिसर में स्थित हैंडपंप के पास वाटर हार्वेस्टिंग कार्य | 0.24 | 2400.00 | 900.00 | 02 माह |
| 3 | विकास खण्ड - बेहन्दर में नए मीटिंग हाल एवं प्रमुख कक्ष में फॉल सीलिंग, विघुत कार्य। | 2.63 | 26300.00 | 900.00 | 02 माह |
| 4 | विकास खण्ड परिसर में स्थित शहीद स्मारक में मरम्मत एवं सौन्दर्गीकरण कार्य | 1.96 | 19600.00 | 900.00 | 02 माह |
| 5 | असही ग्राम में यात्री विश्रामालय निर्माण कार्य | 5.00 | 50000.00 | 900.00 | 02 माह |
| 6 | विकास खण्ड में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य। (06 यूनिट) | 8.32 | 83200.00 | 900.00 | 02 माह |
| 7 | थाना - कासिमपुर में सामुदायिक शौचालय का निर्माण का कार्य। (06 यूनिट) | 8.32 | 83200.00 | 900.00 | 02 माह |
| 8 | असही आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के सामने सामुदायिक शौचायल का निर्माण कार्य (04 मूनिट) | 6.35 | 63500.00 | 900.00 | 02 माह |
| 9 | कृषि बीज भण्डार में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य। (04 युनिट) | 6.35 | 63500.00 | 900.00 | 02 माह |
| 10 | विकास खण्ड परिसर में स्थित चाहरदीवारी के किनारे सूमतलीकरण/खडंजा कार्य। | 4.45 | 44500.00 | 900.00 | 02 माह |
| 11 | गोगायो बाजार में सानुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य। (06 यूनिट) | 8.32 | 83200.00 | 900.00 | 02 माह |
| 12 | रम्पुरवा बरसाती की पुलिया के सामने से नौतेरा तक खडंजा एवं मिटटी कार्य। | 9.99 | 99900.00 | 900.00 | 02 माह |
| 13 | मडिलाहा से गौरिदायनपुर पुलिया तक खडंजा मरम्मत कार्य। | 8.31 | 83100.00 | 900.00 | 02 माह |
| 14 | पशु चिकित्सालय-बेहन्दर में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य (04यूनिट) | 6.35 | 63500.00 | 900.00 | 02 माह |
| 15 | अन्टया से ओमप्रकाश गुडडी देवी स्कुल तक खडंजा मरम्मत कार्य। | 5.10 | 51000.00 | 900.00 | 02 माह |
| 16 | अटुका अकबरपुर मार्ग से अन्टवा तक खडंजा मरम्मत कार्य | 5.91 | 59100.00 | 900.00 | 02 माह |
| 17 | नौतेरा से बडैल खेडा तक खडंजा एवं मिटटी कार्य। | 9.82 | 98200.00 | 900.00 | 02 माह |

1. समरत पंजीकृत ठेकेदार/ईंट आपूर्ति कर्ता/भटठा मालिक निविदा प्रपत्र कार्य दिवस में दिनांक-07.11.2020 से 21.11.2020 तक कार्यालय से 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रपत्र भुगतान कर कय कर सकते है।
2. प्राकलन में स्वीकृत सामाग्री श्रमिक- कार्य की शासकीय दर से अधिक धनराशि की प्राप्ति निविदा स्वीकार्य नही की जायेगी।
3. आपूर्ति की गई सामाग्री के बिलो के भुगतान पर 2.00 % की दर श्रोत पर आयकर की कटौती एवं जी.एस.टी. की कटौती नियमानुसार कि जायेगी।
4. वर्णित कार्य हेतु सामाग्री श्रमिक आपूर्ति के सापेक्ष 2 प्रतिशत अरनेस्ट मनी धनराशि खण्ड विकास अधिकारी बेहन्दर के पक्ष में एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/निविदा प्रपत्र के साथ बन्धक की जायेगी। यदि निविदा प्रपत्र के साथ अरनेस्ट मनी की धनराशि जमा की जाती है. तब आपूर्ति सामाग्री के सापेक्ष बिल भुगतान पर 5 प्रतिशत कटौती की जायेगी.
5. अपूर्ण निविदा स्वीकार्य नही होगी
6. स्वीकृत निविदा ठेकेदार/आपूतिकर्ता के समय यदि निर्धारित मानक के अनुसार सम्पुर्ण कार्य नही करता है. कार्य प्रभारी की सूचना पर गठित कमेटी में जांच कराने के उपरान्त सही पाये जाने पर एक नोटिस देकर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार गठित कमेटी का होगा।
8. समस्त निविदायें दिनांक 21.11.2020 तक क्षेत्र पंचायत कार्यालय में रखें बाक्स समय अपरान्ह 2 बजे तक डाली जायेगी. तदउपरान्त निविदाये अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत स्तर पर गठित कमेटी के समक्ष दिनांक 21.11.2020 को उपरान्ह 4 बजे निविदा दाता के द्वारा अधिकृत व्यक्ति के सम्मुख खोली जायेगी।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**बेहन्दर - हरदोई।**



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड, उ0प्र0 पावर ट्रान्समीशन कारपोरेशन लि0, पो0 डी0एल0डब्लू0, वाराणसी**
**निविदा सूचना संख्या-03 एवं 04-ET&CD, Vns/2020-21** पंजीकृत सेवाप्रदाता / टूर आपरेटर्स/ट्रैवेल एजेंसियो से विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड, वाराणसी के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु उनके अपने लेटर पैड पर निम्न कार्य हेतु मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। **अल्पकालीन निविदा सं0 - 03/2020-21**, विभिन्न विद्युत उपकेन्दों पर लगे एपेक्स इनर्जी मीटरों के मासिक एम0आर0आई0 रिकॉडिंग एवं आकस्मिक ब्रेक डाउन टेस्टिग व अन्य अतिआवश्यक कार्य हेतु 05 नग वाहन दिवस ईधन एवं चालक सहित प्रतिमाह की औसत से (अधिकतम 05 वाहन एक दिन में या माह में 05 वाहन आवश्यकतानुसार) 10 माह हेतु सम्पूर्ण कार्यावधि में कुल 50 वाहन दिवस (01.12.2020 से 30.09.2021 तक) हेतु अच्छी स्थिति में हल्के मोटर वाहन/जीप/कार अपलब्ध कराना। **निविदा सं0-04/2020-21** विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड, वाराणसी के अन्तर्गत विभागीय कार्य हेतु अधिशासी अभियन्ता के प्रयोगार्थ 01 नग हल्का डीजल वाहन, चालक सहित, 09 माह हेतु (01.01. 2021 से 30.09.2021) मासिक किराये पर रखने हेतु। निविदा प्रपत्र, निविदा संख्या 03/2020-21 की बिक्री इस कार्यालय में 20.11.2020 से 27.11.2020 तक एवं निविदा संख्या 04/2020-21 की बिक्री 21.11.2020 से 22.12.2020 तक प्रत्येक कार्य दिवस में 12 बजे अपरान्ह तक रू0 200.00 + GST अतिरिक्त पर प्रतिप्रपत्र उपलब्ध है, निविदा प्रपत्र, विभागीय खातें (SBI) में शुल्क जमा करने के पश्चात प्राप्त किये जा सकते है। निविदा दो भागों में एक साथ प्रस्तुत की जायेंगी। प्रथम भागे में धरोहर धनराशि रू0 2000.00 (रूपये दो हजार) एवं निविदा शुल्क 224 (दो सौ चौबिस) मात्र जी0एस0टी0 सहित अलग-अलग 'Executive Engineer, Electricity Test & Commission-ing Division Varanasi, A/C No. -10852134156, Brach-SBI, DLW Varanasi IFS CODE - SBIN0001868' के पक्ष में केवल RTGS / NEFT के रूप में देय होगा, एवं GST Declaration Certificate, फर्म का जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्रपत्र, पैन कार्ड व नियम एवं शर्ते होंगी। दूसरे भाग में दरों का उल्लेख होगा। दोनों भागों के ऊपर निविदा संख्या, दिनांक एवं खोले जाने की तिथि व समय का स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए। निविदा खोलने की प्रक्रिया में प्रथम भाग पहले खोला जायेगा। इसे सही पाये जाने पर ही दूसरा भाग खोला जायेगा। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा संख्या 03/2020-21, दिनांक 28.11.2020 को 14:00 बजे तक स्वीकार की जायेगी जो उसी दिन 15:00 बजे एवं निविदा संख्या 04/2020-21, दिनांक 22.12.2020 को 14:00 बजे तक स्वीकार की जायेगी जो उसी दिन 15.00 बजे उन्हीं निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। अवकाश की स्थिति में निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी। सफल निविदादाता को उपरोक्त कार्य हेतु अधो-हस्ताक्षरी के साथ एक अनुबन्ध करना होगा, अधोहस्ताक्षरी को एक या समस्त निविदायें निरस्त कर देने का पूर्ण अधिकार होगा। अन्य नियम एवं शर्ते निविदा फॉर्म में उपलब्ध हैं, जो कि निविदादाता पर लागू होगी। **(ऐनुल होदा) अधिशासी अभियन्ता विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड उ0प्र0 पा.का.लि., हाईडिल कालोनी, पो.डी.एल.डब्लू. वाराणसी-221004.** संख्या-494 दिनांक-18.11.2020 **"राष्ट्रहित में बिजली बचायें।**

# मंडलीय विकास कार्यों की कमिश्नर ने की समीक्षा

संवाददाता। अयोध्या

● दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**मण्डलायुक्त** एमपी अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मण्डलीय विकास कार्यो की समीक्षा की गई जिसमें मण्डलायुक्त ने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के 07 माह पूरे हो गये है। मण्डलीय अधिकारी जनपद के दौरो पर जाये तो अपने जनपदीय अधिकारियो के साथ सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी से सम्पर्क करे और अपनी विभागीय लक्ष्यो को गुणवत्ता के साथ पूरा करे। कोविड.19 के कारण विकास कार्यो की गति में परिर्वतन आया है लेकिन हमे शासन के प्राथमिकता के कार्यक्रम के 37 बिन्दुओ पर विशेष कार्य करना है जिसमें स्वास्थ्य सेवाओ में सुधार, निर्माण कार्यो में तेजी, नहरो की सिल्ट सफाई, विद्युत बकाये की वसूलीए कोविड.19 के प्रसार को रोकने की कार्यवाहीए रवि की फसल को देखते हुए बीज व उर्वरक की उपलब्धता, धान क्रय केन्द्रो का संचालन, बच्चो एवं पशुओ का टीकाकरणए आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतो का निस्तारण आदि के अतिरिक्त आगामी पड़ने वाले त्यौहारो को कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए अपेक्षित कार्यवाही करने को जिलाधिकारियो एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिया। इस बैठक में जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा द्वारा स्वागत करते हुए विकास एवं परिक्रमा सम्बन्धित बिन्दुओ के संबंध में जानकारी दी गई। इस बैठक में जिलाधिकारी बाराबंकी डा आदर्श सिंह, जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर राकेश कुमार मिश्र, जिलाधिकारी सुल्तानपुर रवीश गुप्ता, जिलाधिकारी अमेठी अरूण कुमार सहित सम्बन्धित जनपदो के मुख्य विकास अधिकारी एवं मण्डलीय अधिकारी उपस्थित थे। मण्डलायुक्त ने सिचाई विभाग के मुख्य अभियन्ता को मण्डल के पॉचो जनपदो के 3683 किमी के सिल्ट सफाई के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करनेए रोस्टर के अनुसार नहरो का संचालन करने, अन्तिम छोर तक सिचाई हेतु पानी पहुॅचाने का निर्देश दिया। कृषि विभाग के अधिकारियो को खादए उर्वरक, बीज की उपलब्धता बनाये रखने एवं प्रधानमंत्री किसान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि से सम्बन्धित कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने लोक निर्माण विभाग के कार्यो की समीक्षा में सड़क मार्गो एवं पुलो के निर्माण में तेजी लाने तथा उससे संबंधित एप्रोच रोड बनाने के निर्देश दिये जिससे उसके हैण्डओवर की कार्यवाही हो सके। चिकित्सा विभाग के अधिकारियो को शिशु सुरक्षा सप्ताहए टीकारण एवं आने वाले पोलियो टीकाकरण अभियान को भी समयबद्धता के साथ चलाने के निर्देश दिये गयेए इसमें सरकारी गैर सरकारीए मेडिकल स्टाफ को पर्याप्त संख्या में लगाने एवं आवश्यक बैठक करने के निर्देश दिये गये। ग्रामीण क्षेत्रो में सामुदायिक शौचालय के मण्डल लक्ष्य 4537 है इसमें अभी तक 1585 पूरे हुए है शेष को भी पूरा करने एवं जीओ टैगिंग करने के निर्देश दिये। जिला अस्पतालए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आदि में तैनात चिकित्सको की उपस्थिति तथा विशेषज्ञ डाक्टरो को भी तैनाती हेतु आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया तथा जो महिला चिकित्सक है उन्हे रोस्टर के अनुसार सीजेरियन आपरेशन आदि हेतु ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये गये। खाद्य एवं रसद योजना, प्रधानमंत्री शहरी एवं ग्रामीण आवास योजना, पाइप पेयजल योजनाए अमृत योजना आदि में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। अम्बेडकरनगर में सामूहिक विवाह के लक्ष्य को पूरा कर लिया गया है उसी प्रकार अन्य जनपदो को लक्ष्य के अनुसार पूरा करने के निर्देश दिये गये। सहकारिता की वसूलीए चीनी मिलो का संचालन करने एवं गन्ना किसानो का भुगतान संबंधित कार्यवाहियॉ पूरा करने के निर्देश दिये गये। उच्च शिक्षा के विद्यालयो में बच्चो को मॉस्क पहनकर आने एवं स्वच्छ पीने के पानी, सेनेटाइजर की सम्पूर्ण व्यवस्था के निर्देश दिये। गोल्डन कार्ड, आयुषमान कार्ड की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए इसको माइक्रो प्लान बनाकर मासिक लक्ष्य के अनुपात में अभी तक मात्र 19–20 प्रतिशत कार्य हुआ है इसमें तेजी लाये जाने की तथा प्रत्येक माह लगभग 20 हजार कार्ड बनाया जायेगा तभी लक्ष्य को आगामी वर्ष में पूरा किया जा सकता है। अस्पतालो में दवाओ के साथ आक्सीजन आपूर्ति बनाये रखने के निर्देश दिये गये। गौवंशो के लिए आवश्यक चारा के साथ.साथ बोरे के टाट आदि के व्यवस्था के निर्देश दिये गये ताकि गौवंश को ठंड से बचाया जा सके। मण्डलायुक्त ने स्वरोजगार योजनाए दुग्ध विकास योजनाए कौशल मिशन कार्यक्रम आदि में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। इस बैठक में संबंधित जनपदो के जिलाधिकारी के अलावा जनपदो के मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या प्रथमेश कुमार, संयुक्त विकास आयुक्त रवि प्रकाश श्रीवास्तव, मण्डलीय मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत, सिचाई, नलकूप, आरईएस, पीडब्लूडी के अतिरिक्त मण्डलीय विभागो के संयुक्त निदेशक, उन निदेशक, सहायक निदेशक आदि मण्डलीय अधिकारी उपस्थित थे।

# कमलेश श्रीवास्तव बनाये गये भाजपा अवध क्षेत्र के मंत्री

संवाददाता। अयोध्या



**अयोध्या** महानगर के प्रथम अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव को भाजपा अवध क्षेत्र की कमेटी में मंत्री बनाये जाने पर कार्यकताओं ने खुशी जाहिर की है। अवध क्षेत्र के अध्यक्ष शेषनारायण मिश्र ने 18 नवम्बर को क्षेत्र की कमेटी की घोषणा की। कमलेश श्रीवास्तव ने अवध क्षेत्र कार्यालय जाकर अपना पद भार ग्रहण कर लिया है। कमलेश श्रीवास्तव लम्बे समय से भारतीय जनता पार्टी से सक्रिय रूप से जुड़े हुए है। इससे पहले जिला कार्यसमिति सदस्य, भदरसा अनौरा के सेक्टर प्रवासी व महानगर अयोध्या के सृजन पर भाजपा के पहले महानगर अध्यक्ष बनें। गोण्डा व अम्बेडकर नगर जनपद में मंडल में संगठनात्मक गतिबिधियों में जिला प्रवासी के रुप में जिम्मेदारी सम्हाली। लोकसभा 2019 व विधानसभा 2017 के चुनाव में भाजपा के महानगर अध्यक्ष के रूप में चुनाव प्रबंधन का कार्य किया था। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होनें कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो भाई भतीजावाद से मुक्त है। पार्टी पूर्ण लोकतंत्र है। कार्य करने वाले कार्यकर्ता को पूर्ण सम्मान दिया जाता है। राजनीति में बढ़ने का समान अवसर सभी के लिए केवल भाजपा में ही है। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें छोटे–छोटे कार्यकताओं का सम्मान होता है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मिश्रित – नैमिषारण्य

पत्रांक :– 48 /एस0बी0एम0/न0पा0रि०/ /2020–21 दिनांकः–18–11–2020

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद मिश्रित–नैमिषारण्य द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर के समस्त 25 वार्डो को पूर्व में ही खुले में शौच से मुक्त (ओ0डी0एफ0) घोषित किया जा चुका है, अब नगर के सम्मानित सदस्यो एवं नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासो से इस निकाय के समस्त 25 वार्डो को (ओ0डी0एफ0+) तथा गार्बेज फ्री सिटी के अन्तर्गत 03 स्टार रेटिंग घोषित किया जाता है। यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो वह इस विज्ञाप्ति के जारी होने के 15 दिवस के अन्दर कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में लिखित रुप में देने का कष्ट करे। नियत समयावधि के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर कोई विचार नही किया जायेगा। इसके उपरान्त यदि कोई भी व्यक्ति खुले में शौच या पेशाब करता हुआ पाया गया तो उससे 100 रू0 अर्थदण्ड वसूला जायेगा।

(रूद्र प्रताप सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मिश्रित–नैमिषारण्य, सीतापुर


# उदय सिंह यादव जिलाध्यक्ष अमीन संघ एवं अरविंद कुमार सिंह बने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ का तहसील शाखा सदर के जुरासिक अधिवेशन संघ भवन में नवनिर्वाचित उदय सिंह यादव जिलाध्यक्ष अमीन संघ एवं अरविंद कुमार सिंह अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के उपस्थिति में संपन्न हुए जिसमें संरक्षक रमेश चंद वर्मा अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह उपाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह मंत्री रामजीत उप मंत्री त्रिभुवन शर्मा संगठन मंत्री घनश्याम पांडे कोषाध्यक्ष सूर्यपाल चौरसिया पवन पांडे को चुना गया जिस पर जिले के संघ के संरक्षक राकेश कुमार मिश्र अध्यक्ष उदय सिंह यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष डेनियल भारती मंत्री अरविंद कुमार सिंह उप मंत्री रमेश गुप्ता संयुक्त मंत्री हरीनाथ शर्मा संगठन मंत्री राजेंद्र प्रसाद सिंह कोषाध्यक्ष रामजीत आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# महिला सशक्तीकरण की मिसाल थी वीरांगना रानी लक्ष्मीबाईः एबीवीपी

● देव इन्द्रावती पीजी कालेज कटेहरी में आयोजित हुई संगोष्ठी

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



महारानी लक्ष्मीबाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करतीं मीनू दूबे पायनियर

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद अम्बेडकरनगर जिले के कटेहरी नगर में स्थित देव इंद्रावती पीजी कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित कर वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई जी की जयंती कार्यकताओं ने मनाई कार्यक्रम में मंच पर प्रवासी कार्यकर्ता के नाते अभाविप के विशेष आमंत्रित सदस्य मीनू दुबे नगर मंत्री विवेक गौड़ तहसील संयोजक शिवम त्रिपाठी छात्रा कार्यकर्ता दीपिका सिंह, मीनू दुबे ने कहा कि खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी भारतीय वसुंधरा को गौरवान्वित करने वाली झांसी की रानी वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई वास्तविक अर्थ में आदर्श वीरांगना थी सच्चा वीर कभी आपत्तियों से नहीं घबराता है प्रलोभन उसे कर्तव्य पालन से विमुख नहीं कर सकता है उसका लक्ष्य उदार एवं उच्च होता है उसका चरित्र अनुकरणीय होता है अपने पवित्र उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वह सदैव आत्मविश्वासी कर्तव्य परायण स्वाभिमानी और धर्मनिष्ठ होता है ऐसी ही थी वीरांगना लक्ष्मीबाई तहसील संयोजक शिवम त्रिपाठी ने कहा कि आज के समय में छात्रा बहने हरे क्षेत्र में जिस तरह से आगे बढ़ रही हैं चाहे वह शिक्षा क्षेत्र हो व प्रशासनिक क्षेत्र या राजनीतिक क्षेत्र जिस तरह से बहने आगे बढ़ रही हैं वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई जी को एक बार अवश्य याद करें नगर मंत्री विवेक गौड़ ने कहां की एबीवीपी हमेशा सभी छात्रा बहनों का सम्मान किया है एबीवीपी मिशन साहसी के तहत सभी बहनों को मार्शलआर्ट कुश्ती आदि का प्रशिक्षण सभी छात्रा बहनों को हर वर्ष कराती हैं जिला संयोजक आकाश पाण्डेय ने कहां की वीरांगना नाम सुनते ही हमारे मनोंमस्तिष्क मे रानी लक्ष्मीबाई की छवि उभरने लगती है भारतीय वसुंधरा को अपने वीरोचित भाव से गौरवान्वित करने वाली झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सच्चे अर्थों में वीरांगना ही थी कार्यक्रम में अकबरपुर नगर मंत्री रणधीर सिंह नगर सह मंत्री शिवम पांडे नगर सह मंत्री प्रतिक धर द्विवेदी पवन यादव राजेंद्र राजभर आदित्य राजभर श्याम पांडे मोहन तिवारी इला मिश्रा आंचल शर्मा शुभम पांडे आकाश तिवारी प्रवीण तिवारी मनोज कुमार विशाल कुमार राजा तिवारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मिश्रित – नैमिषारण्य

पत्रांक :– 48 /एस0बी0एम0/न0पा0रि०/ /2020–21 दिनांकः–18–11–2020

**सर्विस लेवल बेन्चमार्क की सूचना का प्रकाशन**

| Sr.No. | Indicator | Benchmark |
|---|---|---|
| | **WATER SUPPLY** | |
| 1. | Coverage of Water Supply connections | 100% |
| 2. | Per Capita Supply of Water | 135 lpcd |
| 3. | Extent of Non-revenue Water | 15% |
| 4. | Extent of Metering | 100% |
| 5. | Continuity of Water Supplied | 24Hours |
| 6. | Efficiency in redressal of customer complaints | 90% |
| 7. | Quality of Water Supplied | 100% |
| 8. | Cost Recovery | 100% |
| 9. | Efficiency in Collection of Water Charges | 90% |
| | **SEWERAGE** | |
| 1. | Coverage of Toilets | 100% |
| 2. | Coverage of Sewerage Network | 100% |
| 3. | Collection efficiency of Sewerage Network | 100% |
| 4. | Adequacy of Sewage Treatment Capacity | 100% |
| 5. | Quality of Sewage Treatment | 100% |
| 6. | Extent of Reuse and Recyling of Sewage | 20% |
| 7. | Extent of cost recovery in waste water | 100% |
| 8. | Efficiency in redressal of customer complaints | 80% |
| 9. | Efficiency in Collection of Sewage Water Charges | 90% |
| | **SOLID WASTE MANAGEMENT** | |
| 1. | Household Level Coverage | 100% |
| 2. | Efficiency in Collection of Solid Waste | 100% |
| 3. | Extent of Segregation of MSW | 100% |
| 4. | Extent of MSW Recovered | 80% |
| 5. | Extent of Scientific Disposal of MSW | 100% |
| 6. | Extent of cost Recovery | 100% |
| 7. | Efficiency in Collection of SWM Charges | 90% |
| 8. | Efficiency in Redressal of customer Complaints | 80% |
| | **STORM WATER DRAINAGE** | |
| 1. | Coverage | 100% |
| 2. | Incidence of water logging | 0 numbers |

(रूद्र प्रताप सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मिश्रित–नैमिषारण्य, सीतापुर


# पत्नी के ससुराल न आने पर साली की बेटी को किया अगवा, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**पत्नी के** ससुराल न जाने पर युवक ने साली की तीन साल की बेटी को अगवा कर लिया। जानकारी होने पर ससुराल के लोगों ने फोन कर बच्ची को पहुंचाने के लिए कहा तो पत्नी को विदा करने का दबाव बनाने लगा। सूचना देने पर हरकत में आई तिवारीपुर पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर 12 घंटे के भीतर बगहा (बिहार) के रहने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर बच्ची को उसके चंगुल से मुक्त कराया।

सीओ कोतवाली वीपी सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिहार के पश्चिम चंपारण (बिहार) के बगहा थानाक्षेत्र स्थित रामधाम मंदिर गांव के रहने वाले गोविंद कुमार शाह की शादी तिवारीपुर के इलाहीबाग निवासी पूजा के साथ हुई है। दोनों की आठ साल की एक बेटी है। गोविंद शातिर बदमाश है। चोरी के मामले में जेल जा चुका है। उसकी आदत से तंग आकर दो माह पहले पूजा अपनी बेटी के साथ मायके चली आयी। दो दिन पहले वह पूजा को ले जाने इलाहीबाग आया। लेकिन उसने ससुराल जाने से इन्कार कर दिया। दबाव बनाने के लिए गोविंद ने बुधवार की शाम अपनी साली दूजा की तीन साल की बेटी को साथ लेकर चला गया। देर शाम तक न लौटने पर परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की। फोन करने पर गोविंद ने बताया कि बच्ची को लेकर घर आ गया है, उसे तभी छोड़ेगा जब पूजा ससुराल आएगी। अनहोनी की आशंका से परेशान परिवार के लोगों ने तिवारीपुर थाने पहुंच घटना की जानकारी दी। अपहरण का केस दर्ज कर छानबीन में जुटी तिवारीपुर पुलिस ने सर्विलांस की मदद से गुरुवार की सुबह गोविंद शाह को उसके घर से गिरफ्तार कर अगवा हुई बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया।

### 2015 में गया था जेल

**सीओ** कोतवाली वीपी सिंह ने बताया कि गोविंद शाह शातिर बदमाश है। उसके खिलाफ चोरी के दो केस दर्ज है। 2015 में पुलिस ने उसे जेल भेजा था। एक साल पहले वह जमानत पर छूटा था। गोविंद के गलत कार्य में लिप्त होने की वजह से पूजा मायके में रहती है।

# शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी राजीव यादव ने किया तूफानी जनसंपर्क

● अटेवा समर्थित प्रत्याशी हैं राजीव यादव



**अम्बेडकरनगर।** अटेवा के गोरखपुर–फैजाबाद खण्ड शिक्षक एम0एल0सी0 प्रत्याशी राजीव यादव का तुफानी चुनावी सम्पर्क अभियान टाण्डा से प्रारम्भ हुआ जिसके क्रम में टाण्डा के आदर्श जनता इण्टर कालेज, मिश्री लाल आर्य कन्या इण्टर कालेज, कौमी इण्टर कालेज, एचटी इण्टर कालेज, मदरसा मजरे हक, मदरसा कुन्जुल उलूम, महात्मा गोविन्द साहब इं.का. दुल्हूपुर, नरेन्द्र देव इं. का. जलालपुर आदि कालेजों में सम्पर्क कर अबकी बार सेवारत पेंशन विहीन साथी को जिताने की अपील की। अपने सम्बोधन मं राजीव यादव ने लोगों से अपील की कि अबकी बार सेवारत पेंशन विहीन को प्रथम वरीयता का मत देकर जिताएं और वादा किया कि जीतने के बाद आप के मुदद्ों के लिए सदन में लड़ता हुआ नजर आऊंगा। उन्होंने कहा कि जो सेवानिवृत्त और राजनीतिक दलों के लोग मैदान में हैं उन्हें हमारी पीड़ा व समस्या से कोई सरोकार नही है उन्हें सिर्फ अपने से ही मतलब है। जो स्वंय पीड़ित हैं तो आपके मुद्दे को पुरजोर ढंग से प्रस्तुत करेगा। इस अवसर पर अटेवा अम्बेडकरनगर के सभी पदाधिकारी साथ रहे। इसमें प्रमुख रूप से मण्डल अध्यक्ष संदीप पटेल, महामंत्री रामबली त्रिशरण जिला प्रवक्ता संजय तिवारी, जिला मंत्री, प्रमोद वर्मा, रामनरेश, साकेत वर्मा, वीरेन्द्र वर्मा, महेन्द्र यादव, रमेश, सिराज फाजिल, आनन्द पाल विश्वकर्मा, अबूजर खान, सारिक, अशोक यादव आदि शामिल रहे।

# भाजपा में संगठन सर्वोपरि व कार्यकर्ता महत्वपूर्ण अंग हैं : कपिल देव

**अम्बेडकरनगर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं और जन सामान्य के सुख दुख में सदैव तत्पर रहती है।संगठन सर्वोपरि है और कार्यकर्ता उसके महत्वपूर्ण अंग है। हम अपने कार्यकर्ताओं को देव तुल्य और जनता को भाग्यविधाता समझ कर संगठन और समाज को साथ लेकर चलने वाले देश भक्त राष्ट्रीय संगठन के कार्यों को पूरा करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं। उपरोक्त विचार भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय के माध्यम से जारी एक बयान में कहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अन्ना दाता किसानों की वर्तमान फसल धान की खरीद में किसी भी प्रकार की शिथिलता बरतने पर गम्भीर है। जनपद में धान खरीद में लापरवाही बरतने और किसानों को क्रय केंद्रों के प्रभारियों द्वारा परेशान किए जाने की जानकारी पर भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने क्रय केंद्रों के प्रभारियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि प्रभारी अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं और किसानों के धान खरीद में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं करें।किसान को धान की विक्रय में किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं हो अन्यथा उसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।भाजपा जिलाध्यक्ष ने जनपद की कानून व्यवस्था पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था के जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी के प्रति सतर्क हो कर कार्य करें।मुख्यमंत्री जी के कानून व्यवस्था पर गंभीरता को ध्यान में रखते हुए कार्य करना ही शासन की नीति के पालन का एक मात्र सूत्र है।भाजपा शासन में जनपद में कानून व्यवस्था से जन सामान्य संतुष्ट रहे यह सबसे महत्वपूर्ण विषय है।उन्होंने राजस्व विभाग की कार्य शैली पर भी चर्चा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की जनता भी राजस्व विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों से संतुष्ट नहीं दिख रही है जो शासन की रीति नीति के विरुद्ध है।

# महारानी लक्ष्मीबाई बालिका इंटर कालेज बिहलोलपुर में मनी लक्ष्मीबाई जयन्ती

● गोष्ठी का किया गया आयोजन

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



वीरांगना लक्ष्मीबाई के चित्र पर माल्यार्पण करते डॉ. अभिषेक सिंह पायनियर

**गुरूवार** को भारत की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की आदर्श वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती महारानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल बालिका इंटर कॉलेज बिहलोलपुर जाफरगंज में स्थित संगोष्ठी का आयोजन करके किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में मां सरस्वती एवं वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर माल्यर्पण करके एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम का संचालन बालमुकुंद तिवारी ने किया।विद्यालय के प्रबंधक डॉ.अभिषेक सिंह ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई का जन्म 19 नवम्बर 1828 को वाराणसी के अस्सी घाट के नजदीक हुआ था।उनके पिता का नाम मोरेपंत एवं माता का नाम भागीरथी बाई था।घर में उनका नाम मणिकर्णिका रखा गया था मगर प्यार से उन्हें मनु कहा जाने लगा। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई अपने बचपन से ही शास्त्रों के अध्ययन के साथ साथ शस्त्र विद्या घुड़सवारी, तलवारबाजी,में निपुणता प्राप्त कर ली । इनका विवाह 1842 में झाँसी के राजा गंगाधर राव के साथ हुआ।पर 1853 में राजा गंगाधर राव के मृत्यु के बाद अंग्रेजो ने उनके दत्तक पुत्र दामोदर राव को राजा बनाने से इनकार कर दिया परिणाम स्वरूप झांसी की रानी से अंग्रेजो का भीषण युद्ध हुआ।झाँसी की रानी ने संकल्प किया था कि जीते जी मैं झाँसी अंग्रेजो को कभी नही दूंगी । इस संकल्प को पूरा करने के लिए झाँसी की रानी ने अंग्रेजों के साथ भीषण युद्ध किया।पर अंग्रेजों की विशाल सेना और अपने ही देश के कुछ गद्दारों के कारण 18 जून 1858 को ग्वालियर के पास मातृभूमि के रक्षा के लिए वीरगति को प्राप्त हुई डॉ. अभिषेक सिंह ने कहा कि शौर्य एवं गौरव की कथाएं, सदियों तक हम सबको प्रेरित करती रहेंगी । इस पर विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं ने वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन के बारे में वृत्तांत से सुना । इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापकगण बालमुकुंद तिवारी, राजीव पाल,आदित्य अग्रहरि, राम अशीष, केशवराम, आलोक सिंह आदि लोग उपस्थित रहे'।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मिश्रित – नैमिषारण्य

पत्रांक :– 48 /एस0बी0एम0/न0पा0रि०/ /2020–21 दिनांकः–18–11–2020

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा उ0प्र0 शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार निकाय के अन्तर्गत समस्त शौचालयों में उच्च स्तरीय नागरिक हितैषी सेवायें, रख–रखाव एवं आवश्यक सुविधा नियमित रूप से कराने हेतु सर्विस लेबल बेंच मार्क निर्धारित किये गये है।

अतः समस्त शौचालयों में निकाय के नोडल अधिकारी, स्वच्छता प्रभारी एव केयर टेकरों को आदेशित किया जाता है कि निम्नानुसार सर्विस लेबल बेंच मार्क के अनुसार व्यवस्था करायें। निर्देशों का पालन नहीं किये जाने पर सम्बन्धित केयर टेकरों एवं स्वच्छता प्रभारी को दर्षित अर्धदण्ड अनुसार दण्डित किया जायेगा।

| क्र0सं0 | सेवा का प्रकार | मानक लक्ष्य | अर्थ दण्ड की राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | शौचालयों के खुलने का समय | 24 घण्टे | 20/– |
| 2. | जल की उपलब्धता | 24 घण्टे | 15/– |
| 3. | शौचालयों में प्रकाश व हवादानी | प्रत्येक सीट में प्राकृतिक एवं एल.ई.डी लाईट से प्रकाश व हवादानी। | 10/– |
| 4. | सेप्टिक टैंक/सीवरेज व्यवस्था | समस्त सीटों हेतु | 20/– |
| 5. | शिकायत निवारण समय–सीमा | 24 घण्टे | 15/– |
| 6. | शौचालय को आनलाइन मैप में खोजने हेतु या समकक्ष प्लेटफार्म में उपलब्धता एवं फीड बैक व्यवस्था | समस्त शौचालयों में | 20/– |
| 7. | दिव्यांग हितैषी सीट/बच्चों के सीट की उपलब्धता | प्रत्येक शौचालय में नयूनतम 1 सीट | 20/– |
| 8. | सीट, बेसिंग, फर्श, दिवार, दरवाजा, आईना आदि की साफ–सफाई | निरंतर किन्तु 24 घण्टे में न्यूनतम 4 बार | 10/– |
| 9. | साबुन, फिनायल, डस्टविन, सफाई कर्मी सुरक्षा, पहनावे (जैसे ग्लब्स, जूता, एप्रेन आदि) झाडू की व्यवस्था | समुचित सफाई हेतु निरंतर उपलब्धता | 15/– |
| 10. | सैनेटरी नैपकिंग, एयर फैशनर, हैण्डड्रायर | शहर में स्थित कुल 10 प्रतिशत शौचालयों में | 15/– |

(रूद्र प्रताप सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मिश्रित–नैमिषारण्य, सीतापुर

# कश्मीर में निकाय चुनाव

## भाजपा को चुनौती

**जम्मू-कश्मीर** से अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद से अपनी संगठनात्मक नीति पर चलते हुए भारतीय जनता पार्टी अपने विमर्श के अनुकूल एक राजनीतिक ढांचा तैयार करने का भरसक प्रयास कर रही है। इसके लिए विशेष दर्जे पर जोर देने वाले नेताओं के खिलाफ कार्रवाई भी की गई। इस कारण लगभग एक साल तक पूर्व मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद और विधायक जनता की नजरों से दूर रहे। उम्मीद थी कि इस बीच मुख्यधारा नेताओं के स्थान पर स्थानीय नेता उभर कर सामने आएंगे जो जनता के सच्चे प्रतिनिधि होंगे तथा स्थानीय निकायों को सशक्त बनाने को प्राथमिकता देंगे। भाजपा ने जनता को बताया कि बड़ी पार्टियों के अनेक नेताओं ने कश्मीर के पूर्व विशेष दर्जे का लाभ उठाया तथा वहां भेजे गए पैसे का जनता के लिए कोई उपयोग नहीं किया। वास्तव में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जनता को इनके कारण लोकतांत्रिक प्रशासन का लाभ नहीं मिला। भाजपा को उम्मीद थी कि उसके 'मित्र' उम्मीदवार चुनाव प्रक्रिया में भाग लेकर जनादेश प्राप्त करेंगे। लेकिन चुनौतियों के कारण उसकी यह उम्मीद कुछ सीमा तक पूरी नहीं हुई। 2018 में कश्मीर में 19,582 पंचों व सरपंचों में से 7,528 सीटों पर चुनाव हुए और 12,000 सीटें नहीं भरी जा सकीं जो आज भी खाली हैं। इससे स्थानीय प्रशासन प्रभावित होता है। इस बीच जनता का एक बहुत छोटा हिस्सा अघोषित विरोध कर रहा है तथा कुछ नौजवान चरमपंथ की ओर झुक रहे हैं। भाजपा नेताओं व सरपंचों की हत्यायें हुई हैं। भाजपा ने बड़ी पार्टियों के असंतुष्ट तत्वों को साथ लाकर जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी-जेकेएपी बनवाने का



प्रयास किया, पर वह ज्यादा विश्वसनीयता नहीं प्राप्त कर सकी। सरकार ने मुख्यधारा नेताओं को रिहा कर जिला विकास परिषदों-डीडीसी तथा बाकी पंचायत सीटों का चुनाव कराने का निर्णय किया है। शायद उसे अनुमान नहीं था कि नेशनल कान्फ्रेंस-नेकां नेता फारूक व उमर अब्दुल्ला तथा पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी-पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती एकसाथ आ जाएंगे। ये दोनों पहले भाजपा के सहयोगी रहे हैं, पर अब जम्मू कश्मीर राज्य की संरचना बदलने के कारण उसके घोर विरोधी हैं। उन्होंने एक मोर्चा बना कर डीडीसी चुनाव लड़ने का फैसला किया है। नेकां व पीडीपी द्वारा संचालित गुपकार गठबंधन में पीपुल्स कान्फ्रेंस, अवामी इत्तिहाद, अवामी नेशनल कान्फ्रेंस, माकपा व जम्मू कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट शामिल हैं। वे अनुच्छेद 370 समाप्त करने तथा राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग कर रहे हैं। भले ही यह संभव न हो, पर भाजपा के खिलाफ एक भावनात्मक एजेंडा जरूर है। वे जम्मू और लद्दाख को भी अपने साथ जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। कुछ डोगराओं को आशंका है कि नए भूमि कानूनों से उनकी स्थानीय संस्कृति व विशेषाधिकार समाप्त होंगे तथा बाहरी लोगों का गैर-कृषि जमीनों पर कब्जा हो जाएगा। देखना होगा कि चुनाव में गुपकार गठबंधन को कितनी स्वीकार्यता मिलती है। अमित शाह ने इसे 'गुपकार गैंग' कहा है जो भारत-विरोधी है तथा कश्मीर में विदेशी हस्तक्षेप को आमंत्रित कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस इससे जुड़ी है, हालांकि कांग्रेस अब जोर दे रही है कि उसका इससे कोई संबंध नहीं है तथा वह स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रही है। इस प्रकार भाजपा को चुनाव में एक चुनौती का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि गठबंधन तथा अन्य पार्टियां स्वयं को उत्पीड़ित की तरह पेश कर रही हैं। भाजपा ऐसे तत्वों के खिलाफ हमलावर है तथा उनको मिल रहा समर्थन तोड़ने का प्रयास कर रही है। पहले उम्मीद थी कि कांग्रेस गुपकार गठबंधन में पूरी तरह शामिल होगी, पर वह सीटों के तालमेल से आगे नहीं बढ़ रही है। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला के बयान से यही बात सामने आई है। कश्मीरी पार्टियां भाजपा को किसी भी कीमत पर रोकना चाहती हैं क्योंकि उसके केन्द्रीय स्थान पर आने के बाद उनकी योजनायें ध्वस्त हो जाएंगी। भाजपा की विजय से ऐसी पार्टियां हाशिए पर और ज्यादा धकेल दी जाएंगी।

# अमेरिका की अराजनीतिक सैन्य नौकरशाही

अमेरिका की वर्तमान सैनिक नौकरशाही ने स्पष्ट कर दिया है कि वह राजनीतिक अवस्थापना, खासकर ऐसी अवस्थापना की पिछलग्गू नहीं है जिसने सतर्कता को तिलांजलि दे दी है।



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक पूर्व सैन्य अधिकारी तथा पूर्व उपराज्यपाल हैं)



संयुक्त राज्य अमेरिका में रक्षा सचिव का सिविलियन पद एक राजनीतिक नियुक्ति होता है, पर आमतौर से यह पूर्व सैनिक अधिकारियों को मिलता है जिनका व्यापक अनुभव व उचित दृष्टिकोण होता है। पूर्व रक्षा सचिव व प्रख्यात योद्धा-विद्वान जनरल जेम्स मैटिस ने लिखा था, 'याद रखें कि रक्षा विभाग एक कारण से राजनीति से बाहर रहता है। यह एक लंबी परंपरा है। आप सेना को राजनीति में क्यों शामिल करना चाहते हैं।' ऐसे अराजनीतिक व पेशेवर दृष्टिकोण के कारण जेम्स मैटिस जेसे लोगों से डोनाल्ड ट्रंप की कुख्यात सनक के कारण लंबे समय तक सेवा की उम्मीद नहीं थी। ऐसा ही हुआ और मैटिस को अन्य वरिष्ठ सैनिक अधिकारियों की तरह बाहर का दरवाजा दिखा दिया गया। वे विमर्श को इतना नहीं गिरा सकते थे कि यह राष्ट्रपति की इच्छाओं के अनुरूप हो जाए।

मैटिस के पूर्ववर्ती रक्षा सचिव ऐश कार्टर अंतरराष्ट्रीय मामलों के विद्वान थे और वे अलग-अलग राजनीतिक दृष्टिकोण वाली सरकारों के बावजूद पेंटागन में 37 साल से अधिक समय तक सेवा दे चुके थे। उनका हमेशा विश्वास था कि 'हथियारों का पेशा सम्मान और विश्वास पर आधारित है।' उनका यह भी मानना था कि ट्रंप की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं, हस्तक्षेप व जिद से अमेरिकी सेना के अराजनीतिक तरीके प्रभावित होंगे। हाल ही में ट्रंप ने चौथे रक्षा सचिव मार्क एस्पर को विदा कर पांचवें रक्षा सचिव क्रिस्टोफर मिलर को नियुक्त किया है। चार साल से कम समय में संयुक्त राज्य रक्षा विभाग में पांचवें मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति बहुत कुछ कह देती है। यह ट्रंप की सनक, अधैर्य व गैर-पेशेवर व्यवहार की परिचायक है। ट्रंप की चुनावी हार तथा जो बाइडेन के औपचारिक रूप से राष्ट्रपति का पद संभालने के पहले बदली हुई परिस्थितियों में इस नियुक्ति पर सवाल उठते हैं। इससे एक खतरनाक संकेत मिलता है क्योंकि ट्रंप के लिए कुछ भी असंभव नहीं है।

अपने कार्यकाल के अंतिम दो महीनों में घमंड व निराशा के कारण ट्रंप अमेरिकी सेना को तैनात कर सकते हैं। लंबे समय से ट्रंप अस्थिरता के शिकार रहे हैं और अपनी आत्मसंतुष्टि के लिए सेना का राजनीतिक प्रयोग करना चाहते हैं। वे इसका प्रयोग लोकतांत्रिक शासन के लिए कर सकते हैं। षडयंत्र की आशंका व्यक्त करने वाले विश्लेषक कमांडर इन चीफ ट्रंप व मार्क एस्पर के बीच संबंधों का उल्लेख करते हैं। यह खासकर उस समय से है जब वरिष्ठ सैनिक अधिकारी ने सिविल अराजकता पर लगाम लगाने में सेना का प्रयोग करने की ट्रंप की राय नहीं मानी थी। ट्रंप को निराश करते हुए एस्पर ने 1807 के इन्सुरेक्शन एक्ट का यह कह कर विरोध किया था कि यह संस्था का विश्वास है। उन्होंने कहा था, 'मैं यह केवल रक्षा सचिव के रूप में नहीं कह रहा हूं, बल्कि एक पूर्व सैनिक तथा नेशनल गार्ड के पूर्व सदस्य के रूप में कह रहा हूं। कानून लागू करने की भूमिका में सक्रिय सेना का प्रयोग केवल अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना चाहिए। यह केवल तभी होना चाहिए जब स्थिति बहुत गंभीर हो तथा उसे तत्काल ठीक करना जरूरी हो।' पहले भी एस्पर ने 'बावर्दी' समूह का पेशेवर दृष्टिकोण पेश करते हुए ट्रंप को सीरिया व अफगानिस्तान से सैनिक वापस बुलाने में जल्दबाजी न करने को कहा था। ट्रंप अपने व्यक्तिगत कारणों व राजनीतिक प्रतिबद्धताओं के कारण सैनिकों को इन देशों से जल्दी वापस बुलाना चाहते थे, पर यह संस्था तथा संप्रभु हितों के विरुद्ध था। लेकिन ट्रंप अपने राजनीतिक स्वार्थ में सेना के आत्मनियंत्रण व अराजनीतिक दृष्टिकोण से समझौता करने के लिए तैयार थे। ऐसे में एस्पर जैसे पेशेवर सैनिक अधिकारी उनके लिए एक संसाधन के बजाय बोझ थे। एस्पर के स्थान पर पेशेवर दृष्टिकोण से एक निष्प्रभावी अधिकारी को ला कर ट्रंप व उनके समर्थकों ने अपने आलोचकों को ही सही ठहरा दिया है।

हालांकि, ट्रंप के कार्यकाल में अमेरिकी सेना की परिस्थितिकी तंत्र व उसकी स्वतंत्रताओं पर अनेक बाधायें डाली गईं, पर इन अभूतपूर्व परिवर्तनों के बावजूद संस्था द्वारा राजनीतिक रूप से सत्ता का 'अनुसरण' बहुत आसान नहीं था। अमेरिकी सैनिक अधिकारियों ने बार-बार अपनी दृढ़ता, नैनिक साहस व संवैधानिकता का परिचय दिया है। उन्होंने अपने शब्दों तथा कार्यों से खतरे के संकेतों को 'स्पष्ट' किया है। इनमें अमेरिकन ज्वाइंट चीफ आफ स्टाफ जनरल माइक मिले का महत्वपूर्ण स्थान है। वे अनजाने ही नागरिक प्रदर्शनों के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राजनीतिक 'फोटो-आप' का शिकार बन गए थे। इस घटना के कारण उन्होंने सार्वजनिक रूप से ईमानदारी के साथ माफी मांगी कि उनकी उपस्थिति से घरेलू राजनीति में सेना की अवांछित सहभागिता के बारे में गलत तस्वीर बन सकती है। बाद में मिले ने आगे बढ़ कर पूरी दृढ़ता के साथ ट्रंप के पुन: राष्ट्रपति बनने के चुनाव अभियान में अपनी तस्वीर प्रयोग करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। अब मिले रक्षा सचिव के पद पर असमय परिवर्तन का नाटक देख रहे होंगे। यह पेशेवर कार्यक्षेत्र या नियंत्रण के बाहर जाता है। इसके बावजूद उन्होंने अपने शब्दों का सावधानी से चयन करते हुए एक आश्वासन देने वाला संदेश जारी किया। उन्होंने नए रक्षा सचिव मिलर की उपस्थिति में कहा, 'हम किसी राजा या रानी के नाम पर शपथ नहीं लेते हैं। हम किसी तानाशाह या स्वेच्छाचारी के नाम पर शपथ नहीं लेते हैं। हम एक व्यक्ति के रूप में शपथ नहीं लेते हैं।' मिले ने भावनात्मक रूप से स्पष्ट कर दिया है कि उनका दायित्व संविधान के प्रति है जो उनके शब्दों में संस्थान का 'नैतिक नार्थ स्टार' है। उन्होंने कहा था कि सेना 'व्यक्तिगत कीमत अदा करने के बावजूद इस दस्तावेज को संरक्षण देगी तथा उसकी रक्षा करेगी।' इसके अत्यधिक गंभीर अर्थ हैं और यह सेना के राजनीतिकरण या दुरुपयोग के किसी प्रयास के खिलाफ चेतावनी देता है। मिले इस प्रकार अपने उन उल्लेखनीय पूर्ववर्तियों की कतार में शामिल हो गए हैं जो चीजों को विचलन से रोकने में सक्रिय रहे हैं। इनमें ट्रंप की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं पर लगाम लगाने वाले नौसेना अधिकारी जोसेफ डनफोर्ड का नाम भी है। एस्पर ने जनता की नजर में सेना का अराजनीतिक चरित्र बनाए रखने का पूरा प्रयास किया है। उन्होंने फोटो-आप में 'फंसने' पर अपना दृष्टिकोण साफ-साफ सामने रखा। उन्होंने कहा था, 'मैं अराजनीतिक बने रहने के लिए सब कुछ करूंगा। मैं उन स्थितियों से बचने का प्रयास करूंगा जो राजनीतिक लग सकती हैं।' उन्होंने यह भी कहा था, 'हालांकि कभी-कभी मैं इसमें सफल हो सकता हूं और कभी-कभी इतना सफल नहीं भी हो सकता हूं।' भले ही अमेरिकी सेना के राजनीतीकरण के प्रयासों के सामने न झुकने के कारण एस्पर को यह बलिदान देना पड़ा हो, पर अमेरिकी सेना के इतिहास में वे निष्पक्ष सैनिक अधिकारी के रूप में याद किए जाएंगे। अमेरिकी सेना के सेवारत सर्वोच्च अधिकारियों ने राजनीतिक अवस्थापना का पिछलग्गू न बनने की अकल्पनीय प्रतिभा प्रदर्शित की है। यह खासकर उस अवस्थापना के बारे में सही है जिसने संस्थान को कमजोर करने, उसका सम्मान गिराने तथा उसका राजनीतीकरण करने के मामले में सारी सावधानियों को ताक पर रख दिया हो। सेना का अपने पेशेवर चरित्र से असाधारण भावनात्मक लगाव होता है जिसे हम इज्जत कहते हैं। आपरेशन डिजर्ट स्टार्म के संचालक जनरल नार्मन श्वार्जकाफ ने एक बार कहा था, 'नेतृत्व रणनीति व चरित्र का असाधारण मेल है। लेकिन यदि इनमें से कुछ छोड़ना पड़े तो वह रणनीति है।' वर्तमान परिस्थितियों में अमेरिकी सैनिक अधिकारियों ने इस अराजनीतिक विशिष्टता को बनाए रखा है, भले ही इसकी कीमत अदा करनी पड़ी हो।

# परिवर्तन की वाहक बने सरकार

"जनता किसी सरकार को केवल तभी याद रखेगी जब वह ऐसे परिवर्तन लाए जो सार्वजनिक जीवन पर दीर्घकालीन असर छोड़ जाएं।"

**शशांक सौरव**
(लेखक चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं)



हाल ही में सोशल मीडिया पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का एक वीडियो सामने आया जिसमें वो परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अत्यधिक विलंब करने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पदाधिकारियों की आलोचना कर रहे थे। चीजें ऐसे गतिरोध के स्तर पर आ गई हैं कि जिन लोगों ने अतीत में राजग सरकार को समर्थन दिया वे भी कार्यक्षमता के मुद्दों पर विरोधी स्वर में बोल रहे हैं। अवसंरचना विकास आर्थिक विकास के लिए सबसे अहम होता है और सरकार ने विविध बयानों में इस तथ्य को स्वीकार किया है। हालांकि, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी की गई एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार विलंबित परियोजनाओं में निर्धारित लागत से अधिक खर्च 4.29 लाख करोड़ से अधिक आया है जो मूल लागत का 20.85 प्रतिशत है। लागत बढ़ जाना न केवल सार्वजनिक धन की भारी बर्बादी का सबब होता है बल्कि सार्वजनिक उपयोग के लिए संसाधनों की विलंब से उपलब्धता के रूप में सभी हिस्सेदारों के लिए संभावित अवसर के नुकसान में भी परिणित होता है। यदि चीजों को परिप्रेक्ष्य में रखकर देखें, तो जैसे कि दिसंबर 2013 में, सार्वजनिक उपक्रमों की परियोजनाओं में से एक तिहाई विलंबित हुई थीं तथा लागत में वृद्धि मूल बजट की 19.7 प्रतिशत थी। राजग सरकार के अधीन भी ऐसा ही हुआ है और इन परियोजनाओं में से अधिकतर विनियामक मंजूरियां लेने में समय लगने के कारण विलंबित हुई थीं। यहां तक कि सरकार को भी समस्या की जानकारी है और जून 2019 में केपीएमजी की एक रिपोर्ट में इन सभी मुद्दों तथा उपचार के तरीकों का उल्लेख किया गया जो अधिकतर परियोजना प्रबंधन से जुड़े हुए हैं। भारत की ''बिजनेस में सहजता'' रैंकिंग लगातार सुधर रही है लेकिन साथ ही साथ सरकारी उपक्रम परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक मंजूरी पाने हेतु संघर्ष कर रहे हैं।

किसी भी व्यक्ति अथवा विभाग के निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए गणनीय एवं मापन योग्य लक्ष्य तय करना आवश्यक होता है। सरकार ''निर्गत परिणाम कार्यतंत्र रिपोर्ट'' तैयार करती है जो बजट दस्तावेज का हिस्सा होती है लेकिन मीडिया में इस पर विस्तृत चर्चा नहीं की जाती है और ध्यान हमेशा टैक्स की दरों, रियायतों आदि पर रहता है। इस रिपोर्ट में विविध योजनाओं के वित्ती आवंटन एवं उनके संभावित परिणामों के बारे में बात की गई है। इस दस्तावेज में, विभिन्न जगहों पर ''लक्ष्य प्राप्ति के योग्य नहीं'' वाक्य का प्रयोग किया जाना शामिल है, जिसका अर्थ है कि लोग बजट तैयार करने वाले लोग निश्चित नहीं थे कि खर्च से वे क्या हासिल करना चाहते थे। दुनियाभर में सरकारें अप्रत्याशित राजस्व संकट का सामना कर रही हैं और, इसलिए, केंद्र द्वारा इस दिशा में किए गए उपायों पर दृष्टि डालना अनिवार्य हो जाता है।

पिछले वर्ष, सरकार ने अप्रत्यक्ष कर मामलों के समाधान एवं गिरते राजस्वों को बढ़ाने के लिए, ''सबका विश्वास'' योजना लागू की थी। वित्त मंत्रालय के अनुसार, लगभग 3.6 लाख करोड़ रुपए विवादों में फंसे थे और सरकार को कथित योजना के अंतर्गत लगभग 89,000 करोड़ के आवेदन प्राप्त हुए थे। यद्यपि सरकार ने योजना से 39,000 करोड़ रुपए हासिल करने का दावा किया था, लेकिन असलियत में उसे केवल 15,000 करोड़ रुपए ही प्राप्त हुए थे क्योंकि शेष राशि पहले ही निर्धारणकर्ता जमा की जा चुकी थी। कुल मिलाकर, विफलता को रोकने के लिए सरकार के हताशा भरे आह्वानों के बावजूद यह योजना सफल नहीं हो पाई थी।

इस वर्ष सरकार ने अदालतों को मुक्त करने एवं मुदकमों में फंसे राजस्व को प्राप्त करने के लिए ''विवाद से विश्वास योजना'' लागू की है। 2020 के प्राप्ति बजट के संलग्नक-5 के अनुसार, 8.02 लाख करोड़ रुपए की आयकर की मांग 31 मार्च 2019 को विवाद में उलझी थी। वित्त राज्य मंत्री, अनुराग ठाकुर, द्वारा संसद में दिए गए बयान के अनुसार सरकार 8 सितम्बर तक केवल 9,538 करोड़ रुपए ही पाने में सफल हो पाई थी। ऐसा इस तथ्य के बावजूद कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष ने विशिष्ट रूप से अधिकारियों को निर्धारित अवधि के भीतर इस योजना में दर्ज की गई सभी घोषणाएं बंद करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने सभी मामलों को बंद करने की उच्च सीमा के तौर पर 31 अगस्त की तिथि तय की थी।

वर्तमान स्थिति को देखते हुए, कर अधिकारियों के उदासीन रवैये के कारण इस अच्छे इरादे वाली योजना का भी विफल होना तय है। योजना का उद्देश्य कर संग्रहण एवं मुकदमों को न्यूनतम करने के दोहरे ध्येय हासिल करना था, लेकिन ऐसा लगता है कि उनमें से एक भी हासिल होने वाला नहीं है। उदाहरण पेश करें, तो निर्धारणकर्ता द्वारा दाखिल की गई घोषणाओं को वैध नहीं माना जाता भले ही आयकर विभाग निर्धारिती को दस्तावेजों की सेवा से संबंधित मामलों में दोषी हो। वह सांविधिक रूप से योजना के लाभ लेने के योग्य है। यदि राजस्व सचिव एवं केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड अध्यक्ष समेत, उच्चाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुतीकरण के बाद भी चीजें आगे नहीं बढ़ रही हैं, तो दुर्दशा सुधारने के लिए किए जाने वाले प्रयासों के स्तर का पता चलना बहुत आसान सी बात है। श्रेष्ठ इरादों वाले नागरिकों को लाभ तब तक नहीं मिलेगा जब तक हमारी नौकरशाही उसे सच्ची भावना के साथ लागू नहीं करती है।

किसी भी सत्ताधारी दल को सदैव इस तथ्य पर विचार अवश्य करना चाहिए कि सोशल इंजीनियरिंग के सहारे चुनाव जीत लेना एक बात है लेकिन सरकार में कुशल एवं सक्षम प्रशासकों को लाना पूर्णत: अलग मामला है। जनता किसी सरकार को केवल तभी याद रखेगी जब वह ऐसे परिवर्तन लाए जो सार्वजनिक जीवन पर दीर्घकालीन असर छोड़ जाएं।

## आप की बात

### सर्वोच्च न्यायालय की फटकार

**तबलीगी** जमात पर मीडिया की रिपोर्टिंग को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने असंतोष जाहिर किया है और केंद्र सरकार को एक तंत्र स्थापित करने का सुझाव भी दिया है जो आज के हालातों में एकदम उचित है। आज जिस तरह से मीडिया का चरित्र हो रहा है उसके मद्देनजर केंद्र को निर्देशों का पालन करते हुए तत्काल कदम उठाने चाहिए। मामला कोरोना महामारी की शुरुआत में तबलीगी जमात के कार्यक्रम पर मीडिया रिपोर्टिंग का है। कोर्ट ने केंद्र को दिशा निर्देश दिए थे मगर केंद्र की दलीले कोर्ट की समझ से बाहर थी ऐसे में उसकी असंतुष्टि स्वाभाविक ही है। सारे मामले में मीडिया की भूमिका को लेकर सवाल उठाए गए थे। कोर्ट का यह पूछना कि सरकार ने केबल टेलीविजन नेटवर्क एक्ट के तहत क्या कार्यवाही की है उचित ही है।जिस तरह से इस मामले को लेकर चैनलों ने हल्ला मचाया था वह उचित नहीं था। इससे केवल टीआरपी बढ़ती दिखाई दी वास्तविकता काफी दूर थी। असंतुष्ट न्यायालय का इस तरह के मामलों को नियंत्रित करने के लिए एक नियामक तंत्र स्थापित करने का सुझाव एक सही इलाज है इससे सारे कानून कायदे प्रभावी हो जाएंगे वहीं मीडिया रिपोर्टिंग में भी उचित पारदर्शिता आ सकेगी।

– **अमृतलाल मारू,** धार, मप्र

### लाकडाउन लगे या नहीं ?

**जैसे-जैसे** भारत में कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं, वैसे ही हमारे देश की आम जनता लापरवाही बरतने में जरा सी भी देर नहीं लगा रही और अब तो लापरवाही का नतीजा भी स्पष्ट दिखने लगा है। सवाल यह कि क्या देश में एक बार फिर से लॉकडाउन लगने वाला है? व इस सवाल के केंद्र में मुख्य देश की राजधानी दिल्ली है, जहां स्थितियां ऐसी हो गई हैं कि कभी भी आंशिक या पूर्ण लॉकडाउन लगाया जा सकता है। दिल्ली में लोग पूर्ण रूप से कोरोना की अनदेखी कर रहे हैं जिसका नतीजा यह है कि दिल्ली में कोविड़-19 अपना प्रकोप का दायरा ओर बढ़ाता जा रहा है और रोजाना केसों में इजाफा हो रहा हैं। जिसके मद्देनजर सरकार ने कई अहम फैसले लेने का निर्णय लिया है, नोएडा प्रशासन ने दिल्ली से नोएडा आने वाले व्यक्तियों की कोरोना जांच कराने का फैसला किया है। हालांकि यह रैंडम टेस्ट होगा यानी नोएडा आने वाले सभी व्यक्तियों की जांच नहीं होगी, उनमें से कुछ लोगों का ही टेस्ट किया जाएगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि, दिल्ली में लगातार कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं, बहुत सारे लोग दिल्ली से नोएडा काम करने के लिए आते हैं।

– **निधि जैन,** लोनी, गाज़ियाबाद


### वेब सीरीज में अश्लीलता

**फिल्मों** को समाज का आईना कहा जाता है। फिल्में समाज मे जागरूकता बढ़ाने,कुप्रथा के खिलाफ संघर्ष व सामाजिक व्यवस्था से संघर्ष को पर्दे पर प्रस्तुत करने के उद्देश्यों से बनाई जाती है लेकिन कोरोना के प्रकोप से सिनेमाघरों को बन्द होने से लोगो ने मोबाइल पर फिल्में और वेबसीरीज से मनोरजंन को अपनाया है। वहीं फ़िल्म के साथ वेबसिरिज की लोकप्रियता में भी बढ़ोतरी हुई है लेकिन हालहि में आई वेबसीरीजो को देखे तो हैरानी होती है कि सृजनात्मकता और रचनात्मक के नाम पर वेबसिरिज में धूम्रपान,शराब का सेवन से लेकर अश्लील दृश्यों की प्रधानता नजर आती है। यहां तक कि बच्चों के लिये भी सीरीज आसानी से उपलब्ध हो जाती है और जो बच्चों में मानसिकता पर गलत असर डालती है। समाज को मिलकर सोचना चाहिए कि सभ्य समाज को कहां लेकर जा रहे हैं। समाज को सही दिशा प्रदान करना भी निर्माताओ की जिम्मेदारी होती है। रचनात्मकता के नाम पर कुछ भी परोसने के लिये पाबन्दी लगाना बेहद जरूरी है।

– **महेश सिद्धमुख**, राजस्थान

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया





**कुछ** ही देश उस गठबंधन में शामिल होने को तैयार होंगे जिसमें चीन शामिल न हो। वे सभी बीजिंग के साथ बिजनेस करना चाहते हैं।

– **ली सिएन लूंग**
सिंगापुर के प्रधानमंत्री

**अभी** हमने बिहार में पार्टी के हमारे प्रदर्शन पर पार्टी के विचार सुने नहीं हैं। हो सकता है उन्हें लगता हो कि सब कुछ ठीक है और काम ऐसे ही चलता रहेगा।

– **कपिल सिब्बल**
कांग्रेस नेता





**यदि** कपिल सिब्बल बिहार और मध्य प्रदेश गए होते तो यह सिद्ध कर सकते थे कि जो वो कह रहे हैं वह सही हैं। सिर्फ बातें करने से कुछ हासिल नहीं होता।

– **अधीर रंजन चौधरी**
कांग्रेस नेता

सूर्य उपासना का महापर्व डाला छठ का दूसरा दिन

# 'खरना' के साथ 36 घंटे का उपवास शुरू

● व्रती महिलाओं ने भागीरथी के तट पर पहुंचकर गंगा स्नान के साथ एक दूसरे को सिंदूर लगाया

● आज सायं काल पहला अर्घ्य व 21 नवंबर को सुबह अस्तागामी अर्घ्य के साथ होगा समापन





पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**छठ के** चार दिवसीय सूर्य उपासना की महापर्व गुरूवार को खरना की रस्म निभाने के बाद व्रतियों ने गंगा तट पर पहुॅचकर गंगा स्नान करने के एक दूसरे को सिंदूर लगायीं, इसके साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का उपवास शुरू हो गया। शाम को गुड़ व चावल की बखीर बनाकर प्रसाद के रूप में पूरा परिवार ग्रहण करता है। इसके साथ साथ ही 36 घंटे का सूर्य उपासना व्रत शुरू की। 20 नवम्बर को सायं काल अस्ताचलगामी सूर्य को मुख्य अर्घ्य दिया जाएगा तथा 21 नवम्बर को उदयगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा । मुख्य अर्घ्य के लिए गंगा के तट, वरूणा के अलावा बरेका के सरोवर व अन्य जलाशयों के किनारे भी आरक्षित कर लिए गये है।जिसने जहॉ मिट्टी का घेरा बनाकर नाम लिख दिया, वह स्थान उसके लिए आरक्षित हो गया। गुरूवार को व्रतियों ने पूरे घर की साफ-सफाई एवं धुलाई कर मिट्टी के चूल्हे पर गुड़ व चावल की बखीर बनाकर प्रसाद ग्रहण किया।

## साईं सेवा समिति का निशुल्क शिविर प्रहलादघाट पर

**वाराणसी।** साईं सेवा समिति, प्रहलादघाट प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रहलादघाट पर डाला छठ के महापर्व के अवसर पर निःशुल्क शिविर आयोजित किया जाता है। समिति के अध्यक्ष गौतम श्रीवास्तव ने बताया कि पूरा संस्था के सदस्यों द्वारा रातभर श्रद्धालुओं को चाय, काफी एवं सुबह चढ़ाने के दूध,अगरबत्ती आदि की व्यवस्था निःशुल्क दिया जाता है। तथा श्रद्धालुओं को गंगा के तट पर गहरे पानी में न जाने के लिए बार-बार सूचनाएं प्रकाशित की जाती है इसके साथ ही घाटों पर छोटे बच्चों के बिछड़ने की सूचना प्रसारित जनहित में किया जाता है।

# जनता के दिलों में पैठ बनाने वाली नेता थीं इंदिरा गांधी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**देश की** प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इन्दिरा गांधी जनता के दिलों में पैठ बनाने की अद्भुत कला थी। इसके बल पर उन्होने सत्ता से बाहर होने के मात्र ढाई वर्षों में पुनर्वापसी करके दुनियां को अचंभित कर दिया था। उक्त बातें ईंगलिसिया लाईन स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी फाउन्डेशन की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के जन्मदिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कही। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि इन्दिरा गांधी जनविश्वास को जीतने वाली नेता थीं। बैंको के राष्ट्रीयकरण जैसे उनके क्रान्तिकारी निर्णय से देश तेजी के साथ हरित क्रांति के पथ पर चलने में समर्थ हुआ। उन्होंने अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता से पाकिस्तान का भूगोल बदल कर विश्व के नेताओं को स्तम्भित कर दिया था। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष विजय शंकर पान्डेय ने किया और संचालन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी आरटीआई सेल के पूर्व चेयरमैन बैजनाथ सिंह ने रहे। गोष्ठी में प्रो. अनिल कुमार उपाध्याय, विजयशंकर मेहता, छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, राकेश चन्द्र शर्मा, विजय कृष्ण राय, आनन्द मिश्रा, अशोक कुमार पान्डेय, विनोद कुमार सिंह कल्लू, युवा नेता पुनीत मिश्रा, विपिन मेहता, शुभम राय आदि मौजूद रहे।

# गोवा की पूर्व राज्यपाल मृदृला सिन्हा को श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**वरिष्ठ भाजपा** नेता और गोवा की पूर्व राज्यपाल मृदुला सिन्हा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक डॉ ज्योत्स्ना श्रीवास्तव ने कहा कि एक लम्बे समय तक उनके साथ काम करने का अवसर मिला था। राजनीति के सिवा साहित्य की दुनिया में भी उनका नाम काफी ऊंचा था। उन्होंने अपने जीवन में 46 से ज्यादा किताबें लिखीं हैं। स्व विजयाराजे सिंधिया पर लिखी उनकी किताब 'एक थी रानी ऐसी भी' पर फिल्म भी बनी थी। उनके पति डॉक्टर रामकृपाल सिन्हा बिहार में कैबिनेट मंत्री और केंद्र सरकार में राज्य मंत्री रहे और पुत्र नवीन सिन्हा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। पूर्व विधायक ज्योत्सना श्रीवास्तव के मुताबिक अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान मृदुला सिन्हा केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष रहीं। मृदुला सिन्हा का निधन भारतीय राजनीति की अपूर्णीय क्षति है। बाबा विश्वनाथ उनकी आत्मा को शांति दें। कैण्ट से भाजपा विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# किशोर की हत्या कर शव कुएं में फेंका

● सुबह कोचिंग जाने के लिए निकला था घर से, वापस नहीं लौटा रंजिश में हुई हत्या

संवाददाता। पाटन

**बारासगवर** थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह घर से कोचिंग पढ़ने निकले किशोर की निर्मम हत्या कर दी गई।,दोपहर बाद उसका रक्त रंजित शव गांव किनारे एक कुंए में से पड़ा मिला। शव के बरामदगी के उपरांत छानबीन में जुटी पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पूंछताछ के बाद देर शाम घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस के मुताबिक किशोर की हत्या युवक ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर की थी। हत्या की वजह मृतक के परिवार से पुरानी रंजिश बताई जा रही है।

मामला थाना क्षेत्र के ग्राम केसरीखेडा गांव का है। स्थानीय निवासी राशिद का 17 वर्षीय पुत्र मोहम्मद निसार घर से सुबह पांच बजे करीब कोचिंग पढने के लिए निकला था। किंतु वापस नहीं लौटा। विलंब होने पर परिजनों ने पहले धानीखेडा स्थित कोचिंग सेंटर व उसके बाद उसके दोस्तों से पूंछताछ की किन्तु खोज खबर नहीं मिली। जिसके पश्चात गांव व आस पास के इलाके में तलाश शुरू की। इसी दौरान अननोन नंबर से उसके फूफा सलीम जो धानीखेडा में आटोपार्ट्स के मिस्त्री हैए उनके फोन पर फोन आया। जिसमें उसके अपहरण की बात करते हुए फिरौती की राशि सात लाख रूपये मांग कर काल डिसकनेक्ट कर दी गई। परिजनों ने इसकी सूचना आनन फानन बारासगवर थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची बारासगवर पुलिस भी खोजबीन में जुट गयी। अपहृत बच्चे की तलाश में जुटे परिजनों को घर से कुछ दूर एक खेत में साइकिल के पहिए व खून के दिखे। उसी खून के निशान के सहारे वे गांव से तीन सौ मीटर दूर एक कुएं तक पहुंचे। जहां निसार की साइकिल पडी हुई थी। किन्तु वह आसपास नहीं दिखा। अनहोनी के भय से परिजनों ने कुंएं में झांककर देखा तो उसका शव पड़ा मिला। यह देख परिजनों के होश उड गये। आनन फानन परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना पाकर पहुंची बीघापुर व बारासगवर पुलिस मौके पर पहुंचीं। घटना की खबर मिलते ही महकमें में हडकंप मच गया। एसपी आनंद कुलकर्णी ने अलग अलग जांच टीमें गठित कर छानबीन शुरू कराई है। पुलिस ने परिजनों के शक पर गांव के ही एक युवक को उठाकर पूंछताछ शुरू की। देर शाम पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए युवक ने ही अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर सुनियोजित तरीके से किशोर की हत्या की थी। और अभियुक्तों ने साक्ष्य छिपाने के लिए शव को कुंएं में फेंक दिया था। उसकी खोजबीन पर किसी का ध्यान न जाए इस बाबत गुमराह करने के लिए फिरौती की मांग का नाटक रचा था। एस पी आनंद कुलकर्णी ने बताया अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पकड़े गए अभियुक्त के तीन अन्य साथियों की भी तलाश की जा रही है।

### इंटरमीडिएट का छात्र था किशोर

**पाटन।** किशोर ऊंचगांव स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का इंटरमीडिएट का छात्र था। पिता राशिद विदेश में नौकरी करते हैं। मृतक के एक बहन गुलशन है।

### मां-बाप का इकलौता सहारा था निसार

**पाटन।** मृतक अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी मौत से उनके बुढापे की लाठी छिन गई। भाई की मौत की खबर पर बहन गुलशन व माता गुडिया का रोरोकर बुरा हाल है।

# डॉ. रीता जोशी के आवास पहुंचे केशव, सुनील बंसल, राधामोहन व सिद्धार्थ नाथ सिंह

● पौत्री किया जोशी के निधन पर सभी ने जताया दुःख, परिवार को बंधाया ढांढस

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



सांसद डॉ. रीता जोशी के आवास पर शोक प्रकट करते भाजपा के नेतागण

**इलाहाबाद** की सांसद और प्रदेश की पूर्व मंत्री डा. रीता बहुगुणा जोशी की इकलौती पौत्री किया जोशी के निधन पर उनके मिन्टो रोड स्थित आवास पर गुरुवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, काबीना मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री सुनील बंसल समेत तमाम नेता पहुंचे और परिवारीजनों को ढांढस बंधाया साथ ही शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद जोशी के आवास पर आज किया जोशी की आत्मा की शान्ति के लिए शान्ति पाठ और हवन हुआ। भारत के सीडीएस जनरल विपिन रावत, केंद्रीय उड्डयन मंत्री हरदीप पुरी, पूर्व मंत्री मोहसिना किदवई, एमएलसी कांति सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की बहु अपर्णा यादव ने सांसद डा. रीता जोशी से दूरभाष पर वार्ता कर शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं सहारा श्री सुब्रत राय सहारा ने शोक संदेश पत्र भेजकर दुःख प्रकट किया। सांसद के मीडिया प्रभारी अभिषेक शुक्ला ने बताया कि शांति पाठ में उत्तराखंड के पूर्व सीएम विजय बहुगुणा, शेखर बहुगुणा, सुधा बहुगुणा, विनीता बहुगुणा, पूरन चंद्र जोशी, मयंक जोशी, रिचा जोशी, डा. सुरेश द्विवेदी, विधायक साकेत बहुगुणा, सौरभ बहुगुणा, राघव द्विवेदी, शशि नंदन, रोहित नंदन, आशीष जोशी, निखिल बहुगुणा शामिल हुए। साथ ही क्षेत्रीय संगठन मंत्री रत्नाकर, महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी, जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती, अवधेश चंद गुप्ता, विभूति नारायण सिंह आदि ने आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में महापौर अभिलाषा गुप्ता, सांसद आर के सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा सिंह, विधायक सुरेश त्रिपाठी, पूर्व मंत्री राजेंद्र त्रिपाठी, पूर्व मंत्री लल्लन राय, विधायक उज्जवल रमण सिंह, पूर्व सांसद रमेश द्विवेदी, पूर्व सांसद धर्मराज पटेल, जगदीश गुलाटी, केपी ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष टी पी सिंह, आरएलडी दुबे, अखिलेश सिंह, पूर्व सीएमओ डा. निसार, सांसद विनोद सोनकर, राजेश त्रिपाठी, रतन दीक्षित, पत्रकार देवेन्द्र प्रताप सिंह, अशोक चतुर्वेदी आदि शामिल रहे।

# सनबीम स्कूल सारनाथ भवन का हुआ वास्तु पूजन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**सनबीम** शिक्षण समूह सारनाथ शाखा का नवनिर्मित विद्यालय भवन का वास्तुपूजन गुरूवार को सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सनबीम शिक्षण समूह के चेयरमैन डा. दीपक मधोक ने वास्तुपूजन का कार्य सम्पन्न कराया। कार्यक्रम में सनबीम शिक्षण समूह की निदेशिका भारती मधोक, उपनिदेशिका अमृता बर्मन, आनरेरी निदेशक हर्ष मधोक एवं अन्य बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर कोविड-19 से बचाव के निर्देशित का पालन किया गया। सभी ने सामाजिक दूरी एवं मास्क नियमों का पालन करते हुए पूजा में भाग लिया। नवनिर्मित विद्यालय के कक्षों का उपयोग आगामी शिक्षा सत्र से किया जायेगा। आगामी सत्र इन्हीं कक्षाओं में संचालित किये जायेगें। मुख्य अतिथि सनबीम शिक्षण समूह के चेयरमैन डा. दीपक मधोक ने कोविड-19 महामारी में विद्यालय के शिक्षकों द्वारा सफलता पूर्वक आनलाइन कक्षाओं को संचालित करने के लिए बधाई दी। साथ ही उन्होनें शिक्षकों व विद्यार्थियों को संदेश दिया कि बदलते परिवेश में तकनीकी शिक्षा के ज्ञान को भी बढ़ाते रहें। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या सौमिता चौटर्जी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# प्रयागराज की चित्रकार डॉ. जूही शुक्ला हुईं सम्मानित

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एआईसीटीई नई दिल्ली ने हिन्दी में तकनीकी पुस्तक प्रकाशन पुरस्कार योजना के लिए प्रयागराज की डॉ. जूही शुक्ला को कला के लिए संपूर्ण भारत और प्रदेश में पुरस्कार प्रदान किया है। डा. जूही शुक्ला के साथ राज्य शिक्षा मंत्री संजय शामराव धोत्रे ने भारत से सिर्फ छह लोगों को पुरस्कार दिया है। जिसमें यूपी के प्रयागराज से एसोसिएट प्रोफेसर अध्यक्ष चित्रकला विभाग एवं कार्यवाहक प्राचार्य प्रयाग महिला विद्यापीठ डिग्री कालेज डॉ. जूही शुक्ला को सम्मान पत्र दिया गया है। उन्हें प्रमाण पत्र दो लाख रुपये की राशि का चेक, शॉल और हरित प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जिसमें भू विज्ञान, पर्यावरण, गणित, कम्प्यूटर भी शामिल हैं। कला तकनीक के लिए डॉ. जूही शुक्ला की चित्रकला के मूलाधार (विविध पक्ष) जो तकरीबन तीन सौ पृष्ठों की पाण्डुलिपि है, को कई राउंड में परीक्षण के उपरांत पुरस्कार के योग्य संस्तुति प्रदान की गई है। पुस्तक की भाषा की सरलता और कलात्मक पक्ष अत्यंत सराहनीय है। एआईसीटीई के अध्यक्ष अनिल सहस्त्रबुद्धे, उपाध्यक्ष एम पी पुनिया, सदस्य राजीव कुमार, निदेशक प्रशासन कर्नल ए. श्रीनाथ एवं रीना शर्मा ने प्रयागराज से नई दिल्ली पहुंची डा. जूही शुक्ला की प्रशंसा की। प्रशस्ति पत्र के रूप में विजेता के नाम से पौधा लगाया गया है। जिसका क्यूआर कोड उनके प्रमाण पत्र में है। जिसके आधार पर वह पौधे की प्रगति जान सकेंगे। जिसकी देखभाल एआईसीटीई करेगा। डा. जूही शुक्ला ने तकनीक और संवेदना की खाई को भाषायी जादूगरी से पाटने की बात कही है।

# जवान का शव घर आते ही गमगीन हुए ग्रामीण

● राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव



**क्षेत्र** के ग्राम अंटवा निवासी राजस्थान बॉर्डर पर तैनात सेना के जवान शिवकांत का शव बीती रात सेना की गाड़ी से गांव आ पहुंचा। शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शोक में डूबे हजारों लोग फौजी के घर आ धमके और घर की महिलाएं दहाड़े मार कर रोने लगी। आज सुबह जवान का पार्थिव शरीर नानामऊ घाट पर ले जाया गया। जहां हजारों लोगों की नम आंखों के बीच राजकीय सम्मान के साथ शव का अंतिम संस्कार किया गया। गांव अंटवा निवासी 35 वर्षीय शिव कांत पुत्र राजबहादुर वर्तमान समय सेना में सेवाएं दे रहा था। वर्तमान में राजस्थान बार्डर पर ड्यूटी कर रहा था। ड्यूटी के दौरान 2 नवम्बर को अचानक उसकी तबियत बिगड़ गयी थी। आनन फानन उसे दिल्ली के कैंट स्थित कमाण्ड अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो सका। बीते सोमवार की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी थी। सेना में सेवारत क्षेत्र के लाल की मौत होने की खबर पूरे क्षेत्र में फैल गयी और पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया। मध्य रात फौजी का पार्थिव शरीर उसके पैतृक गांव अंटवा पहुंचा। आज सुबह पार्थिव शरीर क्षेत्र के नानामऊ घाट पर ले जाया गया। जहां सेना के जवानों ने राजकीय सम्मान के सलामी दी। जवान के छोटे भाई दीवान सिंह ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया। शव यात्रा में नवनिर्वाचित विधायक श्री कांत कटियारए जिला पंचायत सदस्य पति विजय निषादए वकील अहमद सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

● मृतक शिवकांत वर्ष 2000 में सेना में हवलदार के पद पर भर्ती हुआ था। अपनी सेवा के दौरान उसने जम्मू कश्मीर पाकिस्तान बॉर्डर पर रहकर दुश्मनों से कई बार लोहा लिया। वर्तमान समय में वह राजस्थान पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात था। हवलदार शिवकांत अभी करीब एक माह पूर्व घर आया था। मृतक हवलदार तीन भाई थे। बड़े भाई रमाकांत की बीते जून माह में कोरोना से अचानक मौत हो चुकी है। पिता की अरसा पूर्व मौत हो गई थी। जबकि छोटा भाई दीवान सिंह अविवाहित है। जबकि पूरे परिवार में मात्र मृतक फौजी की 10 वर्ष की पुत्री है।

फौजी के बीमार होने की खबर पर दीपावली के पहले पत्नी नीलम अपने अन्य परिजनों के साथ कमांड हॉस्पिटल दिल्ली पति के पास गई थी। तब उसे फौजी पति ने वृद्ध मां की सेवा करने की बात कहकर वापस घर भेज दिया था। आज जब फोजी पति शिवाकांत का शव घर आया तो पत्नी नीलम बार.बार यही कहकर रोए जा रही थी।

# गरीबी हटाओ के नारे पर इन्दिरा को मिला था अपार समर्थनः सभाजीत

● उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति सभाजीत यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री को अर्पित की श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



सभाजीत यादव

**भारत** की एक मात्र पूर्व महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 इन्दिरा गांधी के 104वें जन्मदिन पर गुरूवार को कांग्रेस नेता एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त न्यायमूर्ति सभाजीत यादव ने उन्हें नमन करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने ही देश की मजबूत आधारशिला रखी थी। देश की सांप्रदायिक प्रतिक्रियावादी एवं रूढ़िवादी शक्तियों से लड़ने के लिए वर्ष 1976 में भारतीय संविधान में संशोधन द्वारा संविधान की उदेशिका में धर्मनिरपेक्ष एवं समाजवाद शब्द को जोड़कर समाजवाद एवं धर्मनिरपेक्षता के प्रति अपनी प्रतिबद्वता को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने और मजबूत किया था। उनके तमाम प्रगतिशील एवं समाजवादी कार्यों के लिए देश के करोड़ों प्रगतिशील एवं वामपंथी विचारधारा के लोग उन्हें हमेश याद करेंगे। श्री यादव ने कहा कि वर्ष 1974 में राजस्थान के पोखरण गांव में सफल परमाणु परीक्षण द्वारा भारत को दुनिया में परमाणु संपन्न देशों की अगली पंक्ति में खड़ा करने का सारा श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री को ही जाता है। वर्ष 1971 के लोकसभा आम चुनाव में स्व0 गांधी ने देश की गरीब जनता के गरीबी को चुनाव का मुख्य मुद्दा बनाते हुए गरीबी हटाओ के नारे पर अपार जन समर्थन प्राप्त किया था। पूर्व न्यायमूर्ति सभाजीत यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का झुकाव उनके पिता देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व0 पंडित जवाहर लाल नेहरू की तरह हमेशा वामपंथी आर्थिक नीतियों की तरफ ही रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के तौर पर जब इंदिरा गांधी ने पद संभाला था, उस समय भारत दुनिया में सर्वाधिक पिछड़ा देश था। कृषि प्रधान देश होते हुए भी कृषि उपज से देश खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर नहीं था। उस समय सूखे एवं अकाल से लोग भारी संख्या में मर रहे थे। ऐसी स्थिति में स्व0 इंदिरा गांधी ने अच्छे किस्म के बीज तथा सिंचाई के साधनों में वृहद स्तर पर वृद्धि कर देश में 1970 के दशक में हरित क्रान्ति द्वारा देश को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया। यही नहीं उन्होंने 1969 में 14 निजी क्षेत्र की बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया और देश के राजाओं को प्रीवीपर्श के रूप में दी जाने वाली धनराशि को समाप्त किया था। जिसके फलस्वरूप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में विघटन हो गया, लेकिन देश के वामपंथियों एवं समाजवादियों ने उनके इस कदम का जोरदार स्वागत किया था। यही कारण है कि वर्ष 1971 के चुनाव में उन्हें भारी बहुमत मिला था।

## पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



आनन्द भवन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी एवं अन्य

**प्रयागराज।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की 104 वीं जयंती गुरुवार को कांग्रेसियों की ओर से मनायी गयी। जन्मस्थल आनंद भवन में आयोजित कार्यक्रम में जुटे जिला और शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें नमन किया। सभी ने श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें श्रद्धा भाव से याद किया। कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य एवं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि स्व0 इन्दिरा गांधी ने ही भारत की मजबूत आधारशिला रखी थी। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में अरुण तिवारी, रामकिशुन पटेल, नफीस अनवर, सुधाकर तिवारी, श्यामकृष्ण पाण्डेय, फुजैल हाशमी, मुकुन्द तिवारी, अनिल पाण्डेय, किशोर वार्ष्णेय, हसीब अहमद, हरिकेश त्रिपाठी, जावेद उर्फी, सुरेश यादव, सत्या पाण्डेय, चमन रावत, रिंकू तिवारी, रामछबीले मिश्रा, राजबहादुर, महेश त्रिपाठी, दीपचंद्र शर्मा, दत्तात्रेय त्रिपाठी, विनय दुबे, दिनेश सोनी, राजेश दुबे, अशफाक अहमद, प्रदीप द्विवेदी, राजकुमार शुक्ला, शुभम शुक्ला, परवेज सिद्दीकी, हरदेव सिंह मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, घर की आस में हो गए बेघर

संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव

● दूसरी किस्त के इंतजार में हाड़ कपाऊ सर्द हावाओं में जीने को मजबूर लाभार्थी

**प्रधानमंत्री** शहरी आवास योजना के सैकड़ों पात्र लाभार्थी घर की आस में बेघर होते चले गये । पक्की छत की उम्मीद में कच्चा मकान भी ध्वस्त कर दिया। अब दूसरी किस्त के इंतजार में तिरपाल और फूस की झोपड़ी के नीचे सर्द हवाओं के बीच रात गुजारने को मजबूर हैं। गर्मी और बरसात तो किसी तरह पार हो गयीए लेकिन हाड़ कपाऊ सर्दी कैसे पार होगी यह इन लोगों के सामने बडा सवाल बना हुआ हैघ् लाभार्थियों को अब यह चिंता खाये जा रही है। नगर में रहने वाले ऐसे व्यक्ति जो भूमि मालिक होने के बावजूद कच्ची छत अथवा झोपड़ी के नीचे जीवन व्यतीत कर रहे थे। ऐसे शहरी गरीब पात्रों को सरकार प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाने के लिए ढाई लाख रुपए का अनुदान दे रही है। आवास स्वीकृत होने के बाद लाभार्थी के खाते में पहली किस्त के रूप में सरकार पचास हजार रुपए भेजती है। वहीं दूसरी क़िस्त पाने के लिए आवेदक को कच्चा मकान ध्वस्त कर पक्के मकान की नींव भरनी पड़ती है। नीव भरने के कई माह बाद सर्वेयर नीव के साथ आवेदक का फोटो खींचता है। प्रक्रिया पूरी करने के लिए सैकड़ों लाभार्थियों ने पक्के मकान की नींव भर कर फोटो भी खिंचवा दी। अब आठ माह से दूसरी किस्त का इंतज़ार कर रहे है । पहली किस्त देने बाद सरकार ऐसे बेघर परिवारों को भूल गयी। दूसरी किश्त की रकम न मिलने के कारण नगर के सैकड़ों गरीब परिवार तिरपाल और फूस की झोपड़ी के नीचे सर्द रातें बिताने को मजबूर हैं । गर्मी और बरसात तो किसी तरह कट गईए लेकिन यह हाड़ कँपाऊ सर्दी कैसे कटेगीघ् अब इस बात की चिंता लाभार्थियों को खाए जा रही है। दूसरी किस्त की आस में लाभार्थी नगर पालिका और डूडा कार्यालय की परिक्रमा कर रहे हैं। लेकिन इन कार्यालयों से भी गरीब और बेघर परिवारों को कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिल पा रहा है। लाभार्थी रामबाबूए मोहनए उज़ैर अहमद व फूलमती आदि ने बताया कि इसके पूर्व भी सरकारें बेघर परिवारों को आवास देती रही हैं। लाभार्थियों ने दुख जताया कि पूर्ववर्ती सपा सरकार में तो बेघरों को करीब पांच लाख कीमत के बने बनाए आसरा आवास की चाबी सौंपी गई थी । लेकिन इस बार सरकार ने पचास हजार रुपए की क़िस्त देकर हम लोगों को घर से बेघर कर दिया है। लाभार्थियों ने जिलाधिकारी से अति शीघ्र दूसरी व तीसरी किस्त दिलाए जाने की मांग उठाई है। नाम ना छापने की शर्त पर डूडा के एक कर्मचारी ने अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि बजट के अभाव में दूसरी और तीसरी किस्त नहीं मिल पा रही है। बजट आते ही लाभार्थियों को दूसरी और तीसरी किस्त जारी की जाएगी। कुल मिलाकर पक्के घर की आस में बेघर हुए सैकड़ों परिवार तिरपाल और फूंस की झोपड़ी में कितनी रातें बिताएंगेए लाभार्थियों की तकलीफ का अंदाजा लगा पाना भी मुश्किल है।

# जीतन राम मांझी बने 17वीं विधानसभा के पहले सत्र के लिए प्रोटेम स्पीकर, राजभवन में ली शपथ

भाषा। पटना

**बिहार** के पूर्व मुख्यमंत्री और हम पार्टी के अध्यक्ष जीतन राम मांझी को बृहस्पतिवार को बिहार विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ दिलाई गई। राज्यपाल फागू चौहान ने राजभवन में मांझी को शपथ दिलाई। राज्यपाल सचिवालय के बयान से यह जानकारी मिली है।

बयान के अनुसार, राज्यपाल फागू चौहान ने इमामगंज से विधायक जीतन राम मांझी को विधानसभा के अध्यक्ष पद के कर्तव्यों के निर्वहन हेतु शपथ दिलाई। राज्यपाल ने भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार विधानसभा के सदस्य जीतन राम मांझी को अध्यक्ष का निर्वाचन होने तक 23 से 24 नवंबर तक के लिए अध्यक्ष पद के कर्तव्यों का पालन करने के लिए नियुक्त किया है। प्रोटेम स्पीकर के रूप में मांझी नवनिर्वाचित विधायकों को विधानसभा में सदन की सदस्यता की शपथ दिलाएंगे। गौरतलब है कि मंगलवार को नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार के मंत्रिमंडल की पहली बैठक में 17वीं विधानसभा का प्रथम सत्र तथा विधान परिषद का 196 वां सत्र 23 से 27 नवंबर से बुलाने का निर्णय किया गया था। इसी बैठक में 17वें बिहार विधानसभा के प्रथम सत्र और बिहार विधान परिषद के 196 वें सत्र के प्रारंभ में दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन में राज्यपाल के अभिभाषण के प्रारूप को अनुमोदित करने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत करने को भी मंजूरी दी गई थी। सोमवार को नीतीश कुमार के नेतृत्व में 15 सदस्ईय मंत्रिमंडल ने पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। नीतीश कुमार ने सातवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। नई सरकार में नीतीश कुमार के अलावा भाजपा से सात मंत्रियों, जदयू से पांच मंत्री तथा हम से एक और वीआईपी से एक मंत्री ने शपथ ली है।



बिहार के राज्यपाल फागू चौहान ने बिहार विधान सभा में प्रोटेम स्पीकर के रूप में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (एचएएम) के अध्यक्ष जीतन राम मांझी को पटना के राजभवन में शपथ दिलाई

## मप्र में बाघ के हमले में एक महिला की मौत

**शहडोल (मप्र)।** मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में स्थित संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के बफर जोन में बृहस्पतिवार को एक बाघ के हमले में एक महिला की मौत हो गई। शहडोल उत्तर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी सिद्धार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर ब्यौहारी वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत आखेटपुर में बाघ के हमले में एक महिला की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार की सुबह साढ़े पांच बजे उस समय हुई, जब बाघ ने गांव में अपने घर में सो रही समरिया पटेल (40) पर हमला कर दिया।

बाघ के हमले के बाद ग्रामीणों ने विरोध किया और मांग की कि वन विभाग को ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए उपाय करने चाहिए। गुप्ता ने बताया कि नियमानुसार पीड़ित परिवार को चार लाख रुपए मुआवजे की राशि दी जाएगी।

# कोई भी बाहरी ताकत शांति और प्रगति के हमारे मिशन को रोक नहीं सकती: मनोज सिन्हा

भाषा। जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोई भी बाहरी ताकत शांति और प्रगति के प्रशासन के मिशन को रोक नहीं सकती। उन्होंने यहां एक अस्पताल का दौरा किया और मुठभेड़ में घायल हुए पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृहस्पतिवार को एक मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के चार संदिग्ध आतंकवादी मारे गए और दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। जम्मू शहर के बाहरी इलाके में सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के एक समूह को ले जा रहे एक ट्रक को रोका, जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई। जम्मू के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) मुकेश सिंह ने कहा आतंकवादी एक बड़ी साजिश को अंजाम देने के लिए आए थे, जिसे अब नाकाम कर दिया गया है। सरकारी मेडिकल कॉलेज के दौरे के दौरान उपराज्यपाल के साथ सलाहकार और वित्तीय आयुक्त, स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा अटल डुल्लू भी थे। उपराज्यपाल ने घायल पुलिसकर्मियों की उनकी बहादुरी के लिए प्रशंसा की और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। सिन्हा ने आतंकवादियों के नापाक मंसूबों को नाकाम करने में सुरक्षा बलों की बहादुरी और त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना की।

## अनुच्छेद 370 की समाप्ति ने जम्मू-कश्मीर के पुराने कानूनों को खत्म करने का रास्ता खोला: नकवी

**श्रीनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अनुच्छेद 370 की समाप्ति ने जम्मू-कश्मीर के ऐसे पुराने कानूनों को खत्म करने का रास्ता खोला है जो जम्मू-कश्मीर और लद्दाख क्षेत्र की विकास प्रक्रिया में बाधक बने हुए थे। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर को वापस विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग करने वाली मुख्यधारा की विभिन्न राजनीतिक पार्टियों का गठबंधन गुपकर घोषणापत्र गठबंधन इस पूर्ववर्ती राज्य में कांग्रेस और गठबंधन के अन्य सहयोगियों के वंशवाद और विनाशकारी राजनीति के लिए मृत्युपूर्व बयान साबित होगा। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में जिला विकास परिषद चुनाव के लिए एक रैली में नकवी ने कहा, अनुच्छेद 370 की समाप्ति ने जम्मू-कश्मीर के ऐसे पुराने कानूनों को खत्म करने का रास्ता खोला है जो जम्मू-कश्मीर और लेह-लद्दाख क्षेत्र की विकास प्रक्रिया में बाधक बने हुए थे। उन्होंने कहा, अब जम्मू-कश्मीर और लेह-लद्दाख के लोगों को केन्द्र सरकार की विभिन्न सामाजिक-आर्थिक-शैक्षणिक कल्याण योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

# कम्प्यूटर बाबा जेल से रिहा

भाषा। इंदौर

**मध्य प्रदेश** उच्च न्यायालय के एक आदेश के बाद कम्प्यूटर बाबा को यहां बृहस्पतिवार देर शाम केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया। 54 वर्षीय विवादास्पद धार्मिक नेता को उनका कथित रूप से अवैध आश्रम ढहाए जाने के दौरान एहतियाती कार्वाई के तहत 11 दिन पहले गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। चश्मदीदों ने बताया कि गेरूआ वस्त्र पहने कम्प्यूटर बाबा रिहाई के बाद शहर के केंद्रीय जेल से अकेले बाहर निकले। जेल परिसर में पहले से जमा उनके चंद समर्थकों ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान कम्प्यूटर बाबा ने मीडिया के कैमरों के सामने एक पर्चा पढ़ते हुए कहा, सबसे पहले मैं अपने वकीलों को धन्यवाद देना चाहता हूं..सबको धन्यवाद। भगवान ने सत्य की जीत दी है। मीडिया के अलग-अलग सवालों के जवाब देने से साफ इनकार करते हुए कम्प्यूटर बाबा पहले से तैयार चारपहिया गाड़ी में सवार हुए और चंद ही पलों के भीतर जेल परिसर से रवाना हो गए। उनके खिलाफ हाल ही में दर्ज आपराधिक प्रकरणों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने हाथ जोड़ते हुए कहा, मैं कुछ नहीं कहना चाहता। इससे पहले, उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने प्रदेश सरकार को बृहस्पतिवार को ही निर्देशित किया कि अगर किसी मामले की जांच के संबंध में उसे कम्प्यूटर बाबा की आवश्यकता न हो, तो उन्हें जेल से फौरन रिहा किया जाए।

न्यायमूर्ति एससी शर्मा और न्यायमूर्ति शैलेंद्र शुक्ला ने कम्प्यूटर बाबा की ओर से पेश बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर इस आशय का निर्देश दिया। युगल पीठ ने कहा कि उसके आदेश की प्रति केंद्रीय जेल के अधीक्षक तक तुरंत पहुंचाई जाए। याचिका पर सुनवाई के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता पुष्यमित्र भार्गव ने अदालत को बताया कि कम्प्यूटर बाबा को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 151 (संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने के लिए की जाने एहतियातन गिरफ्तारी) से जुड़े मामले में रिहा करने का आदेश पहले ही दिया जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि इंदौर शहर से सटे जम्बूर्डी हप्सी गांव में सरकारी जमीन पर बने कम्प्यूटर बाबा के कथित रूप से अवैध आश्रम को ढहाए जाने के दौरान धार्मिक नेता को आठ नवंबर को सीआरपीसी की धारा 151 के तहत ही जेल भेजा गया था। उन्होंने बताया कि इस कार्वाई के बाद कम्प्यूटर बाबा के खिलाफ शहर के गांधी नगर पुलिस थाने में दो और एरोड्रम पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई। ए मामले अलग-अलग लोगों से गाली-गलौज और मारपीट करते हुए उन्हें हथियार दिखाकर धमकाए जाने के आरोपों से जुड़े हैं।

# पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा कम होने को कोई संकेत नहीं: राज्यपाल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य में लगातार राजनीतिक हत्याएं हो रही हैं और उनके बार-बार कहने के बावजूद मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने पुलिस और प्रशासन को राजनीतिक रूप से तटस्थै रहने के लिए कोई ठोस निर्देश जारी नहीं किया है। ट्विटर पर अपलोड किए गए एक वीडियो में, राज्यपाल ने कहा कि प्रशासन का इतना राजनीतिकरण हो गया है कि राज्य में लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक हिंसा, राजनीतिक प्रतिशोध और राजनीतिक हत्याओं के कम होने का कोई संकेत नहीं है और मुझे डर है कि ऐसी मौतों की संख्या तीन अंकों की संख्या तक जा सकती है। राज्यपाल ने कहा कि वह इन मुद्दों पर सरकार, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को बार-बार आगाह करते रहे हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक कोई 'पुख्ता निर्देश' जारी नहीं किया है। राज्यपाल ने कहा कि जब स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण से बाहर हो गई है, ऐसे में उन्होंने 15 नवंबर को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर कहा था कि सरकारी अधिकारी राजनीतिक कार्यकर्ताओं के रूप में काम नहीं कर सकते। धनखड़ ने कहा कि पत्र में उन्होंने लिखा था कि अगर सरकारी अधिकारी राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं तो यह लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए एक बड़ी समस्या खड़ी होगी।

## द्रमुक ने हिन्दी नहीं सीखने देकर तमिलनाडु को अलग थलग किया : भाजपा

**चेन्नई।** भाजपा की राष्ट्रीय महिला इकाई की प्रमुख वी श्रीनिवासन ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि द्रमुक ने हिंदी नहीं सीखने देकर तमिलनाडु को अलग-थलग किया। श्रीनिवासन ने कहा कि दिग्गज तमिल महिलाएं उनकी पार्टी द्वारा उत्तर भारत में लोकप्रिय होंगी। उन्होंने दिल्ली में भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद एक ट्वीट में कहा कि उनकी पार्टी एकमात्र पार्टी है, जहां एक सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाला एक साधारण कार्यकर्ता केवल गुण के आधार पर शीर्ष राजनीतिक पद तक पहुंच सकता है। वी श्रीनिवासन 1980 के दशक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के साथ थीं, बाद में भाजपा में शामिल हो गईं और पार्टी की राज्य इकाई में उपाध्यक्ष और महासचिव सहित विभिन्न पदों पर रहीं। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल से तमिल और अंग्रेजी में किए गए ट्वीट में आरोप लगाया कि वह द्रमुक थी जिसने तमिलनाडु में हिंदी नहीं सीखने दी और इस तरह राज्य को राष्ट्रीय मुख्यधारा से अलग थलग कर दिया। उन्होंने तमिलनाडु की बहादुर महिलाओं के गौरव को हिंदी भाषा में उत्तर भारत में ले जाने का संकल्प जताया। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं तमिलनाडु प्रभारी सी टी रवि ने एक ट्वीट करके वी. श्रीनिवासन को विनम्र और समर्पित पार्टी कार्यकर्ता बताते हुए उनकी सराहना की और उनकी सफलता की कामना की। उन्होंने कहा, भगवान मुरुगन इस चुनौतीपूर्ण भूमिका और जिम्मेदारी के निर्वहन में उनका मार्गदर्शन करें।

# ऐतिहासिक स्थलों को खोलने के लिए महाराष्ट्र सरकार की अनुमति चाहती है एएसआई

भाषा। औरंगाबाद (महाराष्ट्र)

**भारतीय** पुरातत्व सर्वेक्षण के औरंगाबाद सर्किल के अधिकारी ने क्षेत्र में स्थित विश्व प्रसिद्ध अजंता और ऐलोरा गुफाओं सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों को खोलने के लिए महाराष्ट्र सरकार से अनुमति मांगी है। क्षेत्र के सभी ऐतिहासिक स्थन कोविड-19 के कारण मार्च से ही बंद हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा से कहा कि एएसआई के सर्किल कार्यालय ने इस संबंध में राज्य सरकार को पत्र लिखा है। पर्यटक गाइडों के एसोसिएशन सहित इससे जुड़े विभिन्न पक्षों ने इस संबंध में पहले भी राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन को पत्र लिखा था। अधिकारी ने बताया, औरंगाबाद के एएसआई सर्किल कार्यालय ने मंगलवार को राज्य सरकार को पत्र लिखकर अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले ऐतिहासिक स्थलों और विरासतों को खोलने का अनुरोध किया है।

उन्होंने कहा, राज्य में धार्मिक स्थलों को इस सप्ताह की शुरुआत से खोल दिया गया है, लेकिन ऐतिहासिक स्थल अभी भी बंद हैं। इसके परिणाम स्वरूप जीविका के लिए इसपर निर्भर लोगों को दिक्कत हो रही है। इसलिए हमने राज्य सरकार को पत्र लिखा है। अधिकारी के अनुसार, उन्होंने कुछ बातों पर राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित किया है, जैसे पर्यटन स्थलों को खोलने से जुड़ी केन्द्र की मानक संचालन प्रक्रिया। इस बीच आईपीआई(ए) ने बृहस्पतिवार को नागराज गायकवाड के नेतृत्व में 17वीं सदी में निर्मित मुगल काल के प्रसिद्ध स्मारक बीबी का मकबरा पर प्रदर्शन कर क्षेत्र के ऐतिहासिक स्थलों को खोलने की मांग की।

## पश्चिम बंगाल में प्लास्टिक फैक्ट्री में धमाका, पांच की मौत, चार गंभीर रूप से घायल

**माल्दा, (प.बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के माल्दा जिले में बृहस्पतिवार को एक प्लास्टिक फैक्ट्री में विस्फोट होने से कम से कम पांच श्रमिकों की मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आज दिन में 11 बजे सुजापुर इलाके में स्थित फैक्ट्री में धमाका हुआ। उन्होंने बताया, फैक्ट्री में काम करने वाले पांच श्रमिकों की मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मी आग बुझाने तथा मलबे में से जिंदा लोगों को बचाने में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि जांच जारी है।

## ओडिशा में हिरासत में दो लोगों की मौत, आयोग के निर्देश पर पुलिस करा रही पोस्टमार्टम

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के अलग अलग स्थानों से हिरासत में हुई मौतों के मामले सामने आए हैं जिसके बाद पुलिस को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार शवों का पोस्टमार्टम कराना पड़ा है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हिरासत में मौत की यह दोनों घटनाएं सुदंरगढ़ जिले के पुरी एवं बीरामित्रपुर इलाके में हुई। दोनों घटनाओं के बाद संबंधित इलाकों में तनाव व्याप्त हो गया है और इन स्थानों पर बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शन किया। दोनों मामलों में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था और बृहस्पतिवार की सुबह उनकी मौत हो गई। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अभय ने यहां संवाददाताओं से बताया, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार दोनों स्थानों पर शवों का पोस्टमार्टम डाक्टरों के दल द्वारा कराया जा रहा है। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जा रही है। पुलिस ने बताया कि दोनों मामलों में मरने वालों की पहचान के रमेश एवं तारिक सलीम के रूप में की गई है। दोनों ही मामलों में स्थानीय लोगों ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्वाई किए जाने की मांग की है।

## महाराष्ट्र में करंट लगने से तीन भाइयों की मौत

**जालना।** महाराष्ट्र के जालना जिले में एक खेत में स्थित कुएं पर बिजली का झटका लगने से तीन भइयों की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना जिले के पलसखेड पिंपल गांव में बुधवार की शाम हुई। हादसे के वक्त तीनों भाई खेत में खड़ी फसल की सिंचाई करने गए थे। पुलिस ने बताया कि जब वे घर नहीं लौटे तो परजिनों ने उनकी तलाश शुरू की और करीब आधी रात के वक्त तीनों के शव कुएं में तैरते मिले। उन्होंने बताया कि तीनों की पहचान दानेश्वर अप्पासाहेब जाधव (27), रामेश्वर अप्पासाहेब जाधव(24) एवं सुनील जाधव (18) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि तलाश के दौरान लोगों को मौके से बिजली का एक तार मिला जिसमें करंट था। अधिकारियों ने कहा कि तीनों ने संभावत: पंप स्टार्ट किया होगा और उसी वक्त उन्हें बिजली का झटका लगा होगा। उन्होंने बताया कि मामले में आगे की कार्वाई की जा रही है।

## एदियुरप्पा के मीडिया सलाहकार महादेव प्रकाश का इस्तीफा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा के मीडिया सलाहकार महादेव प्रकाश ने इस्तीफा दे दिया है। इससे कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार ने भी त्यागपत्र दे दिया था। एदियुरप्पा को संबोधित 18 नवंबर को अपने एक पत्र में प्रकाश ने निजी कारणों से इस्तीफा देने की बात कही है। भाजपा के सत्ता में आने पर वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश को अगस्त 2019 में नियुक्त किया गया था। प्रकाश ने मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार के तौर पर सेवा देने का मौका देने के लिए एदियुरप्पा का शुक्रिया अदा किया। हाल में एक और वरिष्ठ पत्रकार एम बी मारमकल मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार के पद से हट गए थे। मीडिया की खबरों में कहा गया था कि एदियुरप्पा के परिवार के सदस्यों से मतभेद के कारण मारमकल को पद से हटना पड़ा।

# प्रधान ने पटनायक से पड़ोसी राज्यों से सीमा विवाद को सुलझाने को कहा

भाषा। भुवनेश्वर

**केंद्रीय** मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से आग्रह किया है कि वे ओडिशा के सामाजिक-आर्थिक हितों से समझौता किए बिना द्विपक्षीय वार्ता के जरिए आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल समेत पड़ोसी राज्यों के साथ लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवादों के समाधान के लिए उचित कदम उठाएं। पटनायक को लिखे पत्र में पेट्रोलियम और इस्पात मंत्री ने उनसे सीमा विवादों के लिए ओडिशा और उसके पड़ोसी राज्यों के बीच मध्यस्थता के लिए केंद्र सरकार का समर्थन लेने और जरूरत पड़ने पर कानूनी उपायों पर विचार करने के अलावा इस मुद्दे पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने का भी आग्रह किया।

प्रधान ने यह सुझाव कोरापुट जिले के पोटतांगी प्रखंड में ओडिशा-आंध्र प्रदेश सीमा पर हाल ही में भड़के तनाव के मद्देनजर दिया है। भाजपा नेता ने कहा कि यह समझ में आता है कि आंध्र प्रदेश के अधिकारियों द्वारा सामबाई पंचायत के तहत सुनबेदा मौजा के कुछ हिस्सों पर दावा करने और इलाके के एक गांव में तालाब की खुदाई करने का एकतरफा सीमांकन ओडिशा को अस्वीकार्य लगा। मामला हाल ही में आंध्र प्रदेश की ओर ग्रामीणों द्वारा पोतांगी-अर्कू मार्ग पर नाकाबंदी करने के बाद बढ़ गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ओडिशा के जिलों में से 14 जिलों की सीमाएं आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और झारखंड से मिलती हैं। विभिन्न कारणों से इन सभी पड़ोसी राज्यों के साथ ओडिशा के सीमा विवादों का लंबा इतिहास रहा है।

## गोंडिया जिले में तेंदुए की खाल बरामद, तीन गिरफ्तार

**गोंडिया।** महाराष्ट्र के गोंडिया जिले के एक गांव से तेंदुए की खाल रखने और उसे बेचने की कोशिश के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि नवेगांवबंध पुलिस ने सूचना के आधार पर भिवखिड़की गांव से बुधवार रात को आरोपियों को पकड़ लिया और उनके कब्जे से तेंदुए की खाल बरामद की। उन्होंने बताया कि पुलिस को खबर मिली थी कि तीनों खाल को बेचने की कोशिश कर रहे थे और उन्हें गांव लाने के लिए फर्जी ग्राहक भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि जानवर के नाखून और अन्य अंग भी बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान देवीदास डागो मरसकोल्हे (52), मंगेश केशव गायधनी (44) और रजनीश पुरुषोत्तम पोगडे के तौर पर हुई है। अधिकारी ने बताया कि तीनों को आगे की जांच के लिए वन विभाग के हवाले कर दिया गया है।



बेंगलुरु में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा, केपीसीसी अध्यक्ष डीके शिवकुमार की बड़ी बेटी ऐश्वर्या के सगाई समारोह में

## तलोजा जेल से वरवर राव को निजी अस्पताल भेजा गया

**मुंबई।** एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले के आरोपी कवि-कार्यकर्ता वरवर राव को बंबई उच्च न्यायालय के आदेश के बाद रायगढ़ जिले की तलोजा जेल से मुंबई के नानावती अस्पताल में भेजा गया है। बृहस्पतिवार को जेल के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि राव को बुधवार देर रात निजी अस्पताल में भेजा गया। उच्च न्यायालय ने बुधवार को प्राधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे 80 वर्षीय कवि को जेल से 15 दिन के लिए नानावती अस्पताल में भेजें। अदालत ने अपनी टिप्पणी में राव को करीब-करीब मृत्युशय्या पर पड़ा हुआ बताया था। न्यायमूर्ति एस एस शिंदे और न्यायमूर्ति माधव जामदार वाली एक पीठ ने कहा, उन्हें इलाज की जरूरत है। क्या राज्य कह सकता है कि नहीं, हम उनका इलाज तलोजा जेल में करेंगे? हम सिर्फ यह कह रहे हैं कि उन्हें दो सप्ताह के लिए नानावती अस्पताल भेजा जाए। हम फिर दो सप्ताह बाद देखेंगे। उन्होंने कहा कि बिना अदालत को सूचित किए हुए राव को अस्पताल से छुट्टी नहीं दी जाए और उनके परिवार को अस्पताल में उनसे मिलने की इजाजत दी जाए। पीठ ने यह भी कहा कि राज्य राव के इलाज का खर्च उठाएगा। अगली सुनवाई तीन दिसंबर को है।

# आतंकवादियों की घुसपैठ रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं: बीएसएफ महानिदेशक

भाषा। श्रीनगर

**सीमा सुरक्षा** बल (बीएसएफ) प्रमुख राकेश अस्थाना ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) से आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिशों के बीच बृहस्पतिवार को कहा कि कश्मीर में बहुत भारी बर्फबारी से पहले की अवधि आतंकवादियों के लिए इस तरफ आने के लिए बहुत उपयुक्त है और सुरक्षा बल स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

बीएसएफ महानिदेशक राकेश अस्थाना ने कहा कि बल इस मोर्चे पर किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। नियंत्रण रेखा से घुसपैठ की लगातार कोशिशों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हम पहली रक्षा पंक्ति हैं और हम देश की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध और दृढ़ हैं। अस्थाना पैरा-एथलीटों का समर्थन करने के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी तक छठीं इन्फिनिटी राइड 2020 को झंडी दिखाकर रवाना किए जाने के एक समारोह के मौके पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारी बर्फबारी से पहले और आतंकवादियों को घुसपैठ कराने के प्रयास कर रहा है लेकिन बीएसएफ और अन्य सभी एजेंसियां और सुरक्षा बल तैयार हैं और स्थिति से निपटने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आतंकवादियों को हमारे देश में घुसपैठ कराने के प्रयास किए जा रहे हैं और विशेष रूप से यह अवधि ऐसी गतिविधियों के लिए बहुत अनुकूल है। हम इसे रोकने के लिए जो भी जवाबी उपाय कर रहे हैं वे बहुत प्रभावी हैं। बीएसएफ महानिदेशक के तौर पर मैं आपको बता सकता हूं कि हम इस तरह के प्रयासों को विफल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटेंगे। उन्होंने कहा, यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें बहुत अधिक ध्यान देने, बहुत सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। यह स्थिति है, इसमें कोई संदेह नहीं है और हम इसका सामना कर रहे हैं। जम्मू में इससे पहले सुबह हुई एक मुठभेड़ में चार आतंकवादियों के मारे जाने का जिक्र करते हुए बीएसएफ महानिदेशक अस्थाना ने कहा कि यह इसलिए हुआ क्योंकि सुरक्षा बल सीमा पार से घुसपैठ की कोशिशों को लेकर सतर्क थे। उन्होंने कहा, आतंकवादी शिविर में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में जानकारी मिलती रहती है। हम सतर्क हैं और इसका मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। आज की मुठभेड़ भी यह संकेत देती है कि हमारी सभी सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस बल सतर्क हैं और उसका (घुसपैठ) मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि बीएसएफ सीमावर्ती क्षेत्रों के आसपास रहने वाले नागरिकों को लेकर प्रतिबद्ध है और सीमा सुरक्षा बल उन्हें कठिन समय में हर तरह की सहायता प्रदान करेगा। अधिकारी ने कहा कि बल पाकिस्तान द्वारा हाल में किए गए संघर्षविराम उल्लंघन से प्रभावित लोगों की मदद के लिए अपनी नागरिक कार्य योजना के तहत एक चिकित्सा शिविर का आयोजन कर रहा है।

## टीएमसी कार्यकर्ता की चाकू मारकर हत्या, तृणमूल ने भाजपा पर लगाया आरोप

**बैरकपुर।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आकाश प्रसाद(22) को कई बार चाकू मारा गया और उसके ऊपर देशी बम फेंके गए। पुलिस ने बताया कि घटना बुधवार को देर रात भाटापारा के जगदल थाने के पास पालघाट रोड पर हुई। उन्होंने कहा कि जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया। तृणमूल कांग्रेस ने इस हत्या के लिए भाजपा को दोषी ठहराते हुए आरोप लगाया कि यह क्षेत्र में पार्टी के समर्थकों में दहशत पैदा करने का प्रयास है। टीएमसी के जिलाध्यक्ष ज्योतिप्रियो मलिक ने आरोप लगाया कि स्थानीय भाजपा नेतृत्व द्वारा रची गई साजिश में प्रसाद की हत्या की गई। राज्य मंत्री मलिक ने कहा, वह भाटापारा नगर पालिका के वार्ड संख्या 12 में पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता था और भाजपा उसे लंबे समय से हटाना चाहती थी। बैरकपुर से लोकसभा सांसद और भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा, मृतक के खिलाफ कई आपराधिक मामले लंबित थे। इस मामले में भाजपा किसी भी तरह से शामिल नहीं है।

# विश्व के देशों से आगे निकलने की स्थिति में है भारत: प्रधानमंत्री

भाषा। बेंगलुरु



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत इस अनूठी स्थिति में है कि वह सूचना के इस युग में विश्व के देशों से आगे निकल सकता है और अब भारत में तैयार तकनीक समाधानों को विश्व में पहुंचाने का समय आ गया है। मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से तीन दिवसीय प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन बेंगलुरु टेक समिट-2020 का उद्घाटन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार का डिजिटल इंडिया कार्यक्रम आज लोगों की जीवनशैली बन गया है, खासकर उन लोगों की, जो गरीब हैं, हाशिए पर हैं तथा वे जो सरकार में हैं।

उन्होंने कहा, एक देश के रूप में भारत इस अनूठी स्थिति में है कि वह सूचना के इस युग में विश्व के देशों से आगे निकल सकता है। भारत के पास दक्ष बुद्धि क्षमता का मानव संसाधन है साथ ही साथ बड़ा बाजार भी है। हमारे स्थानीय तकनीकी समाधानों में वैश्विक बनने की क्षमता है। यह ऐसा समय है जब तकनीकी समाधान भारत में विकसित हों और विश्व में उनका इस्तेमाल किया जाए। हाल ही में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बाधाओं को खत्म किए जाने संबंधी सरकार के फैसले का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि सरकार के नीतिगत फैसलों में अब तकनीकी और नवाचार उद्योग के लिए उदार रुख रखते हुए नियम बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, सरकार हमेशा यह प्रयास करती रही है कि तकनीकी उद्योग के सभी पक्षकारों के साथ मिलकर भविष्य में भी इस्तेमाल होने योग्य सुरक्षित नीतियों का भारतीय फ्रेमवर्क में निर्माण किया जाए। प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि फ्रेमवर्क स्तर की क्षमता सफल उत्पादों का एक इको सिस्टम विकसित करने की है।

उन्होंने फ्रेमवर्क लेवल माइंडसेट द्वारा की गई कुछ पहल का उल्लेख किया जिसमें यूपीआई, राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन, स्वामित्व योजना इत्यादि शामिल हैं। तेजी से तकनीक के इस्तेमाल को बढ़ाकर साइबर सुरक्षा समेत आंकड़ा संरक्षण पर जोर देते हुए उन्होंने देश के युवाओं का आह्वान किया कि वे साइबर सुरक्षा को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाएं और साइबर हमलों तथा वायरस आदि से डिजिटल उत्पादों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। जैवविज्ञान और इंजीनियरिंग जैसे विज्ञान के क्षेत्रों में नवाचार के लिए संभावना और आवश्यकताओं पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि नवाचार भारत की प्रगति की कुंजी है और यह स्पष्ट है कि भारत को इसका लाभ मिलने जा रहा है क्योंकि जब नवाचार की बात आती है तब इसकी संभावना इसलिए अच्छी दिखाई देती है क्योंकि हमारे देश का प्रतिभावान युवा नवाचार के लिए ऊर्जा से ओतप्रोत है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं की क्षमता और तकनीक के लिए संभावनाएं अनंत हैं। उन्होंने कहा कि यह समय ऐसा है जब हम अपना सबसे बेहतर योगदान दें और उनका इस्तेमाल करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सूचना और प्रौद्योगिकी का क्षेत्र देश को निरंतर गौरवान्वित करता रहेगा।

केंद्रीय योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक तेजी से पहुंचाने और पारदर्शिता को प्रोत्साहित करने में प्रौद्योगिकी से मिल रही मदद का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से उठाए गए तकनीकी कदमों से कैसे प्रशासन के लाभ को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद मिली है। मोदी ने कहा, पांच साल पहले हमने डिजिटल इंडिया की शुरुआत की थी। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इसे सरकार की किसी सामान्य पहल की तरह नहीं देखा जा रहा है। डिजिटल इंडिया जीवनशैली बन गया है, खासकर उन लोगों की जो गरीब और हाशिए पर हैं तथा वे जो सरकार में हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल इंडिया की वजह से आज देश में मानव केंद्रित विकास हो रहा है। इतने बड़े स्तर पर इसके इस्तेमाल ने नागरिकों के जीवन में कई बदलाव किए हैं और इससे मिल रहे फायदे से हर कोई वाकिफ है। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से मानव गरिमा में वृद्धि हुई है। आज करोड़ों किसानों को सिर्फ एक क्लिक के जरिए आर्थिक मदद पहुंचती है। जब देश में लॉकडाउन चरम पर था, तब यह प्रौद्योगकी ही थी जिसने भारत के गरीबों को मदद सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि चाहे विश्व का सबसे बड़ा स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम आयुष्मान भारत हो या गरीबों तक बिजली पहुंचाना और उन्हें आवास दिलाना हो, इनके शीघ्र कार्यान्वयन के लिए तकनीकी समाधान निकालना उनकी सरकार की नीति है।

बेंगलुरु टेक समिट में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन, स्विस कॉन्फेडरेशन के उपाध्यक्ष गाई पारमेलिन और कई अन्य गणमान्य हस्तियां भाग लेंगी। इनके अलावा, इस कार्यक्रम में भारत तथा पूरे विश्व के अग्रणी विचारक, उद्योग जगत की अग्रिम पंक्ति के नायक, तकनीकी विशेषज्ञ, अनुसंधानकर्ता, नवोन्मेषक, निवेशक, नीति निर्माता तथा शिक्षा क्षेत्र की महत्वपूर्ण हस्तियां भी शामिल होंगी। तीन दिनों के इस सम्मेलन का आयोजन कर्नाटक सरकार ने कर्नाटक नवाचार एवं प्रौद्योगिकी सोसाइटी (केआईटीएस), कर्नाटक सरकार के इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी संबंधी विजन ग्रुप, बायोटेक्नोलॉजी एंड स्टार्टअप, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) और एम.एम. एक्टिव साइंस टेक कम्युनिकेशन्स के सहयोग से किया है। इस वर्ष सम्मेलन का मुख्य विषय नेक्स्ट इज नाओ है। इसके तहत कोविड-19 महामारी के बाद के विश्व में उभरती मुख्य चुनौतियां और सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स तथा बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रमुख प्रौद्योगिकी और नवोन्मेषी तकनीकों के प्रभाव पर मुख्य रूप से चर्चा होगी।

## महिलाओं के सिर से घास की गठरी का बोझ उतारेंगे: रावत

भाषा। देहरादून

**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह आगामी तीन साल में प्रदेश की महिलाओं के सिर से घास की गठरी का बोझ उतार देंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आज हर घर में गैस का सिलेण्डर पहुंच रहा है, उसी तरह से 30 किलो घास की गठरी भी तीन साल में हर घर तक पहुंचाने की व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। रावत ने पौडी के बिलखेत में प्रथम नयार घाटी एडवेंचर फेस्टिवल का उद्घाटन करने के बाद कहा, घास लेने के लिए जब हमारी माँ बहनें जगंल या अन्य स्थानों पर जाती हैं तो उनके पहाड़ी से गिरने, जंगली जानवरों के हमले एवं नदी में बहने का खतरा बना रहता है। हम उन्हें इन खतरों से भी बचाएंगे तथा घास की व्यवस्था उनके आंगन तक कराएंगे।



कानपुर के विजय नगर बाजार में गुरुवार को 'छठ पूजा' के लिए फल और अन्य सामान की खरीदारी करते लोग

# डाटा सुरक्षा कानून को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा : प्रसाद

भाषा। बेंगलुरु



**केंद्रीय** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार भारत को डाटा अर्थव्यवस्था के बहुत बड़े केंद्र के तौर पर विकसित करना चाहती है और बहुत जल्द डाटा सुरक्षा कानून को अंतिम रूप दिया जाएगा।

उन्होंने कहा, मैं भारत को डाटा अर्थव्यवस्था के बहुत बड़े केंद्र के तौर पर विकसित करना चाहता हूं। डाटा से डिजिटल अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। यह अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य को भी बढ़ाने में उपयोगी होगा। बेंगलुरु प्रौद्योगिकी सम्मेलन, 2020 को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रसाद ने कहा कि भारत में बड़े पैमाने पर डाटा का सृजन होता है और मोबाइल फोन और आधार जैसी डिजिटल व्यवस्था से डाटा तैयार होता है। उन्होंने कहा, हम जल्द ही डाटा सुरक्षा कानून को अंतिम रूप देंगे। भारत डाटा अर्थव्यवस्था, डाटा नवाचार, डाटा परिशोधन के लिए क्रांति का इंतजार कर रहा है। प्रसाद ने कहा, मैं (कर्नाटक के) मुख्यमंत्री से यह सुनिश्चित करने का आग्रह करता हूं कि राज्य को भारत की डाटा अर्थव्यवस्था का बड़ा केंद्र बनाएं।

कर्नाटक सरकार के साथ कर्नाटक नवाचार और प्रौद्योगिकी सोसाइटी, सूचना प्रौद्योगिकी पर राज्य सरकार के दृष्टिकोण समूह, जैव-प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप तथा सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित यह सम्मेलन आज 19 नवंबर से 21 नवंबर तक चलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सम्मेलन का उद्घाटन किया। प्रसाद ने कहा कि महामारी के दौरान भी संचार क्षेत्र में सात प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि हुई और बड़ी वैश्विक कंपनियों ने निवेश किया। उन्होंने कहा, यह चुनौतीपूर्ण समय है और हमने इसे एक अवसर में बदलने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा कि विश्वस्तर की कंपनियां वैकल्पिक स्थान की तलाश कर रही हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोबाइल निर्माण में भारत की बड़ी कामयाबी के मद्देनजर हम प्रोत्साहन देने के साथ उत्पादन को बढ़ावा दे रहे हैं। प्रसाद ने कहा कि भारत समेत दुनिया की बड़ी कंपनियों ने अगले पांच साल में 11 लाख करोड़ रुपए का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है और मोबाइल तथा कल-पुर्जे के निर्माण की पेशकश की है। इसमें से सात लाख करोड़ रुपए केवल निर्यात के लिए होंगे।

## पालतू कुत्ते की मौत से दुखी युवती ने फांसी लगाई

भाषा। रायगढ़

**छत्तीसगढ़** के रायगढ़ जिले में पालतू कुत्ते की मौत से दुखी युवती ने फांसी लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। रायगढ़ जिले के पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि जिले के कोतरा रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोरखा गांव में पालतू कुत्ते की मौत से दुखी प्रियांशु सिंह (21) ने फांसी लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। प्रियांशु स्थानीय महाविद्यालय में एम कॉम की छात्रा थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को बुधवार को युवती की आत्महत्या की जानकारी मिली तब गोरखा गांव के लिए पुलिस दल रवाना किया गया तथा शव बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली है कि गोरखा गांव निवासी दिलीप सिंह ने लगभग चार वर्ष पहले घर में एक कुत्ता पाला था। इस दौरान घर के सदस्यों का कुत्ते से लगाव हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दिलीप सिंह की बेटी प्रियांशु कुत्ते की देखभाल करती थी तथा कुत्ता अक्सर प्रियांशु के साथ ही रहता था। उन्होंने बताया कि लगभग 12 दिनों तक बीमार रहने के बाद मंगलवार देर रात कुत्ते की मृत्यु हो गई थी। उन्होंने बताया कि अपने पालतू कुत्ते की मौत से प्रियांशु दुखी थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बुधवार की सुबह जब घर के सदस्य कुत्ते के शव को दफनाने की तैयारी कर रहे थे तब उन्होंने प्रियांशु को वहां नहीं देखा। बाद में जब परिजन प्रियांशु के कमरे में पहुंचे तब उन्होंने उसके शव को फांसी पर लटकते हुए पाया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से एक पत्र बरामद किया है जिसमें प्रियांशु ने कहा है कि वह कुत्ते की मौत से दुखी है तथा उसने उसके (प्रियांशु) शव को कुत्ते के साथ दफनाने का अनुरोध किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है तथा मामला दर्ज कर लिया गया है।


## पासवान के निधन से रिक्त राज्यसभा सीट के लिए 14 दिसंबर को होगा उपचुनाव

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को बताया कि लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) नेता रामविलास पासवान के निधन के कारण रिक्त हुई राज्यसभा सीट के लिए उपचुनाव 14 दिसंबर को होगा। बिहार से ऊपरी सदन के सदस्य के तौर पर पासवान का कार्यकाल अप्रैल 2024 तक था। पासवान का आठ अक्टूबर को निधन हो गया। उपचुनाव के लिए अधिसूचना 26 नवंबर को जारी होगी और मतदान 14 दिसंबर को होगा। निर्धारित प्रावधानों के मुताबिक मतगणना 14 दिसंबर की शाम में होगी। पासवान पिछले साल राज्यसभा उपचुनाव जीते थे।

## ईयरफोन के इस्तेमाल से कानों में बढ़ रही हैं दिक्कतें

भाषा। मुंबई

विशेषज्ञ



**कोविड-19** महामारी की वजह से कामकाजी लोगों को जहां घर से काम करना पड़ रहा है, वहीं विद्यार्थियों का भी सहारा ऑनलाइन क्लास ही है लेकिन ऐसे में ईयरफोन का इस्तेमाल बढ़ गया है और डॉक्टरों का कहना है कि उनके पास कानों में दर्द, परेशानी और संक्रमण की शिकायतें लेकर ज्यादा लोग आ रहे हैं।

चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार पिछले आठ महीनों से हेडफोन और ईयरपॉड का इस्तेमाल लोग कई-कई घंटों तक करने लगे हैं, जिससे ये शिकायतें बढ़ी हैं। सरकार संचालित मुंबई के जे जे अस्पताल के ईएनटी विभाग के प्रमुख डॉक्टर श्रीनिवास चव्हाण ने बताया, ये सभी शिकायतें सीधे तौर पर लंबे समय तक हेडफोन के इस्तेमाल से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह की शिकायतों के साथ अस्पताल के कान, नाक और गला विभाग (ईएनटी) में रोजाना पांच से 10 लोग आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनमें से ज्यादातर लोग काम करने के लिए आठ घंटे से ज्यादा समय तक हेडफोन का इस्तेमाल करते हैं, जिससे कानों पर काफी जोर पड़ता है और इससे संक्रमण का प्रसार हो सकता है। वहीं इसे लगाकर कई-कई घंटे तक ऊंची आवाज सुनने से सुनने की क्षमता भी कमजोर पड़ रही है।

उन्होंने आगाह करते हुए कहा कि अगर लोग अपनी आदतें नहीं बदलते हैं तो उनके कानों को स्थाई नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि ईयर वैक्स की वजह से कीटाणु प्राकृतिक तौर पर मरते हैं और इससे संक्रमण रुकता है लेकिन कान साफ करने के लिए रुई के इस्तेमाल से यह रक्षात्मक वैक्स (मोम जैसा पदार्थ) हट जाता है और कान के आंतरिक हिस्से को कीटाणुओं के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

## कोरोना संक्रमित 31 कर्मचारी मिलने के बाद प्रशासन ने आभूषण दुकान बंद कराई

**इंदौर (मध्य प्रदेश)।** कोविड-19 की रोकथाम के लिए प्रशासन ने बृहस्पतिवार को यहां एमजी रोड पर आभूषणों की एक दुकान को हफ्ते भर के लिए एहतियातन बंद करा दिया। यह कदम इस प्रतिष्ठान को पूरी तरह संक्रमणमुक्त करने के लिए उठाया गया जहां दीपावली के बाद 31 कर्मचारी कोरोना वायरस की चपेट में पाए गए हैं। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) अजयदेव शर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि आभूषणों की इस दुकान के 31 कर्मचारी कोविड-19 की जद में पाए गए हैं। इसके परिसर को पूरी तरह संक्रमण मुक्त करने के लिए इसे अगले सात दिन के लिए बंद करा दिया गया है।

## राम मंदिर के निर्माण में काम आने वाले विशेष पत्थर के खनन की अनुमति दे सकता है राजस्थान

भाषा। जयपुर

**राजस्थान** के भरतपुर के जिला प्रशासन ने वन्यजीव अभ्यारण्य के एक हिस्से को अधिसूचना मुक्त कराने की पहल की है ताकि वहां उस विशेष गुलाबी बलुई पत्थर (पिंक सैंडस्टोन) के वैध खनन की अनुमति दी जा सके, जिसकी न केवल भवन निर्माण में बड़ी मांग है बल्कि जो अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के निर्माण में भी काम आ रहा है। मंदिर निर्माण के लिए वर्षो से भरतपुर के बांसी पहाड़पुर से खनन किए गए हजारों टन गुलाबी बलुई पत्थर को अयोध्या भेजा गया हैं लेकिन इस पत्थर की अभी भी और अधिक आवश्यकता है। अयोध्या में इस गुलाबी पत्थर की आपूर्ति की कमी को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। मंदिर के निर्माण के लिए इस बलुई पत्थर के ब्लॉक कारीगरी के साथ पहले से ही तैयार है लेकिन इनके साथ कम ग्रेड के पत्थर का इस्तेमाल करने से समस्याएं पैदा हो सकती है। धौलपुर में मिलने वाले इसी तरह के पत्थर और बांसी पहाड़पुर के पत्थर में काफी फर्क माना जाता है। राजस्थान सरकार के अधिकारियों ने हालांकि, भरतपुर के बांसी पहाड़पुर के बैंड बारेठा वन्य जीव अभ्यारण्य के एक हिस्से को अधिसूचना मुक्त कराने की पहल का राम मंदिर से कोई संबंध होने से इंकार किया है। विहिप नेता त्रिलोकी नाथ पांडे ने अयोध्या में पीटीआईभाषा को बताया कि राजस्थान सरकार ने पत्थर की आपूर्ति में कभी कोई परेशानी पैदा नहीं की। हालांकि भरतपुर जिले के बांसी पहाड़पुर में वन और वन्यजीव अधिनियम के तहत कुछ तकनीकी समस्याएं थी। उसे अधिसूचना मुक्त कराने के लिए राजस्थान सरकार ने कदम उठाए है। उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश की मायावती, मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव की पिछली सभी सरकारों ने राम मंदिर के निर्माण में काम आने वाली भवन सामग्री की निर्बाध आपूर्ति के लिए सहयोग किया है।

# पेज 1 का शेष

### पीओके में...

दानदाताओं से सहायता हासिल करने के उद्देश्य से वहां हो रही आतंकवादियों की मौत को नागरिकों की मौत के तौर पर दिखा रहा है। सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तानी सेना नियंत्रण रेखा से लगे भारतीय ठिकानों पर भी भारी हथियारों से गोलीबारी कर रही है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक नियंत्रण रेखा पर इस साल घुसपैठ की आठ कोशिशों को नाकाम किया गया और 14 आतंकवादियों को मार गिराया गया। सूत्रों ने कहा कि भारत द्वारा पिछले साल बालाकोट हवाई हमले के बाद से पाकिस्तान आतंकी प्रशिक्षण शिविरों वाले स्थानों की कड़ी निगरानी कर रहा है। पुलवामा में हुए आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवानों की मौत के बाद कार्वाई करते हुए भारतीय विमानों ने पिछले साल 26 फरवरी को पाकिस्तान के अंदर घुसकर जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर पर बम बरसाए थे। भारत की इस कार्रवाई ने सीमा पार आतंकवाद से निपटने के देश के रुख में व्यापक बदलाव को परिलक्षित किया था। एक सुरक्षा अधिकारी के मुताबिक, पाकिस्तान के झूठे विमर्श के बहकावे में आकर आतंकी तंजीम में शामिल होने वाले भटके हुए युवा सुरक्षा बलों के ठोस प्रयासों के बाद बड़ी संख्या में आत्मसमर्पण कर वापस मुख्यधारा में लौट रहे हैं। सुरक्षा बलों के इस प्रयास में आतंकवादियों के माता-पिता, दोस्त और परिजन भी मदद कर रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर...

ने जिला विकास परिषद चुनावों के शांतिपूर्ण आयोजन में खलल डालने के लिए पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन द्वारा किए गए प्रयास को नाकाम कर दिया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में डीडीसी चुनावों से पहले हथियार और गोला-बारूद भेजने के लिए सीमा पार से आतंकवादियों की घुसपैठ की संभावना के बारे में नियमित इनपुट मिल रहे थे। इसलिए बेहद संवेदनशील जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे सुरक्षा चौकियों को सतर्क कर दिया गया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने भी बान टोल प्लाजा के पास मुठभेड़ स्थल का दौरा किया और ऑपरेशन के दौरान मौजूद कुछ अधिकारियों से बातचीत कर जानकारी एकत्र की। इसी जगह पर नौ महीने पहले बीते 31 जनवरी को भी जैश के तीन आतंकियों को मार गिराया गया था। पत्रकारों से बातचीत में पुलिस महानिरीक्षक (जम्मू रेंज) मुकेश सिंह ने कहा कि बड़ी योजना के तहत डीडीसी चुनावों में बाधा डालने के लिए पाकिस्तानी आतंकवादियों को भारतीय क्षेत्र में भेजा गया था। बान टोल प्लाजा पर चेकिंग के दौरान गुरुवार तड़के लगभग 5 बजे जेके01एएल1055 नंबर के ट्रक को जांच के लिए रोका गया, लेकिन ड्राइवर ने इसकी स्पीड बढ़ा दी और ट्रक में छिपे आतंकियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। यहां तक पहुंचने से पहले ट्रक पौने चार बजे सांबा जिले में स्थित टोल प्लाजा से भी गुजरा था। आईजी का कहना है कि आतंकी अंतरराष्ट्रीय सीमा से भारत में घुसे होंगे। जांच में ट्रक पर दर्ज नंबर फर्जी पाया गया है।

### जन सरोकार...

हम चुनौतियों को लेकर हाथ पर हाथ धरे रहकर बैठे रहते है। उन्होंने कोरोना संक्रमण काल का उदाहरण देते हुए कहा कि हर संस्थान में केमेस्ट्री की, बायोलॉजी की लैब है। हम सेनेटाइजर बना सकते थे। लोगों को इसके लिए जागरूक कर सकते थे लेकिन हम सरकार के भरोसे बैठे थे। उन्होंने कहा कि कोई समाज तब तक स्वावलंबी नहीं बनेगा जब तक वह सरकारों का पिछलग्गू बना रहेगा। समाज आगे चलेगा और सरकारें पीछे, तब जाकर समाज स्वावलंबी बनने के साथ ही आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना साकार कर पाएगा। यही एक भारत, श्रेष्ठ भारत का भी मूल मंत्र है। हम एनईपी को 2022 तक पूरी तरह से लागू करेंगे। लविवि अपने 100 वर्षो के स्वर्णिम इतिहास के साथ एनईपी को जोड़कर आगे बढ़ेगा तो नए प्रतिमान स्थापित करेगा। शिक्षण संस्थान आम जनमानस से जुड़े उनकी समस्याओं के समाधान के लिए काम करे। मैंने एक तकनीकी संस्थान के 20 स्टूडेंट्स को बुलाए। वे स्टार्टअप शुरू करना चाहते थे। वह बजट चाहते थे। स्टार्टअप, स्टैंडअप और मुद्रा योजना की जानकारी उनको नहीं थी। संस्थान इसकी जानकारी उन्हें नही देते है। स्टूडेंट्स योजनाओं के प्रति अनभिज्ञ हैं, जो नवाचार के जरिये स्वयं का काम करना चाहते थे आज वह रोजगार के लिए भटक रहे हैं। वोकल फॉर लोकल होना पड़ेगा। ओडीओपी के जरिये हर हाथ को काम, हर खेत को पानी मिलेगा और इससे हर शैक्षिक संस्थानों को जुड़ना होगा। भारत को आत्मनिर्भर बनाना है तो इसके लिए यूपी को आगे बढाना होगा। इस मौके पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, राज्यमंत्री नीलिमा कटियार, प्रमुख सचिव गृह अवनीश अवस्थी, विवि के कुलपति प्रो. आलोक राय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### कोरोना योद्धाओं...

महत्व के संस्थान और कोविड-19 नियंत्रण के लिए केन्द्र द्वारा तय अस्पतालों के कर्मचारी, निजी अस्पतालों के कर्मचारी, अवकाश प्राप्त/स्वयंसेवक/स्थानीय शहरी निकाय/ संविदाकर्मी/ दिहाड़ी मजदूर/ अस्थाई कर्मचारी/ आउटसोर्स कर्मचारी आदि सभी आएंगे।' दाखिले के लिए मानदंड राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश तय करेंगे।

### 26/11 मुंबई...

सहित इसके चार गुर्गों को दो और मामलों में सजा सुनाई। सईद और उसके दो साथियों-जफर इकबाल तथा याह्या मुजाहिद को 10-10 साल कैद की सजा सुनाई गई है, जबकि उसके साले अब्दुल रहमान मक्की को छह महीने कैद की सजा सुनाई गई है। अधिकारी ने कहा कि आतंकवाद रोधी अदालत-1 के न्यायाधीश अरशद हुसैन भुट्टा ने आतंकवाद रोधी विभाग द्वारा दायर मुकदमा संख्या 16/19 और 25/19 में सुनवाई की जिसमें वकील नसीरुद्दीन नैयर और मोहम्मद इमरान फजल गुल की जिरह के दौरान गवाहों के बयानों के बाद फैसला सुनाया गया है। आतंकवाद रोधी विभाग ने जेयूडी के गुर्गों के खिलाफ कुल 41 मामले दर्ज किए हैं जिनमें से 24 मामलों में फैसला आ चुका है और शेष अन्य आतंकवाद रोधी अदालतों में लंबित हैं। अब तक चार मामलों में सईद के खिलाफ फैसला आया है। अमेरिका के वित्त विभाग ने सईद को विशेष रूप से वैश्विक आतंकवादी घोषित किया था। दिसंबर 2008 में उसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1267 के तहत भी आतंकवादी घोषित किया गया था। हाफिज सईद लश्कर-ए-तैयबा का संस्थापक है। 11 सितंबर, 2001 में अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले के बाद अमेरिका ने इस संगठन को विदेशी आतंकी संगठन की लिस्ट में शामिल किया था। 2002 में पाकिस्तान की सरकार ने भी लश्कर पर पाबंदी लगा दी थी। उसके बाद हाफिज सईद ने नया संगठन जमात-उद-दावा बनाया था। कुछ महीने पहले ही पाकिस्तान ने लश्कर-ए-तैयबा और जमात-उद-दावा के पांच बड़े आतंकियों के बैंक अकाउंट फिर से शुरू कर दिए गए हैं। इनमें हाफिज सईद भी शामिल था। पाकिस्तानी मीडिया ने तब दावा किया था कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सेक्शन कमेटी की मंजूरी के बाद अकाउंट शुरू किए गए हैं।

### किसी भी...

अधिकार क्षेत्र के लिए सहमति प्रदान करते हैं। पीठ ने कहा, इसे, इस तरह देखा जा सकता है, जैसे धारा पांच केन्द्र सरकार को राज्य के लिए केन्द्र शासित प्रदेशों से परे डीएसपीई के सदस्यों की शक्तियों और अधिकार क्षेत्र का विस्तार करने में सक्षम बनाती है, वैसे ही जब तक कोई राज्य डीएसपीई अधिनियम की धारा छह के तहत संबंधित क्षेत्र में इस तरह के विस्तार के लिए अपनी सहमति नहीं देता तब तक यह स्वीकार्य नहीं है। शीर्ष अदालत ने कुछ आरोपियों, निजी और लोकसेवकों की ओर से दायर उन अपील पर यह बात कही, जिसमें उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई जांच की वैधता को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि जांच के लिए राज्य सरकार से पूर्व सहमति नहीं ली गई।

### भ्रष्टाचार के...

चौधरी को अगले आदेश तक शिक्षा विभाग का अतिरिक्त कार्य भी आवंटित कर दिया है। चौधरी ने कहा, मैं नियुक्तियों में सीधे तौर पर शामिल नहीं था। कुलपति के रूप में, मैं केवल विशेषज्ञों की समिति का अध्यक्ष था जिसे भर्ती का काम सौंपा गया था। इसके अलावा, किसी भी अदालत ने मुझे दोषी नहीं ठहराया है और न ही मेरे खिलाफ कोई चार्जशीट दायर की गई है। चौधरी का नाम 2017 में भागलपुर जिले के बिहार कृषि विश्वविद्यालय में सहायक शिक्षकों और कनिष्ठ वैज्ञानिकों की नियुक्तियों में अनियमितता से संबंधित दर्ज एक प्राथमिकी में आया था। जद (यू) प्रमुख के करीबी माने जाने वाले, चौधरी को कुलपति के तौर पर उस समय नियुक्त किया गया था, जब 2010 में उक्त विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी और पांच साल बाद अपने कार्यकाल की समाप्ति पर तारापुर विधानसभा सीट से पार्टी के टिकट पर निर्वाचित हुए थे जिसे उन्होंने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में बरकरार रखा। राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी जो उस समय विपक्ष में थे और भ्रष्टाचार के मामले में उन्होंने उनके खिलाफ खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। इस संबंध में पूछे जाने पर चौधरी ने, मुझे लगता है कि उन्हें कुछ लोगों द्वारा गुमराह किया गया था। हालांकि, उन्होंने अपनी पत्नी नीता (पिछले साल गैस सिलेंडर विस्फोट में मौत हो गई थी) की मृत्यु पर कुछ लोगों द्वारा संदेह जताए जाने पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए कहा, मैं उन लोगों को कानूनी नोटिस भेजने जा रहा हूं, जो मेरे खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। मैं 50 करोड़ रुपए के हर्जाने की मांग करूंगा। चौधरी की पत्नी ने 2010-15 से तारापुर का प्रतिनिधित्व किया था। चौधरी के इस्तीफा देने के तुरंत बाद, राजद नेता तेजस्वी यादव ने अपने मंत्रिमंडल में उनको शामिल करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा। तेजस्वी ने ट्वीट कर कहा, जनादेश के माध्यम से बिहार ने हमें एक आदेश दिया है कि आपकी भ्रष्ट नीति, नीयत और नियम के खिलाफ आपको आगाह करते रहें। महज एक इस्तीफे से बात नहीं बनेगी। अभी तो 19 लाख नौकरियां, संविदा और समान काम-समान वेतन जैसे अनेकों जन सरोकार के मुद्दों पर मिलेंगे। इस बीच, जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि चौधरी का इस्तीफा भ्रष्टाचार के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जीरो टालरेंस का एक और सबूत है। उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 420 के तहत आरोपी राजद नेता तेजस्वी यादव से पूछना चाहूंगा कि वह विधानमंडल के पार्टी नेता पद से इस्तीफा कब देंगे।

### ऑक्सफोर्ड का...

प्रतिक्रिया उत्पन्न की।' टीके का विनिर्माण दवा कंपनी 'एस्ट्राजेनेका' द्वारा किया जा रहा है। ऑक्सफोर्ड की टीका परीक्षण टीम के प्रमुख एंड्रयू पोलार्ड ने कहा कि नवीनतम परिणाम ''अत्यंत प्रसन्नता वाला है।' यह भी पाया गया कि इस चरण के परीक्षण में टीके का कोई अप्रत्याशित विपरीत परिणाम सामने नहीं आया। टीके के दूसरे चरण के परीक्षण के बारे में गुरुवार को आई रिपोर्ट में कहा गया है कि परीक्षण में शामिल 18-55, 56-79 आयु समूह तथा 70 साल से अधिक उम्र के स्वयंसेवियों में वायरस को खत्म करने वाली समान एंटीबॉडीज और टी कोशिकाएं दिखीं।

पायनियर
लखनऊ ,शुक्रवार, 20 नवंबर , 2020



# पुजारा ने जमकर बहाया पसीना,गेंदबाजों से जूझे

## पृथक्वास पूरा करने के बाद टीम से जुड़ेंगे थ्रोडाउन विशेषज्ञ रघु



भाषा। सिडनी

मार्च के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेलने वाले चेतेश्वर पुजारा ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले महीने होने वाली टेस्ट श्रृंखला की तैयारियों के लिए गुरूवार को यहां नेट सत्र में काफी कड़ा अभ्यास किया जिसमें वह तेज गेंदबाजों के सामने सहज दिखाई दिए। पुजारा ने साइड नेट और सेंटर स्ट्रिप दोनों पर बल्लेबाजी की जिसमें उन्होंने नेट गेंदबाज ईशान पोरेल और कार्तिक त्यागी के अलावा उमेश यादव और रविचंद्रन अश्विन की गेंदों का सामना किया। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर पुजारा के नेट सत्र की छोटी सी वीडियो भी साझा की। भारतीय टीम को अपने 14 दिन के पृथकवास के दौरान ट्रेनिंग की अनुमति दी गई है, जो पिछले हफ्ते ही यहां पहुंची। वनडे और टी20 श्रृंखला 27 नवंबर से शुरू होगी जिसके बाद चार मैचों की टेस्ट श्रृखंला खेली जाएगी जो एडीलेड में 17 दिसंबर से दिन रात्रि मुकाबले से शुरू होगी। भारतीय टीम के ज्यादातर खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग में खेले थे, पर टेस्ट टीम के नियमित खिलाड़ी पुजारा और हनुमा विहारी आस्ट्रेलिया पहुंचने से पहले संयुक्त अरब अमीरात में राष्ट्रीय टीम बबल से जुड़ गए थे। पुजारा दो साल पहले आस्ट्रेलिया में भारत की ऐतिहासिक जीत में काफी अहम रहे थे और तीसरे नंबर पर उनकी भूमिका काफी महत्वपूर्ण रहेगी, विशेषकर विराट कोहली के पहले टेस्ट के बाद अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौटने के बाद। पुजारा ने अपना अंतिम मुकाबला रणजी ट्राफी फाइनल खेला था। वहीं भारत के थ्रोडाउन विशेषज्ञ रघु यहां पहुंच गए हैं और टीम से जुड़ने से पहले पृथकवास में हैं। वह कोविड-19 पॉजिटिव आने के बाद टीम के अन्य सहयोगी स्टाफ के साथ रवाना नहीं हो सके थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, उन्हें स्थानीय सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार 14 दिन के पृथकवास से गुजरना होगा।

### भारत के पास आस्ट्रेलिया को हराने का अच्छा मौका: रमीज

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान रमीज राजा का मानना है कि आगामी टेस्ट श्रृंखला मे भारत में पास आस्ट्रेलिया को फिर हराने का काफी अच्छा मौका है क्योंकि मेजबान टीम के इस हाई प्रोफाइल श्रृंखला के लिए पूरी तरह से गेंदबाजो के अनुकूल पिच तैयार करने की उम्मीद नही है। टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत 17 दिसंबर से एडीलेड में दिन-रात्रि टेस्ट के साथ होगी। रमीज ने यूट्यूब चैनल क्रिकेट बाज से कहा, आस्ट्रेलिया की पिचे अब वैसी नही है जैसी कुछ साल पहले हुआ करती थी। मेरे कहने का मतलब है कि अब उछाल कम है, गेंद मूव कम करती है और गेंदबाजो के लिए उतनी अनुकूल नही है।

### टेस्ट में कोहली के बिना भारतीय खिलाड़ी अतिरिक्त दबाव महूसूस करेंगे: पोंटिंग



**सिडनी।** पूर्व कप्तान रिकी पोंटिग का मानना है कि करिश्माई कप्तान विराट कोहली के आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद स्वदेश लौटने पर भारतीय टीम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर सुनिश्चित नहीं होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 32 साल के कोहली को पितृत्व अवकाश प्रदान किया है जिससे कि वह अपने पहले बच्चे के जन्म के दौरान अपनी पत्नी के साथ रह सकें। कोहली की गैरमौजूदगी (तीन टेस्ट के लिए) में भारत के विभिन्न खिलाड़ी दबाव महसूस करेंगे क्योंकि उसकी बल्लेबाजी और नेतृत्व क्षमता की कमी खलेगी। आपको लगता है कि (अजिंक्य) रहाणे कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे लेकिन इससे उन पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा और उन्हे बेहद महत्वपूर्ण चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए किसी और को ढूंढना होगा। मुझे नही लगता कि अब भी वे स्पष्ट है कि पहले टेस्ट में उनका बल्लेबाजी क्रम क्या होगा। कौन पारी का आगाज करेगा, कोहली के जाने पर कौन चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेगा? भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी करेंगे। इशांत शर्मा अगर इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान लगी चोट से उबर जाते है तो भारत उन्हे टीम में जगह देगा जबकि उमेश यादव और नवदीप सैनी भी भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा है। पोंटिंग का मानना है कि इतने सारे विकल्प होने के कारण भारत को मेजबान की तुलना में अधिक सवालों का जवाब ढूंढना होगा। पुकोवस्की और ग्रीन की मौजूदगी में आस्ट्रेलिया के सामने जो सवाल है, मुझे लगता है कि भारत को उससे अधिक सवालों के जवाब ढूंढने होंगे। शमी, जसप्रीत बुमराह- क्या इशांत को खिलाया जाए, या उमेश यादव को, क्या सैनी या सिराज जैसे युवा को मौका दिया जाए? उन्हें भी स्वयं से काफी सवाल पूछने होंगे। और किसी स्पिनर को खिलाया जाए? उनकी टीम में कुछ स्पिनर हैं और उन्हें तय करना होगा कि एडीलेड मे गुलाबी गेंद के टेस्ट मे कौन खेलेगा। भारत ने 2018-19 में आस्ट्रेलिया की सरजमी पर पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीतकर इतिहास रचा था। मेजबान टीम हालांकि उस श्रृंखला में अपने स्टार बल्लेबाजों डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ के बिना खेली थी जो 2018 में गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण मे भूमिका के कारण प्रतिबंध झेल रहे थे।

## प्रजनेश ओरलैंडो चैलेंजर के क्वार्टर फाइनल में

**ओरलैंडो।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी प्रजनेश गुणेश्वरन ने यहां ओरलैंडो चैलेंजर टूर्नामेंट में प्रतिद्वंद्वी टुंग लिन वु के मुकाबले से हटने से क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वु ने दूसरे दौर के मैच में जब हटने का फैसला किया तब चौथे वरीय प्रजनेश ने दो घंटे 30 मिनट तक 5-7 7-5 2-0 से बढ़त बनाई हुई थी। प्रजनेश एक समय 5-7 2-5 से पिछड़ रहे थे लेकिन उन्होने ताइपे के खिलाड़ी के खिलाफ अगले सात गेम जीत लिए। इससे 52,080 डॉलर की इनामी राशि का हार्ड कोर्ट टूर्नामेंट का यह मुकाबला निर्णायक सेट पर पहुंचा। रामकुमार रामनाथन पहले दौर में निक चैपल से हारकर बाहर हो गए।

## जोकोविच को हराकर मेदवेदेव एटीपी फाइनल्स के अंतिम चार में

**लंदन।** डेनियल मेदवेदेव ने सत्रांत एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट मे पांच बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच के खिलाफ एकतरफा जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने बुधवार को जोकोविच को सीधे सेटो में 6-3, 6-3 से हराकर ग्रुप चरण में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। पिछले साल पदार्पण करते हुए अपने तीनो ग्रुप मैच गंवाने वाले मेदवेदेव की जोकोविच के खिलाफ पिछले चार मुकाबलों मे यह तीसरी जीत है। सर्बिया के जोकोविच हालांकि अगर शुक्रवार को करो या मरो के मुकाबले में 2018 के चैंपियन एलेक्सांद्र ज्वेरेव को हरा देते है तो अंतिम चार मे जगह बना लेंगे। ज्वेरेव ने डिएगो श्वार्ट्जमैन के खिलाफ तीन सेट चले कड़े मुकाबले में 6-3, 4-6, 6-3 से जीत दर्ज करके टूर्नामेंट मे अपनी उम्मीदो को जीवंत रखा।

## भुवनेश्वरन ओपन स्नूकर टूर्नामेंट के अगले दौर में

**चेन्नई।** तमिलनाडु के डी भुवनेश्वरन ने गुरूवार को यहां अजय रस्तोगी स्मारक अखिल भारतीय ओपन स्नूकर चैम्पियनशिप 2020 के दूसरे दौर में नजीर को 4-2 से हरा दिया। पहले दौर में रिजवान ने बोमीसेट्टी लक्ष्मीकांत को 4-2 से मात दी जबकि राम नारायण ने इसी अंतर से कार्तिक को पस्त किया। टूर्नामेंट कोविड-19 के लिए लागू प्रोटोकॉल के अंतर्गत खेला जा रहा है।

## इटली और बेल्जियम नेशन्स लीग के अंतिम चार में

**लंदन।** इटली ने बुधवार को बोस्निया-हर्जेगोविना को 2-0 से हराकर ग्रुप एक मे शीर्ष पर रहते हुए नेशन्स लीग फाइनल्स फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाई। नीदरलैंड ने भी पोलैंड को 2-1 से हराया लेकिन टीम सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रही। नॉकआउट चरण की मेजबानी इटली करेगा जिसमे दुनिया की मौजूदा नंबर एक टीम के अलावा पिछले चार विश्व चैंपियन में से तीन हिस्सा लेंगे। यह पहले से तय था कि ग्रुप एक का विजेता अंतिम चार टीमो के बीच होने वाले मुकाबलों की मेजबानी करेगा। बेल्जियम ने भी रोमेलू लुकाकू के दो गोल की बदौलत डेनमार्क को 4-2 से हराकर नॉकआउट में प्रवेश किया।

# आईएसएल 7: कोरोना वायरस लॉकडाउन के बाद भारत में शुरू होगा पहला बड़ा टूर्नामेंट

भाषा। बेम्बोलिम (गोवा)

खाली स्टेडियमों में कड़े स्वास्थ्य सुरक्षा कदमों के बीच शुक्रवार से यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत होगी जो आठ महीने पहले कोविड-19 लॉकडाउन लागू होने के बाद देश में आयोजित होने वाला पहला बड़ा टूर्नामेंट है।

यहीं जीएमसी स्टेडियम में टूर्नामेंट का आगाज पूर्व चैंपियन एटीके मोहन बागान और केरल ब्लास्टर्स के बीच होने वाले मैच से होगा और इस मुकाबले के काफी रोमांचक होने की उम्मीद है। लेकिन सत्र का पहला सबसे बड़ा मैच 27 नवंबर को एटीके मोहन बागान और एससी ईस्ट बंगाल के बीच फटोर्डा में खेला जाएगा जिसमें दो पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी टीमें अपनी 100 साल से अधिक पुरानी प्रतिद्वंद्विता को एक नए अवतार में शुरू करेंगी। पिछले साल के आईएसएल विजेता एटीके और आईलीग टीम मोहन बागान के विलय के बाद बना क्लब एटीके मोहन बागान इस फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट की शुरुआत खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में करेगा। टीम ने भारत के स्टार डिफेंडर संदेश झींगन जैसे कुछ स्तरीय खिलाड़ियों से अनुबंध किया है जबकि पिछले साल की चैंपियन टीम एटीके के अहम खिलाड़ियों को अपने साथ बरकरार रखा है जिसमें फिजी के रॉय कृष्णा भी शामिल हैं। रॉय 21 मैचों में 15 गोल के साथ पिछले सत्र के संयुक्त रूप के शीर्ष गोल स्कोरर थे। इसके अलावा उन्होंने छह गोल करने में टीम के अपने साथियों की मदद भी की थी। रॉय ने फाइनल में कप्तान की भूमिका निभाई थी और एटीके की टीम तीसरा आईएसएल खिताब जीतने में सफल रही थी। कोच एंटोनियो हबास ने रॉय के अलावा मौजूदा सत्र में स्पेन के मिडफील्डर एडू गार्सिया, भारत के प्रीतम कोटल, अरिंदम भट्टाचार्य और झींगन को कप्तान के रूप में चुना है।




### कोविड-19 का डर खत्म होगा: गांगुली

**कोलकाता।** कोविड-19 महामारी के बीच शुरू होने वाले भारत के फुटबॉल सत्र से बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) अध्यक्ष सौरव गांगुली काफी उत्साहित है क्योंकि उनका मानना है कि इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के सफल आयोजन से देश भर मे बड़ी प्रतियोगिताओं के आयोजन को लेकर भय कम होगा। एटीके मोहन बागान फुटबॉल क्लब के सह मालिक गांगुली ने गुरूवार को उम्मीद जताई कि गोवा मे जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में आयोजित की जाने वाली आईएसएल से अन्य खेलों को प्रेरणा मिलेगी। बीसीसीआई अध्यक्ष ने हाल मे संयुक्त अरब अमीरात में बायो-बबल में इंडियन प्रीमियर लीग के सफल आयोजन की देखरेख की।

# धूमधाम से मना विश्व कुंगफू दिवस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आत्मरक्षा की कला कुंग फू के जनक बोधिधर्मा का जन्मदिन अंतर्राष्ट्रीय बोधि दिवस के रूप में देश के विभिन्न राज्यों में मनाया गया। इस मौके पर कुंग फू के खिलाड़ियों ने कुंग फू की विभिन्न विधाओं का हैरत अंगेज प्रदर्शन कर दर्शकों को दांतो तले दबाने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर भारतीय कुंग फू फेडरेशन ने देश और मणिपुर राज्य के सबसे बुजुर्ग कुंग फू मास्टर जसवंता सिंह को उनकी लाईफटाईम अचीवमेंट के लिए एक लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि 19 दिसंबर 2020 को ड्रैगन एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट्स के 31 वें वार्षिकोत्सव समारोह तथा आत्मरक्षा की कला कुंग फू के संस्थापक बोधिधर्म के जन्म दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। जिसमें ड्रैगन एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट के विभिन्न बालक बालिका कुंगफू खिलाड़ियों के द्वारा संस्थान के बोधि सभागार में कुंग फू खेल के संस्थापक बोधिधर्मा का जन्मदिन समारोह श्विश्व कुंगफूदिवसश् के रूप में तथा संस्थान का 31 वां वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास के मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय कुंगफू महासंघ के अध्यक्ष डॉक्टर सुधीर कुमार बोबडे आईएएस थे। ड्रैगन एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट्स के संस्थापक और अंतराष्ट्रीय कुंग फू कोच ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि यह बड़े गौरव की बात है कि ड्रैगन एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट्स के 31वें स्थापना दिवस के अवसर पर कुंग फू के जनक बोधि धर्मा का जन्मदिन मनाया गया। बीते 31 वर्ष में यह एकेडमी हजारों राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार कर देश का नाम रोशन कर चुकी है। कुंग फू एक जीवन शैली है। इससे जहां एक कुंग फू खिलाड़ी ता उम्र स्वस्थ रहता है वही किसी भी परिस्थितियों में अपने जुझारू तेवरसे सामना करते है। इस अवसर पर विभिन्न कुंगफू के विशिष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।



## एलपीएल से हटे गेल, मलिंगा और बोपारा

**कोलंबो।** टी20 क्रिकेट के सफलतम खिलाड़ियों में शामिल क्रिस गेल और लसिथ मलिंगा के अलावा इंग्लैंड के तेज गेंदबाज लियाम प्लंकेट पहली लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) से हट गए हैं जिससे शुरू होने से पहले ही टूर्नामेंट को बड़ा झटका लगा है। गेल और प्लंकेट के हटने की पुष्टि उनकी फ्रेंचाइजी कैंडी टस्कर्स ने की है जबकि ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार मलिंगा ने तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलने का हवाला दिया है। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज के हटने के कारणों का खुलासा किए बगैर टस्कर्स ने ट्वीट किया, हमें यह घोषणा करते हुए दुख हो रहा है कि क्रिस गेल इस साल एलपीएल टी20 में नहीं खेलेंगे। एक अन्य ट्वीट में टीम ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए भी दुख हो रहा है कि लियाम प्लंकेट भी इस साल एलपीएल टी20 में नहीं खेलेंगे।

## कुंबले के साथ तीन साल की योजना बनाई है, 2021 में गेल को पहले मैच से खेलना चाहिए : वाडिया

**नई दिल्ली।** किंग्स इलेवन पंजाब के सह मालिक नेस वाडिया ने कहा कि फ्रेंचाइजी को बीते समय में कप्तान और कोच बार बार बदलने का खामियाजा भुगतना पड़ा है इसलिए अब उन्होंने अनिल कुंबले और लोकेश राहुल के साथ तीन साल की योजना पर काम करने का फैसला किया। इस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में किंग्स इलेवन पंजाब का सफर काफी उतार चढ़ाव भरा रहा। टीम ने पहले सात मैचों से छह गंवा दिए और फिर लगातार पांच जीतकर प्ले-ऑफ की दौड़ में शामिल हो गई।

## रोहित ने एनसीए में फिटनेस ट्रेनिंग शुरू की



**बेंगलुरू।** आस्ट्रेलियाई दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल रोहित शर्मा ने गुरूवार को यहां राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपनी फिटनेस ट्रेनिंग शुरू की। रोहित आस्ट्रेलियाई दौरे के लिए भारत की सीमित ओवर की टीम का हिस्सा नहीं हैं और चयनकर्ताओं ने मुंबई इंडियंस के लिए फाइनल के अलावा दो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में खेलने के बाद उन्हें संशोधित टेस्ट टीम में शामिल किया था। रोहित ने हालांकि कहा कि वह बिलकुल ठीक हैं लेकिन बीसीसीआई को लगा कि उन्हें आईपीएल के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट से उबरने के लिए और समय की जरूरत है जिससे उनकी फिटनेस को लेकर बहस शुरू हो गई। मुंबई की टीम ने फाइनल में शानदार जीत हासिल की जिसमें रोहित ने 68 रन की तेज तर्रार पारी खेली।

## कुरुविला राष्ट्रीय चयनकर्ता पद की दौड़ में

**मुंबई।** भारत और मुंबई के पूर्व तेज गेंदबाज अबे कुरुविला राष्ट्रीय चयन पैनल में खाली तीन पद में से एक को भरने की दौड़ में शामिल हैं। सरनदीप सिंह (उत्तर क्षेत्र), देवांग गांधी (पूर्व क्षेत्र) और जतिन परांजपे (पश्चिम क्षेत्र) का कार्यकाल पूरा होने के बाद चयन समिति में ये पद खाली हुए हैं। पता चला है कि 10 टेस्ट और 25 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले कुरुविला ने समय सीमा खत्म होने से दो दिन पहले 13 नवंबर को इस पद के लिए आवेदन किया। कुरुविला ने टेस्ट और वनडे दोनों प्रारूपों में 25-25 विकेट चटकाए हैं। कुरुविला इससे पहले 2008-12 तक जूनियर चयन समिति का हिस्सा रह चुके हैं और जब भारत ने 2012 में अंडर 19 विश्व कप जीता था तो वह समिति के अध्यक्ष थे। इसी साल उन्हें मुंबई का मुख्य चयनकर्ता भी बनाया गया।

## 500 से ज्यादा टेस्ट विकेट लेना चाहता हूं : लियोन

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के मुख्य स्पिनर नाथन लियोन का कहना है कि कोविड-19 महामारी के कारण खेल से दूर रहने के कारण उन्हें टेस्ट क्रिकेट के रोमांच की कमी खली लेकिन साथ ही वह मानते हैं कि इस ब्रेक ने उनके इस प्रारूप में 500 से ज्यादा विकेट हासिल करने के जोश को फिर से जगा दिया है। लियोन 100 टेस्ट खेलने से महज चार मैच दूर हैं और उन्होंने अब तक 390 विकेट अपने नाम कर लिए हैं जो किसी आस्ट्रेलियाई ऑफ स्पिनर के सबसे ज्यादा विकेट हैं।

## ग्रीन बल्लेबाज के रूप में टेस्ट पदार्पण कर सकता है लेकिन वनडे में गेंद से योगदान देना होगा: लैंगर



**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के कोच जस्टिन लैंगर ने कहा है कि कैमरन ग्रीन ने बल्लेबाज के रूप में टेस्ट पदार्पण करने का अधिकार हासिल किया है लेकिन भारत के खिलाफ 27 नवंबर से शुरू हो रही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए उसे आलराउंडर के रूप में दावा पेश करने की जरूरत है। तेज गति से गेंदबाजी करने में सक्षम ग्रीन और विल पुकोवस्की उन पांच नए चेहरों में शामिल हैं जिन्हें भारत के खिलाफ हाई प्रोफाइल टेस्ट श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलियाई टीम में जगह दी गई है। वनडे में वह तभी खेल सकता है अगर कुछ ओवर गेंदबाजी कर पाए क्योंकि हमने टीम को इसी तरह तैयार किया है।

## देश में स्वास्थ्य क्षेत्र पर कुल खर्च कम, इसे ठीक करने की जरूरत: नीति सदस्य

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य वी के पॉल ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में स्वास्थ्य क्षेत्र पर कुल मिलाकर खर्च कम है और स्थिति ठीक करना जरूरी है। पॉल ने जोर दिया कि केंद्र तथा राज्य दोनों स्तर पर सरकारों को स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ाने के लिए अनुरोध किया जाए। उन्होंने कहा कि कोविड-19 का जो अनुभव है, वह इसका औचित्य सिद्ध करेगा। उन्होंने उद्योग मंडल सीआईआई के एक ऑनलाइन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, भारत का स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च कम है। संसाधनों की कमी है तथा कई और प्राथमिकताएं हैं। पर कुल मिलाकर स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च कम है और इसे ठीक करने की जरूरत है। पॉल ने कहा कि 2018-19 में देश का स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.5 प्रतिशत था। यह पिछले दशक के मुकाबले कुछ तक बेहतर है। पर निश्चित रूप से स्वास्थ्य क्षेत्र पर जीडीपी का 1.5 प्रतिशत खर्च संतोषजनक नहीं है। यूरोपीय देश स्वास्थ्य क्षेत्र पर जीडीपी का 7 से 8 प्रतिशत खर्च करते हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) दस्तावेज का हवाला देते हुए पॉल ने कहा कि भारत का स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च 2025 तक जीडीपी का 3 प्रतिशत होना चाहिए।

## प्रधानमंत्री करेंगे नवीकरणीय ऊर्जा पर तीसरे वैश्विक सम्मेलन का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरे वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेश सम्मेलन और प्रदर्शनी का 26 नवंबर को उद्घाटन करेंगे। भारत में स्वच्छ ऊर्जा में निवेश के लिए निवेशकों को आकर्षित करने के इरादे से सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। भारत ने 2022 तक।,75,000 तथा 2030 तक 4,50,000 मेगावाट नवकीरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने का महत्वकांक्षी लक्ष्य रखा है। पिछले छह साल के दौरान स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में भारत निवेश के लिहाज से एक तरजीही गंतव्य रहा है और इस दौरान 4.7 लाख करोड़ रुपए के निवेश हुए। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 नवंबर को वीडियो कांफ्रेन्स के जरिए तीसरे वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेश सम्मेलन और प्रदर्शनी (री-इनवेस्ट 2020) का उद्घाटन करेंगे।

## रिलायंस रिटेल ने 10.09 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 47,265 करोड़ रुपए जुटाए

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने अपनी खुदरा इकाई में कुछ विदेशी निवेशकों को 10 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 47,265 करोड़ रुपए जुटाने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। कंपनी ने 25 सितंबर से रिलायंस रिटेल वेंचर्स लि. (आरआरवीएल) में अपनी 10.09 प्रतिशत हिस्सेदारी निजी इक्विटी कंपनियों सिल्वर लेक पार्टनर, केकेआर, जीआईसी, टीपीजी और जनरल अटलांटिक के साथ-साथ सरकारी संपत्ति कोष मुबादला, एडीआईए और पीआईएफ को बेची। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने एक बयान में कहा, आरवीएल को हिस्सेदारी बिक्री से अपने वित्तीय भागदारों से 47,265 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। इसके एवज में उन्हें 69.27 करोड़ इक्विटी शेयर आबंटित किए गए।

# कोरोना वायरस के मामले बढ़ने से सेंसेक्स 580 अंक टूटा

## ●शेयर बाजारों का रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला थमा

भाषा। मुंबई







कई देशों में कोविड-19 के मामले बढ़ने से बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों का रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला थम गया और सेंसेक्स तथा निफ्टी दोनों उच्चस्तर से फिसल गए। इसके अलावा वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख के बीच वित्तीय कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली का सिलसिला चलने से बाजार नीचे आ गए। कारोबारियों ने कहा कि रुपए में गिरावट से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में कुछ समय के लिए 44,230 अंक के उच्चस्तर पर जाने के बाद नीचे आया। अंत में सेंसेक्स 580.09 अंक या 1.31 प्रतिशत के नुकसान से 43,599.96 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 166.55 अंक या 1.29 प्रतिशत के नुकसान से 12,771.70 अंक पर आ गया। दिन में कारोबार के दौरान निफ्टी 12,963 अंक के उच्चस्तर तक गया। इससे पिछले लगातार तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स और निफ्टी ने नया रिकॉर्ड बनाया था। सेंसेक्स की कंपनियों में एसबीआई का शेयर सबसे अधिक 4.88 प्रतिशत नीचे आया। एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल के शेयर भी नुकसान में रहे। वहीं दूसरी ओर पावरग्रिड, आईटीसी, एनटीपीसी, टाटा स्टील और टाइटन के शेयर 2.43 प्रतिशत तक लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वायरस संक्रमण के मामले बढ़ने से कुछ अतिरिक्त अंकुशों की आशंका पैदा हुई है। इससे वैश्विक आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं। इससे बाजार धारणा नकारात्मक हो गई। हालांकि, वैक्सीन को लेकर कुछ सकारात्मक खबरें भी आ रही हैं। जहां तक भारतीय बाजारों का सवाल है, यहां हालिया तेजी के बाद निवेशकों ने मुनाफा काटा।

वाहन बिक्री के आंकड़े अच्छे हैं, जो अर्थव्यवस्था में सुधार का संकेत देते हैं। लेकिन इसके साथ ही देश के कुछ हिस्सों में संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं, जो इस सुधार को झटका दे सकते हैं। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप में 0.65 प्रतिशत तक की गिरावट आई। अन्य एशियाई बाजारों में हांगकांग के हैंगसेंग और दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में नुकसान रहा। चीन का शंघाई कम्पोजिट तथा जापान का निक्की लाभ में रहे।

## चार सत्रों में पहली बार रुपए में गिरावट, आठ पैसे टूटा रुपया

**मुंबई।** रुपए की विनिमय दर में चार दिन में बृहस्पतिवार को पहली गिरावट आई। घरेलू शेयरों में सुस्ती के रुख तथा एशियाई मुद्राओं में कमजोरी को देखते हुए बृहस्पतिवार को रुपया आठ पैसे गिर कर प्रति डालर 74.27 पर बंद हुआ। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में विनिमय दर 74.28 रुपए प्रति डालर पर खुली। दिनमें74.22 -74.33 के बीच घट बढ के बाद अंत में विनिमय दर आठ पैसे की गिर कर 74.27 रुपए प्रति डॉलर पर पर बंद हुई। पिछले दिन रुपए में 45 पैसे की तेजी आई थी। बाजार सूत्रों ने कहा कि अमेरिका और यूरोप में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण इस महामारी के टीके को लेकर सकारात्मक धारणा प्रभावित हुई जिससे रुपए में सीमित दायरे में घट बढ़ हुई।

## आरबीआई ने मुत्थूट फाइनेंस, मन्नपुरम फाइनेंस पर जुर्माना लगाया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने एर्नाकुलम स्थित मुत्थूट फाइनेंस पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना सोने के बदले कर्ज मामले में 5 लाख रुपए से अधिक के कर्ज को लेकर ऋण-मूल्य अनुपात (एलवीआर) और कर्जदार के पैन की प्रति लेने को लेकर जारी दिशानिर्देशा का अनुपालन नही करने को लेकर लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने मन्नपुरम फाइनेस, त्रिचुर पर भी 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

## रीयल्टी क्षेत्र के लिए 20-21 मुश्किल साल रहेगा : क्रिसिल

**मुंबई।** देश की वित्तीय राजधानी मुंबई में शुल्कों में कटौती के बाद संपत्ति के पंजीकरण में 1.3 गुना की वृद्धि हुई है, लेकिन 2020-21 का साल रीयल्टी क्षेत्र के लिए मुश्किल रहने वाला है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट मे यह बात कही गई है। क्रिसिल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में 10 शीर्ष शहरो में रीयल्टी क्षेत्र की प्राथमिक बिक्री में 50 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। क्रिसिल की शोध इकाई की रिपोर्ट मे कहा गया है, महाराष्ट्र ने दिसंबर तक स्टाम्प शुल्क को पांच प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत कर दिया है। उसके बाद मार्च, 2021 तक स्टाम्प शुल्क तीन प्रतिशत रहेगा।

## मास्टरकार्ड, यूएसएआईडी का प्रोजेक्ट किराना पेश

**नई दिल्ली।** वैश्विक भुगतान प्रौद्योगिकी कंपनी मास्टरकार्ड ने यूनाइटेड स्टेटस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) के साथ मिलकर प्रोजेक्ट किराना की शुरुआत की है। इसका लाभ शुरुआत में उत्तर प्रदेश के चुनिंदा शहरो मे 3,000 महिला किराना दुकानदारो को मिलेगा। मास्टरकार्ड ने एक बयान में कहा कि इस कार्यक्रम का मकसद महिलाओ द्वारा चलाई जाने वाली किराना दुकानों पर डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना, वित्तीय समावेशन का दायरा बढ़ाना और आय माध्यमों को विस्तार देना है।

## ईपीएफओ ने अक्टूबर में अंशधारकों, योगदानकर्ता कंपनियों की संख्या घटने की खबर खारिज की

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अक्टूबर महीने में उसकी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में योगदान देने वाली कंपनियों तथा अंशधारकों की संख्या में कमी को लेकर मीडिया के कुछ हिस्से में आई रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। ईपीएफओ श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला एक सांविधिक निकाय है। मीडिया के कुछ हिस्से में 18 नवंबर को प्रकाशित आलेख में ईपीएफओ के अंशधारकों और कंपनियों की संख्या में कमी आने की बात कही गई है।

## किस्त स्थगन एक राजकोषीय नीति मामला : केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय में बृहस्पतिवार को कहा कि कोविड-19 के दौर में ऋण किस्तों के स्थगन का मामला राजकोषीय नीति का मसला है। सरकार की ओर से कहा गया कि विभिन्न क्षेत्रों का ध्यान रखते हुए उसने सक्रियता से कदम उठाए हैं। न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली पीठ को वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए केंद्र सरकार ने कहा कि यह कोई का कार्वाई नहीं करने का मामला नहीं है। केंद्र की ओर से यह भी कहा गया कि अब इस मामले में आगे कोई अनुग्रह नहीं किया जा सकता, भले ही याचिकाकर्ता इस बारे में और बेहतर विकल्प होने की बात क्यों न कहें।

## हिंदुजा ने दिवाली को दिया अंतराष्ट्रीय मंच

**नई दिल्ली।** हिंदुजा परिवार ने 1980 के दशक के आरंभ में लंदन शहर में दिवाली मनाना शुरू किया था। अब उनका वार्षिक दिवाली उत्सव, लंदन के हाइप्रोफाइल सोशल कैलेंडर का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। दिवाली का त्यौहार लंदन में इतना प्रसिद्ध हो चुका है कि टाइम्स स्क्वायर भी हर वर्ष दीपों से जगमग हो जाता है। लेकिन इस चुनौतीपूर्ण वर्ष में, कोविड19 का प्रकोप को हिंदुजा समूह ने महसूस किया कि अब इसे सामान्य तरीके से नहीं मनाया जा सकता है। लॉकडाउन और सोशल डिस्टेंसिंग के बावजूद दिवाली की उमंग को बनाये रखने के लिए, हिंदुजा परिवार ने इसे अलग तरीके से मनाने का निर्णय लिया। दिवाली के इस त्यौहार पर विश्व कल्याण की कामना के साथ वर्चुअल प्रार्थना कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## देश के जीडीपी में सितंबर तिमाही में 9.5 प्रतिशत की आ सकती है गिरावट: इक्रा




**मुंबई।** देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में चालू वित्त वर्ष 2020-21 की दूसरी तिमाही जुलाई-सितंबर में 9.5 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। यह पहली तिमाही अप्रैल-जून में 23.9 प्रतिशत प्रतिशत की गिरावट की तुलना में कम है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में यह कहा। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े 27 नवंबर को जारी करेगा। इक्रा के अनुसार सालाना आधार पर जीडीपी (2011-12 के स्थिर मूल्य पर) में 2020-21 की दूसरी तिमाही में गिरावट पहली तिमाही के मुकाबले घटकर 9.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। पहली तिमाही में इसमें 23.9 प्रतिशत की गिरावट आई थी। गिरावट में कमी का कारण कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए लगाए गए लॉकडाउन के प्रभाव से अर्थव्यवस्था का धीरे-धीरे पुनरूद्धार के रास्ते पर वापस आना है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि स्थिर मूल्य पर सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में गिरावट 8.5 प्रतिशत अनुमानित है जबकि पहली तिमाही में इसमें 22.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

अमेरिका समेत पांच देशों ने चीन से कहा

# कटौती ना करें हांगकांग के लोगों के अधिकारों में

● संयुक्त बयान में कहा गया है कि चीन की यह कार्रवाई कानूनी रूप से बाध्यकारी और संयुक्त राष्ट्र में पंजीकृत, चीन-ब्रिटिश संयुक्त घोषणापत्र के तहत उसके अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का स्पष्ट उल्लंघन है

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका की** अगुवाई में पांच देशों के एक समूह ने बुधवार को चीन से कहा कि वह जनप्रतिनिधि का चुनाव करने के हांगकांग के लोगों के अधिकारों को कमतर नहीं करें। समूह ने इस बात पर भी जोर दिया कि हांगकांग में चीन की कार्वाई से ऐसा लगता है कि यह वैश्विक आर्थिक केंद्र में आलोचना के स्वरों को खामोश करने के अभियान का हिस्सा है।

इस समूह में अमेरिका के अलावा ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड और ब्रिटेन शामिल हैं।इन पांच देशों के विदेश मंत्रियों ने बुधवार को संयुक्त बयान जारी कर हांगकांग के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अयोग्य करार देने के लिए चीन द्वारा लागू किए गए नए नियमों के संबंध में अपनी गंभीर चिंता दोहराई।

विदेश मंत्रियों ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू करने एवं सितंबर में होने वाले विधान परिषद चुनाव को स्थगित किए जाने के बाद, इस फैसले ने हांगकांग की उच्च स्तर की स्वायत्तता, अधिकारों और स्वतंत्रता को कमजोर कर दिया है

बयान में कहा गया है, हम संयुक्त घोषणापत्र एवं मूलभूत कानून को ध्यान में रखते हुए चीन से जन प्रतिनिधि चुनने के हांगकांग के लोगों के अधिकारों को कम करने की कवायद बंद करने की अपील करते हैं। हांगकांग की स्थिरता एवं समृद्धि की खातिर, यह आवश्यक है कि चीन और हांगकांग के अधिकारी वहां के लोगों की जायज चिंताओं और विचारों को अभिव्यक्त करने वाले माध्यमों का सम्मान करें। इसमें कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के एक प्रमुख सदस्य के रूप में, हम चीन से उम्मीद करते हैं कि वह अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं और हांगकांग के लोगों के प्रति अपने कर्तव्य की दिशा में काम करेगा।

बयान में यह भी कहा गया है, हम चीन के केंद्रीय अधिकारियों से हांगकांग की निर्वाचित विधायिका के खिलाफ अपने नियम पर दोबारा विचार करने एवं विधान परिषद के सदस्यों को तुरंत बहाल करने का आग्रह करते हैं।

चीन ने हाल ही में असम्मति को रोकने के लिए हांगकांग के अधिकारियों को नई शक्तियां प्रदान कीं। इसके बाद पिछले सप्ताह विधानमंडल में विपक्ष के चार सदस्यों को बर्खास्त कर दिया गया था। इस घटनाक्रम ने देश के लोकतंत्र समर्थक विपक्षी सांसदों के इस्तीफों की लाइन लगा दी।प्रस्ताव में हांगकांग की उस स्वायत्तता पर भी चिंता जताई गई है जो एक देश, दो प्रणाली की व्यवस्था के तहत उसे तब प्रदान की गई थी, जब 1997 में ब्रिटेन ने वहां से उपनिवेश शासन की समाप्ति के उपरांत हांगकांग को वापस चीन के हवाले किया था। संयुक्त बयान में कहा गया है कि चीन की यह कार्रवाई कानूनी रूप से बाध्यकारी और संयुक्त राष्ट्र में पंजीकृत, चीन-ब्रिटिश संयुक्त घोषणापत्र के तहत उसके अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का स्पष्ट उल्लंघन है। इसमें कहा गया है कि यह चीन की उस प्रतिबद्धता का भी उल्लंघन है, जिसमें उसने वादा किया था कि हांगकांग को उच्च स्तर की स्वायत्तता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार होगा।

## अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने प्रस्ताव पारित कर हांगकांग में चीन के मानवाधिकार उल्लंघन की निंदा

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** प्रतिनधि सभा ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर हांगकांग में मौलिक अधिकारों तथा आजादी को कमतर करने और चीन की ओर से हो रहे मानवाधिकार हनन की घटनाओं की निंदा की है।अमेरिकी सदन में बुधवार को ध्वनि मत से पारित इस प्रस्ताव में चीन सरकार की कार्वाइयों की निंदा की गई है और आरोप लगाया गया है कि इनसे हांगकांग की उच्च स्तर की स्वायत्तता एवं वहां के लोगों के मौलिक आधिकारों एवं आजादी का उल्लंघन हुआ। प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी ने कहा, आज सदन ने प्रस्ताव पारित कर कड़ा संदेश दिया है और चीन से मानवाधिकार हनन को समाप्त करने का आह्वान किया गया है। सदन द्विदलीय आधार पर हमेशा तिब्बत में धर्म और संस्कृति की स्वतंत्रता एवं हांगकांग में कानून के शासन के लिए लड़ाई लड़ेगा। यह प्रस्ताव संयुक्त राज्य अमेरिका को हांगकांग के घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया जताने के लिए सहयोगियों के साथ समन्वय करने की भी सलाह देता है।इसमें जोर दिया गया है कि चीन की यह कार्वाई अंतरराष्ट्रीय समुदाय में उसकी विश्वसनीयता कम करती है। प्रस्ताव में चीन एवं हांगकांग की सरकार से वह इस कानून को लागू करने अथवा कोई कार्वाई करने से परहेज करने का आग्रह किया गया है जो हांगकांग के लोगों के अधिकारों को आंशिक रूप से या पूरी तरह से कम करता है, जो बेसिक कानून एवं संयुक्त घोषणा के तहत उन्हें प्रदान किया गया है। प्रस्ताव में हांगकांग के घटनाक्रम पर अमेरिकी राष्ट्रपति, विदेश मंत्री एवं वित्त मंत्री से सहयोगियों के साथ समन्वय स्थापित करने का आग्रह किया गया है। इसमें हांगकांग के लिए संयुक्त राष्ट्र में विशेष दूत नियुक्त करना भी शामिल है। कांग्रेस के सदस्य क्रिस पप्पास ने कहा, चीन सरकार को निश्चित रूप से मानवाधिकारों के इसके भयावह उल्लंघन के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। चीन ने हांगकांग में मानवाधिकारों एवं आजादी के उल्लंधन से इनकार किया है।



हैती में राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग को लेकर हिंसक प्रदर्शन कर रहे लोग

# अमेरिकी सेना के पूर्व सदस्य ने रूस के लिए जासूसी करने के आरोपों को कबूला


● संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया कि डेबिस ने अपने पूर्व विशेष बल टीम के सदस्यों की संख्या के बारे में जानकारी दी

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी सेना** के विशेष बल के एक पूर्व सदस्य ने बुधवार को रूसी खुफिया संचालकों के साथ साजिश रचने और उन्हें अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी प्रदान करने के आरोपों को स्वीकार कर लिया।

अमेरिकी न्याय विभाग ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी सेना के एक पूर्व सदस्य, 45 वर्षीय पीटर राफेल डिजिबिन्सकी डेबिंस ने दिसंबर 1996 से लेकर जनवरी 2011 तक रूसी खुफिया सेवा के एजेंटों के साथ साजिश रची थी।उस अवधि के दौरान, डेबिंस ने समय-समय पर रूस का दौरा किया और रूसी खुफिया एजेंटों के साथ मुलाकात की। 1997 में, उन्हें रूसी खुफिया एजेंटों ने एक कोड नाम दिया था और उन्होंने एक बयान पर हस्ताक्षर किए जिसमें उन्होंने कहा था कि वह रूस की सेवा करना चाहते हैं।अदालत के समक्ष रखे गए दस्तावेजों के अनुसार, साजिश के दौरान, डेबिंस ने रूसी खुफिया एजेंटों को वह सब जानकारी प्रदान की जो उन्हें अमेरिकी सेना के एक सदस्य के रूप में हासिल की थी। उन्होंने अपने रासायनिक और विशेष बलों की इकाइयों के बारे में भी जानकारी दी थी।2008 में, सक्रिय सेवा से निकलने के बाद, डेबिन्स ने रूसी खुफिया एजेंटों को विशेष खुफिया बलों के साथ काम करने के दौरान की अपनी पिछली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया कि डेबिंस ने अपने पूर्व विशेष बल टीम के सदस्यों की संख्या के बारे में जानकारी दी और उनके नाम भी बताए ताकि (रूसी) एजेंट यह पता लगा सकें कि क्या वे टीम के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं, जो रूसी खुफिया सेवा के साथ सहयोग करें।राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सहायक अटॉर्नी जनरल जॉन डिमर्स ने कहा, डेबिंस ने आज स्वीकार किया कि उन्होंने रूस को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारी देकर इस देश के सर्वोच्च विश्वास को तोड़ा है।

उन्होंने कहा, डेबिंस ने अमेरिका को नुकसान पहुंचाने और रूस की मदद करने के इरादे से अपनी शपथ को तोड़ा है, अपने देश और विशेष सुरक्षा बल की अपनी टीम के सदस्यों के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा, डेबिंस का कबूलनामा रूस सहित हमारे विरोधियों द्वारा उत्पन्न राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे का मुकाबला करने के लिए विभाग के निरंतर प्रयास में एक और सफलता को दर्शाता है। डेबिंस को 26 फरवरी, 2021 को सजा सुनाई जाएगी। उन्हें अधिकतम उम्रकैद की सजा हो सकती है।



काबुल के राष्ट्रपति भवन में संयुक्त प्रेसवार्ता के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान मास्क हटाते हुए।

## ऑस्ट्रेलियाई के विशेष बल ने गैरकानूनी तरीके से 39 अफगानों की हत्या की : रिपोर्ट

**एजेंसी।** मेलबर्न

**युद्ध अपराधों** से जुड़ी दीर्घप्रतीक्षित सैन्य रिपोर्ट के अनुसार इस बात की विश्वसनीय जानकारी है कि ऑस्ट्रेलियाई विशेष बलों के मौजूदा एवं सेवानिवृत्त कम से कम 19 सैनिकों ने कथित तौर पर 39 अफगानों की गैरकानूनी तरीके से हत्या की थी।

व्हिसल-ब्लोअर की रिपोर्टों और स्थानीय मीडिया की खबरों में अफगानिस्तान में निहत्थे पुरुषों और बच्चों की कथित हत्या की चर्चा के बाद ऑस्ट्रेलिया में 2016 में जांच शुरू की गई थी। रिपोर्ट बृहस्पतिवार को जारी की गईजस्टिस पॉल ब्रेरेटन के एनएसडब्ल्यू कोर्ट ऑफ अपील ने चार साल की जांच में पाया कि 23 घटनाओं की "विश्वसनीय जानकारी" है, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई बल (एडीएफ) के जवान गंभीर अपराधों में शामिल थे। वे या तो अपराधों को अंजाम दे रहे थे, या उनमें मदद करे रहे थे।रिपोर्ट में कहा गया कि 23 घटनाओं में ऑस्ट्रेलियाई विशेष बलों के हाथों 39 अफगानों की कथित तौर पर हत्या की विश्वसनीय जानकारी है। इनमें से दो घटनाओं को "क्रूर व्यवहार" के युद्ध अपराध के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।वहीं, एपी की एक खबर के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल के प्रमुख जनरल एंगस कैंपबेल ने कहा कि शर्मनाक रिकॉर्ड में कई कथित उदाहरण शामिल हैं, जिनमें से गश्त दल के नए सदस्यों ने पहली हत्या अंजाम देने के जुनून में किसी कैदी को गोली मार दी।उन्होंने कहा कि अपनी इन हरकतों को छुपाने के लिए सैनिक गलत कहानियां गढ़ते हैं और दावा करते हैं कि कैदी आपस में दुश्मन थे और कार्वाई में मारे गए। कैंपबेल ने कहा कि गैरकानूनी तरीके से हत्या करने का सिलसिला 2019 में शुरू हुआ था, लेकिन 2012 और 2013 में भी इस तरह की सबसे अधिक वारदात सामने आईं।

## क्विक न्यूज

### संवदेनशील सैन्य तकनीक चीन को देने के मामले में एक चीनी-अमेरिकी को 38 महीने की कैद

**वाशिंगटन।** चीनी मूल के एक अमेरिकी व्यक्ति को सेना की संवेदनशील तकनीक चीन को देने के आरोप में बुधवार को 38 महीने की कैद की सजा सुनाई गई। न्याय विभाग ने इसकी जानकारी दी।न्याय विभाग ने बताया कि वाई सुन (49) टक्सन में पिछले 10 साल से रेथियॉन मिसाइल एंड डिफेंस के साथ बतौर इलेक्ट्रिक्लि इंजीनियर काम कर रहा था। इस मामले में उसने पहले ही अपना दोष स्वीकार कर लिया था।रेथियॉन मिसाइल एंड डिफेंस अमेरिकी सेना के इस्तेमाल के लिए मिसाइल प्रणाली को विकसित करती है और उसका निर्माण करती है।संघीय अभियोजकों के अनुसार सुन ने दिसम्बर 2018 से दिसम्बर 2019 के बीच चीन की निजी यात्रा की और इस दौरान उन्होने यह संवेदनशील जानकारी वहां पहुंचाई। सहायक अटॉर्नी जनरल जॉन सी. डेमर्स ने कहा, सुन एक कुशल इंजीनियर है और भरोसे के साथ उसे संवेदनशील मिसाइल तकनीक से जुड़ी जानकारी सौंपी गई थी और उसे अच्छे से पता था कि वह उसे कानूनी तौर पर दुश्मन को नही सौंप सकता है। उन्होने कहा, लेकिन फिर भी उसने ए जानकारी चीन को दी।

### सत्ता हस्तांतरण में जितनी देर होगी, कोविड-19 के लिए टीकाकरण में उतना ही विलंब होगा: बाइडन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव मे जीत दर्ज करने वाले डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडन ने कहा कि सत्ता हस्तांतरण मे जितनी देर होगी कोविड-19 टीके की योजना मे उतने ही हफ्ते या महीने का विलंब होता जाएगा।कोविड-19 के स्वास्थ्य कर्मियो के साथि ऑनलाइन गोलमेज बैठक में बाइडन ने बुधवार को आरोप लगाया कि उनके सत्ता हस्तांतरण दल को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन से कोई सहयोग नही मिल रहा है।गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव मे हार स्वीकार नही की है और कई राज्यो मे चुनावी नतीजो के खिलाफ मुकदमा दायर कर रखा है।उन्होंने कहा, अभी जिन समस्याओ का हम सामना कर रहे है, उनमें से एक है प्रशासन का सत्य स्वीकार ना करना...कानून कहता है कि सामान्य सेवा प्रशासन मे एक व्यक्ति होता है, जो विजेता कौन है उसकी पहचान करता है और फिर उन्हे उन सभी डेटा और सूचनाओ तक पहुंच प्राप्त करनी होती है जो सरकार के पास है। बाइडन ने कहा कि इसमें पूर्ण विजेता की आवश्यकता नही है, इसमे स्पष्ट विजेता होना चाहिए। बाइडन ने कहा, हमे उन चीजो तक पुहंच नही मिल पाई है, जो हमे बात की गहराई जानने के लिए चाहिए। उन्होने कहा कि हमें कैसे पता चलेगा कि कब (कोविड-19 के) ए टीके आ रहे है, उन्हें कैसे बांटा जाएगा और पहले किन लोगो को मिलेगा और आखिर योजना क्या है।

### अमेरिका में कोरोना से ढाई लाख से ज्यादा लोगों की मौत, स्थिति और खराब होने की आशंका : विशेषज्ञ

**वाशिंगटन।** कोविड-19 से सबसे अधिक प्रभावित देशो मे से एक अमेरिका मे इस बीमारी के कारण 2,50,000 से ज्यादा लोगो की मौत हो चुकी है और यहां एक बार फिर संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे है। इस बीमारी ने दुनिया भर मे 13,49,000 लोगो की जान ले ली है। जॉन हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के अनुसार अमेरिका मे अब तक 2,50,537 लोगो की मौत हो चुकी है और 1.15 करोड़ से ज्यादा लोगो मे संक्रमण की पुष्टि हुई है। यह दुनिया भर में किसी भी देश की तुलना में सबसे अधिक है। सीएनएन की खबर के अनुसार कोरोना वायरस के कारण अब हर मिनट कम से कम एक अमेरिकी की मौत हो रही है। इस बीमारी के कारण 29 फरवरी को पहली मौत होने की खबर मिली थी और मृतकों की कुल संख्या कम से कम 2,50,029 हो गई। जॉर्ज वॉशिंगटन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. जोनाथन रीनर ने कहा कि स्थिति बदतर होती जा रही है। उन्होंने बुधवार को कहा, कल हमने अमेरिका मे मौतो की भयानक संख्या देखी... यह तीन हफ्ता पहले संक्रमित लोगो की संख्या को दर्शाती है। रीनर ने कहा, दो से तीन सप्ताह पहले, हम प्रति दिन औसतन 70,000 से 80,000 (नए) मामले देख रहे थे। कल लगभग 1,55,000 (नए) मामले सामने आए। यदि आप आज 1,700 मौतो पर चिंतित है, तो अगले दो से तीन सप्ताह मे हम एक दिन में 3,000 लोगों की मौत देखने जा रहे हैं। संक्रमण के मामलों में वृद्धि का असर अस्पतालो मे भी दिख रहा है और कुछ स्थानो पर स्वास्थ्य कर्मियो की भी कमी महसूस की जा रही है। मंगलवार को रिकार्ड 76,830 मरीजो को अस्पतालो मे भर्ती कराया गया। अमेरिका के शीर्ष संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. एंथोनी फौसी ने कहा कि देश एक अनिश्चित समय मे गलत दिशा मे जा रहा है और मौसम के ठंडा होने से लोगो के अंदर एकत्र होने का अधिक अनुमान है। उन्होने बीबीसी न्यूज चैनल के साथ एक साक्षात्कार में आगाह किया कि संक्रमण के मामलों में वृद्धि से मौतों की संख्या में भी वृद्धि हो सकती है।फौसी ने लोगों से मास्क पहनने, सामाजिक दूरी बनाए रखने और भीड़-भाड़ से बचने का आग्रह किया।

## अलकायदा, आईएसआईएस से जुड़े समूह कोविड-19 पर गलत जानकारियां फैला रहेः संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**अलकायदा और** आईएसआईस से संबद्ध संगठन कोविड-19 महामारी का इस्तेमाल साजिश की मनगढ़ंत कहानियां (कान्सिपिरेसी थ्योरी) फैलाने में कर रहे हैं कि वायरस काफिरों को सजा दे रहा है और यह पश्चिम पर खुदा का कहर है। ए संगठन आतंकवादियों को इसका इस्तेमाल जैविक हथियार के रूप में करने के लिए भड़का रहे हैं।इसका बात संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कही गई है। इस रिपोर्ट का शीर्षक वायरस को लेकर गलत जानकारियों रोकना: कोविड-19 महामारी के दौरान आतंकवादियों, हिंसक चरमपंथियों और आपराधिक समूहों द्वारा सोशल मीडिया का दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल है और इसे संयुक्त राष्ट्र अंतरक्षेत्रीय अपराध एवं न्याय अनुसंधान संस्थान (यूएनआईसीआरआई) ने बुधवार को जारी किया है।रिपोर्ट के अनुसार अपराधी और हिंसक चरमपंथी महामारी का इस्तेमाल नेटवर्क तैयार करने और सरकारों में लोगों के विश्वास को कमजोर करने के लिए कर रहे हैं और वे वायरस को हथियार बनाने की बातें कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आतंकवादी, हिंसक अतिवादी और संगठित आपराधिक समूहों ने कोरोना वायरस को ले कर साजिश की मनगढ़ंत कहानियां फैलाने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया है।रिपोर्ट में कहा गया, आईएसआईएल और अल-कायदा से जुड़े समूहों ने भी वायरस के संबंध में साजिश की मनगढ़ंत कहानियां फैलाईं और लोगों को बताया कि वायरस अल्लाह का सैनिक है और यह काफिरों और वर्षों से मुस्लिमों को नुकसान पहुंचाने वाले दुश्मनों को सजा दे रहा है। रिपोर्ट में उदाहरण देते हुए बताया गया है कि आईएसआईएल और अलकायदा ने दावा किया कि वायरस पश्चिम पर टूटा खुदा का कहर है।वहीं अल-शबाब ने कहा कि कोरोना वायरस का प्रसार देश पर हमला करने वाली ईसाई (क्रुसेडर) ताकतें और उनके हिमायती काफिर देश कर रहे हैं।रिपोर्ट के अनुसार ग्लोबल फतवा इंडेक्स ने कोविड-19 के संबंध में आईएसआईएस और अलकायदा से जुड़े समूहों के संदेशों की पहचान की। इनमें गैर-अधिकारिक फतवा भी शामिल हैं जिनमें कोरोना वायरस से संक्रमित आईएसआईएस सदस्यों से कहा गया था कि वे जैविक बम की तरह काम करें और संगठन के दुश्मनों में जान-बूझकर इसका प्रसार करें।

## चीन बढ़ते भारत को एक प्रतिद्वंद्वी मानता है : रिपोर्ट

**भाषा।** वाशिंगटन,

**अमेरिका के** विदेश मंत्रालय ने एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत के बढ़ते प्रभाव के चलते चीन उसे एक प्रतिद्वंद्वी मानता है और अमेरिका, उसके सहयोगियों तथा अन्य लोकतांत्रिक देशों के साथ उसकी रणनीतिक साझेदारी को बाधित करना चाहता है, ताकि विश्व महाशक्ति के रूप में वह अमेरिका को विस्थापित कर सके।अमेरिका में तीन नवम्बर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडन की जीत के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन से उन्हें सत्ता हस्तांतरण होने से पहले यह विस्तृत नीति दस्तावेज आया है जिसमें कहा गया है कि चीन क्षेत्र के कई देशों की सुरक्षा, स्वायत्तता और आर्थिक हितों को कमजोर कर रहा है।रिपोर्ट में कहा गया है, चीन भारत को एक प्रतिद्वंद्वी के तौर पर देखता है और अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया के साथ नई दिल्ली की रणनीतिक साझेदारी और अन्य लोकतंत्रों के साथ उसके संबंधों को बाधित करते हुए, उसे आर्थिक रूप से फंसा कर बीजिंग की महत्वाकांक्षाओं को समायोजित करने के लिए उसे बाध्य करने का प्रयास करता है। उसने कहा, चीन इस क्षेत्र में कई अन्य देशों की सुरक्षा, स्वायत्तता और आर्थिक हितों को कमजोर कर रहा है, जिनमें दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के सदस्य देश, जिनमें महत्वपूर्ण मेकोंग क्षेत्र, साथ ही प्रशांत द्वीप समूह के राष्ट्र शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की 70 पन्नों की रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका और दुनिया भर के देशों में जागरूकता बढ़ रही है, सत्तारूढ़ चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने महान शक्तियों की प्रतियोगिता के नए युग की शुरूआत कर दी है।

## अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने तिब्बत पर द्विदलीय प्रस्ताव पारित किया

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी प्रतिनिधि** सभा ने एक स्वायत्त तिब्बत के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को मान्यता देने तथा संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए द्विदलीय प्रस्ताव पारित किया है।प्रस्ताव में तिब्बत और तिब्बत के लोगों की वास्तविक स्वायत्तता और 14वें दलाई लामा द्वारा वैश्विक शांति, सद्भाव और तालमेल को बढ़ावा देने के लिए किए गए कार्यों के महत्व को मान्यता दी गई है।ध्वनी मत से पारित इस प्रस्ताव में निर्धारित गया है किया कि यह अंतरराष्ट्रीय संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान पर चर्चा करने के लिए कांग्रेस की एक संयुक्त बैठक या कैपिटल विजिटर सेंटर में टेलीकांफ्रेंस प्रसारण के माध्यम से द्विदलीय, द्विसदनीय सभा बुलाना या कांग्रेस के सदस्यों और दलाई लामा के बीच चर्चा के लिए फायदेमंद होगा। इसमें यह भी कहा गया है कि तिब्बत के लोगों के मानवाधिकारों और स्वतंत्रता एवं उनके विशिष्ट धार्मिक, सांस्कृतिक, भाषाई और राष्ट्रीय पहचान के संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त करने की उनकी आकांक्षाओं को द्विदलीय कांग्रेस का भरपूर समर्थन है।

प्रस्ताव में कहा गया कि दुनिया के 40 से अधिक देशों में 60,00,000 से अधिक तिब्बती हैं। कांग्रेस के सदस्य टेड योहो ने कहा, "यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि सदन ने तिब्बत की वास्तविक स्वायत्तता एवं दलाई लामा के काम को मान्यता देने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया है। अमेरिका ने तिब्बत के लोगों को उत्पीड़न से मुक्त करने के लिए सहयोगियों के साथ काम करना जारी रखा है।

## ट्रेंड बाजार

### जॉन अब्राहम ने दिया फिटनेस को प्रोत्साहन



**बॉलिवुड** अभिनेता जॉन अब्राहम ने सोशल मीडिया पर इस बात का प्रमाण प्रस्तुत किया है कि परिश्रम के बिना फिटनेस सुनिश्चित नहीं की जा सकती।

अपने एक पोस्ट में उन्होंने वर्कआउट के दौरान मांसपेशियां प्रदर्शित करते हुए फोटो साझा की और लिखा, 'मैं भीतर से मुस्कुरा रहा हूं।'

पिछले सप्ताह जॉन सोशल मीडिया पर फिटनेस के उत्सुक युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए अपने वर्कआउट सेशन के फोटो साझा किये थे।

अपने मूल इंस्टाग्राम खाते में उन्होंने फोटो साझा की जिसमें वो भार उठाते दिख रहे हैं। इसके अलावा भी उन्होंने अपनी बाइसेप्स और ट्राइसेप्स की श्वेत-श्याम फोटो भी संलग्न की थीं।

### हर फिल्म का होता है एक दर्शक वर्ग : भूमि पेडनेकर



अभिनेत्री भूमि पेडनेकर का कहना है कि हर फिल्म का एक निश्चित दर्शक वर्ग होता है। मेरे लिए महत्वपूर्ण बात है अपने कोर दर्शक वर्ग का मनोरंजन करना है। यदि फिल्म ऐसा करने में विफ्ल होती है तो फिल्म अपने उद्देश्य में असफ्ल मानी जा सकती है। कह सकती हूं कि मेरी हर फिल्म अपने निश्चित दर्शकों तक पहुंचने में सफ्ल रही और उन्हें फिल्म की कहानी अच्छी भी लगी और इस बात की मुझे विशेष प्रसन्नता है। फिल्म में हम प्राय: जीवन, समाज तथा महिला सशक्तीकरण आधारित कहानी ही प्रस्तुत करते आए हैं।'

### हेल्मेट न पहनने के लिए तापसी पन्नू का चालान



अभिनेत्री तापसी पन्नू ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो साझा की जिसमें वो मोटरसाइकल पर सवार दिखाई दे रही हैं। उनका कहना है कि उनका ये फोटो उस समय का है जब सड़क पर हेलमेट न पहने के कारण उनका चालान किया जा रहा था।

अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'हेल्मेट न पहनने के कारण चालान होने से ठीक पहले की फोटो!' रश्मि रॉकेट तापसी की आने वाली फिल्म है जो रण ऑफ कच्छ से दौड़ लगाने वाली एक लड़की की कहानी पर आधारित है। उसने ऐसा अपनी पहचान बनाने लिए किया था और बाद में वो एथलीन बनने में सफ्ल भी रही। फिल्म में उनके साथ अभिनेता प्रियांशु पेन्युली भी हैं जो उनके पति की भूमिका निभा रहे हैं।

### सेरेना ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बातों को स्वीकारा



गायिका सेलेना गोमेज़ का कहना है कि उनकी मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बात को तोड़मोड़ के प्रस्तुत किया गया था और इससे उन्हें बहुत क्रोध आया था। एक न्यूज़लेटर के लिए 'अपनी मां मैंडी टीफे के साथ एक साक्षात्कार में उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े संघर्ष का सार्वजनिक किया। उन्होंने कहा, 'मेरी कहानी को इतना तोड़ा-मोड़ा गया कि मुझे बहुत गुस्सा आया। जब मैंने सोशल मीडिया पर इसे साझा किया था उस समय मैंने कहा था 'यदि आप इसे मेरे से न सुने तो ये सच नहीं होगा' क्या मैंने किसी से इस बारे में मदद ली थी? जी हां ली थी। लेकिन इसके लिए मैं किसी भी प्रकार से लज्जित अनुभव नहीं करती। मुझे तो अच्छा लगा था और अब मुझे कई चीजों की समझ भी आ गई हैं।'




# एक संगीतमय यात्रा

**एनीमेटेड संगीतमय हास्य फिल्म 'ट्रोल्स वर्ल्ड टूअर' बड़े परदे के लिए बिलकुल तैयार है। इसके हिंदी संस्करण के लिए गायिका नीति मोहन भी अपना स्वर दिया है-**

**इस पूरे** साल लोगों को किसी न किसी प्रकार के संकट का सामना करना पड़ा है। ऐसे में दर्शकों को कुछ राहत प्रदान करने के लिए प्रस्तुत है हिंदी और अंग्रेजी में फिल्म 'ट्रोल्स वर्ल्ड टूअर' जो शीघ्र ही निकट के थियेटरों में देखने के लिए उपलब्ध होगी।

भारतीय दर्शकों के लिए वर्ष का सुखद अंत सुनिश्चित करने के लिए एनिमेटेड संगीतमय हास्य अत्यंत उपयोगी हो सकती है। इसमें गायिका नीति मोहन फिल्म के दूसरे भाग में मुख्य चरित्र पॉपी को अपना स्वर देंगी जबकि इसके अंग्रेजी संस्करण में ये दायित्व निभाएंगी एना केंड्रिक। इसमें नीति तीन गाने भी गाएंगी – कोई गीत गाओ, इस पल को जियो तथा ट्रोल्स तो करेंगे फ्न'।

फिल्म में अपने स्वर देने के बारे में बताते हुए नीति कहती हैं, 'पॉपी पूरी दुनिया में ये संदेश प्रसारित करता है कि हर लड़की एक रानी होती है। वो स्वतंत्र विचार वाली लड़की है जो कुछ भी असंभव नहीं मानती। दर्शकों को भी इस चरित्र से बहुत प्रेरणा मिलती है। यही कारण है कि पॉपी मोहन बनने का अवसर मिलना एक उपलब्धि मानती हूं।

इसकी डबिंग भी एक चुनौतीपूर्ण काम था क्योंकि एक भाषा के गाने दूसरी भाषा में रिकॉर्ड करना कठिन कार्य होता है। लेकिन ये काम बहुत तेजी से हो गया और तीनों गाने अच्छे ढंग से पूरे हो गए। मेरा तो मानना है कि मेरा ये अनुभव सदा मेरे मन-मस्तिष्क में छाया रहेगा।'

फिल्म के बारे में टिप्पणी करते हुए एनबीसी यूनिवर्सल मीडिया एलएलसी के महाप्रबंधक नितिन बिकचंदानी ने बताया, 'इस फिल्म की कॉमेडी तथा संगीत के कारण ही इसे एक विशेष स्थान प्राप्त है, विशेष रूप से भारतीय बाजार में। इसके प्रथम भाग को दर्शकों का असीम प्यार मिला था और अब दूसरे भाग को तो लोग हाथों हाथ लेंगे, ऐसा प्रतीत होता है। मैं तो ये ही कहूंगा कि फिल्म के लिए इतनी लंबी प्रतीक्षा व्यर्थ नहीं जाएगी।'

इसका निर्देशन किया है निर्देशक वॉल्ट डॉर्न ने जो ट्रोल्स् के सहनिर्देशक भी रहे हैं जबकि निर्माण किया है जिना शाय ने। इसके सहनिर्देशक हैं डेविड पी स्मिथ और सहनिर्माण किया है केली कूनी सिलेला ने। इन दोनों ने इसके प्रथम भाग ट्रोल्स में भी काम किया था।

(फिल्म का 19 नवंबर को रिलीज़ होना संभावित है)

# चैंपियन की कहानी

**बीइंग सेरेनाः सेरेना विलियम्स के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंटरी**



**स्पोर्ट्स डॉक्यूमेंट्री** की बात करें तो 'बीइंग सेरेना' महान टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स के जीवन पर एक गहन और सटीक अंतदृष्टि सुनिश्चित करती है। डिस्कवरी प्लस चैनल की इस बार एमी पुरस्कार प्राप्त वृत्तचित्र प्रसारित करने की योजना है जिसमें पूर्व विश्व टेनिस चैंपियन सेरेना विलियम्स के जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। इसका शीर्षक है 'बीइंग सेरेना'। इस पांच एपिसोड वाले वृत्तचित्र को एचबीओ स्पोर्ट्स तथा आइएमजी ऑरिजिनल कंटेंट ने बनाया है और इसमें सेरेना के जीवन के उन प्रकरणों को शामिल किया गया है जिनके कारण उनके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला। इसमें उनके प्रोफेशनल और पर्सनल जीवन, जिसमें उनकी गर्भावस्था, मां बनना और खेल में दुबारा से वापसी करना आदि शामिल किये गए हैं। सेरेना की सफलता को आप केवल उनके द्वारा 23 एकल ग्रैंडस्लैम तथा कुल मिलाकर 39 ग्रैंडस्लैम तथा चार ओलंपिक मेडल जीतने तक ही सीमित नहीं कर सकते। मां बनने के बाद कोर्ट पर लौटने पर भी वो शीर्ष पर पहुंची और 2018 और 2019 में ग्रैंडस्लैम फाइनल तक की उपलब्धि अर्जित की। जब वो खेल नहीं रहती होती हैं तो अल्पसंख्यक और महिलाओं की प्रगति में वित्त उपलब्ध कराकर सहयोग करती हैं। इसके लिए उनका संगठन वीसी सेरेना वेंचर्स सक्रिय रहता है। इस अवसर पर बोलते हुए सेरेना ने कहा, ' ये वृत्तचित्र मेरे हृदय के अत्यंत निकट अनुभव होता है क्योंकि इसमें मेरे जीवन के कुछ अविस्मरणीय क्षणों को बहुत सच्चाई से प्रस्तुत किया है। ये एक प्रकार से उन सभी महिलाओं के लिए एक श्रद्धांजलि है जो मां बनने के बाद भी अपने कार्यक्षेत्र में वापसी करने में सफ्ल रहती हैं। मैं बहुत रोमांचित हूं कि भारत में मेरे प्रशंसक भी मेरी कहानी को देख पाएंगे।'

भारत में इसके लॉन्च होन पर बोलते हुए डिस्कवरी के एपीएसी के डिजिटल हेड आइज़ैक जॉन ने कहा, 'सेरेना न केवल एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं बल्कि उन्होंने कोर्ट के बाहर भी अनुकरणीय जीवन जिया है। यही कारण है कि वो वास्तविक जीवन की नायिका भी हैं। उनके प्रदर्शन से केवल टेनिस प्रशंसक ही प्रेरणा नहीं प्राप्त करते बल्कि सभी उनके जीवन से सीख ले सकते हैं। हम इस जीवित दिग्गज खिलाड़ी के जीवन की कहानी भारतीय दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत करके प्रसन्नता का अनुभव करते हैं।'

ग्रैंडस्लैम में उनकी सफ्लता के अलावा भी उन्हें कई दूसरे पुरस्कार भी मिले हैं जिनमें 2015 में स्पोर्ट्स इलस्ट्रेटेड स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द इयर तथा 2002 से लेकर 2015 तक चार बार एसोसियेटेड प्रेस फीमेल एथलीट ऑफ द इयर पुरस्कार मिलना भी शामिल है।

# पंकज उधास अब मचाएंगे हंगामा

**मशहूर ग़ज़ल गायक ने ऑनलाइन कार्यक्रम द ग़ज़ल सिम्फनी के लिए हंगामा कंपनी से मिलाया हाथ**






**लखनऊ।** डिजिटल मनोरंजन प्रदान करने वाली भारत की प्रमुख कंपनी, हंगामा ने जाने-माने ग़ज़ल गायक पद्मश्री पंकज उधास के साथ एक संगीत के एक ऑनलाइन कार्यक्रम द ग़ज़ल सिम्फनी को सीधा प्रसारित करने के लिए साझेदारी की है। यह संगीतमय आयोजन पेरेंट्स एसोसिएशन थैलेसेमिक यूनिट ट्रस्ट का धन जुटाने के लिए आयोजित किया जानेवाला वार्षिक कार्यक्रम है जो थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के इलाज के लिए पैसे इकठ्ठा करने का काम करता है। शारीरिक दूरी बनाए रखने के मौजूदा मानदंडों को ध्यान में रखते हुए इस संगीत कार्यक्रम का इस साल ऑनलाइन आयोजन किया जा रहा है और इसे शनिवार 21 नवंबर 2020 को शाम 8.30 बजे हंगामा म्युज़िक और हंगामा प्ले पर सीधा प्रसारित किया जायेगा। यह हंगामा म्यूज़िकए बॉलीवुड हंगामा और हंगामा आर्टिस्ट अलाउडके फेसबुक पेजों पर भी प्रसारित होगा। इसके अलावा संगीत का यह कार्यक्रम हंगामा के विस्तारित सहयोगी नेटवर्क पर सीधा प्रसारित किए जाने के लिए भी उपलब्ध होगा। द ग़ज़ल सिम्फनी को दीपक पंडित द्वारा तैयार किया गया है और परफेक्ट हार्मनी प्रोडक्शंस द्वारा इसका निर्माण किया गया है। इस संगीतमय कार्यक्रम के बारे में बताते हुए हंगामा डिजिटल मीडिया के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी नीरज रॉय ने कहा कि भारत के एक बेहतरीन संगीतकार पंकज जी के साथ काम करके हमें हमेशा खुशी होती है। द ग़ज़ल सिम्फ्नी जिस उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है वो इसे और भी ज़्यादा खास बनाता है। इस जैसे नेक काम का हिस्सा बनकर हम सम्मानित महसूस कर रहे हैं और हमें पूरा विश्वास है कि दर्शक न केवल पंकज जी के दिल को छू लेने वाले संगीत का आनंद लेंगेए बल्कि पैसे इकठ्ठा करने के लिए किए जाने वाले इस काम के लिए अपना सहयोग देंगे।

# प्रभास, सैफ अली खान की फिल्म आदिपुरुष अगस्त 2022 में रिलीज होगी



**मुंबई।** फिल्म निर्माता ओम राउत के निर्देशन में बनने वाली अगली फिल्म आदिपुरुष 11 अगस्त 2022 को देश के सिनेमाघरों में दस्तक देगी, जिसमें तेलुगु स्टार प्रभास और बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

भूषण कुमार की टी-सीरीज के सहयोग से बनने वाली यह बहुभाषी फिल्म भारतीय महाकाव्य रामायण का एक ऑनस्क्रीन रूपांतरण है और इसमें ैबाहुबलौ स्टार को भगवान राम के रूप में चित्रित किया जाएगा, जबकि खान लंकेश की भूमिका निभाएंगे। आदिपुरुषै फिल्म ैबुराई पर अच्छाई की जीतै के बारे में है राउत की पिछली ब्लॉकबस्टर फिल्म ैतानाजी: द अनसंग वॉरियरै थी, जो इस साल जनवरी में रिलीज़ हुई थी। राउत और प्रभास दोनों ने सोशल मीडिया पर फिल्म की रिलीज तारीख और इसके आधिकारिक लोगो को साझा किया। फिल्म, जो वर्तमान में प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है, जनवरी 2021 में इसकी शूटिंग शुरू होगी। हिंदी और तेलुगु में शूट होने के लिए, आदिपुरुष को तमिल, मलयालम, कन्नड़ और कई अन्य विदेशी भाषाओं में डब किया जाएगा।







# आमिर खान ने सिनेमाहाल में देखी सूरज पे मंगल भारी

**मुंबई।** सिनेमाहाल में फिल्मों की रिलीज का समर्थन करते हुए बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान मनोज बाजपेई-दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म सूरज पे मंगल भारी देखने सिनेमाहाल पहुंचे ।मंगलवार को फिल्म की स्क्रीनिंग के पहले एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि वे बड़े पर्दे पर फिल्म देखने को लेकर काफी उत्साहित हैं। अपने बेटी इरा के साथ फिल्म देखने पहुंचे अभिनेता ने कहा, लॉकडाउन में हम सभी अपने लैपटॉप पर फिल्में देख रहे थे। अब मैं बड़े पर्दे पर फिल्म देखने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, मैं फिल्म के बारे में बहुत कुछ अच्छा सुन रहा था। लोग दिलजीत और मनोज के अभिनय की काफी तारीफ कर रहे थे। फिल्म की पूरी टीम और सभी सिनेमाहालों को मेरी शुभकामनाएं। सुरक्षित रहें। महाराष्ट्र सरकार ने पांच नवंबर को निषिद्ध क्षेत्रों के बाहर सभी सिनेमाहाल, थिएटर और मल्टीप्लेक्स खोलने की अनुमति दे दी थी। फिल्म सूरज पे मंगल भारी में बाजपेई और दिलजीत के अलावा फातिमा सना शेख भी नजर आएंगी। फिल्म 15 नवंबर को रिलीज हुई।

# ओबामा की किताब ए प्रॉमिस्ड लैंड बिक्री का नया रिकॉर्ड बनाने को तैयार




**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की किताब ए प्रॉमिस्ड लैंड की अमेरिका और कनाडा में पहले 24 घंटे में 8,90,000 प्रतियां बिकी और इसके साथ ही यह आधुनिक इतिहास में सबसे अधिक बिकने वाला राष्ट्रपति संस्मरण बनने को तैयार है। पहले दिन हुई बिक्री पेंगुइन रैंडम हाउस के लिए रिकॉर्ड है, जिसमें किताब को खरीदने के लिए पहले हुई बुकिंग, ई-बुक और ऑडियो की बिक्री भी शामिल है। पेंगुइन रैंडम हाउस के प्रकाशक डेविड ड्रेक ने कहा, हम पहले दिन की बिक्री से खुश हैं। उन्होंने कहा, यह उस व्यापक उत्साह को दर्शाता है, जो पाठकों को (पूर्व)राष्ट्रपति ओबामा की बहुप्रतीक्षित पुस्तक के लिए था।

> पहले दिन इसकी 50, 000 से अधिक प्रतियां बिकी और 10 दिन में 10 लाख प्रतियां बिकने की उम्मीद है। ओबामा के 768 पृष्ठों के संस्मरण की कीमत 45 डॉलर है।

ए प्रॉमिस्ड लैंड अभी एमेजन और बार्न्स एंड नोबल (डॉट कॉम) पर शीर्ष पर है बार्नस एंड नोबल के सीईओ जेम्स डोंट ने कहा कि पहले दिन इसकी 50, 000 से अधिक प्रतियां बिकी और 10 दिन में 10 लाख प्रतियां बिकने की उम्मीद है। ओबामा के 768 पृष्ठों के संस्मरण की कीमत 45 डॉलर है। किताब ए प्रॉमिस्ड लैंड में ओबामा ने 2008 के चुनाव प्रचार अभियान से लेकर राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले कार्यकाल के अंत में एबटाबाद (पाकिस्तान) में अलकायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को मारने के अभियान तक की अपनी यात्रा का विवरण दिया है। इस किताब के दो भाग हैं, जिनमें से पहला मंगलवार को दुनियाभर में जारी हुआ।

स्नातक चुनाव की तैयारी

# मतदान के लिए पोलिंग अफसर तैनात



संवाददाता। सीतापुर

**स्नातक**- शिक्षक एमएलसी चुनाव में मतदान के लिए रिजर्व समेत 316 कर्मचारियों की ड्यूटी लगेगी। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में एक पीठासीन व तीन मतदान कर्मचारी तैनात किए गए हैं। ये कर्मचारी बूथों पर सकुशल मतदान को संपन्न कराएंगे। प्रदेश में स्नातक-शिक्षक एमएलसी का कार्यकाल छह मई 2020 को खत्म हो चुका है। नए कार्यकाल के गठन के लिए चुनावी प्रक्रिया अपनाई जानी थी। लेकिन दुनिया-देश में कोरोना संक्रामण ने अपने पांव पसर दिए। ऐसे में मजबूरन आयोग को ये चुनावी प्रक्रिया बीच में ही रोकनी पड़ी। कोरोना वायरस का प्रकोप थमने के बाद बारह नवंबर तक नामांकन प्रक्रिया अपनाई गई। नाम वापसी के बाद लखनऊ खंड स्नातक एमएलसी के लिए 24 व शिक्षक एमएलसी के लिए 12 उम्मीदवार मैदान में है। इन पदों के लिए एक दिसंबर को मतदान होगा। सीतापुर में दोनों पदों पर मतदान के लिए 67 बूथ बनाए गए हैं। प्रत्येक बूथ पीठासीन समेत चार कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान कार्मिक प्रभारी, डीडीओ राकेश कुमार पांडेय के मुताबिक लखनऊ खंड के स्नातक, शिक्षक एमएलसी चुनाव में 67 बूथ बनाए गए हैं। इनमें स्नातक के 50 व शिक्षक के 17 बूथ शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में मतदान के लिए गठित रिजर्व समेत 79 पोलिंग पार्टियों में 316 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। प्रत्येक पार्टी में एक पीठासीन समेत चार कर्मचारी शामिल हैं।

## मतदान कराने को सीखीं बारीकियां

● **जीआईसी में दो शिफ्ट में हुए प्रशिक्षित**

**लखनऊ** खंड स्नातक- शिक्षक चुनाव में मतदान कार्मिकों ने प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण में अफ्सरों ने पीठासीन समेत अन्य मतदान अफ्सरों को बारीकियां सिखाईं। उन्हें यह भी बताया कि वो किस प्रकार से निष्पक्ष मतदान करा सकते हैं। प्रदेश में स्नातक.शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए सीतापुर जिले में 67 बूथ बनाए गए हैं, इनमें स्नातक के 50 व शिक्षक के 17 बूथ शामिल हैं। इस चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए गठित 79 पोलिंग पार्टियों में 316 मतदान कर्मचारी तैनात किए गए हैं। गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज ने मतदान कर्मचारियों को निष्पक्ष मतदान कराने की नसीहत दी। कहा कि वे मेहनत और लगन के साथ ध्यान लगाकर मतदान का प्रशिक्षण लें। जिससे कि वोटिंग के समय कोई भी बाधा न उत्पन्न होने पाए। उन्होंने यह भी कहा कि वो निष्पक्ष तरीके से मतदान संपन्न कराएं। प्रशिक्षण में प्रशिक्षण प्रभारी सुशील कुमार श्रीवास्तव ने लखनऊ खंड स्नातक- शिक्षक चुनाव के लिए मतदान कर्मचारियों को निष्पक्ष मतदान के टिप्स दिए। जिला प्रशिक्षण अधिकारी एसके सिंह ने बताया कि पीठासीन समेत मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया है। सभी को कर्तव्य बोध व दायित्व बतलाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि द्वितीय प्रशिक्षण 24 नवंबर को दिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक दिसंबर को मतदान होगा। जबकि उसके एक दिन पहले यानी 29 नवंबर को आरएमपी इंटर कॉलेज से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा।

## प्रशिक्षण में गैरहाजिर रहे 15 मतदानकर्मी

**एमएलसी** चुनाव के पीठासीन अधिकारियों को चुनाव आयोग के निर्देषों की घुट्टी पिलाई। जीआईसी सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में आयोग के निर्देशों के पालन में किसी भी स्तर पर कोताही नहीं करनी है। उन्होंने बैलेट से चुनाव होगा, इस लिए जिम्मेंदार और बढ़ जाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड प्रोटोकॉल के अनुपालन भी सुनिश्चित करना है। एडीएम विनय कुमार पाठक, डीडीओ राकेश कुमार पाण्डेय, जिला प्रशिक्षण अधिकारी एसके सिंह आदि मौजूद रहे। प्रशिक्षण में 15 मतदानकर्मी गैरहाजिर रहे। इसमें 5 पीठासीन भी शामिल हैं।

# स्नातक एमएलसी चुनाव में कूदे 24 उम्मीदवार

● **फिर मैदान में स्नातक एमएलसी कांति सिंह**

संवाददाता। सीतापुर

**कोरोना** संकट के दौर में पहली दफा हो रहे लखनऊ खंड के स्नातक एमएलसी चुनाव में अब उम्मीदवारों की तस्वीर साफहो गई। नाम वापसी के बाद स्नातक पद के लिए एक बार फिर मौजूदा एमएलसी कांति सिंह मैदान में हैं। इनके अलावा 23 प्रत्याशी चुनावी समर में हैं। सभी उम्मीदवार जनादेश लेने को मतदाताओं के बीच पहुंच गए हैं और माहौल बनाकर अपने पक्ष में मतदाताओं को आकर्षित करने में जुट गए हैं। इस बार निवर्तमान विधायकों और सत्ताई भाजपा उम्मीदवारों के बीच कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है, हालांकि सपा और कांग्रेस के प्रत्याशी त्रिकोणीय लड़ाई बनाने में जुटे हैं। लखनऊ खंड स्नातक और शिक्षक एमएलसी की एक-एक सीट हैं। यहां स्नातक से कांति सिंह एवं शिक्षक से उमेश द्विवेदी एमएलसी हैं। दोनों ही निर्दल हैं। इनका कार्यकाल छह मई 2020 को खत्म हो चुका है। इनके कार्यकाल समाप्ति से पहले गठन प्रक्रिया होनी थी। इसके लिए आयोग द्वारा चुनावी प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन तभी देश-दुनिया में फैले वैश्विक कोरोना वायरस के चलते चुनाव आयोग को बीच में ही इसे रोकना पड़ा। कोरोना संक्रमण थमने के बाद आयोग ने दोबारा चुनावी प्रक्रिया शुरू की। बारह नवंबर को नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। ऐसे में स्नातक के 24 उम्मीदवार मैदान में हैं।

### भ्रमित करने को एक नाम के कई दावेदार

**स्नातक** एमएलसी चुनाव में वोटरों को दिग्भ्रिमित करने को दावेदारों ने कई दांव पेंच चलाए हैं। जीत हांसिल करने को इस चुनाव में एक नाम के कई-कई उम्मीदवार उतारे हैं। जिससे कि वो वोटर देते समय नामों में कंफ्यूज हो जाए और वोट बंट जाए, ताकि उनकी जीत आसान बन सकें।

### ये करेंगे मतदान

**लखनऊ** खंड स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए एक दिसंबर को मतदान होगा। इस पद के लिए सीतापुर में 39778 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। ये सभी ग्रेजुएट मतदाता हैं।

### इन जिलों में पड़ेंगे वोट

**लखनऊ** खंड निर्वाचन सीट के लिए राजधानी के अलावा रायबरेली, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर, बाराबंकी और प्रतापगढ़ शामिल हैं।

### माउजर के अलावा करोड़ों की सम्पत्ति



कान्ती सिंह

कान्ति सिंह साफसुथरी छवि वाली हैं। कोई मुकदमा दर्ज नहीं है। सुरक्षा के लिए माउजर रखती हैं। गाड़ी बोलेरो है। पति के पास बीएमडब्ल्यू है। शपथ पत्र के अनुसार उनके पास 800 और पति के पास 250 ग्राम सोना है। नकदी एक लाख 10 हजार और पति एसपी सिंह के पास 55 हजार 800 रुपए है। बैंक में 95 लाख 77 हजार और पति के खाते में 1 करोड़ 17 लाख 86 हजार रुपए हैं। निवेश कांति एसोसिएट्स, होटल हरशिखर, गरिमा प्रिंटर्स पम्ब्लिकेशन, कॉसकॉन पब्लिकेशन और श्रीराम लाल शीत गृह में है। कुल मिलाकर कान्ति सिंह और उनके पति करीब 44.49 करोड़ की चल अचल सम्पत्ति के मालिक हैं।

### स्नातक में इन्होंने लगाया दांव



अवनीश पटेल सिंह | ब्रजेश सिंह | रामसिंह राणा

**भाजपा** से इंजी. अवनीश कुमार सिंह, कांग्रेस से बृजेश कुमार सिंह, सपा से राम सिंह राणा, वकील अहमद अंसारी, नीलम सरोज, पंडित मनीष महाजन, अजय कुमार श्रीवास्तव, अवनीश कुमार, आशीष कुमार आर्य, एजाज अहमद नकवी, कांति कुमार, कांती सिंह पत्नी एसपी सिंह, क्रांति सिंह, चंद्रमणि सिंह, जगजीवन सिंह, बाबा हरदेव सिंह, बृज किशोर शुक्ला बीके शुक्ला, मनोज कुमार वर्मा, मोहम्मद रिजवान, विजय कुमार सिंह, श्रवण कुमार त्रिपाठी, डॉ. सत्येंद्र कुमार पांडेय, सुरेंद्र कुमार गौतम, हरीश कुमार शुक्ला।

### राजनीति में भी किस्मत आजमा रहे रिटायर अफसर

**पहले** अफ्सरों ने सरकारी सेवाएं दी। अब रिटायर होने के बाद वो राजनीति में अपनी किस्मत आजमाने को स्नातक एमएलसी चुनाव में कूदे पड़े हैं, इनमें सेवानिवृत्त पीसीएस अफ्सर बाबा हरदेव सिंह व विजय कुमार सिंह शामिल हैं। बाबा हरदेव सिंह पीसीएस एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### सपा के रामसिंह राणा को जिताने की अपील

**समाजवादी** पार्टी कार्यालय पर लखनऊ स्नातक खंड चुनाव की तैयारियों हेतु समाजवादी के चारों यूथ फ्रंटलों के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं से संवाद करने हेतु समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव ने बैठक ली। बैठक में दिग्विजय सिंह देव ने कार्यकर्ताओं से बात करते हुए चुनाव से संबंधित जानकारी दी प्रत्याशी राम सिंह राणा को विजय करने के लिए पूरी ताकत से लगने का आवाहन किया। इस बैठक की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष छत्रपाल यादव जी ने की अंकित त्रिवेदी,रॉबिन यादव,अखिलेश यादव,असद अराफात, रिजवान अहमद, अरशद खान, समीर गाजी,मसूद आलम, संदीप कश्यप,अमरजीत यादव, निहाल, पंकज यादव, सुशील रावत, राजवीर सिंह, अमरेंद्र यादव, शिवेंद्र यादव सुशील, हैप्पी,मन्नू, समीर राइन,मुनीश गाजी,नदीम,गुफरान अली,धीरेंद्र यादव व भारी संख्या मे यूथ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा स्नातक एमएलसी प्रत्याशी ने किया जनसम्पर्क

**भाजपा** स्नातक एमएलसी प्रत्यासी अवनीश सिंह रस्सौरा स्थित रीजेंसी डिग्री कॉलेज में एक बैठक के दौरान स्ववित्त पोषित महाविद्यालय एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश त्रिवेदी की मौजूदगी में भाजपा प्रत्यासी को समर्थन देते हुए जिताने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर स्नातक एमएलसी प्रत्याशी अवनीश सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाकर शिक्षा को रोजगार से जोड़कर लोगो को आत्म निर्भर बनाने का काम किया है। वही लहरपुर, बेहटा ब्लॉक में भाजपा पिछड़ावर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, सीतापुर सांसद व चुनाव प्रभारी राजेश वर्मा ने स्नातक व शिक्षक एम एल सी प्रत्याशियो को जिताने के लिए मतदाताओं से पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संपर्क किया। जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, स्नातक एमएलसी चुनाव जिला संयोजक राजेश शुक्ला आदि ने जनसम्पर्क किया।

## क्विक न्यूज

### पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

**सीतापुर।** इंदिरा गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसी जिला पार्टी कार्यालय पर जुटे। जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, शहर अध्यक्ष संतोश भार्गव, उपाध्यक्ष राज किशोर सिंह, मंजरी राही, जमुना प्रसाद शर्मा, सतीश अग्निहोत्री, आमोद मिश्रा, जेपी शुक्ला, चोक्ष विभु अवस्थी, अमित मिश्र, राजीव शर्मा, धीरेंद्र सिंह, मीना मिश्रा, पुष्पेंद्र सिंह चौहान, जमुना प्रसाद शर्मा, हारुन अंसारी, ओम प्रकाश मिश्रा, श्रीष शुक्ला, जावेद अख्तर, रामपाल यादव, प्रमोद सिंह, नवीन, तारिक फारूकी, जमील अहमद खान, अनुज सिंह चौहान, संजय कुमार सनी, उपदेश गुप्ता, मुनींद्र अवस्थी आदि ने पूर्व पीएम के चित्र पर पुश्पार्चन किया। कार्यकर्ताओं ने आयरन लेडी के व्यक्तित्व को भी याद किया।

### आज बच्चों से रूबरू होंगे अफसर

**सीतापुर।** अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस पर जिले के अफ्सर शुक्रवार को किशोरी की सुरक्षा व मानसिक स्वासथ्य आदि मुददों पर बच्चे व किशोर सीधा संवाद कायम करेंगे। उनका यह संवाद मिशन शक्ति अभियान के तहत होगा। पंचायत स्तर पर बाल अध्धिकार विषयक पर क्विज प्रतियोगिता भी होगी। जिला स्तर पर शक्ति संवाद का शुभारंभ जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज व पुलिस अधीक्षक व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। बच्चों के अधिकार पर पंचायत स्तर पर क्विज व प्रतियोगिता का आयोजन होगा। हर जिले से एक किशोर व एक किशोरी को चयनित जिलाधिकारी के कैम्प कार्यालय स्थित हेल्पलाइन पर बच्चों की समस्याओं को सुनकर उनको परामर्श देने का काम किया जाएगा। फेसबुक पर भी अधिकारियों की अध्यक्षता में लाइव सत्र का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शिक्षक, ग्राम प्रधान, किशोर, अभिभावक एवं मार्ग दर्शक के रूप में विशेषज्ञों को जोड़ा जाएगा। बाल गृह, आश्रम शाला आदि में बच्चों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की जाएगी।

### व्यावसायिक वाहन चालकों को दिया गया प्रशिक्षण

**सीतापुर।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के दूसरे दिन जिला प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद के सभाकक्ष में सेव लाइफ फाउण्डेशन के सहयोग से व्यवसायिक वाहन चालको को सोशल डिस्टेन्सिंग रखते हुए ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम डिपो सीतापुर व अन्य बस व ट्रक चालको सहित 26 व्यवसायिक वाहन चालको ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एआरटीओ (प्रवर्तन) डा. उदित नारायण द्वारा सड़क सुरक्षा के 10 सुनहरे नियमो की जानकारी देते हुए हेलमेट सुरक्षा का ताज, सीटबेल्ट सुरक्षा गांठ, तेज गति करे दुर्गति, मोबाइल संग ड्राईविंग कभी नही, नशा नींद में ड्राईविंग नही, यू टर्न सुरक्षित टर्न, जेब्रा क्रासिंग सुरक्षित क्रासिंग, सेव बोर्डिंग, नो ओवर लोडिंग सहित अन्य यातायात नियमो के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी व चालको को उनके पालन हेतु प्रेरित किया गया। यात्रीकर अधिकारी षैहपर किदवई द्वारा गुड सेमिरिटन लॉ के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए बताया गया कि अब सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की बेझिझक मदद करें। कार्यक्रम में उपस्थित चालको को पम्फ्लेट भी बाटें गये। प्रवर्तन कार्यवाही में 58 वाहनों का चालान किया गया। अभियान में प्रवर्तन कर्मी आदित्य कुमार, कपूर गौंड, अजय कुमार, सुषील कुमार, राजीव कुमार, आदि भी मौजूद रहे।

### पकड़ी गई 1,200 लीटर कच्ची शराब

**सीतापुर।** जिले में भारी मात्रा में शराब कच्ची षराब पकड़ी है। पुलिसिया कार्रवाई में बरामद 1,200 लीटर कच्ची शराब आगामी पंचायती चुनावों की तस्वीर बताने के काफी है। तस्कर बड़ी मात्रा में कच्ची षराब बनाने के फिराक में थे इसकी गवाही नष्ट की गई 6 हजार लीटर लहन दे रही है। सर्वाधिक 250 लीटर कच्ची शराब मछरेहटा पुलिस ने पकड़ी है। थान गांव पुलिस ने 160 लीटर कच्ची षराब जब्त की है। महमूदाबाद पुलिस के हत्थे 140 लीटर शराब लगी है। इसके अलावा सदरपुर पुलिस ने 100 लीटर, थाना रामकोट पुलिस ने 80 लीटर, पिसावां ने 60 लीटर, नगर कोतवाली पुलिस ने 50 लीटर, थाना संदना पुलिस ने 45 लीटर, थाना रामपुरमथुरा पुलिस ने 47 लीटर, थाना कमलापुर पुलिस, कोतवाली मिश्रिख, थाना मानपुर ने 40-40 लीटर शराब पकड़ी है। थाना खैराबाद, कोतवाली बिसवां, थाना सकरन में 30-30 लीटर कच्ची शराब पकड़ी गई है। इसके अलावा शराब पकड़ने वाले थानों की सूची में थाना महोली, हरगांव, इमलिया सुल्तानपुर, लहरपुर, तालगांव, रेउसा, सिधौली, अटरिया व रामपुरकला षामिल है। पकड़े गए 61 अभियुक्तों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

### सकरन में नसीर, पहला में राजेन्द्र बने अध्यक्ष

**सीतापुर।** बीआरसी सकरन व बेहटा में प्रा.शि. संघ ने अधिवेशन का आयोजन किया। इसमें संघ के ब्लाक अध्यक्षों का चुनाव किया गया। नसीर अहमद प्राथमिक शिक्षक संघ सकरन के अध्यक्ष बने। उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंदी योगेन्द्र चौधरी को भारी मतों से हराया है। नसीर ने 308 वहीं योगेंद्र सिर्फ 54 मत ही मिले। महिपाल सिंह, देवेन्द्र कुमार सिंह, महेन्द्र पाण्डेय व सोफियान ने पर्यवेक्षण किया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रमोद तिवारी को मंत्री मनोनीत किया है। बीआरसी पहला पर पर शिक्षक संघ के चुनाव को लेकर गहमागहमी रही। 234 मत पाकर राजेन्द्र प्रसाद वर्मा अध्यक्ष बने। निकटतम प्रतिद्वंदी शिव प्रकाश को 188 मत मिले। गिरजेश अवस्थी, उमेश यादव, उमेश वर्मा व अजय मिश्रा ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई।

एक साथ तीन शस्त्र लाइसेंस रखने वाले धारको के विरूद्ध प्रशासन ने की कार्रवाई

## राजा-रानी समेत पूर्व मंत्री, सांसद, विधायक को नोटिस

● **शासन के फरमान पर 12 दिसम्बर तक करने होंगे जमा**



संवाददाता। सीतापुर

**एक साथ** तीन शस्त्र रखने वाले लाइसेंस धारकों को एक शस्त्र जमा करने का नोटिस जारी किया गया है जिसमें खास बात यह है कि सूची में शामिल सभी बड़े नाम हैं। राजा महमूदाबाद राजा आमिर मोहम्मद खान और रानी विजया खान, राजकुमार दिनेश प्रताप सिंह, दिवाकर प्रताप सिंह, रानी यदुनंदनी देवी, विजय राज लक्ष्मी, पूर्व मंत्री रामहेत भारती, पूर्व सांसद जर्नादन मिश्र, पूर्व विधायक बालगोंविंद राजवंशी, अजीत कुमार, पूर्व प्रमुख राकेश यदाव, व्यापारी नेता संजीव अग्रवाल, रामेश्वरी प्रकाश सिंह, जफर रिजवी, दानिश अंसारी, जेई नगर पालिका विनोद शुक्ल व संदीप मिश्र को 12 दिसम्बर तक एक-एक शस्त्र लाइसेंस जमा करने की नोटिस जारी की गई है। शस्त्र जमा कराने के लिए बहुत ही कम दिन बचे हैं। मजे की बात यह है कि जिले में कितने लोगों के पास तीन-तीन असलहा हैं इसका प्रशासन के पास डाटा तक नहीं है। असलहा बाबू मिथिलेश कहते हैं कि छटनी की जा रही है, जो मिल रहे हैं उन्हें नोटिस जारी हो रही हैं। ऐसे में 12 दिसम्बर तक शासन के फरमान को प्रशासन कैसे अमली जामा पहनाएगा, यह सवाल उठना लाजिमी है।

### कस्बे में जलभराव से राहगीर परेशान, जिम्मेदार अंजान

संवाददाता। जहांगीराबाद सीतापुर

**टिंबर वेलफेयर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन**

**जहांगीराबद**-बजेहरा मार्ग पर जलभराव क्षेत्र के लोगों के लिए समस्या का सबब बना है। इस समस्या के निदान के लिए जहांगीराबाद टिंबर वेलफेयर एसोसिएषन ने सीएम को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम बिसवां संतोश कुमार को दिया है। ज्ञापन में कस्बे की सफाई कराने और जंहगीराबाद चौराहे की टूट पुलिया बनवाए जाने की मांग भी की गई। 15 दिनों के अंदर मांगे न पूरी होने पर बेमियादी धरना देने की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष इकराम बाबा, महामंत्री राकेश कुमार नन्द, आलोक अवस्थी, सिद्धार्थ शंकर बाजपेयी, शाहबाज, ,विपांशु , इश्तियाक, अनवार, शाकिब, संतोष आदि षामिल रहे।

### 80 वर्षीय बुजुर्ग से लूट

**सीतापुर।** थाना रेउसा इलाके के मुख्य चौराहे पर स्थित आर्यावृत ग्रामीण बैंक में पैसा निकालने आए 80 वर्षीय बुजुर्ग को टप्पेबाजों ने चूना लगा दिया। पीड़ित रामगुलाम निवासी अकसोहा के अनुसार वह खेत खरीदने के लिए बैंक से 80 हजार रूप्ये निकालने आया था और बैंक से बाहर निकलते ही अज्ञात टप्पेबाज ने खेत विक्रेता कमलेश तिवारी का नाम बताकर उससे 40 हजार की नकदी पार कर दिया। विवेचक एसआई राजबहादुर के अनुसार पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच कर आवष्यक कार्रवाई की जाएगी।

## स्थापना काल से ही नारियों को आगे बढ़ा रहा है एबीवीपी : अपर्णा मिश्रा

● **रानी लक्ष्मीबाई जयंती पर सीता इण्टर कालेज में हुआ छात्रा सम्मेलन**

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर



महमूदाबाद-सम्बोधित करती अपर्णा मिश्रा — पायनियर

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही स्त्रियों को सम्मान दे रहा है उन्हें आगे बढ़ाने का काम कर रहा है। यह बात सीता इंटर कालेज प्रांगण में रानी लक्ष्मीबाई जयंती पर एबीवीपी द्वारा आयोजित छात्रा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय कार्य समिति सदस्य अपर्णा मिश्रा ने कही। उन्होने कहा कि एबीवीपी ने 2018 में मुम्बई से मिशन साहसी शुरू किया था जिसमें बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेंनिग दी जाती है। अब तक तीस लाख छात्राओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। कोविड-19 के दौर में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर समाज के सहयोग में अपनी जिम्मेदारी निभाई। सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेई, प्रधानाचार्या विजयलक्ष्मी सिंह, प्राची वाजपेयी, छात्रा हर्षिता यादव, छाया वर्मा, स्वाती पांडेय, इमा खान व गौरी श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखते हुए महिला सशक्तिकरण की बात कही। संचालन छात्रा भूमिका सिंह ने किया। कार्यक्रम का समापन कॉलेज की छात्राओं द्वारा वंदे मातरम् से किया गया। इस अवसर पर एबीवीपी की जिला संगठन मंत्री श्यामली सिंह, भूपेन्द्र सिंह, निखिल, रितेश, प्रांशू, प्रिंस, आरएसएस के आशाराम रस्तोगी, देवेन्द्र सिंह, विहिप के जिला मंत्री कृतार्थ मिश्र, न्यू विजन इंटर कालेज के प्रधानाचार्य दिलीप सिंह, वंदना पांडेय, वागीश दिनकर, सीपी निगम सहित बड़ी संख्या में छात्राऐं उपस्थित रही।

## पीएसी घाट पर सजीं वेदियां, ढलते सूर्य को आज अर्घ्य देंगी महिलाएं

● **संतान प्राप्ति दुख-पाप के नाश व संपन्नता के लिए व्रत रखना फलदायी**



संवाददाता। सीतापुर

**भगवान** भास्कर की उपासना के लिए बुधवार से शुरू हुए छठ्योत्सव दूसरे दिन खरना में महिलाओं ने पूरे दिन उपवास रखा। शाम को गन्ने के रस या गुड़ से बने पौष्टिक चावल, स्वादिष्ट खीर खाई। शुक्रवार को उपवास रखकर महिलाएं पीएसी के घाटों पर ढलते हुए सूर्य को अर्घ्य देंगी। जबकि अगले दिन यानी 21 नवंबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर छठ्योत्सव का समापन होगा। सूर्य उपासना का यह व्रत संतान प्राप्ति तथा दुख पाप के नाश व संपन्नता के लिए किया जाता है। चार दिवसीय छठ्योत्सव पर्व को लेकर आवश्यक खरीददारी के बाद बुधवार को सुहागिनों ने नहाय खाय के साथ महिलाओं ने व्रत शुरू किया था। दूसरे दिन महिलाओं ने खरना छोटी मनाई। इस दिन सुहागिनें पूरे दिन उपवास रखा और शाम के समय गन्ने का रस या गुड़ में बने हुए चावल की पौष्टिक व स्वादिष्ट खीर को प्रसाद के रूप में खाया। शुक्रवार को सौभाग्यशाली महिलाएं निर्जला व्रत रखकर पुत्र प्राप्ति और पति की दीर्घायु को डूबते सूरज को कमर भर तक पानी में खड़े होकर अर्घ्य देकर मंगलकामना की प्रार्थना करेंगी। शनिवार को महिलाएं पवित्र नदियों में कमर भर तक खड़ी होकर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण करेंगी।

# दो रेलकर्मियों के घर से हजारों का सामान चोरी

● एक कर्मी दीवाली की छुट्टी पर गया था खटीमा

● दूसरा कर्मी ड्यूटी पर था तैनात

संवाददाता। मैलानी-खीरी



**पुलिस के** लाख अंकुश लगाने के बाद भी अपराधिक घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही हैं। आपको बताते चलें कि मैलानी कस्बे के रेलवे कालोनी के बंद कुआ के निकट स्थित दो रेल्वे क्वार्टरों को अज्ञात चोरों ने अपना निशाना बनाया।मिली जानकारी के मुताबिक फकीर चंद राणा पुत्र लाल मणि राणा मैलानी डीजल लावी में कार्यरत हैं। विगत दिवस वह अपने परिजनों के साथ दीपावली मनाने के लिए अपने पैत्रक निवास खटीमा गए हुए थे। पड़ोसी द्वारा चोरी की सूचना मिलने पर मैलानी पहुंचे। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों ने घर से दो गैस सिलेंडर, एक एलजी टीवी, बच्चे की छोटी साईकिल तथा घरेलू सामान पर हाथ साफ कर दिया है। घर के पीछे रहने वाले रेलवे में कार्यरत दीवान सिंह राणा के मकान से चोरों ने एक बैट्रा मय इनवर्टर, कमरे में रखे दो गैस सिलेंडर तथा अन्य सामान चुरा लिया। पीड़ित दीवान सिंह ने बताया कि वह शाम छह बजे ड्यूटी पर गए थे। सुबह जब वह वापस लौटे तो देखा कि चोरों ने उनके घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दे दिया है। साथ ही पीड़ित दीवान सिंह ने बताया कि अन्य परिजन भी घर पर मौजूद नहीं थे। घटना के बाद से नागरिकों में दहशत का माहौल बना है।

पीड़ितों ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक विद्याशंकर शुक्ला व जायस कुमार मिश्र ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही रात्रि गश्त और भी तेज कर दी गयी है। जल्द ही चोर गिरफ्त में होंगे व

## छात्र-छात्राओं को बताए गए यातायात के नियम



**बेहजम-खीरी।** शासन-प्रशासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप थाना कोतवाली नीमगांव के इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के बेहजम चौकी प्रभारी अनिल कुमार पांडे के द्वारा कस्बे के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई। यातायात माह नवम्बर में नारी शक्ति मिशन के अन्तर्गत चौकी प्रभारी अनिल कुमार पांडे अपने हमराहियों के साथ कन्हैया इंटर कालेज पहुंच कर बच्चों को यातायात नियमों का पालन कर कोरोना काल में अपने वाहनों पर सवारी करते हुए मास्क व हेलमेट पहनने की सलाह दी। साथ ही बालिकाओं को अपनी सुरक्षा के लिए सतर्कता बरतने के साथ किसी भी अनजान व्यक्ति से सम्पर्क व बात भी करने के लिए जागरूक किया। साथ महिला अपराध की रोकथाम के लिए सेल्फ डिफेंस के साथ पुलिस प्रशासन की सुरक्षा एंटी रोमियो की टीम की सहायता लेने के लिए बच्चों को जागरूक भी किया। यातायात जागरूकता अभियान की रैली भी विद्यालय से निकाली गई। इस अभियान में विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल जायसवाल, एसके शुक्ला के साथ-साथ कांस्टेबल रोहित कुमार, सुरेंद्र दुबे, सागर चौधरी व महिला कांस्टेबल अंशु शर्मा ने बच्चों को यातायात संबंधित व अन्य सूचनाएं प्रदान की गई। साथ में कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## किसानों को किया गया सम्मानित



**निघासन-खीरी।** धान की अच्छी पैदावार लेने वाले किसानों को न्यू जींस कंपनी ने सम्मानित किया। इसके साथ ही कंपनी के विशेषज्ञों ने गोष्ठी करके किसानों को धान की अच्छी पैदावार लेने के साथ ही उसको कीड़े.मकोड़ों से बचाने के उपाय बताए। हैदराबाद की न्यू जींस कंपनी के प्रतिनिधि पुष्कर जायसवाल ने किसानों के साथ कस्बे के श्री साईं बीज भंडार गोष्ठी की। इसमें उनके साथ आए विशेषज्ञों ने धान की अच्छी पैदावार के लिए बीजों के शोधन, उनको उपचारित करके बोने, कीटनाशकों और उर्वरकों के उपयोग के साथ ही देखभाल की पूरी जानकारी दी। उन्होंने किसानों को अच्छी पैदावार देने वाली धान की नई किस्मों एनएचआर 33, एनएचआर 33 गोल्ड, न्यू 666 और न्यू 456 के बारे में भी बताया। इस साल धान की अच्छी पैदावार लेने वाले इलाके के पचपन किसानों सेवक सिंह चखरा, रामकृपाल देवीदीनपुरवा, विशनू सिंह चूरा टांडा, कैलाश जोखीपुरवा, मैकूलाल ओरीपुरवा, राधेश्याम बथुआ और गुरबाज सिंह दीपनगर आदि को सम्मानित किया। इस दौरान दुकान मालिक उषा दीक्षित के साथ ही रमनदीप सिंह, गुरमेल सिंह और प्रताप सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# दुर्घटना बहुल क्षेत्र किए जाएंगे चिन्हित

### डीएम की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**डीएम शैलेंद्र** कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जनपद में स्थित 19 ब्लैक स्पाट पर कृत सुधारात्मक कार्यवाही का सत्यापन कराया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त और भी दुर्घटना संभावित क्षेत्र चिन्हित किये जाएंगे। अज्ञात वाहनों से घटित होने वाली दुर्घटनाओं में मृत्यु की दशा में रुपए दो लाख, तथा घायल होने की दशा में 50 हजार की सहायता धनराशि सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है। इस स्कीम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। गन्ना ढुलाई में प्रयुक्त हो रही वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाना अनिवार्य है। किसी भी दशा में किसानों द्वारा एक ट्रैक्टर में एक से अधिक ट्राली लगाकर गन्ने का परिवहन नहीं किया जायेगा। यदि ऐसी वाहनें चलती पायी गयीं तो संबंधित चीनी मिल के विरूद्ध तो कार्यवाही की ही जायेगी। साथ ही पट्टे भी निरस्त किये जायेंगे। बैठक का सफल संचालन एआरटीओ (प्रशासन) बीके सिंह ने किया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अश्विनी कुमार, जिला गन्ना अधिकारी वीके पटेल, बीएसए बुद्ध प्रिय सिंह, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी एनके यादव, देवेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, एआरटीओ प्रशासन बीके सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे, उपनिरीक्षक यातायात सूर्यमणि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मतदेय स्थलों पर हों सभी सुविधाएं:डीएम

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**गुरुवार को** डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने एडीएम अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में लखनऊ खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन 2020 के मतदेय स्थलों पर मूलभूत न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के संबंध में अपर मुख्य अधिकारी, सभी बीडीओ एवं ईओ के साथ वर्चुअल बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए।

डीएम ने मतदेय स्थल भवन की भौतिक स्थिति, मतदेय स्थल पर प्रवेश के लिए एक अथवा एक से अधिक द्वार होने पर रस्सी व डिवाइडर लगाकर आने जाने के अलग-अलग मार्ग बनाने के निर्देश दिए। दिव्यांगों की सुविधा के लिए अस्थाई रैंप बनाने को कहा। पेयजल, प्रकाश, बल्ब, पंखे, बूथ बनाने के लिए कुर्सी, मेज, बेंच इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा निर्वाचकों के लिए अलग-अलग पुरुष एवं महिला शौचालयों की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने निर्वाचन हेतु बनाए गए मतदान केंद्रों पर बड़े वाहन जा सकते हैं अथवा नहीं, मतदान केंद्र की लोकेशन राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग, जिला रोड पर खड़ंजा पर है अथवा नहीं, मतदान केंद्र मुख्य आबादी से बाहर है या भीतर है। पोलिंग पार्टियों एवं पुलिस कार्मिकों के खाने-पीने एवं उनके ठहरने की व्यवस्था के संबंध में बिंदुवार समीक्षा की।

## दर्शन की प्रासंगिकता पर विचार गोष्ठी आयोजित

**लखीमपुर-खीरी।** 'विश्व दर्शन दिवस' के अवसर पर कोविड-19 से बदलते परिवेश में दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विश्व दर्शन को कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए सादगीपूर्ण ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम में दर्शनशास्त्र विभाग के एसोसिएशन प्रोफेसर डा. सुभाष चन्द्रा ने बताया कि विश्व दर्शन दिवस यूनेस्को के दिशा-निर्देशन में प्रतिवर्ष नवम्बर माह के तीसरे गुरूवार को मनाया जाता है। विश्व दर्शन दिवस उन दार्शनिकों, चिंतकों, लोकनायकों के सम्मान में मनाया जाता है जिन्होंने सम्पूर्ण विश्व को स्वतंत्र विचारों के लिए प्रेरित किया है। इस दिवस का उद्देश्य नये विचारों के लिए खुलापन लाने के साथ-साथ सामाजिक चुनौतियों से लड़ने के लिए चिंतकों एवं युवाओं को तैयार करना है। डा. चंद्रा ने विचार गोष्ठी में विषय प्रवर्तन करते हुए बताया कि दर्शन सार्वभौमिक अभिव्यक्ति है तथा दर्शन का विवेच्य विषय समग्र विश्व है। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डा. ज्योति पंत ने दर्शन की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए कोविड-19 के बदलते हुए परिवेश में मानवीय व्यवहारों को अनुकूल बनाने पर बल दिया।

## भाजपा की बैठक में कार्यकर्ताओं को सौंपी गई अहम जिम्मेदारियां

**मोहम्मदी-खीरी।** भारतीय जनता पार्टी के रामलीला मैदान स्थित कार्यालय पर स्नातक एमएलसी चुनाव के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने की। बैठक में कार्यकर्ताओं को स्नातक एमएएलसी चुनाव संबंधी रणनीति की जिम्मेदारियां दी गईं। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा इस बार एमएलसी चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। सभी कार्यकर्ता अगले 10 दिनों तक तन-मन-धन से कार्य करें। हमें हर हालत में इस चुनाव में अपना प्रत्याशी जिताना है। जिला उपाध्यक्ष ज्योतिर्मय बरतरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन इन चुनावों को बहुत गंभीरता से ले रहा है। बैठक का संचालन नगर महामंत्री रवि शुक्ला ने किया। बैठक में नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, ब्लाक प्रमुख आशीष रस्तोगी, नगर मंडल अध्यक्ष अद्वैत कुमार सिंह, अध्यक्ष राम मोहन रस्तोगी, दिनेश गुप्ता, अंकित मिश्रा, सुरेश त्रिवेदी उर्फ बनारसी त्रिवेदी, संजय सिंह चौहान, सुशील वर्मा, सत्यप्रकाश शुक्ला, नीरज रस्तोगी, अंकित मिश्रा, रितेश शुक्ला, रानी मेहरोत्रा, हरभजन सिंह व गुड्डू गुप्ता सहित सेक्टर प्रभारी बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

## चार अभियुक्त गिरफ्तार

**मोहम्मदी-खीरी।** प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मोहम्मदी कोतवाली के अमीर नगर चौकी में गौवंश अधिनियम के तहत चार अभियुक्तों को रंगे हाथों गिरफ्तार किए गया है। इनके पास से नाजायज दो असलहे, कारतूस, चाकू व कुल्हाड़ी सहित अन्य उपकरण बरामद हुए। आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चारों को जेल भेजा जा रहा है। जिनमें नन्हूं, महबूब उर्फ राजू, आसिफ व अकरम निवासी रसूलपुर है।

## क्विक न्यूज

### भाजपा की बैठक में स्नातक चुनाव को लेकर दिये निर्देश

**फतेहपुर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने बैठक कर निर्देश दिए। जिसमें स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की बैठक सर्किट हाउस प्रयागराज मे आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि सुनील वंशल एवं प्रदेश प्रभारी राधा मोहन रहें। संचालन अशोक जाटव क्षेत्रीय संयोजक स्नातक चुनाव ने किया। बैठक में भाजपा प्रत्याशी डॉ0 यज्ञ दत्त शर्मा ने सभी जिलों से आए हुए जिलाध्यक्ष व पार्टी के चुनाव संयोजक व पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए चुनाव में जीत दर्ज कराने की अपील की। स्नातक चुनाव की महत्वपूर्ण बैठक में फतेहपुर की भागीदारी रही। जिसमें जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, क्षेत्रीय मंत्री अन्नू श्रीवास्तव, स्नातक चुनाव संयोजक विकास पासवान, सह संयोजक धनंजय द्विवेदी विधानसभा प्रभारी स्नातक चुनाव अर्चना त्रिपाठी, पंकज गुप्ता, सुशील सिंह चंदेल, अजय पटेल, प्रतिनिधि शैलेंद्र शरण सिंपल आदि मौजूद रहे।

### तहसील सदर में धान खरीद से संबंधित कन्ट्रोल रूम स्थापित

**बरेली।** उप जिलाधिकारी सदर श्री विशु राजा ने बताया कि तहसील सदर, बरेली में प्रशासनिक अधिकारी कक्ष में धान खरीद से संबंधित कन्ट्रोल रूम (चूॅकि धान खरीद प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक होती है) प्रातः 10 बजे से 05 बजे तक स्थापित हुए। श्री रवि मिश्रा, प्रशासनिक अधिकारी 9897678601 व 7906199869, श्री राज कुमार सिंन्हा, राजस्व निरीक्षक 8954913000 तथा श्री राममूर्ति लाल, संग्रह अनुसेवक की ड्यिूटी लगाई जाती है तथा उन्हें निर्देशित किया जाता है कि वह धान खरीद से संबंधित शिकायतों को एक रजिस्टर में अंकित कर प्रत्येक दिवस सायंकाल उप जिलाधिकारी सदर के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगें। तहसील सदर, बरेली में धान खरीद से संबंधित कन्ट्रोल रूम का लैंड लाइन नम्बर 0581-2510385 पर कृषकों द्वारा अपनी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### मीरगंज मे तीन दिन न्यायिक कार्य नहीं करेंगे वकील

**बरेली।** मीरगंज मे वरिष्ठ अधिवक्ता की जमीन के विवाद को लेकर बार एसोसिएशन की बैठक हुई। वकील गुरुवार से तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल करेंगे। विवाद का निपटारा न होने पर वकील अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता मजबूर हुसैन के प्रार्थना पत्र पर विचार करने को बुधवार दोपहर मे बार एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष हबीबुल खां की अध्यक्षता मे बार भवन मे हुई। संचालन सचिव चंद्रपाल गंगवार ने किया। बैठक मे अपने भूमि विवाद के तथ्य वकीलो के सामने रखे। वकीलो ने मजबूर हुसैन के जमीन विवाद मे अधिकारियो पर आरोप लगाते हुए आक्रोश व्यक्त किया। कार्रवाई का विरोध किया। वकीलो ने एसडीएम का ध्यानाकर्षण को सांकेतिक कदम उठाने पर जोर दिया। वकीलो ने तीन दिन की सांकेतिक हड़ताल करने का फैसला किया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने बताया कि वकील गुरुवार से तीन दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे। इस दौरान वकील अदालती कार्रवाई नही करेंगे। इस दौरान अधिकारियो ने भूमि विवाद का निपटारा नही कराया तो वकील अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जायेंगे। सचिव ने बताया कि अनिश्चितकालीन हड़ताल होने पर वकील शासन स्तर पर उचित माध्यम से अपनी बात रखेंगे। बैठक मे धर्मवीर गंगवार, सुनील गंगवार, अशोक उपाध्याय, ओमप्रकाश शर्मा, हरिपाल सिंह, राकेश रोहिला, नसीमुल हसन, अरविंद, जगदीश, महेन्द्र कुमार आदि शामिल हुए।

### हादसे की रिपोर्ट लिखवाने थाने पहुंचा फरार बस ड्राइवर

**बरेली।** फरीदपुर निर्माणाधीन टोल प्लाजा पर हादसे के बाद से फरार चल रहे गाजियाबाद डिपो के बस चालक ने बुधवार को ट्रक चालक के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया। 14 नवंबर की रात 40 यात्रियो से भरी गाजियाबाद डिपो की बस लखनऊ जा रही थी। निर्माणाधीन टोल प्लाजा के डायवर्जन पर रोडवेज बस की ट्रक से भिड़ंत हो गई। जिसके बाद बस बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गई। ट्रक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बस पलटने के बाद उसमे फंसे यात्री चीखपुकार करने लगे। इसी दौरान बस ड्राइवर और परिचालक मौके से भाग निकले। ट्रक ड्राइवर ने पुलिस को फोन करके हादसे की सूचना दी। पुलिस ने यात्रियो को कई घंटे मशक्कत के बाद निकाला। इस दौरान बाराबंकी के रायपुर के टिकैतनगर नगर के अजमेरउद्दीन की मौत हो गई। जबकि, अन्य 40 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने बस ड्राइवर और परिचालक को खोजने की कोशिश की लेकिन वे नही मिले। बुधवार को रोडवेज बस का ड्राइवर मेरठ के रोहटा के उखलीना निवासी विकास शर्मा थाने पहुंचे।

### बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**बरेली।** सड़क पार कर रही एक महिला को तेजी से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।भमोरा थाना क्षेत्र के गांव साकर पुर निवासी रविंद्र कुमार की 29 वर्षीय पत्नी आरती की बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। मृतका के पति ने बताया कि आरती कल दिन में गांव के पास एक रिश्तेदार के घर जाने के लिए पैदल ही घर से निकली थी। लेकिन गांव के पास ही सड़क पार करते समय तेजी से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मार दी।

# महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति रहें जागरूक: हेमा

संवाददाता। शाहजहांपुर

**मिशन शक्ति** के अंतर्गत बृहस्पितबार को मदरसा नूरुलहुदा बिजलीपुरा में चल रहे जागरूकता कार्यक्रम में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें आय अतिथियों ने महिलाओं को जागरूक रहने एवं स्वस्थ रहने पर जोर दिया तथा कौमी एकता सप्ताह के तहत शपथ दिलायी गयी। मदरसा में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि समाजसेवी श्रीमती हेमा अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने एवं सचेत रहना होगा। जब नारी जागरूक होगी तो उसको अधिकार मांगना नहीं होगा। समाज सेवी संजय अग्रवाल ने बालिकाओं से कहा कि स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। नारी स्वस्थ होगी। तो उसमें शक्ति भी होगी। बालिकाओं को अपने अन्दर छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए आगे आना होगा। प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने कहा कि शासन की मिशन शक्ति योजना को महिलाओं और छात्राओं तक पहुंचाने के लिए मदरसा शिक्षक पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने नारी शक्ति पर कविता सुनाओं प्रतियोगिता में नूर फात्मा प्रथम, अजमी द्वितीय एवं अलफिज़ा तृतीय को शील्ड देकर पुरस्कृत किया। इसके साथ ही शहनाज हसीरी व फिज़ा को सात्वना पुरस्कार दिया गया। अन्त में शासन के निर्देशानुसार प्रारम्भ कौमी एकता सप्ताह के तहत देश की आजादी व एकता को मजबूत बनाने के लिए, राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी गयी। सचांलन प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फफूलमियां ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अनुदेशक सबिहा सुल्ताना, सुबुही बेगम, नाहीद बेगम, तमहीद बेगम, रूखे जेबा, इजहार हसन, मुईन खां, सैयद हैदर अली, साजिद खां, शारिक अली खां, सैय्यद कामरान हुसैन, हाफ़िज़ जाहिद, मोबीन खां, अब्दुल कादिर खां, सैय्यद शारिक अली, मुख्तार अहमद, निफ़सद खां, मुजाहिद खां आदि मौजूद थे।

## गन्ना पेराई सत्र का शुभारम्भ

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एस आनन्द व विधायक चेतराम ने संयुक्त रूप से किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0 पुवायां, गन्ना पेराई सत्र का शुभारम्भ फीता काट कर किया। इससे पूर्व हवन पूजन आदि का भी आयोजन किया गया।इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक व विधायक, पुवायां, चेतराम ने गन्ना से लदी बैल गाड़ी-ट्राली का पूजन एवं बैलों को गुण खिलाकर, गन्ना किसान श्री राम भरोसे, संदीप कुमार आदि के तिलक लगाकर अंगवस्त्र भेंट किए.इस अवसर उपजिलाधिकारी, पुवायां, दफ्तर कुमार, प्रबन्धक, किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0, पुवायां, राकेश चन्द्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने दिलाई एकता की शपथ



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय एकता की षपथ दिलाई इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि 19 नवम्बर, से 25 नवम्बर तक कौमी एकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत समस्त कार्यालयाध्यक्षों द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता षपथ लिफ्टिलाई गयी है।श्री सिंह ने कहा है कि दिनांक 20 नवम्बर, को अल्प संख्यक कल्याण दिवस के अवसर पर अल्प संख्यक कल्याण विभाग द्वारा 15 सूत्रीय कार्यक्रमों पर जोर दिया जाना तथा दंगा सम्भावित कस्बों में भाई-चारा बढ़ाने पर बल दिया जाना आदि का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया है कि 21 नवम्बर, को भाषाई सद्भावना दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों के तहत अनु0 जाति और अनु0 जनजाति तथा कमजोर वर्ग के लोगों की सहायता करने वाली मदों का प्रचार-प्रसार करने के लिए बैठकें और रैलियां आदि का आयोजन करने के साथ ही अतिरिक्त जमीन भूमिहीन मजदूरों को आवंटित करने पर जोर दिया जाएगा।जिलाधिकारी ने बताया है कि 22 नवम्बर, को सांस्कृतिक एकता दिवस के अवसर पर सूचना विभाग द्वारा विविधता में एकता की भारतीय परम्परा को प्रस्तुत करने और सांस्कृति संरक्षण तथा अखण्डता को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया है कि 23 नवम्बर, 2020 को महिला दिवस के अवसर पर बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा भारतीय समाज में महिलाओं के महत्व और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को उजागर करने हेतु आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया है कि 25 नवम्बर, 2020 को संरक्षण दिवस के अवसर पर वन विभाग द्वारा पर्यावरण को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल देने के साथ ही समारोहों का आयोजन किया जाएगा।

# शिक्षक प्रेरणा लक्ष्य को ध्यान में रखकर दें शिक्षा: एसडीएम

**संडीला (हरदोई)।** प्राथमिक विद्यालय के जीर्णोद्धार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षकों को लक्ष्य निर्धारण कर छात्र छात्राओं को शिक्षा देने का प्रयास करना चाहिए। प्राथमिक विद्यालय जामू के जीर्णोद्धार कार्यक्रम में बोलते हुए एसडीएम मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा किसी देश की साक्षरता की रीढ़ है इसलिए प्राथमिक स्तर के शिक्षकों को ऐसी शिक्षा छात्र छात्राओं को दी जानी चाहिए जो उन्हें सुयोग्य नागरिक बनाने की नीव उपलब्ध करा सके इसी अवसर पर बेसिक शिक्षाधिकारी हेमेन्त राव ने कहा कि जनपद के विद्यालय में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए वे लगातार सक्रिय हैं और प्रसन्नता का विषय है कि जनपद के तमाम शिक्षक शिक्षिकायें अपने गुरुतर दायित्व का निर्वाह भलिभांति कर रहे हैं।डीसी राकेश कुमार शुक्ला ने कहा कि समय आ गया है कि अध्यापक को अपना दृष्टिकोण बदलकर उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य देवेन्द्र बाजपेयी, जूनियर हाई स्कूल संघ के अध्यक्ष अनन्त कुमार के अलावा मीनू शुक्ला, सीमा शर्मा, दिनेश मिश्रा, रवीन्द्र सिंह, प्रियंका जायसवाल समेत तमाम शिक्षक शिक्षिकायें मौजूद रहे। इस अवसर पर एसडीएम ने कई छात्र छात्राओं को सम्मानित भी किया।



शिक्षकों को सम्मानित करते हुए एसडीएम

# छिछनी काण्डः खबर को लेकर पत्रकारों पर मुकदमा

संवाददाता। फतेहपुर



**जनपद के** कुछ मीडिया कर्मियों पर प्रशासन द्वारा एफआईआर दर्ज कराए जाने के मामले को फतेहपुर प्रेस क्लब ने गंभीरता से लेते हुए आपात बैठक बुलाई। जिसमें घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए शासन-प्रशासन को ज्ञापन भेजकर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। साथ ही तुरन्त एफआईआर रद्द किए जाने की पुरजोर मांग की गई है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक आदि को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले दिनों जनपद के असोथर थाना अंतर्गत छिछनी गांव में दो नाबालिक, दलित किशोरियों की तालाब में डूबकर हुई संदिग्ध मौत के मामले में कुछ मीडिया कर्मियों पर समाचार संकलन को लेकर असोथर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है, जो अत्यन्त खेदजनक है। यह अभिव्यक्ति की आजादी और प्रेस की स्वतंत्रता पर एक तरह से प्रहार है। फतेहपुर प्रेस क्लब पुलिस की इस बेजा कार्यवाही की कड़े शब्दों में निंदा करता है।जनपद के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री से अपेक्षा है कि इस अति गंभीर मामले के संज्ञान लेकर इस एफआईआर को तत्काल रद्द कराए, और ऐसी व्यवस्था करें कि भविष्य में भी ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस मामले के साथ साथ पूर्व में भी पत्रकारों पर मुकदमा आदि की कार्यवाई को लेकर पुलिस का नजरिया अत्यन्त खेदजनक रहा है, ऐसा प्रतीत होता है कि जनपद के पत्रकारों की सकारात्मक सोच और सहयोग पूर्ण मानसिकता को प्रशासन खासकर पुलिस विभाग ने उनकी कमजोरी मान लिया है, जो उचित नहीं है। प्रशासन इस मामले में अगर अपना नजरिया बदलते हुए मुकदमा वापस नहीं लेता तो पत्रकारों से सहयोग की अपेक्षा ना करें। जिसके लिए प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा।ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि अतिशीघ्र मीडिया कर्मियों पर दर्ज मामले वापस नहीं लिये गये तो जिले के पत्रकार लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी बात कहेंगे और जरूरत पड़ेगी तो पत्रकार समुदाय धरना देगा, प्रदर्शन करेगा किंतु पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

आक्रोशित पत्रकारों की अगुवाई कर रहे प्रेस क्लब अध्यक्ष नागेन्द्र प्रताप सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि किन्हीं भी परिस्थितियों में पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आवश्यकता पड़ी तो इसके लिए, लखनऊ, दिल्ली तक जाएंगे। प्रेस क्लब पत्रकारों के मान सम्मान की रक्षा के लिए संकल्प बद्ध है और अगर शासन प्रशासन इसी तरह मीडिया की आवाज दबाने के उद्देश्य से पत्रकारों पर मुकदमे थोपता रहा तो इसके परिणाम गंभीर होंगे। बैठक एवं ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्रा, गोविन्द दुबे, महेश सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, हरीश शुक्ला, विनोद मिश्रा, नीतेश श्रीवास्तव, संदीप केसरवानी, राजेश सिंह, मनोज शुक्ला, दीपक अग्निहोत्री, शरद शुक्ला, योगेन्द्र पटेल, पन्ना लाल अग्रवाल, राम सुजान सिंह, शोएब खान, शमशाद सलमानी, विवेक श्रीवास्तव, शाहिद अली, रमेश यादव, दीपू मौर्य, सुनील मौर्य, जतिन, सूर्या, सिराज अहमद, पप्पू यादव, जरैयाब खान, धीरेन्द्र सिंह, अमित कुमार, उस्मान खान, चमन इरफान, अमन दोसर आदि पत्रकार एवं छायाकार बंधु मौजूद रहे।

# भरथना के एसएवी कालेज के सात बूथों पर होगा मतदान

- भरथना में मतदान केन्द्र एक बूथ होगें सात
- छह बूथों पर स्नातक पर शिक्षक करेंगे मतदान
- अधिकारियों ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण
- एक दिसंबर को एमएलसी चुनाव के लिए होगी वोटिंग



संवाददाता। भर्थना

**चुनाव निर्वाचन** आयोग की चुनावी प्रक्रिया के अनुसार प्रदेश में एमएलसी चुनाव की शुरू हो चुकी है। जिसके चलते सभी दलों के एमएलसी प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल कर प्रचार प्रसार शुरू कर दिया है। इटावा की जिला निर्वाचन अधिकारी श्रुति सिंह के निर्देश पर भरथना तहसीलदार गजराज सिंह और भरथना नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम आसरे कमल, नायब तहसीलदार विशाल सिंह यादव, सदर लेखपाल अर्जुन सिंह चौहान, राहुल चौबे आदि अधिकारियों कर्मचारियों ने आगामी सम्पन्न होने बाले शिक्षक एवं स्नातक के विधान परिषद के निर्वाचन को लेकर भरथना में बनाये गये मतदान केंद्र एसएवी इंटर कॉलेज व सातों बूथों का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए है। आपको बतादें विधान परिषद का मतदान आगामी 1 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से सम्पन्न होगा। विधान परिषद के मतदान के लिए भरथना में मतदान केन्द्र एसएवी इंटर कालेज में कुल 7 बूथों पर मतदान होगा जिसमें 6 बूथों पर स्नातक व 1 बूथ पर शिक्षक मतदान करेंगे। तहसीलदार गजराज सिंह ने कहा है कि मतदान पूरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न होगा।

निरीक्षण के दौरान कालेज के प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमारएनगर पालिका कोविड.19 प्रभारी आदित्य प्रताप सिंह रामजी भदौरिया मौजूद रहे।

## तगादे से तंग आकर युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**राजेपुर/फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र में उधारी के तगादा से तंग आकर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कनिकापुर निवासी प्रतापबहादुर पुत्र लालबहादुर शाक्य उधारी की कुछ धनराशि लेन-देन के मामले को लेकर ग्राम बहादुरपुर का निवासी कुलदीप सिंह उम्र करीब 30 वर्ष से आए दिन अपनी उधारी मांगते थे। जिससे तंग आकर कुलदीप सिंह ने कल बुधवार रात्रि में सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया।

## आधा दर्जन कोरोना संक्रमण के नये केस मिले

**कानपुर देहात।** सर्दिया बढने के साथ कोरोना के नये मामले भी सामने आने शुरू हो गये। रोजाना एक दो की औसत से निकल रहे कोविड-19 संक्रमण के केस में गुरूवार को अचानक बढोत्तरी देखी गयी। आधा दर्जन लोग जनपद के विभिन्न स्थानों पर कोरोना से संक्रमित मिले। सीएमओ राजेश कटियार ने बताया कि झींझक ब्लाक के जुरिया गॉव से एक मैथा ब्लाक से तीन व डेरापुर व अमरौधा ब्लाक से एक एक लोग कोरोना संक्रमित पाये गये। सम्बन्धित स्थानों पर सेनेटाइज की प्रक्रिया कर इलाकों की बेरीकेटिंग की जा रही है।

# भाकियू ने ईओ का फूंका पुतला

- अराजनैतिक संगठन भाकियू भानु गुट ने अधिशासी अधिकारी तोमर पर भाजपा सरकार की छवि जान-बूझकर बिगाड़ने का भी आरोप जड़ा



पुतला दहन कर अधिशासी अधिकारी के विरुद्ध नारेबाजी करते भाकियू पदाधिकारी व कार्यकर्ता

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** जनसमस्याओं एवं किसान हितों के लिए तीखे तेवरों के साथ सड़क पर उतर कर संघर्ष करने का जज्बा रखने वाले अराजनीतिक संगठन भारती किसान यूनियन भानु गुट के जिला प्रमुख मुन्ना लाल सक्सेना एवं किसान नेता रागिव हुसैन खां , जिला अध्यक्ष दुर्गा नारायण मिश्रा व रामबीर ,विजय सिंह, प्रताप सिंह गंगवार , रक्षपाल , विनीत कुमार, अंशुल कुमार गुप्ता आदि पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कायमगंज नगर के पुरानी गल्ला मंडी चौराहे पर पहुंचे । कार्यकर्ताओं के हाथ में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कायमगंज सीमा तोमर का नाम लिखा हुआ एक पुतला था । किसान नेताओं ने चौराहे पर पुतले को खड़ा करके नारेबाजी की और इसी के साथ ई ओ पर जन उपेक्षाओ तथा भ्रष्टाचार के तमाम गंभीर आरोप लगाते हुए। उनके पुतले को आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शन के उपरांत पत्र प्रतिनिधियों से बात की व हस्तलिखित प्रेस नोट जारी किया। भाकियू का आरोप है कि अधिशासी अधिकारी न जाने क्यों जानबूझकर चुनी हुई भाजपा सरकार की छवि विगाडने पर तुली हुई हैं। भाकियू का कहना है कि नगर में बंदरों के आतंक से नगरवासी परेशान हैं। लेकिन अधिशासी अधिकारी इस ओर बार-बार अनुरोध करने के उपरांत भी ध्यान नहीं दे रही है। किसान नेताओं ने भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि यहां जन अपेक्षाओं की अनदेखी की जा रही है। नालियां गंदगी और कीचड़ से पटी पड़ी हैं । मच्छर आदि कीटों की वजह से मलेरिया सहित अन्य संक्रामक रोग पैर पसार रहे हैं । वही अधिशासी अधिकारी नगर पालिका की जमीन पर अतिक्रमण के साथ ही अपनी मिलीभगत से अवैध कब्जे कराए हुए हैं। इनके कार्यकाल में बनी सड़कें भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं ,चाहे नई सड़क बनी हो या फिर किसी सड़क का जीर्णोद्धार किया गया हो। अधिकांश स्थानों पर सड़कें गड्ढों से पटी पड़ी हैं । नगर पालिका कार्यालय में ,यहां तक कि स्वयं ईओ मैडम तोमर सीधे-साधे समस्या ग्रस्त नगर वासियों की बात तक सुनना पसंद नहीं करती हैं । किसान नेताओं ने इसी तरह के और अनेक आरोपों की झड़ी लगाते हुए स्पष्ट कहा कि समय रहते अधिशासी अधिकारी के भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जाना चाहिए साथ ही इनके कार्यकाल में हुए कार्यों की जांच निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से उच्च स्तरीय अधिकार प्राप्त जांच समिति से शीघ्र कराई जानी चाहिए । यदि ऐसा समय रहते नहीं किया गया तो यह अधिकारी भाजपा सरकार की छवि को बिगाड़ने में संकोच नहीं करेंगे , वही शासकीय धन के गोलमाल का भी रहस्य उजागर नहीं होगा।

## भरथना रेलवे स्टेशन परिसर में फिर बनेगा पालिका का अस्थाई रैन बसेरा



- भरथना के गरीब असहाय व राहगीरों को पालिका देगी निशुल्क सुविधाएं

**भर्थना।** बीते दिनों मामूली वारिस की रिमझिम के कारण अचानक बढ़ी सर्दी को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी श्रुति सिंह ने मुख्यालय समेत जनपद की सभी नगर पालिका परिषदों व नगर पंचायतों को निर्देश दिए है कि सर्दी की शुरुवात हो चुकी है सम्बन्धित विभागों के अधिकारी कर्मचारी अपने अपने क्षेत्रों में गरीब असहाय राहगीरों को सर्दी से बचाने के इंतजाम तत्काल शुरू करदें। जिसपर गुरुबार को भरथना तहसीलदार गजराज सिंह ने भरथना नगर पालिका परिषद को आदेशित कर जल्द से जल्द रैन बसेरा बनाये जाने को लेकर अधिशाषी अधिकारी रामआसरे कमल के साथ रैन बसेरा स्थल भरथना रेलवे परिसर का स्थली निरीक्षण कर आवश्यक दिशानिर्देश दिये हैं। इस मौके पर मौजूद अधिशाषी अधिकारी श्री कमल ने बताया कि दो दिनों के अन्दर भरथना रेलवे स्टेशन परिसर में पालिका का अस्थाई रैन बसेरा स्थापित हो कर गरीब असहायों व राहगीरों के उपयोग में शुरू हो जायेगा। इस अवसर पर नायब तहसीलदार विशाल सिंह यादव सदर लेखपाल अर्जुन सिंह चौहान व राहुल चौबे, प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार, कोविड.19 भरथना प्रभारी आदित्य प्रताप सिंह रामजी भदौरिया उपस्थित रहे।

## युवा कवि दिलीप कश्यप उत्तर प्रदेश पत्र लेखन आंदोलन के संयोजक मनोनीत



**फर्रुखाबाद।** विश्व के 16 देशों में हिन्दी की पताका फहराने वाली अन्तर्राष्ट्रीय संस्था हिन्दी साहित्य भारती के केन्द्रीय अध्यक्ष डॉ. रवीन्द्र शुक्ल (पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश) व शीर्ष नेतृत्व के संरक्षण मे हिन्दी को राष्ट्रभाषा के आसन पर प्रतिष्ठापित करने को चलाये जाने वाले विश्वव्यापी पत्रलेखन अभियान के लिए हिन्दी साहित्य भारती उत्तर प्रदेश के महामंत्री प्रख्यात ओजकवि डॉ0 चैतन्य चेतन एडवोकेट की संस्तुति पर हिन्दी साहित्य भारती उत्तर प्रदेश के सम्माननीय अध्यक्ष डॉ0 वागीश दिनकर पिलखुवा द्वारा फर्रुखाबाद के युवा कवि दिलीप कश्यप को उत्तर प्रदेश में पत्र लेखन आंदोलन का संयोजक मनोनीत किया गया है।

पत्रलेखन अभियान के राष्ट्रीय संयोजक संतोष तिवारी मध्यप्रदेश के निर्देशन में महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित पत्र लेखन का अभियान पूरे देश में चलाया जायेगा।जिसमें उत्तर प्रदेश की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। दिलीप कश्यप को इस अभियान के लिए उत्तर प्रदेश का संयोजक मनोनीत किए जाने पर हिन्दी साहित्य भारती उत्तर प्रदेश के मंत्री डॉ0 प्रभात अवस्थी, सदस्यीय सुरेन्द्र पांडेय, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, संरक्षक डॉ0 शिव ओम अम्बर, राम अवतार शर्मा इन्दु, निमिष टंडन, गीता भारद्वाज, रामशंकर अवस्थी, अबोध ,ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री, कृष्णकांत अक्षर, जवाहर सिंह एडवोकेट, महेश पाल सिंह, रामबाबू मिश्र, रत्नेश, वैभव सोमवंशी, उत्कर्ष अग्निहोत्री, दीक्षा दीक्षित, संजय गर्ग, प्रीती पवन तिवारी, उपकार मणि ने आदि शुभकामनाएं दी हैं।

# डेंगू का बढ़ा प्रकोप नींद से जागा महकमा बढ़ा जांच का दायरा

**सफीपुर** उन्नाव। डेंगू के बढते प्रकोप के बीच जागे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने घर घर जाकर जांच कराना शुरू किया है। अधिशासी अधिकारी ने मलेरिया अधिकारी के साथ डेंगू प्रभावित मोहल्ले का निरीक्षण कर सफाई कर्मियों को नियमित साफसफाई के निर्देश दिये हैं। आपकों बताते चले कस्?बे के मोहल?ला संराय फजल अजीम में इन दिनों डेगू का प्रकोप चल रहा है। जिससे अब तक 18 मौते हो चुकी हैं। नगर पंचायत के संराय फजल अजीम मोहल्ले मे स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से मौत का आंकड़ा अठारह पहुंच गया है। बीते दिन भी एक महिला की मौत हो चुकी है। इसके बाद नीद से जागे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जांच का दायरा बढ़ाया है। वही अधिशासी अधिकारी डाण्अनुपम सिंह व मलेरिया अधिकारी रमेश यादव ने वेक्टर जनित रोगों से बचाव के सम्बंध में कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। मंगलबाजार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प का निरीक्षण किया गया। नगर पंचायत के सफाई कर्मियों को ईओ ने एन्टी लार्वा एवं फॉगिंग का कार्य लगातार जारी रखने के निर्देश दिये हैं। साथ ही सीएचसी अधीक्षक डाण्कौशलेंद्र ने स्थानीय निवासियों को डेंगू से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए सतर्कता बरतने की सलाह दी।

## कृषि अधिकारियों ने कीटनाशकों की दुकानों पर की छापेमारी



**कानपुर देहात।** कृषि विभाग के अधिकारियों ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर कीटनाशकों की गुणवत्ता की जॉच के लिये छापेमारी की। कीटनाशकों की दुकान से नमूने भर कर जॉच के लिये भेजे गये। शासन की मॅशा व डीएम के निर्देश पर जनपद की सभी कीटनाशक रसायनों की दुकानों पर टीमें गठित कर छापेमारी की गयी। उपकृषि निदेशक के नेतृत्व में मे0 सफल इण्टरप्राइजेज अकबरपुर, महेश बीज भण्डार अकबरपुर, न्यू बालाजी बीज भण्डार राजपुर,की दुकानों से नमूने संकलित किये गये। वहीं जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा पेण्टा फार्मा रनियॉ, अवस्थी खाद्य भण्डार मैथा, पवन तनय बीज भण्डार मॉण्डा से नमूने संकलित किये, जिला कृषि अधिकारी ने मिश्रा बीज भण्डार व बालाजी बीज भण्डार झींझक से नमूने संकलित किये। नमूनो को संकलित करने के बाद जॉच के लिये प्रयोगशाला भेजा गया है। जनपद में 38 दुकानों पर छापेमारी की कार्यवाही की गयी व 15 नमूने संग्रहीत करने के साथ 12 नोटिस जारी की गयी।

# डीएम ने सहकारी चीनी मिल कायमगंज के गन्ना पेराई सत्र का किया उद्घाटन



**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** जनपद फर्रुखाबाद की इकलौती औद्योगिक इकाई दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड कायमगंज के नवीन गन्ना पेराई सत्र का आज विधिवत शुभारंभ हो गया। इस नए पेराई सत्र के प्रारंभ होने के अवसर पर जिलाधिकारी/मिल के पदेन अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह ने वैदिक मंत्रोचार के बीच हवन में आहुतियां दी। इसके उपरांत उन्होंने प्रशासनिक एवं मिल के अधिकारियों व अन्य स्टाफ तथा गन्ना उत्पादक कृषकों के समक्ष फीता काटकर चीनी मिल के पेराई सत्र का उद्घाटन किया। फीता काटने की रस्म अदायगी के तुरंत बाद जिलाधिकारी गन्ना तौल कांटा गेट नंबर एक पर पहुंचे। जहां उन्होंने सबसे पहले पेराई के लिए गन्ना सप्लाई देने पहुंचे ग्राम लालपुर पट्टी निवासी कृषक शैलेंद्र पुत्र सोहनलाल जो बुग्गी से गन्ना लेकर आए थे, तथा ट्रैक्टर ट्रॉली से गन्ना लेकर सबसे पहले टोकन लेकर तौल कराने पहुंचे। गेट नंबर 2 पर मौजूद कृषक गिरंद सिंह पुत्र नेकराम निवासी कंपिल क्षेत्र के गांव सविता पुर-इन दोनों कृषकों को जिलाधिकारी ने उपहार स्वरूप एक-एक बाल्टी व अंग वस्त्र/गमछा भेंट कर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने पेराई चैन में गन्ना डाल बटन दबाते हुए विधिवत रूप से पेराई सत्र का शुभारंभ कराया। मिल उद्घाटन अवसर पर उप जिलाधिकारी कायमगंज सुनील कुमार यादव , चीनी मिल महाप्रबंधक किशन लाल, चीफ केमिस्ट अमित कुशवाहा, सी सी ओ प्रमोद कुमार यादव, चीफ इंजीनियर योगेंद्र कुमार गुप्ता, कैशियर बलवीर सिंह, गन्ना पर्यवेक्षक आरती गुप्ता एवं मोहम्मद शमशेर, शिवपाल सिंह, टीकाराम गंगवार, विश्वंभर सिंह तथा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुनील कुमार चक सहित काफी संख्या में सरकारी अमला व गन्ना उत्पादक क्षेत्रीय किसान भी मौजूद रहे।

# मनमाने दामों पर खाद खरीदने को मजबूर किसान, प्रशासनिक आदेश, हवा-हवाई

**फतेहपुर 84** उन्नाव। सरकार के लाख दावों के बाद भी किसानों को राहत मिलती नहीं दिख रही है। हालत यह है कि क्षेत्र में उर्वरक विक्रेता मनमाने कीमत में खाद की बिक्री कर रहे हैं। ऐसे में किसानों को मजबूरी में फसल बचाने को खाद खरीदनी पड़ रही है। स्थानीय क्षेत्र के उर्वरक विक्रेता यूरिया महंगे दामों पर बेंचकर किसानों को लूटनें का कार्य कर रहे हैं। शिकायतों पर कार्यवाही न होने से विक्रेताओं के हौसले बुलंद है। आपको बता दें अभी कुछ माह पहले ही जिला कृषि अधिकारी नें यूरिया की बोरी 266ण्50 रुपये में बेचने के निर्देश विक्रताओं को दिए थे। लेकिन इसके बाद भी दुकानदार यूरिया की बोरी को 300 से 320 में बेच रहें हैं। इतना ही नहीं किसान जब बिल मांग रहे हैं तो उन?हें बिल भी नहीं दिया जा रहा है। बाजार में यूरिया की किल्लत के चलते किसान किसी भी दर पर यूरिया खरीदने को मजबूर हैं। आपको बता दें कि फतेहपुर 84 ब्लाक के जगदीशपुर में इफको खाद का केन्द्र संचालित है। जहां किसानों को यूरिया खाद 300 प्रति बोरी के हिसाब से बेंची जा रही है। किसानों की शिकायत पर पायनियर टीम जब हकीकत जानने इफको केन्द्र पर पहुंची और एक बोरी यूरिया खाद देने की बात कही जिस पर संचालक नें 300रुपये की मांग करी। जिस पर किसान बने पत्रकार नें जब सरकारी रेट 267 रुपये होने की जानकारी दी तो केन?द्र संचालक नें कम दामों पर यूरिया न देने के साथ किसी और जगह से खाद लेने की बात कहते हुए वापस कर दिया।

*ऊगू निवासी सुनील कुमार ने बताया कि खेतों में डालने के लिए यूरिया खाद की जरूरत थी। जगदीशपुर गांव स्थित इफको केंद्र से 300 देकर एक बोरी खाद ली है। इससेकम दाम पर कोई भी खाद देने को तैयार नहीं हैं। फसल बचाने के लिए मजबूरी में अधिक दाम देकर खरीदनी पड़ी है*

*सैंया गांव निवासी फैयाज खां ने बताया कि मैं पढ़ा लिखा नहीं हूं। जगदीश पुर पट्टी खाद लेने गया था जहां पर सभी को 300 रूपए में एक बोरी खाद दे रहे थे। तो मैंने भी उतने ही दामों में खरीद ली है।*

## बीएलओ से नाराज

**जसवंतनगर।** मतदाता सूची में नए मतदाताओं को ना जोड़कर प्रशासन को चुनौती देने वाले बीएलओ की शिकायत एसडीएम से हुई लेकिन कोई कार्यवाही ना होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। मतदाता सूची से वंचित लोगों ने जल्द ही जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करने की बात कही है। दरअसल ग्राम पंचायत आलमपुर नरिया की मतदाता सूची में नए वोट बढ़ाने व सत्यापन का कार्य बीएलओ ने शुरू नहीं किया था जिस पर ग्रामीणों द्वारा एसडीएम से शिकायत की गई थी तो काम शुरू हुआ लेकिन गांव में नए मतदाताओं की संख्या अधिक होने की वजह से सभी के वोट नहीं बन पाए। लगभग 50 नए मतदाताओं के नाम बीएलओ ने शामिल ही नहीं किए। एसडीएम से शिकायत पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों के मुताबिक नए मतदाता अपने.अपने कागज लेकर अपना वोट बनवाने बीएलओ से गए तो उसने कहा कि अब समय निकल गया है अब आप लोगों के वोट नहीं बन पाएंगे। ग्रामीणों को यह समझ नहीं आया कि आखिर बीएलओ ने उनके वोट क्यों नहीं बनाए और उन्हें क्यों मतदान से वंचित रखने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों के अनुसार बीएलओ मीनाक्षी से पहले प्रमोद यादव को बीएलओ नियुक्त किया गया था उसने भी कार्य नहीं किया था उसके बाद आनंद कुमार पूर्व माध्यमिक विद्यालय आलमपुर नरिया को बीएलओ बनाया गया था परंतु उन्होंने भी कार्य नहीं किया था। रामा राठौर पत्नी राघवेंद्र सिंह 32 वर्ष आयु पूरी कर चुकीं परंतु अब तक वोट नहीं बनाए स्नेह लता पत्नी राहुल कुमार 24 वर्ष आयु पूरी कर चुके

# बाल संरक्षण आयोग की सदस्य पहुंचीं भदरस, पीड़ित परिवार को मदद का भरोसा

संवाददाता। घाटमपुर



पीड़ित परिवार के घर जाते हुए बाल संरक्षण आयोग की सदस्य जया सिंह व मृतक मासूम की दादी घसीटा

**कोतवाली** के गांव भदरस में बीते शनिवार यानी दीपावली की राम हैवानियत की हद पर करने वाली घटी घटना के बा आज बाल संरक्षण आयोग की सदस्य जया सिंह पीड़ित परिवार से मिल कर उन्हे हर संम्भव मदद के साथ न्याय का भरोषा दिलाया। पूर्व निधारित समय के मुताविक बाल संरक्षण आयोग की सदस्य दोपहर बाद भदरस पंहुची और करन कुरील के घर पंहुची और उसके माता-पिता से घटना के वावत जानकारी के अलावा परिवारिक सदस्य और अन्य बच्चों की शिक्षा, पालन पोषण के साथ उचित दर पर मिलने वाले खद्यान के बावत जानकारी की बाद में बाल संरक्षण आयोग की सदस्य जया सिंह ने गांव में बच्चों की शिक्षा, प्राथमिक विद्यायल और इसके बाद की शिक्षा के लिये बच्चे कहाँ जाते है पिता करन कुरील ने बताया कि उसकी जीवका का एक मात्र साधन मजदूरी है जिससे वह बच्चों के साथ बूढ़ी माँ और खुद के परिवार का पेट भरता है। गरीबी के चलते वो अपने बड़े पुत्र शिवा ( 13 ) की पढ़ाई बन्द करवा दी है बाल संरक्षण आयोग की सदस्य ने उसका मनरेगा के जाप कार्ड और राशन कार्ड भी देखा। इस मौके पर कई लोगों ने गांव के मुख्य संर्म्पक मार्ग पर खुले शराब ठेका को हटाये जाने की भी माँग की। करन की पत्नी राम प्यारी ने दिल दहलाने वाली इस घटना का मुख्य अपराधी तान्त्रिक और घटना स्थल का पता न लगा पाने के बावत पुलिस की भूमिका पर सवाल उठायें। बाल संरक्षण आयोग की सदस्य जया सिंह ने उन्हे न्याय और मदद का भरोषा दिलाया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव, सी0ओ रबि कुमार सिंह के अलावा कोतवाली प्रभारी संजीव सिंह भी मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक भी पीड़ित परिवार से मिले, जताया दुःख

**सपा** के पूर्व बिधायक इन्द्रजीत कोरी भी आज गांव भदरस जाकर मासूम के माता-पिता से मिलकर गहर दुख ब्यक्त किया और कहा कि वो तथा पार्टी के मुखिया और प्रदेश के पूर्ब मुख्य मंत्री अखिलेश यादव न्याय दिलाने में आपके साथ हैं पूर्ब विधायक ने उप जिलाधिकारी से मोबाइल पर बात कर करन को पीएम या लोहिया आवास दिलाने की माँ की। पूर्ब बिधायक के साथ पूर्ब ग्राम प्रधान जयनरायन सिं यादव तथा अन्य लोग थे।

### पुलिस के राजफास से संतुष्ट नहीं है स्वजन

**घाटमपुर।** गांव भदरस की दिल दहला देने वाली घटना को लेकर पुलिस द्वारा किये गये किये गये खुलासे को लेकर पुलिस के आला अफसर भले कामयाबी मानते हो लेकिन मासूक के साथ हुई दरिन्दगी और निर्यदयता से उसका पेट चीर कर जीभ सहित सभी अंग निकलने का तरीका और शव पड़ा होने वाली जगह पर खून न पड़ा होने और घटना के पहले उसके पैरों में रंग तथा आँखों में काजल आदि लगा होंने के चलते घटना कुछ और बयां करती लग रही है। करन कुरील की माँ यानी हैवानियत की शिकार मासूम की दादी 70 वर्षीय घसीटा वेंवां रंगीलाल पुलिस के राजफास से संतुष्ट नही है उसका कहना था कि नातिनके गायब अंग और घटना स्थल तथा तात्रिक को गिरफ्तारी न होना कैसा खुलासा है। वेवा घसीटा की तरह गांव के लोग भी तरह-तरह की चर्चा करते सुने गये।

### क्या थी घटना

गांव भदरस में दीपावली की शांम गांव निवासी करन कुरील का 6 वर्षीय पुत्री घर के बाहर खेलते-खेलते यकायक गायब हो गयी थी तथा सुबह गांव के पश्चिम भद्रकाली देवी मंदिरके पास खेत में उसका नग्न हालत में शव पड़ा मिला था, मासूम की जीभ के साथ पेट चीरकर कर उसके सभी अंग निकाल लिये गये थे इस घटना में शामिल दो युवकों के साथ मासूम का कलेजा खाने वाले दम्पति को गिरफ्मार कर जेल भेजा है। दोनों युवकों पर उसके साथ कुकर्म करने का भी आरोप है

## अधिकारियों ने रास्ते के विवाद को सुलझाया

**बसरेहर।** थाना क्षेत्र के गांव अमृत पुरा में राष्ट्रीय को लेकर हुए विवाद में फायरिंग व पथराव के बाद नामजद व्यक्तियों सहित तीन लोगों के खिलाफ कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था तो वही गुरुवार की दोपहर 12: 00 बजे सदर एसडीएम सिद्धार्थ सदर तहसीलदार एन राम व सैफई क्षेत्राधिकारी आलोक प्रसाद व बसरेहर चौबिया वैदपुरा सैफई थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ अमृतपुर गांव पहुंचे तो वही तहसीलदार कई क्षेत्रों के आधा दर्जन लेखपाल व नायब तहसीलदार को लेकर मौके पर पहुंचे जहां गांव वाले अभी तक 40 बीघा जमीन के बीचो बीच बरसो पुराने चले आ रहे रास्ते को ही सुचारु रुप से चालू करने की मांग कर रहे थे तो वहीं जमीन के स्वामी ने उन्हें खेत के दोनों छोरों से रास्ते देने की बात कही जिस पर अधिकारियों ने सहमत बताते हुए एक तरफ खेत से रास्ता निकालने की बात कही जिस पर गांव वाले और खेत के मालिक दोनों ही पक्षों ने बात को स्वीकार किया नापतोल होने के बाद जल्द ही उस पर रास्ते का निर्माण किया जाएगा।

## दहेज के लिये नवविवाहिता की पिटाई, गर्म सरिया से दागा

- गंभीर हालत में पुलिस ने इलाज के लिये सीएचसी भेजा
- पीड़िता ने पति गुड्डू सहित आधा दर्जन ससुराली जनों के खिलाफ दी तहरीर

संवाददाता। घाटमपुर



दरिन्दगी की शिकार गुड़िया पुत्री जयराम

**दहेज को** लेकर एक नव विवाहिता के साथ ससुराली जनों ने मिल कर पहले उसे बेहरैमी से पीटी तथा इतने पर जी नही भरा तो गर्म लोहे की सरिया से उसके कोमल अंगों के साथ शरीर पर कई जगह जलाया। जानकारी मिलने पर मायके वाले सें लेकर गुरुवार शांम घाटमपुर कोतवाली पंहुचे तथा घटना की तहरीर दी है। ये घटना कानपुर देहात के गांव सनिहापुर थाना डेरापुर की है। कोतवाली के गांव बारा दौलतपुर निवासी जयराम की पुत्री गुड़िया देवी की शादी बीते वर्ष 24 जून को कानपुर देहात के गांव सनिहांपुर थाना डेरापुर निवासी राम आसरे के पुत्र गुड्डू के साथ हुई थी। गुड़िया देवी ने कोतवाली में तहरीर दी है कि शादी के समय माता-पिता ने अपनी हैसियम भर नगदी व बर्तन आदि दिया था शादी के कुछ महीने बाद ससुराली जन 51 हजार रुपये तथा मोटर साइकिल की माँग करने लगे। और न देने पर तरह-तरह से प्रताड़ित करने लगे आती 18 नवम्बर को पति गुड्डु के अलावा सास-ससुर, जेठ जेठानी आदि ने मिल कर पहले मारा पीटा फिर गर्म सरिया से जलाया। पुलिस ने बताया कि वादिनी को इलाज के लिये सीएचसी रवाना किया गया है।

# दो ठेकेदारों के पट्टे निरस्त, 24 लाख रुपये जब्त

संवाददाता। बांदा

**जिला प्रशासन** ने लापरवाह दो खनन पट्टा धारकों के पट्टे निरस्त कर करीब साढ़े 24 लाख रुपये की जमा धनराशि जब्त कर ली है। मौरंग खनन में मनमानी करने वाले 14 ठेकेदारों को नोटिस जारी की है। रजिस्ट्री न कराने पर आठ पट्टाधारकों का पट्टा निरस्त कर जमानत राशि जब्त होगी। निर्धारित समय में किश्त न जमा करने पर छह पट्टा धारकों के पट्टे निरस्त कर उन्हें काली सूची में डालने की तैयारी है।

जनपद में करीब 26 पट्टाधारक हैं। इनमें 11 खनन पट्टे संचालित हो रहे हैं। 16 पट्टेधारक ऐसे हैं जो विभागीय प्रक्रिया पूरी कराने में रुचि नहीं ले रहे हैं। इससे नए पट्टे भी नहीं हो पा रहे हैं और राजस्व की भारी क्षति हो रही है। रजिस्ट्री न कराने और किश्तें जमा कर खनन न शुरू कराने वाले ठेकेदारों को प्रशासन ने अंतिम नोटिस जारी की है। जिलाधिकारी आनंद कुमार सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा है कि कि जो पट्टा धारक व प्रस्तावक समय से पट्टा विलेख का निष्पादन व किश्त जमा नहीं करते न सभी के पट्टे की धनराशि व प्रतिभूति धनराशि जब्त कर ली जाएगी। पट्टा निरस्त करते हुए बकाये की वसूली भू-राजस्व की तरह की जाएगी। जिले में मौरंग खनन के लिए 27 पट्टे निर्गत किए गए हैं। इनमें सिर्फ 11 संचालित हैं।

### इनकी जब्त होगी जमानत राशि, निरस्त होंगे पट्टे

आठ प्रस्तावकों ने अभी तक रजिस्ट्री नहीं कराई है। इनमें कात्यायनी नेचुरल रिसोर्सेज लहुरेटा (33 हेक्टेयर) आरएसआई स्टोन वर्ड खैरई (5.80 हेक्टेयर) विपुल त्यागी अमलोरहा खादर (25.29 हेक्टेयर) मेण्मां जयंती इन्फ्रस्ट्रक्चर बेंदा खादर (21 हेक्टेयर) मेण्एस्टीम इन्फ्राबिल्ड सादीमदनपुर (28.33 हेक्टेयर) साहू इलेक्ट्रिकल्स स्टोर मरौली खादर खंड-2 (22 हेक्टेयर) मेण्वीपी कांस्ट्रक्शन मरौली खादर खंड-4 (23 हेक्टेयर) मेसर्स कं. एंड एस माइंस मरौली खादर खंड-3 (23 हेक्टेयर) शामिल हैं। इन्हें अंतिम नोटिस में जमानत राशि जब्त कर पट्टा निरस्त करने की चेतावनी दी है।

### काली सूची में जाएंगे छह पट्टा धारक

छह पट्टा धारक किश्त नहीं जमा कर रहे हैं जिससे खदानें शुरू नहीं हो पा रही हैं। इनमें सिल्वर लाइन आटो मोबाइल साड़ी खादर मेण्यूफेरिया माइंस एंड मिनरल्स लड़ाका पुरवा जय अंबे कांस्ट्रक्शन कंपनी सादी मदनपुर मेण्साई चरन इन्फ्राटेक लिण् खप्टिहाकलां मेण्जय मां सिद्धदात्री बिल्डटेक जौहरपुर खंड.3 व मेण्नव आरुषी ट्रेडर्स खप्टिकला शामिल हैं। इन्हें भी अंतिम नोटिस में डीएम ने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल किश्तें जमा कर खनन नहीं शुरू करते तो पट्टे निरस्त होंगे और काली सूची में डाला जाएगा। नए पट्टे किए जाएंगे।

### ये पट्टे हुए निरस्त

पट्टा धारक मेण्सुलभ सक्सेना पहाड़ी पट्टेदार गिरवां व एसआर एनोवेशन एलएलपी नहरी के पट्टे बुधवार को डीएम ने निरस्त कर दिए। गिरवां के ठेकेदार की सात लाख और नहरी के ठेकेदार की 17.60 लाख की धनराशि जब्त कर ली गई है।

## ग्रामीण पाइप पेयजल योजना की डीएम ने ली बैठक



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पांडेय की अध्यक्षता में ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के लिए भूमि आवंटन के संबंध में एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने तहसीलदारों को निर्देश दिए कि जिन गांव में जगह अभी तक आवंटन नहीं की गई है वहां पर तत्काल कराएं तथा जिन गांव में शासकीय जमीन उपलब्ध नहीं है तो अगल बगल की ग्राम पंचायतों में व्यवस्था कराएं। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता का यह कार्य है इसमें लगातार शासन द्वारा समीक्षा की जा रही है इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होना चाहिए। राज्य पेयजल मिशन अवर अभियंता अभिषेक कुमार को निर्देश दिए कि तहसीलदारों से संपर्क कर भूमि का चिन्हांकन कराएं उन्होंने अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई आरके गुप्ता से कहा कि आप भ्रमण कर जल जीवन मिशन के अंतर्गत भूमि का चिन्हांकन कराएं। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी से कहा कि ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के लिए जो सभी तहसीलों में भूमि आवंटन कार्य किया जाना है उसमें सभी तहसीलों से संपर्क स्थापित कर व्यवस्थाएं कराएं।

## क्विक न्यूज

### सीआईसी में बनेगा बालिका महाविद्यालयः डा. रणवीर सिंह

**चित्रकूट।** चित्रकूट इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर रणवीर सिंह चौहान ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करके पंडित अटल बिहारी बाजपेई स्मृति बालिका महाविद्यालय कक्षों की स्थापना पर वार्ता किया। मुख्यमंत्री ने स्वयं उन्हें 18 नवम्बर को लखनऊ बुलवाया था। बता दें कि उन्होंने 30 अक्टूबर को बालिकाओं आश्रम में मुख्यमंत्री के आगमन पर मुख्यमंत्री को पत्र देकर अनुरोध किया था। नगर में बालिका महाविद्यालय नहीं है जिससे छात्र-छात्राओं को पढ़ने में असुविधा होती है। चित्रकूट इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति भूमि देने के लिए तैयार है। सरकार से अनुदान और स्वीकृति प्रदान कर जनपद को एक बड़ी सौगात मिल जाए जिस पर मुख्यमंत्री ने अनुमति दी है।

### मऊ थाने का एसपी ने किया निरीक्षण

**चित्रकूट।** रात्रि में पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने थाना मऊ में स्थापित महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हेल्पडेस्क में सुलहनामा की फाइल व हेल्पडेस्क में उपलब्ध आगन्तुक रजिस्टर व अन्य रजिस्टरों का अवलोकन किया। महिला हेल्पडेस्क में कार्यरत महिला कर्मियों को निर्देश दिये गये कि थाना क्षेत्र की एएनएम, आगंनबाड़ी कार्यकत्रियों के मोबाइल नम्बर कम्प्यूटर में फीड किया जाये। इसके पश्चात थाना मऊ में थाना बरगढ़ एवं मऊ के विवेचकों का अर्दली रूम चेक किया। लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की एवं लम्बित विवेचनाओं को गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये। इस दौरान पर सीओ मऊ सुबोध गौतम, प्रभारी निरीक्षक थाना मऊ व बरगढ़ व वाचक पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे।

### महिला की बाइक से गिरकर मौत, 9 दिसंबर को थी बेटी की शादी

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम विदोखर मेदिनी की एक महिला अपनी बेटी की शादी के लिए समान खरीदने बाइक द्वारा मौदहा गई थी। बाइक में बैठते समय वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार हेतु उसे कानपुर ले जाया गया मगर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। महिला की मौत से उसके पुत्र और पुत्रियो का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। गौर तलब है कि राजाराम प्रजापति की पत्नी गयारानी 45 वर्ष अपनी बेटी की 9 दिसंबर को होने वाली शादी की तैयारी कर रही थी। बुधवार को अपने भाई के साथ बाइक द्वारा मौदहा समान लेने गई हुई थी। परिजनों ने बताया कि बाइक में बैठते समय वह फिसल कर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया। किन्तु गंभीर हालत होने पर उसे कानपुर रिफर कर दिया गया। किन्तु कानपुर जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। महिला के मौत से उसके परिवार में भारी गम का माहौल है।

### छेड़खानी के आरोप में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**सरीला (हमीरपुर)।** जरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में मेला देखने गई किशोरी के साथ छेड़खानी करने के आरोप में दो के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। किशोरी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार को गांव में मेला लगा था। वह मेले में खरीदारी करने गई थी। तभी धीरेंद्र, विकास ने बुरी नियत से उसका हाथ पकड़ लिया था।अश्लिन हरकतें की।विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जान माल की धमकी भी दी है।किशोरी ने बताया कि उसका पिता दिल्ली में मजदूरी करता है।आरोपी दबंग किस्म के हैं। उसके साथ कोई भी घटना कर सकते हैं। थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि किशोरी की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मृत्यु

**सरीला (हमीरपुर)।** जनपद जालौन के कदौरा थाना में हुए सड़क हादसे में मौत के मुंह में समाया 50 वर्षीय बाइक सवार वृद्ध गरीब मजदूर था। गुरुवार को जलालपुर थाना क्षेत्र के रिरूवा गांव का टिर्रा (50) गांव के श्याम लाल यादव के बेटे हरिकिशन(22) के साथ बाइक से कदौरा जालौन जा रहा था ।तभी पथरहटा गांव के पास बोलेरो से टक्कर लगने पर दोनों बाइक सवार गिर गए थे। जिसमें टिर्रा की मौके पर मौत हो गई। वह मेहनत मजदूरी करके परिवार चलाता था। उसके दो बेटे हैं। वृद्ध की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। घटना का मामला कदौरा थाने में दर्ज किया गया है।

### शॉर्टसर्किट से लगी आग ,गिफ्ट् की दुकान जलकर हुई राख

**बिवाँर (हमीरपुर)।** बीती रात कस्वे के एक गिफ्ट की दुकान में आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। जानकारी के मुताबिक कस्वे में गिफ्ट की अंशू गुप्ता की दुकान में अचानक आग लग जाने के कारण धू-धू कर जलने लगी । राजेन्द्र ने अपने पुत्र को दुकानदार के घर भेजा और देखते-देखते बसस्टैंड के अन्य दुकानदार भी इकट्ठा हो गए।सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अखिलेश कुमार भी मौके पर पहुँच गए और फायर बिग्रेड को फोन कर दिया।बडी मुश्किल से लोगों ने दुकान का शटर तोड़ा और आग बुझाने की कोशिश करने लगे।लेकिन आग इतनी भीषण थी कि लोग उसे बुझा नहीं सके। थोड़ी देर में फायर बिग्रेड की गाड़ी भी आ गई और उसने अपने टैंकर का पूरा पानी उड़ेल दिया लेकिन आग नहीं बुझी।

## इंदिरा गांधी ने देश की अखंडता व एकता के लिये प्राणों की दी थी आहुतिः विजय



### कांग्रेसियों ने पुष्प अर्पित कर मनाई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 इंदिरा गांधी ने देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने और जनता की तरक्की के लिए अनेक क्रांतिकारी योजनाएं चलाईं जिससे समाज के सभी वर्गों को लाभ मिला। उन्होनें अपना जीवन देश को समर्पित कर दिया था। देश की एकता और अखंडता के लिए उन्होंने अपनें प्राणों की आहुति दे दी थी जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

यह बात गुरुवार को नगर के तिर्वा रोड स्थित कांग्रेस नगर कार्यालय पर पूर्व जिलाध्यक्ष विजय मिश्र नें पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 इंदिरा गांधी की 103वीं जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के उपरांत कही। इस उन्होने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा पूरा कि पूरा विश्व उनका लोहा मानता था। उन्होंने अपने कार्यकाल में भारत को विश्व के मानचित्र पर एक विशेष स्थान दिलाया। नगर अध्यक्ष संजीव दुबे मुन्ना ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने 84 हजार सैनिकों को बिना युद्ध के आत्मसमर्पण कराया था। इस अवसर पर संदीप त्रिवेदी, डॉ आरपी सैनी, प्रभात बाथम, डॉक्टर जहीर, आफाक हुसैन सिद्दीकी, पीडी विश्वकर्मा, रामू त्रिपाठी, विनय तिवारी, देवेश मिश्रा, दीपू बाथम आदि मौजूद रहे।

## भाई, भतीजे, भाभी समेत पांच के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**सरीला ( हमीरपुर )।** जरिया थाना क्षेत्र के धगवां गांव में 55 वर्षीय किसान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिलने के मामले में मृतक के पुत्र ने अपने भाई भाभी व भतीजे सहित पांच के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक धगवां गांव निवासी मानसिंह (55) की लाश पेड़ से लटका मिला था। मृतक के बेटे मुकेश ने बताया कि उसका पिता लगभग छह बजे शौच के लिए निकले थे। दिन भर वापस नहीं आए तो खोजबीन करने पर उनका शव पेड़ से लटका मिला था। मुकेश ने पुलिस को बताया कि जमीनी विवाद को लेकर उसके पिता का विवाद बड़े भाई कुंवर लाल से चलता है। इससे पूर्व 2016 में भी इनके द्वारा पिता की हत्या का प्रयास किया गया था दो दिन पहले सोमवार को कुंवर लाल ने जिला अस्पताल से डॉक्टरी रिपोर्ट निकलवाने से मना किया था तथा जान से मारने की धमकी दी थी। उसके ताऊ कुंवर लाल, ताई वीरवती व चचेरे भाई जितेंद्र व गांव निवासी दो अज्ञात लोगों ने उसके पिता की हत्या कर शव पेड़ से लटका दिया है। मृतक के बेटे की तहरीर पर तीन नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया। हत्या का कारण जमीनी विवाद बताया जा रहा है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। उधर पोस्टमार्टम के बाद मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। मृतक के घर कोहराम मचा है।

### अवैध देशी रायफल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**राठ ( हमीरपुर )।** कोतवाली पुलिस ने गस्त के दौरान एक युवक को अवैध देशी रायफल के साथ धर दबोचा। थाने के एसआई दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ बुधवार को गस्त के दौरान विपिन पुत्र कलाधर ग्राम जखेड़ी को एक अदद देशी रायफल व दो जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के विरूद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

## माध्यमिक वित्तविहीन प्रधानाचार्य महासभा के जिलाध्यक्ष बने अमित



**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** माध्यमिक वित्तविहीन शिक्षक महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा तेराजाकेट स्थित बीजेपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अमित यादव को संगठन के प्रति लगन निष्ठा एवं कार्य कुशलता को देखते हुए माध्यमिक वित्तविहीन प्रधानाचार्य महासभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करुंगा। गुरुवार को माध्यमिक वित्तविहीन शिक्षक महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रामवीर सिंह यादव द्वारा क्षेत्र के ग्राम तेराजाकेट स्थित बीजेपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अमित यादव को माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालय प्रधानाचार्य महासभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत कर प्रमाण पत्र सौपा। उन्होंने कहा कि आशा की जाती है कि आप द्वारा संगठन के प्रतिपूर्ण निष्ठा भाव एवं लगन के साथ कार्यरत प्रधानाचार्य शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं के साथ शासन एवं प्रशासन द्वारा अपनाए जा रहे दोहरे मापदंडों को समाप्त कराने एवं उनकी ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करते हुए संगठन को प्रभावी बनाने में अपनी महती भूमिका निभाएंगे। मनोनयन पर शुभचिंतकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। लोगों ने फूलमालाओं से नव मनोनीत जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर गुंजन यादव, अवनीश पाल, कलपेन्द्र शर्मा, ओमेंद्र सिंह, अमर सिंह, प्रवीन यादव उपस्थिति रहे।

## धर्म नगरी के साधु -संतों की तन ,मन और धन से रक्षा करना कामदगिरि पीठ का दायित्व

**चित्रकूट।** भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट में गुरुवार को विरक्त संत मंडल साधु समाज के अध्यक्ष एवं पंजाबी भगवान के महंत राजकुमार दास महाराज ने श्रीकामदगिरि पीठ के पीठाधीश्वर जगदगुरू रामस्वरूपाचार्य महाराज समेत एवं धर्म नगरी के प्रमुख साधू -संतो की मौजूदगी में संत सोमेश्वर दास महाराज को परशुराम आश्रम का महंत घोषित किया। इसके बाद सभी संतो ने कंठी चादर-डाल कर पट्टाभिषेक किया। इस मौके पर कामदगिरि पीठ के महंत जगद्गुरु स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज ने कहा कि अखाड़ा परिषद् को चित्रकूट के मठ -मंदिरो में दखल देने और महंथी करने का कोई अधिकार नहीं है। लोभ ,लालच और ईर्ष्या द्वेष से कार्य करने वाले अखाडा परिषद् के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि को निर्मोही आखाड़ा के महंत ओंकार दास को हटाने का कोई अधिकार नहीं है। विरक्त संत मण्डल ओंकार दास आज भी मानता है। उन्होंने



संबोधित करते जगदगुरू रामस्वरूपाचार्य।

कहा कि धर्म नगरी के साधु -संतों की तन ,मन और धन से रक्षा करना कामदगिरि पीठ का दायित्व है। मठ ,मंदिरो और अखाड़ों की सम्पतियों को अवैधानिक तरीके से बेचने वालो को कानून के कटघरे में खड़ा किया जायेगा। धार्मिक नगरी चित्रकूट में गुरुवार को कामदगिरि पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामस्वरूपाचार्य ने सन्त सोमेशवर दास को परशुराम आश्रम चित्रकूट का महन्त बनाया है। प्रमुख सन्तो की मौजूदगी में परशुराम आश्रम रामनगर जानकीकुंड में सन्त सोमेश्वर दास को कंठीमाला देकर महंथी की पदवी दी गयी है। यह महंथी विरक्त मंडल साधु संत समाज चित्रकूट ने कराई है । महंती के इस कार्यक्रम में सन्तो के दो फाड़ दिखाई दिए है। जिसकी चर्चा भी सन्तो के बीच विरोधाभास वाली रही। जगद्गुरु रामस्वरूपाचार्य ने दो दिन पहले निर्मोही अखाड़ा में की गई महंती को कोर्ट चौलेंज देने का ऐलान किया है और जगद्गुरु के पद से खुद को हटाए जाने के मामले पर कहा मुझे हटाने का अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष को कोई हक नही है। ये श्रद्धा का विषय है मैं खुद नरेंद्र गिरि को अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पद से हटा रहा हूँ। चित्रकूट में पहली बार साधू -संतो में दो फाड़ का स्वरूप संत समाज की महंती परम्परा में देखने को मिला। दो दिन पहले निर्मोही अनी अखाड़ा में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष सन्त नरेंद्र गिरी और जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने महंत ओंकारदास को हटाकर दो नए संतो शिवराम दास और दीनदयाल दास को निर्मोही अखड़ा की महंती सौपी थी।

## छेड़खानी का विरोध किया तो मारपीट कर जख्मी कर दिया

**मौदहा ( हमीरपुर )।** कस्बे के मोहल्ला साजन ताल तालाब निवासी एक महिला ने एक व्यक्ति सहित पांच लोगों पर छेड़छाड़ व मारपीट गाली-गलौज करने का लगाया आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को बताया कि शाम अपने घर में कामकाज निपटा रही थी तभी मोहल्ला निवासी बाबू पुत्र रामकिशन नशे की हालत में घर में घुस छेड़छाड़ करने लगा तथा भद्दी भद्दी गाली देने लगा तभी शोर शराबा सुन मोहल्ले के लोग इकट्ठे हो गए यह देख बाबू ने लाल सिंह पर डंडे से वार कर दिया जिससे लाल सिंह का मोबाइल फोन टूट गया तभी मौका पाकर बाबू वहां से भाग निकला वहीं थोड़ी देर बाद बाबू अपने साथी वीरेंद्र पुत्र सयाने निवासी तिदुही के साथ अवैध तमंचा के साथ आ धमका और धावा बोल दिया जिससे प्रार्थी व उसका परिवार डर गया तभी पुलिस को लिखित सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को समझा-बुझाकर सुलहनामा कराया परंतु पुलिस के जाते ही रात को बाबू पुत्र रामकिशन वीरेंद्र पुत्र सयाने सरिता वर्षा पुत्री रामकिशन सुशीला पत्नी रामकिशन वह रामकिशन सभी ने लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी पर धारदार हथियार से लैस पुनः धावा बोल दिया किसी तरह प्रार्थीया ने परिवार सहित जान बचाई कोतवाली पुलिस में तहरीर दे न्याय दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

### पत्नी से जानमाल का खतरा बताया, पुलिस से शिकायत

**मौदहा ( हमीरपुर )।** युवक ने पुलिस से शिकायत कर पत्नी से जानमाल का खतरा बताया है उसका कहना है कि उसकी पत्नी अर्चना का उससे जान का खतरा है वह एक साजिश के तहत हत्या कराना चाहती है। कई मर्तवा वह अन्य लोगो के साथ मिलकर जानमाल की धमकी दे चुकी है। पुलिस को बताया कि दो दिन पहले पत्नी ने उसे भोजन परोसा जब उसे कुछ आशंका पैदा हुई तो उसने वही भोजन कुत्ते को डाल दिया जिससे कुत्ते की तत्काल मौत हो गयी।आरोप है कि उसे कभी भी जान से मरवा सकती है पुलिस से न्याय की गुहार लगायी है।

## धर्म नगरी चित्रकूट के श्रीसद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट में हुआ 106वां तारा नेत्रदान यज्ञ का शुभारंभ

**चित्रकूट।** श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट में बुद्धवार को 106 वां तारा नेत्रदान यज्ञ का शुभारंभ पूज्य संत रणछोड़दास जी महाराज की जन्म जयन्ती के शुभ अवसर पर ट्रस्ट के ट्रस्टी डा0 बी0 के0 जैन के द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। यह नेत्र यज्ञ रणछोड़दास जी के द्वारा ही शुरू किया गया था। तब से प्रतिवर्ष उनकी जन्म तिथि के शुभ अवसर पर प्रारम्भ किया जाता है। इस शुभ अवसर पर इस वर्ष सदगरु परिवार ऑन लाइन तारा नेत्रदान यज्ञ के उद्घाटन समारोह का साक्षी रहा। गुरुदेव के अन्धे को रोशनी देने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रतिवर्ष यह आई कैम्प शुरू किया जाता है।

सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के निदेशक डा. बीके जैन ने बताया कि इस आई कैम्प के माध्यम से आँख से सम्बधित सभी बीमारियों का इलाज किया जाता है। संत रणछोड़दास जी



शुभारंभ करते डा. बीके जैन।

की दुआ से चिकित्सालय द्वारा मरीजों को बेहतर सुविधा प्रदान की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में रहकर भी यह भारत का ही नहीं बल्कि पूरे विश्व का ग्रामीण क्षेत्र का प्रथम नेत्र चिकित्सालय बन गया है। श्री विषद भाई मफतलाल अरविन्द भाई के सपनो को साकार करनें में तन,मन,धन से प्रयास कर रहे हैं। अरविन्द भाई के कार्यों को आगे बढ़ानें में डा0 व्ही0 एस0 जोवनपुत्रा, एनबी लोहानी, एम रघुनाथ, मनोज पाण्डया, डा0 इलेश जैन सहित सभी ट्रस्टी एवं सदगुरु परिवार के लोग पूरी निश्ठा से काम कर रहे हैं। इनके प्रयास से यह संस्था आज ग्रामीण क्षेत्र में काम करने वाली विश्व की पहली संस्था बन गयी है। डा0 जैन ने अपने सम्बोधन में कहा कि पूज्य गुरुदेव के आशीर्वाद से कोरोना महामारी के काल में हम सभी लोग स्वस्थ एवं सुखी हैं। हम सभी लोग अपने मन से ईर्ष्या, द्वेश एवं अहंकार को दूर कर गुरुदेव के बताये सदमार्ग पर चलें यही हमारी ओर से उन्हे उनके जन्म जयंती पर सबसे बडा उपहार होगा। उन्होने 1950 में नेत्र यज्ञ का जो बीज बोया था वह निरंतर चल रहा है और इसी का आधार मानकर शासन ने भी अंधत्व निवारण कार्यक्रम की शुरुआत की है। गुरुदेव ने प्लेग एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं में हमेशा लोगों की मदद की है आज फिर आपकी जरूरत आ पडी है क्योंकि कोरोना रूपी राक्षस ने सभी को आपत्ति में डाल दिया है।

## खनन में चलता 'जुगाड़' नियमों का तोड़ बरकरार

**बांदा।** ज्यों-ज्यों दवा की मर्ज बढ़ता ही गया वाली तर्ज पर अवैध खनन और परिवहन बेलगाम नजर आता है। शासन-प्रशासन की अंकुश की कवायद पर मातहत ही पानी फेरने में जुटे हैं। थैली की खनक ने आंखों पर मोटा पर्दा डाल दिया है। नतीजा नियमों का माखौल ही उड़ता नजर आता है। ओवरलोडिग हो या फिर नदी के साथ ग्रामीण इलाकों में लाल सोने की लूट दोनों हाथों से जारी है और अधिकारी ऑल इज वेल का पाठ ही रट रहे हैं। जहां पर खनन खाट नहीं हैं वहां भी मौरंग खोदाई और ट्रैक्टरों से ढोलाई पर कोई रोक नजर नहीं आती है। यह दीगर बात है कि अंकुश लगाने को कई नियम बनाए गए पर पालन कौन कराए यह तय होता नजर नहीं आ रहा है।

साड़ी गांव में नदी की कोख खाली की जा रही है। यह वही खदान है जहां कुछ दिन पहले संचालक के गुर्गों ने एक ढाबा संचालक की पत्नी से छेड़छाड़ की और विरोध करने पर फायरिग कर आतंक मचाया था। विरोध में महिलाएं और ग्रामीण सड़क पर उतरे पर मुकदमा तक दर्ज नहीं हुआ। इलाकाई रसूखदारों के बल पर पूरे मामले पर समझौते का पर्दा डाल दिया गया। साड़ी खदान में दिनरात आधा दर्जन से ज्यादा पोकलैंड मशीनें नदी के बीच खनन में लगी हैं। ओवरलोडिग चरम पर है पर जिम्मेदार मौन हैं।

> डीएम के निर्देश पर एआरटीओ खनिज अधिकारी सीओ और एसडीएम की अगुवाई में टीम समय.समय पर ओवरलोड ट्रकों की जांच के लिए गठित है। जल्द जांच अभियान चलाया जाएगा।
> **रामकुमार, एसडीएम पैलानी**

### निकाल लिया है तोड़ खुलेआम होती ओवरलोडिंग

खनन से जुड़े सूत्र बताते हैं कि सीसीटीवी कैमरे और धर्मकांटा लगे जरूर हैं पर इसका भी आसान तोड़ निकाल लिया गया है। कैमरों में वह तस्वीर कैद होती है जो नियमों का पालन करने की गवाही दे। धर्मकांटा पर भी तौल सही ही मिलेगी। ओवरलोडिग का तोड़ यह है कि घाट से आगे मौरंग का डंप रहता है। वहां पर गाड़ी पहुंचते ही मशीनों से मनमुताबिक मौरंग फिर लोड कर दी जाती है।

## बांदा में बोलेरो की टक्कर से पलटी मैजिक, कई घायल

**बांदा।** बांदा रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार बोलेरो व मैजिक में टक्कर हो गई। हादसे के बाद मैजिक पलट गई। जिससे इसमें बैठी 24 सवारियां जख्मी हो गई। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से सभी को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर नौ लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। बांदा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरगहनी निवासी संजय यादव स्वजन व रिश्तेदारों के साथ सतना ;मध्यप्रदेशद्धके ग्राम सेजवारा में मन्नत मांगने भैरमबाबा मंदिर गए थे। पूजा.अर्चना करने के बाद आते समय नेशनल हाईवे पर अतर्रा स्थित पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने मैजिक में टक्कर मार दी। इससे मैजिक पलट गई और बोलेरो लेकर चालक फरार हो गया। अचानक हुए हादसे से मैजिक में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई। साथ मे मोटरसाइकिल द्वारा जा रहे अन्य स्वजनों ने मोहल्लेवासियों की मदद से मैजिक से सभी घायलों को निकाल सीएचसी में भर्ती कराया। ग्राम बरगहनी निवासीगण 33 वर्षीय श्रीकृष्ण 18 वर्षीय शिवम 35 वर्षीय इंद्रकरन 22 वर्षीय भुवनेश 20 वर्षीय राजप्रीति 45 वर्षीय भूरी सात वर्षीय रिया 22 वर्षीय संगीता 48 वर्षीय कल्लू 35 वर्षीय रामसुफल 40 वर्षीय बेबी 55 वर्षीय रामबाई आठ वर्षीय लल्लू 15 वर्षीय कुलदीप छह वर्षीय रेनू 30 वर्षीय जितेंद्र 23 वर्षीय संजय 48 वर्षीय प्रेमबाबू 50 वर्षीय रमाशंकर 38 वर्षीय छोटेलाल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। इनमे श्रीकृष्ण शिवम इंद्रकरन भुवनेश राजप्रीति भूरी रिया संगीता व कल्लू की गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत पुलिस ने चिता से निकलवाया शव

**बांदा।** नौ माह पहले घर से भाग प्रेम विवाह रचाने वाली युवती की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। हस्तम गांव निवासी ससुरालपक्ष का कहना है कि जहरीला कीड़ा काटने से उसकी जान गई। जबकि रिश्तेदारों से सूचना मिलने पर सजेती के मवई मच्छन गांव निवासी भाई ने यूपी 112 पर हत्या कर शव जलाने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने अधजला शव बरामद किया। प्रभारी थाना निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। कानपुर नगर के सजेती थाना क्षेत्र के मवई मच्छन गांव निवासी छोटे तिवारी की इंटर में पढ़ने वाली बेटी 20 वर्षीय साधना से दूर के रिश्तेदार बिसंडा थाना क्षेत्र के हस्तम गांव निवासी नत्थू तिवारी के बेटे विमल ने फरवरी. 2020 में प्रेम.विवाह किया था। साधना के भाई रोहित ने बताया कि उस समय थाने में अगवा की तहरीर दी गई थी। लेकिन बहन बालिग थी इसलिए आगे कोई कार्रवाई नहीं की। इधर सोमवार को साधना की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि नत्थू के परिवार ने कहा था कि जहरीले कीड़े ने काट लिया है। इलाज कराने बांदा ले गए वहां से रेफर कर दिया गया था। रास्ते में मौत हो गई। रोहित का आरोप है कि बहन की मौत की जानकारी तक नहीं दी गई। साधना के एक रिश्तेदार के जरिए जब भाई को जानकारी हुई तो उसने डायल.112 पर इसकी शिकायत दर्ज कराई। हरकत में आई पुलिस जब पहुंची तो ससुराल के लोग चिता में आग लगा चुके थे। पुलिस ने आग को शांत कर अधजला शव कब्जे में लिया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### चार भाइयों में थी इकलौती भाई दूज को किया था फोन

साधना चार भाइयों रोहित राजेश लक्ष्मीकांत और लवनेश में सबसे छोटी थी। रोहित ने बताया कि विमल पहले दिल्ली में नौकरी करता था। लॉकडाउन में घर आ गया। इस समय गांव में ही जेसीबी चलाता था। कल ही साधना ने फोन कर जान पर खतरे का अंदेशा जताया था। उसने कहा था कि वह हस्तम में है और यह लोग उसकी जान लेना चाहते हैं। मृतका के पिता छोटे तिवारी ने पोस्टमार्टम कराने के लिए लिखित दिया है। अधजला शव बरामद किया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्वजन बुधवार को तहरीर देने की बात कह रहे हैं।
**नरेंद्र प्रताप सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक, बिसंडा**

## जिला पंचायत सदस्य ने किया टूर्नामेंट का उद्घाटन

**बिवाँर ( हमीरपुर )।** कस्बा के मिनीब्लॉक खेल परिसर में गुरुवार के दिन क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ जिसका उद्घाटन जिलापंचायत सदस्य मुकेश सिंह भदौरिया ने किया।उद्घाटन मैच मौदहा और पडोरा के बीच दस-दस ओवरों का खेला गया ,जिसमें मौदहा ने सुपर ओवर में तीन गेंदों के रहते मैच जीत लिया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच तीस नवम्बर को होगा।जिसमें आगरा ,कानपुर ,राठ ,बाँदा समेत लगभग एक दर्ज टीमों को आमंत्रित किया गया है।पहले दिन दो मैच खेले गए।पहला मैच मौदहा और पडोरा जबकि दूसरा मैच मौदहा और नगवाँ के बीच खेला गया।

### युवती ने खाया जहर

**राठ ( हमीरपुर )।** कस्बे के जलालपुर रोड पठानपुरा मोहल्ला निवासी मुन्ना की 24 वर्षीया पुत्री कविता ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगडने पर परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये।

### बाइक से गिरकर दो घायल

**राठ ( हमीरपुर )।** क्षेत्र के अलग अलग दो स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोग बाइक से गिरकर घायल हो गये। कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ीगढ़ी गांव निवासी दिनेश 22 पुत्र नारायण सुबह करीब 9 बजे शौचक्रिया के लिये जा रहा था। तभी पीछे एक बाइक सवार युवक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# डीएम ने पंचायत चुनाव पर किया मंथन

## तैयारियों को लेकर अधिकारियों को जारी किए दिशा-निर्देश

संवाददाता। गोंडा



**आगामी त्रिस्तरीय** पंचायत सामान्य निर्वाचन 2020-21 की तैयारियों के क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0) डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमें निर्देशित किया गया कि पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के अन्तर्गत तैयार की जा रही हस्तलिखित पाण्डुलिपियां प्रत्येक दशा में 20 नवम्बर तक जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करा दी जायें। बैठक में उपजिलाधिकारी-करनैलगंज द्वारा अवगत कराया गया कि खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा अपेक्षित सहयोग नहीं किया जा रहा है। इस पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को अपने स्तर से निर्देशित करते हुए और उन्हें अवगत करायें। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के अन्तर्गत तैयार की जा रही हस्तलिखित पाण्डुलिपियां प्रत्येक दशा में 20 नवम्बर तक जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करा दी जायें। इसके अलावा पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के अन्तर्गत प्राप्त आनलाइन आवेदनों की जॉच कराकर उन्हें स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने की कार्यवाही आगामी 25 नवम्बर तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि निर्वाचक नामावली की हस्तलिखित पाण्डुलिपियों की फीडिंग फर्म द्वारा की जा रही है। फर्म द्वारा फीड किये गये डाटा को तहसील में उपलब्ध पाण्डुलिपि से मिलान करके अपने लॉगिन आई0डी0 से स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने की कार्यवाही भी साथ-साथ करते रहें। बैठक में सभी उपजिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार/ अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी-तरबगंज, सहायक निर्वाचन अधिकारी पंचस्थानीय निर्वाचन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## छठ पूजा के मद्देनजर एसपी ने लिया जायजा

**करनैलगंज(गोंडा)।** छठ पूजा के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए करनैलगंज के सरयू घाट पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे पहुंचे और महिलाओं एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष सुरक्षा व अन्य सुविधाओं को मुहैया कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने सरयू नदी के कटरा घाट एवं आसपास के मंदिरों को देखा। इसके साथ ही उन्होंने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली करनैलगंज को सुरक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि डाला छठ पूजा को लेकर सरयू घाट पर महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग के पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए और मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा ना हो इसके लिए एक कैंप लगाया जाए। जिसमें श्रद्धालु अपने किसी भी प्रकार की समस्या रख सके। इसके अलावा उन्होंने आसपास के क्षेत्रों नदियों, घाटों एवं पोखरा में जहां छठ पूजा के लिए श्रद्धालु एकत्र होते हो हर स्तर पर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मनीष जाट, इंस्पेक्टर विनय कुमार यादव एवं तमाम पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

## लापता युवक का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**कादीपुर, सुलतानपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में चार दिन पूर्व घर से गायब हुए युवक का शव गुरूवार को मंगरावा गांव के जंगल में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पेड में फंदे के सहारे लटक रहे शव को नीचे उतरावाया। युवक की मौत हत्या है या फिर आत्महत्या की वजह तलाशने में पुलिस जुटी हुई है। कादीपुर कोतवाली के अंतर्गत खंडोरा गांव निवासी प्रदीप विश्वकर्मा (35) पुत्र शिवराम विश्वकर्मा चार दिन पूर्व अचानक घर से लापता हो गया। देररात तक वह वापस नहीं लौटा तो परिवारीजनों ने नात-रिश्तेदारों के यहां संपर्क किया। दूसरे दिन भी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। अनहोनी की आशंका पर परिवारीजनों ने पुलिस को सूचना दी और खोजबीन जारी रखी। गुरूवार को पडोसी गांव मंगरावां के जंगल में एक शव पेड़ से लटकता हुआ मिला तो वहां बडी संख्या में ग्रामीणों की भीड जमा हो गई। शव की शिनाख्त परिवारीजनों ने प्रदीप के रूप में की। क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र कुमार ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। परिवारीजनों से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# बजाज चीनी मिल में पेराई सत्र के लिए पूजा-अर्चना



संवाददाता। गोंडा

**बजाज हिन्दुस्थान** शुगर लिमिटेड इकाई कुन्दुरखी में पेराई सत्र 2020-21 के लिए चीनी मिल परिसर में इण्डेन्ट पूजा विधि-विधान पूर्वक सम्पन्न करायी गयी।

यह जानकारी देते हुए इकाई प्रमुख जी0वी0 सिंह ने बताया कि दिनांक 25 नवम्बर 2020 से पेराई सत्र प्रारम्भ हो जायेगा। जिसके लिए सम्बन्धित समितियों को इण्डेन्ट प्रेषित कर दिया गया है। वहीं चीनी मिल के महाप्रबन्धक (गन्ना) योगेन्द्र सिंह ने बताया कि कोविड-19 के परिपेक्ष्य में शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पेराई सत्र 2020-21 को सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने की सभी आवश्यक तैयारियॉं पूरी कर ली गई हैं। जिससे पेराई सत्र के दौरान कृषकों को अपना गन्ना बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न होने पाये। इस मौके पर महाप्रबन्धक (उत्पादन) आर0के0 सिंघल, महाप्रबन्धक (यांत्रिकी) पी0के0 पाण्डेय, जोनल हेड मानव संसाधन आर.सी. पाण्डेय, सहायक महाप्रबन्धक (सेल्स) आर0पी0 सिंह, वरिष्ठ गन्ना प्रबन्धक अरूण सिंह, गन्ना प्रबन्धक एन0के0 सिंह व अपर गन्ना प्रबन्धक शशिकांत दूबे आदि मौजूद रहे।

# अधीक्षण अभियंता ने नहरों का निरीक्षण कर लिया सिल्ट सफाई का जायजा

संवाददाता। शिवगढ़ (रायबरेली)



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ, सिंचाई मंत्री महेंद्र सिंह के निर्देश पर लखनऊ खण्ड शारदा नहर लखनऊ के अधीक्षण अभियंता आर.के.जैन ने सहायक अभियंता विनय कुमार, जूनियर इंजीनियर पंकज शिवहरे के साथ शिवगढ़ क्षेत्र के गूढ़ा रजबहा, चंदापुर माइनर, भवानीगढ़ माइनर, रायपुर माइनर, रुस्तमगंज माइनर,शिवली माइनर का निरीक्षण कर साफ-सफाई का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिए। मंद गति से हो रही माइनरों की सफाई एवं फिन्सिंग को देखकर अक्षीक्षण अभियन्ता ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि हर हालत में 30 नवम्बर तक पूरी गुणवत्ता के साथ नहरों की सफाई और मिट्टी बराबर करने का कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए, लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नही की जाएगी। श्री जैन ने कहा कि गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नही किया जायेगा। विदित हो कि वर्तमान समय में नहरों की सिल्ट सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। बृहस्पतिवार को जिसका जायजा लेने पहुंचे अधीक्षण अभियंता आर.के.जैन ने शिवगढ़ क्षेत्र के गूढ़ा रजबहा सहित क्षेत्र की आधा दर्जन से अधिक माइनरों का निरीक्षण कर साफ-सफाई का जायजा लिया। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर अधीक्षण अभियंता आर.के.जैन ने बताया कि लखनऊ खण्ड शारदा नहर लखनऊ के रायबरेली जनपद में तीन रजबहा और 24 अल्पिकाए हैं। सभी अल्पिकाओं में हेड़ से टेल तक सफाई कार्य कराया जा रहा है। वहीं शिवगढ़, गूढ़ा,सेहगों रजबहा में बजट के हिसाब से सफाई का कार्य कराया जाएगा। जब पत्रकारों ने पूछा कि गूढ़ा रजबहा की सिर्फ 16 किलोमीटर रामपुर टिकरा तक सफाई कराई जा रही है 4 किलोमीटर शेष रह जाएगा, ऐसी स्थिति में रजबहा के अंतिम छोर तक कैसे पानी पहुंचेगा और कैसे किसान लाभान्वित होंगे ? साथ ही क्षेत्र के किसानों की मांग है की शिवगढ़ और सेहगों रजबहा की हेड से टेल तक सफाई कराई जाए तभी अंतिम छोर पर स्थित किसानों के खेतों तक पानी पहुंच पाएगा। जिस पर अधीक्षण अभियंता आर.के.जैन ने कहा कि शासन की मंशानुरूप अंतिम छोर तक पानी पहुंचाया जाएगा। यदि पानी नही पहुंचेगा तो आगे भी सफाई का कार्य कराया जाएगा। हेड से टेल तक पानी पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है सिंचाई के पानी से कोई भी किसान वंचित नही रहेगा। आर.के.जैन ने बताया कि 5 दिसम्बर तक सभी नहरों में पानी आ जाएगा।

# पोस्ट मास्टर की मनमानी से डाक विभाग की खूब हो रही किरकिरी



**रायबरेली।** क्षेत्र के बस स्टॉप के निकट महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के संगीत स्थित डाक विभाग का कार्यालय है जिसमें की 3 वर्षों से तैनात पोस्ट मास्टर सरकार की योजनाओं को ना चलने देने की मंशा से कार्यालय को 11.00 बजे के बाद खोलता है शहर से सटे हुए डाकघर वीडियो वायरल हो रहा है कार्यालय को 11.00 बजे के बाद पोस्ट मास्टर ऑफिस पहुंचता है पोस्ट मास्टर विभागीय काम के साथ-साथ एलआईसी का भी कार्य करते हैं एजेंसी परिवार के किसी सदस्य के नाम से है जिसका की कार्य पोस्ट मास्टर कार्यालय खुलने से पहले 11.00 बजे तक एलआईसी का कार्य निपटा आते हैं उसके बाद 11.00 बजे पोस्ट ऑफिस पहुंचते हैंलोगों को कहना है कि पोस्ट मास्टर लोकल शहर का निवासी होने के नाते दबंगई करता रहता है बताते हैं कि पोस्ट मास्टर संगठन का कोई पदाधिकारी भी है जिसके चलते अधिकारी और कर्मचारी उससे कार्रवाई करने से कतराते हैं विभागीय लोगों की माने तो उसके खिलाफ कई आवेदन कर चुके हैं जो कि जांच प्रचलित है कार्रवाई नहीं हुई इस संदर्भ में डाक अधीक्षक से बात की गई तो उनका फोन नहीं उठा और शायद छुट्टी पर हैं यह जानकारी प्राप्त हुई है जिसका की आज वीडियो वायरल हो रहा है

## क्विक न्यूज

### आरोपी को भेजा जेल

**लालगंज,रायबरेली।** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म व धोखाधड़ी के मामले में आरोपित को पुलिस ने जेल भेजा है। कस्बे के चमनगंज मुहल्ला निवासिनी युवती का आरोप था कि ग्राम पिपरी थाना कप्तानगंज जिला आजमगढ़ का मूल निवासी युवक जो कि कानपुर में रहता है उसके सम्पर्क में आया था। आरोप है कि युवक शादी का झांसा देकर उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगा और शारीरिक शोषण किया। बाद में उसने शादी से इंकार कर दिया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के विरूद्ध सम्बन्धित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया था। कोतवाल अरूण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित युवक मनोज गौड़ को बुधवार को कस्बे के बेहटा चौराहे के निकट से पकड़ कर जेल भेजा गया है।

### स्वास्थ्यकर्मियों से की गई अभद्रता

**लालगंज,रायबरेली।** स्वास्थ्य विभाग की टीम से अभद्रता करने के मामले में कोरोना पाजिटिव युवक का होम क्वारेंटाइन निरस्त करते हुए एलटू हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। साकेत नगर मुहल्ला निवासी युवक बीती 11 नवंबर को कोरोना पाजिटिव पाया गया था। उसे होम आइसोलेशन में रखा गया था।डा.सुरेश निगम ने बताया कि युवक ने 17 नवंबर को विजिट करने गई टीम के साथ अभद्रता करते हुए आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। जिस पर टीम ने मामले की शिकायत तत्काल जिला प्रशासन से करते हुए होम आइसोलेशन निरस्त कर दिया था। युवक को एलटू हास्पिटल में भर्ती कराने की संस्तुति की गई है।

### प्रमोद कुमार बने उपनिदेशक सूचना, कार्यभार किया ग्रहण

**रायबरेली।** रायबरेली में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ के तैनात सहायक निदेशक सूचना प्रमोद कुमार को उपनिदेशक सूचना व जनसम्पर्क विभाग के पद पर प्रोन्नति अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल के आदेश पर किया गया है। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने जनपद के सहायक निदेशक सूचना प्रमोद कुमार को उपनिदेशक सूचना के कार्यभार ग्रहण करवा दिया गया है।

### पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 21 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक होगा आयोजित

**रायबरेली** । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने प्रदेश के सभी जनपदों सहित जनपद रायबरेली के मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 वीरेन्द्र सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 21 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़े का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। प्रजनन स्वास्थ्य के अंतर्गत वर्तमान स्थिति को देखते हुए पुरुष नसबंदी अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एक मामूली शल्य प्रक्रिया है तथा महिला नसबंदी की तुलना में अधिक सरल और सुरक्षित है।

### स्नातक मतदाता सिखाएंगे वोटों के ठेकेदारों को सबक

**लालगंज, रायबरेली।** विधान परिषद की शिक्षक व स्नातक सीटों के लिए घमासान शुरू हो चुका है। लेकिन इस बार के निर्वाचन में जीत दिलाने की जिम्मेदारी लेने वाले कुछ ठेकेदारों को सबक सिखाने के लिए प्रत्याशी को मतदान मतदाता अपने विवेकानुसार ही करेगा। यह बात साकेत नगर स्थित एक आवास पर आयोजित स्नातक मतदाताओं की एक बैठक में कही गई। स्नातक मतदाताओं ने बिना किसी प्रत्यासी का नाम लिए कहा कि एक प्रत्याशी की लालगंज में बीते दिनों हुई बैठक में हर बार की तरह चुनिंदा चेहरे ही मौजूद रहे। युवाओं ने कहा कि कुछ लोगों ने प्रत्याशियों को जिताने की ठेकेदारी ले रखी है।कथित ठेकेदार यह भूल चुके हैं कि स्नातक मतदाता शिक्षित होने के साथ ही मतदान की गरिमा को समझता है। जीत के बाद चाहे स्नातक एमएलसी हो चाहे विधायक कोई क्षेत्र में दिखाई नही देता।उन्होंने कहा कि स्नातक एमएलसी व शिक्षक विधायक को खर्च की गई निधि समेत शिक्षकों के हित को लेकर किए गए कार्यों को सार्वजनिक करना चाहिए ताकि मतदाताओं को भी पता चल सके कि वह स्नातक व शिक्षक हितों के लिए क्या कर रहे हैं। बैठक के दौरान अजय सिंह, चंद्रशेखर सिंह, अमित यादव, आकांक्षा, शिवानी शर्मा, भरत भूषण सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### चोरों ने पार किया सामान

**लालगंज,रायबरेली।** कस्बे के सूदनखेड़ा मुहल्ला निवासी अर्जुन पासवान के घर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर घर में घुसकर घरेलू सामान उठा ले गए।अर्जुन ने बताया कि वह परिजनों के साथ बाहरी कमरे में सो रहा था। चोर जीने के रास्ते घर में घुस आए और घर में रखी टीवी, मोबाइल, दो गैर सिलेंडर, पैंट की जेब में रखे लगभग नौ सौ रूपये चुरा ले गए।मामले का शिकायती पत्र देते हुए पीड़ित ने एक व्यक्ति को नामजद किया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण करते हुए जरूरी जानकारी एकत्र की।

### जिला चिकित्सालय में कोविड-19 को लेकर हुई बैठक

**सुलतानपुर।** कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) हर्षदेव पांडेय की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय सुलतानपुर में प्रातः में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने एल-2 कोविड हास्पिटल की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सर्विलांस टीमों को निर्देशित किया कि ज्यादा से ज्यादा सैम्पलिंग आरटीपीसीआर को बढ़ाया जाय तथा आई एलआईध्सारी एवं को-मारबिड केसेज को सर्विलांस टीमों द्वारा जॉच कराकर जल्द से जल्द उपचार कराया जाय। डिटेक्ट करने एवं कोविड-19 टेस्टिंग बढ़ाने व सैम्पलिंग को अभियान के रूप में अधिक से अधिक जन मानस के लिये किया जाय, जिससे कोविड-19 के लक्षण वाले व्यक्तियों को चिन्हित किया जा सके और कोविड-19 संक्रमण को बढ़ने से रोका जा सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सीबीएन त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय पुरूष डॉ0 प्रभाकर राय सहित सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### कार्ड धारकों को मिलेगा गेहूं और चना

**सुलतानपुर।** डीएम रवीश गुप्ता के निर्देश के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी अभय सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद सुलतानपुर के अन्त्योदय व पात्र गुहस्थी योजना के राशन कार्ड धारकों को सूचित किया है कि उन्हें माह नवम्बर, 2020 में द्वितीय वितरण चक्र (माह की 21 से 30 तारीख के मध्य) के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 01 किग्रा0 चना प्रति राशन कार्ड धारक तथा 05 किग्रा0 गेहूँ प्रति यूनिट निःशुल्क वितरित कराया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया है कि पी0एम0जी0के0वाई योजना अन्तिम चरण होने के कारण इस वितरण चक्र में पोर्टबिलिटी सुविधा अनुमन्य नही होगी। उपरोक्त गेहूँ व चना, उचित दर दुकानों पर नामित वितरण पर्यवेक्षक अधिकारी की उपस्थिति में होगा।

### जिला जज संतोष राय ने संभाला कार्यभार

**सुलतानपुर।** नवागत जिला जज संतोष राय ने दीवानी न्यायालय में कामकाज संभाल लिया है। गुरूवार को बार एसोसिएशन अध्यक्ष नागेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बार पदाधिकारियों ने जिला जज का माल्यार्पण करके जोरदार स्वागत किया। अधिवक्ता संभाकक्ष में आयोजित समारोह में बार-बेंच के अटूट संबंध कामयाब रहें ऐसी आशा की गई। समारोह में वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्र कुमार शुक्ला, उपाध्यक्ष मानवेंद्र शुक्ला, कपिल पांडेय कोषाध्यक्ष, अशोक शुक्ला एडवोकेट, सहसचिव खुर्शीद क्लब अरविंद पांडेय, अंकुश यादव, मो0 रफीक, संजय शर्मा, हेमंत कुमार मिश्र, सुरेश तिवारी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मार्ग दुर्घटना में दो की मौत

**ऊंचाहार,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे महाराज का पुरवा मजरे कंदरावा निवासी अधेड़ व्यक्ति की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। क्षेत्र के गांव निवासी अमर बहादुर 55 पुत्र पंचम लाल निवासी पुरे महाराज का पुरवा मजरे कंदरावा क्षेत्र के ही बाबूगंज स्थित अपनी ससुराल गया हुआ था। अमर बहादुर बृहस्पतिवार की सुबह लगभग 5 बजे पैदल टहलने के लिए घर से निकला, तभी लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय मार्ग पर बाबूगंज बाजार के पास चंड़रयी की ओर से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने अधेड़ को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे गिरकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के पुत्र अरविंद कुमार ने वाहन स्वामी के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्रार्थना पत्र मिला है जांच करा कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। वहीं दूसरी घटना बृहस्पतिवार दोपहर लगभग 12 बजे की है राजकुमार यादव 20 पुत्र राधेश्याम निवासी कमालपुर विकास क्षेत्र रोहनिया अपने साथी अजय कुमार 30 पुत्र पारसनाथ निवासी बसवयी मजरे कमालपुर के साथ मोटरसाइकिल से किसी आवश्यक कार्य से ऊंचाहार जा रहा था। ऊंचाहार सलोन मार्ग पर वीकरगढ़ चौराहे के पास बेसहारा मवेशी से टकराकर दोनो गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से डायल 112 के द्वारा दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां पर अजय कुमार को डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। और दूसरे घायल राजकुमार की गंभीर हालत होने पर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर आरबी यादव ने बताया कि मार्ग दुर्घटना में घायल अजय कुमार की चिकित्सालय लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई थी। दूसरे घायल राजकुमार यादव की गंभीर हालत होने पर जिला चिकित्सालय भेजा गया है।

# ट्रक की टक्कर से दो बच्चियां घायल, गंभीर



**शिवगढ़ (रायबरेली)।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच हाइवे पर स्थित मनऊखेड़ा मजरे शिवली में सड़क पार कर रही दो बच्चियों को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनो बच्चियां गम्भीर रूप से घायल हो गई, जिनका लखनऊ ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। गौरतलब हो कि शिवगढ़ थाना क्षेत्र के मनऊ खेड़ा में गुरुवार को सुबह करीब साढे 9 बजे हैदरगढ़ की ओर से बछरावां की ओर जा रहे ट्रक ने हाइवे पार कर रही 6 वर्षीय अंजली पुत्री राजाराम , 5 वर्षीय सोनाली पुत्री किशन को जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनो मासूम बच्चियां गम्भीर रुप से घायल हो गई। जिन्हें परिजनों द्वारा आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने दोनों की हालत गम्भीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद प्राथमिक उपचार के पश्चात लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर पहुची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक मुकेश कुमार पुत्र ननकऊ निवासी फुहारा थाना मोहनलालगंज जनपद लखनऊ को अपनी गिरफ्त में लेकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि घायल बच्चियों के पिता की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

# कांग्रेसियों ने इन्दिरा गांधी को किया याद



संवाददाता। रायबरेली

**भारतरत्न पूर्व** प्रधानमंत्री स्व.इन्दिरा गांधी जी, के जन्मदिवस के अवसर पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारम्भ इन्दिरा गांधी वानस्पतिक उद्यान और जिला पंचायत परिसर में स्थित इन्दिरा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया, साथ ही सुशील जायसवाल द्वारा श्रमिक संघ कार्यालय आई.टी.आई मे गोष्ठी एवं गरीबो को भोजन वितरण, अंकुर सिंह चौधरी द्वारा कुष्ठ रोगियों को भोजन वितरण किया गया, जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा तिलक भवन मे इन्दिरा जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार व्यक्त किए इसके अतिरिक्त विनोद पासी युवा नेता द्वारा बछरावां मे, जितेन्द्र द्विवेदी व अरूण प्रताप सिंह द्वारा ऊंचाहार में, संदीप चौधरी द्वारा डलमऊ में, धर्मेन्द्रपाल सिंह द्वारा हरचन्दपुर में गरीबो को भोजन वितरण किया गया।

## सेवा दिवस के रूप मनी इंदिरा गांधी की जयंती

**सुलतानपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न इंदिरा गांधी की 103वीं जयंती को कांग्रेसियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। पार्टी कार्यालय पर कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। तो वहीं युवा कांग्रेस ने सेवा दिवस के रूप में मनाया। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुब्रत सिंह सनी के नेतृत्व में सुमन हॉस्पिटल में मरीजों को व गोलाघाट पे गरीब बच्चो को फल वितरित किया और सबका हालचाल जाना। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई विपक्ष में रहते हुए इंदिरा गांधी को दुर्गा का रूप कहा था निश्चित तौर पर इंदिरा गांधी दुर्गा का रूप थी। उन्होंने विश्व के नक्शे को बदल कर यह साबित कर दिया था। पूरा देश इंदिरा इज इंडिया इंडिया इज इंदिरा का नारा दिया था। जयंती समारोह में जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, पवन मिश्र 'नन्हे' जुन्नुर अहमद, रिजवान अहमद, रणवीर सिंह राणा, योगेश वर्मा, अभिषेक सिंह, विष्णु सिंह, आंसू मिश्र सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद रहे।

# डीएम ने देखीं धान क्रय केंद्र इमलिया करनपुर की व्यवस्थाएं



संवाददाता। श्रावस्ती

**जमुनहा जिले** में स्थापित सभी धान क्रय केंद्रों के प्रभारी अपने.अपने धान क्रय केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं चुस्त.दुरुस्त रखकर किसानों का शत प्रतिशत धान खरीदना सुनिश्चित करें और समय पर उनके खाते में धनराशि भेज कर भुगतान भी किया जाए ताकि किसानों को कोई दिक्कत ना होने पाए। धान खरीद में किसी भी तरह से बिचैलियों का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उक्त निर्देश विकासखंड जमुनहा के इमलिया करनपुर में सघन सहकारी समिति द्वारा स्थापित धान क्रय केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण करने के दौरान जिलाधिकारी टी के शिबु ने कही। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर टोकन रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का निरीक्षण करने के साथ ही केंद्र पर मौजूद किसानों से बात कर जिलाधिकारी ने उनका हाल जाना।और यह भी कहा कि यदि उन्हें धान बेचने के दौरान कोई समस्या आती है तो संबंधित उप जिलाधिकारी डिप्टी आरएमओ अथवा अपर जिलाधिकारी के संज्ञान में जरूर लाया जाए ताकि उन समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया जा सके यदि कोई ब?ी समस्या है तो किसान भाई सीधे जिलाधिकारी को भी अवगत कराएं ताकि उन शिकायतों की जांच करा कर निराकरण कराया जा सके। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान यह ज्ञात हुआ कि धान खरीद केंद्र मिलर द्वारा उठान की गति धीमी है इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने सभी संबंधित मिल के प्रबन्धको को समय से उठान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। वही सभी धान खरीद केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि धान खरीद केंद्र पर आने वाले सभी किसानों का समय से धान खरीदा जाए ताकि किसान भाइयों को किसी भी तरह की कोई दिक्कत ना होने पाए। जिलाधिकारी ने सभी धान खरीद केंद्र प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समय से धान खरीद केंद्रों को खोला जाए ताकि किसान भाइयों को कोई दिक्कत ना होने पाए। यदि आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कोई भी धान खरीद किया बंद पाया गया अथवा कोई अन्य प्रकार की शिकायत मिली तो संबंधित क्रय केंद्र प्रभारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित होगी। जिलाधिकारी ने बताया है कि सरकार द्वारा धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1868 रुपये प्रति कुन्तल है। तथा ग्रेड.ए हेतु 1888 रुपये प्रति कुं0 समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2020.21 के अन्तर्गत जनपद में धान खरीद 15 अक्टूबर 2020 से प्रारम्भ होकर 28 फरवरी 2021 तक चलेगी। समान्यतः धान क्रय केन्द्र शुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक खुले रहेगें। कृषकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से रविवार एवं राजपत्रित अवकाशों को छो?कर शेष कार्य दिवसों में धान क्रय केन्द्र खुले रहेंगे। उन्होने बताया कि जनपद में धान की बिक्री के लिए किसान बन्धुओं को खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। यह पंजीकरण किसी भी सहज जनसुविधा केन्द्र साईवर कैफे या स्वयं से खाद्य विभाग के पोर्टल पर किया जा सकता है।

## विकासखंड जमुनहा के प्रांगण में सामूहिक विवाह का आयोजन आज

**श्रावस्ती।** विकासखंड जमुनहा के प्रांगण में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसके आयोजक खंड विकास अधिकारी जमुनहा डॉ जितेंद्र नाथ दुबे के नेतृत्व में आयोजन संपन्न होगा जिसका उद्घाटन 20 नवम्बर को सुबह 11 बजे से विधायक श्रावस्ती व सांसद द्वारा किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी जमुनहा ने बताया कि लगभग 70 जोड़ों के फार्म कार्यालय में उपलब्ध हो गए हैं । सामूहिक विवाह में सभी धर्मों के धार्मिक रीतिरिवाज के अनुसार जोड़ों का विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा।

# कराएं निष्पक्ष मतदान: डीएम

## गोरखपुर-अयोध्या खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र

**संवाददाता**। बस्ती



**निर्वाचन** का कार्य लोकतंत्र में सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। इस कार्य के लिए तैनात सभी पीठासीन एवं मतदान अधिकारी एक दूसरे का सहयोग करते हुए निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ मतदान पूर्ण कराएं। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित गोरखपुर-अयोध्या खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदान के लिए नियुक्त पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुए डीएम आशुतोष निरंजन ने दिए।

उन्होने कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि टीम के सदस्यों, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस कार्मिको के साथ वेहतर समन्वय कर मतदान कार्य सम्पन्न कराएं। मतदान कराने के लिए उन्हें जो भी सामाग्री दी गई है वे उसका मिलान कर लें। मतदान के लिए सिर्फ बैगनी स्केच पेन का ही इस्तेमाल होगा, किसी अन्य पेन के इस्तेमाल करने पर मत अवैध हो जाएगा। निर्वाचन अभिकर्ता के अभाव में मतदान प्रक्रिया रोकी नहीं जाएगी। मतदान केन्द्र पर किसी प्रकार का भ्रम ना पैदा हों यह सुनिश्चित किया जाय। डीएम ने बताया कि इस निर्वाचन की मतगणना गोरखपुर में होनी है, इसलिए सामाग्री जमा करते समय जल्दबाजी न करें। सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने बताया कि प्रत्येक मतदान पार्टी में पीठासीन अधिकारी के अलावा तीन मतदान अधिकारी नियुक्त किए गए है। सभी का अलग-अलग दायित्व निर्धारित है। मतदान एक दिसम्बर को प्रात: आठ बजे से शाम पांच बजे तक होगा। प्रशिक्षण सत्र में परियोजना निदेशक आरपी सिंह,प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. विवेक ने सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी।

### एन्टीजेन व आरटीपीसीआर जांच की शिथिलता पर जताया असंतोष

**बस्ती**। कोविड-19 के सिम्प्टोमेटिक व्यक्तियों के एन्टीजन, आरटीपीसीआर जांच की शिथिलता पर डीएम आषुतोष निरंजन ने असंतोष व्यक्त किया है। कहा कि प्रत्येक सिम्प्टोमेटिक व्यक्ति की एन्टीजन जांच कराई जाय, जांच निगेटिव आने पर उसका आरटीपीसीआर जांच भी कराई जाय। प्राथमिक विद्यालय नरहरिया, इटहिया, कचहरी में जांच केन्द्रों का निरीक्षण किया। जांच की संख्या कम होने और सैम्पलिंग की गुणवत्ता ठीक न होने पर असंतोष व्यक्त किया। निर्देश दिया कि शासन के निर्देशानुसार गुणवत्तापरक जांच की जाय। जांच केन्द्रों पर तैनात कर्मचारियों को निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित मानक का अनुपालन करें। अधिक से अधिक लोगों की जांच कराएं।

## पराली नहीं जलाने का लिया संकल्प

सेमरियावां (**संतकबीरनगर**)। गुरुवार को ब्लाक सभागार में खंड विकास अधिकारी विजय कुमार पांडेय ने सचिव तथा प्रधानो के साथ बैठक कर पराली अब कभी न जलाए देने का संकल्प लिया। बैठक में बीडीओ विजय कुमार पांडेय ने कहा कि रोक के बावजूद भी तहसील में सबसे ज्यादा पराली इस ब्लाक में जला यह बहुत खेद की बात है अब भविष्य में ऐसा न हो इसके लिए उन्होंने ने कहा कि हम सब मिलकर आमजन से मिलकर उन्हें पराली न जलाने की जानकारी देकर जागरूक करे। तथा कहा कि जिन ग्राम पंचायत में पराली खेतों में पडा हो उसे एकत्र कर वित्तीय के धन से संसाधन की व्यवस्था कर पराली निकट के गो आश्रय स्थल पर पहुंचा दें जिससे पशुओं के लिए भूसा बनाकर उन्हें खिलाने के उपयोग में लाया जा सके। इस मौके पर ग्राम सचिव अश्वनी सिंह, शिव मूरत मौर्या, राम प्रकाश त्रिपाठी, शिवेन्द्र कुमार, इन्द्रेश यादव आदि मौजूद थे।

# किसानों के नाम पर नलकूप विभाग में मची लूट: चौधरी

## रखरखाव के नाम पर सरकार हर साल 57 लाख से अधिक करती है खर्च

## 629 में से 24 नलकूपों का कोई पुरसाहाल नही

**संवाददाता**। बस्ती

**किसानों** को खुषहाल बनाने वाला नलकूप विभाग सवालों के घेरे में है। दावा किया जा रहा है कि विभाग में नलकूपों के रखरखाव सहित अन्य मद में आए भारी धन का बंदरबांट हो रहा है। जिले के 629 नलकूपों के रखरखाव के नाम सरकार हर साल 57 लाख से अधिक खर्च कर रही है। बावजूद किसानों के खेत सूखे हुए हैं, किराए पर पंप सेट लेकर खेतों की सिंचाई करनी पड़ रही है। जबकि सरकार ने निशुल्क पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था बनाई है। भाकियू के जिला उपाध्यक्ष डा. आरपी चौधरी कहते हैं कि विभाग में किसानों के नाम पर आए धन की लूट मची हुई है। जिले के लगभग 60 फीसद नलकूप रखरखाव के अभाव में नियमित खराब रहते है। जो ठीक है, उनका दायरा 100 मीटर तक पानी पहुंचाने का ही है। चौधरी ने कहा कि नाली और पाइप लाइन के नाम पर आए बजट का संगठित होकर दुरुपयोग किया जाता है। विभाग खेतों तक पानी की आपूर्ति की व्यवस्था करने में विफल है।

नलकूप विभाग के नवागत बड़े साहब लालचंद्र का कहना है कि वह हर किसान के घर जाना चाहता है, ताकि उनकी समस्याओं से रुबरु हो सके। कहते हैं कि जिले के 629 सरकारी नलकूपों का लाभ किसानों को मिले यही उनकी प्राथमिकता में शामिल है। कहा कि काश्तकारों के वाजिब समस्याओं का निराकरण करने के लिए विशेष योजना बनाई गई है।

कहते हैं कि आठ यांत्रिक और 16 विद्युत दोष के कारण खराब चल रहे नलकूपों को ठीक कराने की पहल शुरू कर दी गई है। एक सवाल के जबाव में उन्होंने कहा कि क्लास वन अधिकारी की जांच एक कागज के टुकड़े पर नियमानुसार नहीं हो सकती। इसके लिए सरकार ने नियम कानून बनाए है। जो शिकायत पूर्व के अधिकारी के खिलाफ की गई, अगर वही शिकायत शपथ-पत्र के साथ की जाती तो जांच संभव था।

# अधिकारियों से आज सीधे संवाद करेंगे बच्चे

## अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस पर बच्चों और किशोरों की सुरक्षा व मानसिक स्वास्थ्य पर होगी विस्तृत बात

**मिर्जापुर**। अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस (20 नवम्बर) पर बच्चे और किशोर सीधे अपने जिले के अधिकारियों से संवाद स्थापित कर सकेंगे। महिला कल्याण और बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वावधान में चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । इसके तहत हर जिले में ग्राम व ब्लाक स्तर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के नेतृत्व में बच्चों और किशोरों की सुरक्षा व मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक आवश्यकताओं, मुद्दों व सपोर्ट प्रणाली पर भौतिक शक्ति संवाद किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी जिलाधिकारी के साथ मिलकर कार्यक्रम की रूपरेखा पहले से तय कर चुके हैं। निदेशक महिला कल्याण व मिशन शक्ति अभियान के नोडल अधिकारी मनोज कुमार राय का कहना है कि प्रदेश में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षाए सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान की हर माह की अलग-अलग थीम है। नवम्बर माह की थीम मानसिक स्वास्थ्य तथा मनोसामाजिक मुद्दों से सुरक्षा और सपोर्ट तय की गयी है। इसी के तहत शक्ति संवाद का लक्ष्य बच्चों व किशोरों में होने वाले मानसिक और भावनात्मक परिवर्तनों के बारे में उनमें उनके परिवार व समुदाय के बीच अधिकारियों के जरिये सीधे संवाद कर जागरूकता को बढ़ावा देना है। इसके अलावा मानसिक समस्याओं जैस तनाव, अवसाद के लक्षणों, उनके व्यवहारिक, शारीरिक व भावनात्मक संकेतों की पहचान की जायेगी। संवाद के दौरान अगर अधिकारियों को लगता है कि किसी किशोर या बच्चे को पुनर्वास की जरूरत है तो वह उस पर भी विचार व कार्यान्वयन कर सकते हैं । इस कार्यक्रम में किशोर उम्र के लड़के-लड़कियां, विशेष रूप से जरूरतमंद, दिव्यांग, पहले से मानसिक विकार के शिकार, घरेलू हिंसा, शारीरिक, यौन, भवनात्मक शोषण या उपेक्षा के शिकार या उससे प्रभावित बच्चे, परिवार व समुदाय को शामिल किया गया है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर अजय ने बताया कि शक्ति संवाद के तहत ग्राम व ब्लाक स्तर के अलावा जनपद स्तर पर भी आइये 20 नवम्बर को हर बच्चे के स्वस्थ भविष्य की परिकल्पना करें पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी और टीवी व रेडियो पर सन्देश भी प्रसारित किया जा सकता है । वयस्क भी जानें बच्चों के अधिकार पर पंचायत स्तर पर क्विज व प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा । इसके अलावा हर जिले से एक किशोर व एक किशोरी को चयनित कर जिलाधिकारी के कैम्प कार्यालय स्थित हेल्पलाइन पर बच्चों की समस्याओं को सुनकर उनको परामर्श देने का काम किया जाएगा। फेसबुक पर भी अधिकारियों की अध्यक्षता में लाइव सत्र का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शिक्षक, ग्राम प्रधान, किशोर, अभिभावक एवं मार्ग दर्शक के रूप में विशेषज्ञों को जोड़ा जाएगा । इसके जरिये मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा होगी ताकि लोग उससे भली-भांति परिचित हो सकें । बाल गृह, आश्रम शाला आदि में बच्चों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की जायेगी। **आयोजित होंगी विविध गतिविधियां**: 10 से 19 साल के बच्चे अपने चित्रण द्वारा एक नयी दुनिया की परिकल्पना को प्रदर्शित करें जिसमें वह अपने मानसिक स्वास्थ्य व हित में कार्यशील एक बेहतर भविष्यए भेदभाव रहित दुनिया की परिकल्पना कर सकें । इसे वह उपलब्ध कराये गए हैशटैग पर टैग करने के साथ अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर साझा कर सकते हैं। दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक आदि के जरिये भी बच्चों को जागरूक किया जाएगा।
**कोविड ने भी डाला मानसिक स्वास्थ्य पर असर**: कोरोना के कारण किशोरों एवं युवाओं में अपने भविष्य को लेकर अनिश्चितता बढ़ी हैए इस कारण मानसिक अवसादए निरंतर चिंता व गंभीर हालत में गलत कदम उठाने तक के मामले सामने आये हैं । लम्बे समय से स्कूल.कालेज बंद होनेए दोस्तों से संपर्क टूटने, परीक्षाओं के बारे में अनिश्चितता के चलते अकेलापन, उदासी, आक्रामकता और चिड़चिड़ापन बच्चों को परेशान कर रहा है।

## डीएम ने किया रैन बसेरे का निरीक्षण



**संवाददाता**। संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** दिव्या मित्तल बृहस्पतिवार को डूडा अधिकारी प्रेमेन्द्र सिंह एवं प्रभारी ईओ खलीलाबाद प्रदीप शुक्ला के साथ खलीलाबाद नगर पालिका क्षेत्र में बनाये गये रैन बसेरा का निरीक्षण किया। रैन बसेरा में किये गये तैयारियों का सत्यापन करते हुए उन्होने उक्त दोनो अधिकारियों को निर्देश दिया कि रैन बसेरा में भी कोविड-19 का पालन कराया जाय, पानी की व्यवस्था उपलब्ध रहे, कम्बल पर्याप्त मात्रा में रहना चाहिए कोई भी निराश्रित व्यक्ति खुले में न सोये इस पर विशेष ध्यान रखा जाय। उन्हे तत्काल रैन बसेरा में पहुँचाया जाय।

# आश्रम फिल्म में जाति विशेष पर टिप्पणी से नाराज पार्टी ने निर्देशक को दी लीगल नोटिस

## एक करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति और संवाद को हटाने की मांग की

**संवाददाता**। संतकबीरनगर

**भारतीय** स्वतंत्र पंच पार्टी उत्तर प्रदेश की आवश्यक बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता भोजवाल के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें फिल्म निर्देशक प्रकाश झॉ के वेवसीरीज फिल्म आश्रम की निन्दा करते हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस फिल्म के माध्यम से सनातन धर्म से जुड़ी धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचाने का कार्य किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री भोजवाल ने कहा कि पार्टी से जुड़े लोग सनातन धर्म में गहरी आस्था व विश्वास रखते है तथा बचपन से ही जाति व वर्ण के भेदभाव से दूर रहकर समाज के उत्थान के लिए प्रगतिशील है। प्रकाश झॉ के इस वेवसीरीज फिल्म में वर्ग विशेष पर अनायास टिप्पणी करते हुए जो लक्ष्य प्रस्तुत किया गया है वह सनातन धर्म से जुड़ी भावनाओं के विपरीत है। भड़भूजा जाति पर अपमान जनक टिप्पणी करते हुए एक संवाद में महिला द्वारा यहां तक कहा गया कि तू इनमें क्टिाशियन है या भड़भूजा जो काफी निन्दनीय है।

भड़भूजा जाति बाहुल्य क्षेत्र होने की वजह से लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। सामाजिक व मानसिक क्षति के वजह एक करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति की मांग करते हुए संवाद को हटाने की मांग करते है।

यदि निर्देशक द्वारा उक्त मांगे पूरी नहीं की जाती है तो हम पार्टी के लोग वृहद आन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन व फिल्म निर्माण प्रकाश झॉ व अभिनेता बाबी देयोल की होगी।

## जयंती पर कांग्रेसियों ने इंदिरा गांधी को किया याद

**संतकबीरनगर**। जिला कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद पांडेय के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया। कार्यकर्ताओ ने इंदिरा जी के चित्र पर माल्यार्पण के बाद एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद पांडेय ने कहा कि देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। ऐसे अपने महान नेता को हम शत-शत नमन करते हैं।

देश की गरीबों की हित की लड़ाई लड़ते हुए बैंको की राष्ट्रीयकरण जैसे तमाम जनहित की योजनाओं को देश की जनता को दिया 1971 की लड़ाई में पाकिस्तान को सबक सिखाती हुई। पाकिस्तान का सीना चीरकर बांग्लादेश को अलग देश बनाया और 90 हजार पाकिस्तानी सैनिकों को समर्पण कराकर भारतीय सेना के ताकत का अहसास पूरे विश्व को कराया।

# कोरोना काल में ठंडी वस्तुओं के सेवन से करें पूरी तरह परहेज

**संवाददाता**। सोनभद्र

सर्दी और कोरोना काल में इस समय ठंडी वस्तुओं के सेवन से बचने की सख्त आवश्यकता है। क्योंकि यह शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है। इसमें शिथिलता न बरतें और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आरजी यादव ने बताया कि मौसम बदलने के साथ कोरोना के चलते लोग ठंडे पानी और ठंडे खाद पदार्थों का सेवन ना करें। इस समय गर्म चीजों का सेवन फायदेमंद हो सकता है। मौसम बदलने से अधिकतर घरों में लोग सर्दी, जुकाम, बुखार से ग्रसित हो रहे हैं। नवंबर माह का मौसम लोगों को कई प्रकार की बीमारियां दे रहा है। ठंडी चीजों के सेवन से परहेज करें इसमें किसी प्रकार की लापरवाही से लोग बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए इम्यूनिटी का मजबूत होना बहुत जरूरी है। इसलिए खानपान पर भी खासतौर पर ध्यान देना नितांत आवश्यक है। गर्म पानी का सेवन करें और गर्म पानी से गरारे करें तथा भाप ले तथा घरों से बाहर निकलते समय मुंह पर मास्क जरूर लगाएं, साबुन पानी या सैनिटाइजर से बार बार हाथ धोते रहें तथा दो गज की दूरी का जरूर ख्याल रखें।
**चिकित्सकों से ले परामर्श**: अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बदलते मौसम के चलते आ रही समस्याओं से लोग डाक्टरों से परामर्श लेने से बच रहे हैं। जबकि ठंडी चीजों के सेवन से बचना चाहिए और चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। इसके अलावा घर के बच्चों और बुजुर्गों का खास ख्याल रखें ,उनको सर्दी से बचाए तथा बदलते मौसम में गर्म कपड़ों का सेवन करें ।बच्चों तथा बुजुर्गों के खाने पीने का खास ध्यान रखें। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मुताबिक रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए फलों एवं हरी सब्जियों का सेवन करें।

# आंकड़ों के जाल में फंसीं पंचायती विभाग की योजनाएं

## धन की उपलब्धता को देखे बिना बना दी जाती हैं योजनाएं

## 20 दिन का काम 50 दिन में भी पूरा नहीं होता

**संवाददाता**। बस्ती

**पंचायत** विभाग की सभी योजनाएं कागजी आकड़ों के जाल में फंसकर रह जा रही हैं। किसी को योजना की हकीकत जानने तक की फुर्सत नहीं है। सप्ताह में पांच दिन बीडीओ और एडीओ पंचायत मुख्यालय की बैठक में बिताएंगे तो जाहिर है कि योजना कागजों में ही चलेगी। हर काम को जिस तरह ग्राम निधि से कराने पर जोर दिया जाता है, उससे भ्रष्टाचार बढ़ा है। कार्ययोजना तो पूरी नहीं होती अलबत्ता लूटखसोट बढ़ जाती है। आलम यह है कि धन की उपलब्धता को देखे बिना ही कार्ययोजना बना दी जाती है। इसे उदाहरण के रुप में पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालय निर्माण योजना को देखा जा सकता है। जिस काम को 20 दिन में पूरा करने का डेड लाइन होती है, उसे पूरा करने के लिए दस दिन दिया जाता, मगर काम 50 दिन में भी पूरा नहीं होता। अच्छी प्रगति दिखाने में विभाग के लोगों की उर्जा चली जा रही है। धरातल पर काम करने के लिए कुछ बच ही नहीं रहा है। कोई भी सकारात्मक सोच के साथ योजनाओं को धरातल पर लाना ही नहीं चाहता। वास्तव में काम करने वाले पंचायती राज विभाग के चंद लोगों का मानना है कि योजनाओं के क्रियान्वयन का तरीका ऊपर से लेकर नीचे तक ठीक नहीं रहता है। हर कोई वाहवाही बटोरने वाला आंकड़ा चाहता है। हर कोई ग्राम निधि से ही काम कराने पर जोर देता है, यह देखने की किसी के पास वक्त नहीं हैं कि ग्राम पंचायतों के पास निधि कितना है? धन की उपलब्धता के बारे में जानने का प्रयास भी नहीं किया जाता है। पहली योजना का क्या हुआ यह पीछे छूट जाता है, और न इससे किसी को कोई सरोकार ही रहता। हर समय बैठकों और वीसी में व्यस्त रहने वाले बीडीओ और एडीओ पंचायत के पास इतना समय नहीं बचता कि जो भुगतान हुआ है, वह काम हुआ हैं कि नहीं? ग्राम पंचायतों के हैंडपंम्प मरम्मत कराना, आपरेषन कायाकल्प, विद्यालयों, पंचायत भवनों और आंगनबाड़ी केंद्रों के मरम्मत कें नाम पर आए ग्राम निधि कहां चला जाता है, इसकी सही जानकारी प्रधान और सेक्रेटरी को ही नहीं रहती।

# काली सूची से हटाए गए रामनगर के ब्लॉक प्रमुख

## शासन ने डीएम के 22 माह पुराने आदेश को किया निरस्त

## अवैध खनन के आरोप में पांच साल के लिए चौधरी कांस्ट्रक्शन ब्लैक लिस्टेड हुई थी

**संवाददाता**। बस्ती

**रामनगर** ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख और चौधरी कांटक्षन के प्रोपराइटर रामनरेश चौधरी की शासन की ओर से बड़ी राहत मिली है। बालू के अवैध कारोबार में एक साल दस माह पहले काली सूची में डाले गए ब्लॉक प्रमुख को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के विषेष सचिव ने रामनरेश चौधरी को काली सूची से हटाने का आदेश जारी किया। काली सूची में डालने का आदेश ने 30 जनवरी 19 को दिया था। इस आदेश के विरुद्व रामनरेश चौधरी शासन में चले गए। जहां से उनके पक्ष में एक साल 10 माह बाद निर्णय हुआ। खनन पटटा निरस्तीकरण सहित अन्य देयों की कार्रवाई यथावत् जारी रहेगी।

बता दें कि रामनगर ब्लॉक के ग्राम नउवागांव निवासी रामनरेश चौधरी के फर्म चौधरी कांस्ट्रक्शन के नाम पांच साल के लिए बालू खनन का पटटा हुआ। अभी एक साल बीता भी नहीं था कि फर्म पर अवैध खनन सहित करोड़ों के बकाए की धनराशि को ना जमा करने का डप्पा लगने लगा। इसी आरोप में 30 जनवरी 19 को तत्कालीन डीएम ने फर्म को काली सूची में डालने का आदेष जारी किया। इस आदेश के विरुद्व फर्म षासन में निगरानी दायर की। लगभग 22 माह बाद काली सूची को हटाने का आदेश हुआ।

## अवैध खनन करते बालू और मिटटी की नौ गाड़ियां पकड़ी गईं

**बस्ती**। खनन निरीक्षक प्रषांत यादव ने फुटहिया के पास टैक्टर टाली से अवैध परिवहन करते बालू की छह और तीन बलूई मिटटी पकड़ा। पकड़े गए सभी वाहनों को फुटहिया पुलिस चौकी के सुपुर्द कर दिया गया। पकड़े गए बलूई मिटटी का वाहन बिना वैध अनुमति पत्र, बिना खनन परिवहन प्रपत्र के पकड़ा गया।

इसी तरह पकड़े गए बालू की मात्रा परिवहन प्रपत्र में अंकित मात्रा से अधिक मात्रा मिला। खनन कार्यालय पर आरोप लगतारहा है कि यह नियमित धरपकड़ नहीं करते। जिसके चलते बालू और मिटटी का अवैध कारोबार और परिवहन करने वालों में कोई डर नहीं रह गया। जबकि अधिकारी सड़क पर निकले हैं, अवैध कारोबार और परिवहन का मामला पकड़ा गया। मूड़घाट के आसपास अनेक अवैध बालू के टैक्टर और टाली मिल जाएंगे, जो लाइन लगाए हुए खड़े रहते हैं।

# अब हर माह मनेगा खुशहाल परिवार दिवस

## परिवार नियोजन को लेकर अनूठी पहल

## राज्य से लेकर गांव स्तर पर होंगे विविध कार्यक्रम

## प्रचार-प्रसार पर जोर

**संवाददाता**। मिर्जापुर/ सोनभद्र

**समुदाय** स्तर पर परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता और स्वीकार्यता बढ़ाने पर सरकार का पूरा जोर है । इसके व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर एक अनूठी पहल के तहत अब हर माह की 21 तारीख को खुशहाल परिवार दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है । इस दिवस पर राज्य से लेकर गाँव स्तर की सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर परिवार नियोजन को बढ़ावा देने को लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। 21 तारीख को यदि राजकीय अवकाश होता है तो अगले दिवस पर यह कार्यक्रम आयोजित होंगें। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर अजय ने बताया कि इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश की निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने सूबे के सभी जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेजकर खुशहाल परिवार दिवस के आयोजन के बारे में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया है । उनका कहना है कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में भी परिवार नियोजन सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में परिवार नियोजन सेवाओं की समुदाय स्तर पर निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए परिवार नियोजन साधनों की ग्राह्यता को बढ़ाना बहुत जरूरी है । इस पहल के तहत लक्षित समूह के परिवार नियोजन के साधन अपनाने पर खास ध्यान दिया जाएगा । इन लक्षित समूह में शामिल है। इस साल की पहली जनवरी के बाद प्रसव वाली वह महिलाएं जो उच्च जोखिम गर्भावस्था के रूप में चिन्हित गयीं थीं, नव विवाहित दम्पति और वह योग्य दम्पति जिनके तीन या तीन से अधिक बच्चे हैं। आशा कार्यकर्ताओं की इस अनूठी पहल में भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वह ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की लक्षित समूह की महिलाओं की लाइन लिस्टिंग करेंगी । ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का दिन यदि 21 तारीख को पड़ता है तो वह उस दिवस को परिवार नियोजन के साधनों पर केन्द्रित करते हुए खुशहाल परिवार दिवस को बड़े पैमाने पर मनाएंगी । गृह भ्रमण के दौरान लक्षित समूह के उन दम्पति को चिन्हित करेंगी जो परिवार नियोजन के किसी साधन को नहीं अपना रहे हैं, उनकी काउंसिलिंग से लेकर बास्केट ऑफ च्वाइस में मौजूद साधनों से अवगत कराएंगी। इसके अलावा इन साधनों को अपनाने को लेकर कोई भ्रान्ति होगी तो उसे भी दूर करेंगी।


**सम्मानित होंगे लाभाथी**: जनपद एवं ब्लाक स्तर पर परिवार नियोजन के स्थाईध्अस्थाई विधियों के संतुष्ट लाभार्थी, दम्पति को स्थानीय जनप्रिनिधियों के द्वारा सम्मानित कराया जाए और इन्हीं संतुष्ट लाभार्थियों या दम्पतियों के माध्यम से समुदाय में परिवार नियोजन के सन्देश को प्रचारित कराया जाए । इसके अलावा प्राइवेट नर्सिंग होम, गैर सरकारी संस्था, आशा, एएनएमए प्रोग्राम मैनेजर आदि जो परिवार नियोजन के क्लाइंट को प्रोत्साहित या सेवाएं प्रदान किये जाने में उत्कृष्ट सेवा या योगदान दिए हैं, उन्हें भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाए। **प्रचार-प्रसार व संवेदीकरण पर रहेगा जोर**: परिवार नियोजन दिवस पर परिवार नियोजन सेवाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग, बैनर, पम्फ्लेट, पोस्टर, रेडियो स्पॉट, जिंगल्स, माइकिंग, सारथी वाहन और मीडिया का पूर्ण सहयोग लिया जाएगा। इसके अलावा मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जिले के सभी कार्यक्रम प्रबंधक, सेवा प्रदाता, फ्रंटलाइन वर्कर आदि का खुशहाल परिवार दिवस के उद्देश्य, आयोजन, सेवा प्रदायगी की सुनिश्चितता, परिवार नियोजन कमोडिटी की उपलब्धता आदि पर संवेदीकरण किया जाएगा ।

## नसबन्दी को लेकर आशाएं अब घर-घर खटखटाएंगी दरवाजा

**मिर्जापुर**। पुरुष नसबन्दी पखवाड़े को लेकर डाक्टर ओपी तिवारी ने कहा कि जनपद में पुरूष नसबन्दी पखवाड़ा दो चरणों में चलना है। इस अभियान में पुरुषों की हिस्सेदारी को बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। जिले में अभियान के दौरान पुरुषों का अधिक से अधिक नसबन्दी करने का प्रयास किया जायेगा। परिवार नियोजन परामर्शदाता विनय सिंह ने कहा कि इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या नियन्त्रण के लिए पुरुषों को जागरूक करने के साथ ही साथ उनके सहयोग से इस कार्यक्रम में गति प्रदान करना है। अभियान के दौरान जिले 2043 आशा व 563 एएनएम घर-घर जाकर दंपत्तियों से सम्पर्क कर उनका रजिस्ट्रेशन भी करेगी और विभाग की ओर से जनसमूह से भी संवेदीकरण कर परिवार नियोजन के स्थाई तथा अस्थाई साधनों के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगी। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह ने बताया है कि इस अभियान के दौरान जिले के नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रए 44 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र समेत 216 उपकेन्द्रों पर सभी डाक्टर व स्टाफ मौजूद रहेगे।

# शिक्षकों के सम्मान के लिए हर समय रहेंगे तैयार: ध्रुव

**संवाददाता**। संतकबीरनगर



**गोरखपुर**-फैजाबाद खण्ड शिक्षक विधान परिषद के चुनाव के माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी, प्रान्तीय महामंत्री इन्द्रासन सिंह, मंडलीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह, मंडलीय मंत्री शिव भूषण उपाध्याय, जिलाध्यक्ष हरीबक्स सिंह, उपाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह एवं योगेन्द्र सिंह, महामंत्री अवधनारायण मिश्र, हसमुल्लाह अध्यक्ष मदारिसे अरबिया टीचर्स एसोशिएशन संतकबीरनगर, मशहूद अहमद महामन्त्री मदारिसे अरबिया टीचर्स एसोसिएशन संतकबीरनगर, डॉ हरिद्वार शुक्ल प्रधानाचार्य, श्रीसांगवेद संस्कृत महाविद्यालय देवरियागंगा, रूद्रेश शर्मा संस्कृत पाठशाला प्रभारी संतकबीरनगर, प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष ध्रुव चन्द पाठक, रामकुमार सिंह प्रधानाचार्य हीरालाल रामनिवास इण्टर कालेज, अन्य कई विद्यालय के अध्यापको/मतदाताओं से संपर्क कर समर्थन मांगा तथा ध्रुव कुमार त्रिपाठी के नाम के आगे 1 लिख कर प्रथम वरीयता का वोट देने का निवेदन किया। अपने सम्बोधन में ध्रुव कुमार विधायक ने कहा कि शिक्षकों ने अपने संघर्ष के बल पर सारी उपलब्धियां प्राप्त की है, शिक्षकों की हर समस्या के लिए सदन से सड़क तक सम्पर्क और संघर्ष करूँगा तथा हर समस्या का निदान कराने का भरपूर प्रयास करूँगा। ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि जिस तरह आपके सुख दु:ख में सदैव खड़ा रहा हूँ- हमेशा रहूँगा मैं शिक्षक होने की वजह से शिक्षकों के दर्द को समझता हूँ, हमारा अस्त्र संघर्ष है हम ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में सरकार को झुकाकर पुरानी पेंशन ले कर रहेंगे।

# आज अस्तांचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी व्रती महिलाएं

संवाददाता। देवरिया

**भगवान** सूर्य की उपासना का महापूर्व छठ का प्रथम चरण में व्रती महिलाओं द्वारा शुक्रवार को अरूतचंलगामी भगवान सूर्य को अर्ध्य देगी । भैयादूज के तीसरे दिन से यह आंरभ होता है । पहले दिन सेंधा नमक, घी से बना हुआ अरवा चावल और कद्दू की सब्जी को प्रसाद के रूप ग्रहण किया जाता है । अगले दिन उपवास आरम्भ किया जाता है । इस दिन रात मे खीर बनती है । तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्ध्य दी जाती है यानी दूध अर्पण करते है ।अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्ध्य दी जाती है । इस पूजा में पवित्रता का खास महत्व है । जिन घरों मे पूजा होती है वहां छठ मईया के गीत महिलाए गाती है। शुकवार को शामं को अस्ताचलगामी तथा शनिवार की सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ व्रत सम्पन्न होगा। छठव्रत करने वाली व्रती महिलाओं ने नहाय खाय के दिन नाखून काटने के उपरान्त बाल वगैरह स्वच्छता से धोकर स्नान किया और इसके बाद अपने लिए अलग से खाने बनाया तथा खाने में सम्पूर्ण शाकाहारी भोजन, अवरा चावल तथा चने की दाल तथा लौकी की सब्जी बनायी। इसमें तेल का प्रयोग न कर शुद्ध घी का प्रयोग किया। कई जगह व्रती महिलाओं ने खाने में सेंधा नमक का प्रयोग किया, जबकि अन्य व्रती महिलाओ ने बाजारों की तरफ रूख किया और छठ व्रत से सम्बन्धित सामानों की खरीददारी की। जनपद के विभिन्न बाजारों में दुकानदारों ने पर्व से सम्बन्धित सामग्रियों को बेचते नजर आये वही खरीदादारों की भारी भीड़ रही। हिंदुओं की ओर से मनाया जाने वाले इस पर्व को इस्लाम सहित अन्य धर्मावलंबी भी मनाते है । शुक्रवार को अर्ध्य देने की इस पर्व को लेकर तैयारियां तेज हो गई है वही घाटों पर बेदीयां बननी शुरू हो गई है । वही बाजार से महिलाओं ने छठ के समान की जमकर खरीदारी की है । एक धारणा है कि छठ पर्व की शुरूवात अंगराज कर्ण से माना जाता है अंग प्रदेश बिहार में वर्तमान में भागलपुर में है । जहां से शुरू होकर धीरे धीरे सूर्य पूजा का विस्तार पूरे भारत में फैल गया है । छठ पूजन के लिए खरीदारी करने वाले सड़क पर थे वही बाजार जमकर सजा था लेकिन दिन भर जाम रहा । जहां पुलिस कर्मी के मैजूद ना रहने पर जाम के झाम मे लोग फंसे रहे ।जहां मोतीलाल रोड , मालवीया रोड , हनुमान मंदिर , मोहन रोंड , नई बाजार , सिविल लाइन मे लोगों ने जमकर छठ पूजन की साम्रगी की खरीदारी करते दिखें वही जाम भी लगा रहा ।









## एसपी ने किया घाटों का निरीक्षण

पुलिस अधीक्षक देवरिया डॉ श्रीपति मिश्र द्वारा छठ त्यौहार के दृष्टिगत छठ त्यौहार मनाये जाने वाले घाटों पर पहुंच कर वहां की साफ-सफाई एवं सुरक्षा के दृष्टिगत स्थानों पर लगाए जाने वाले पुलिस फोर्स के संबंध में उपस्थित क्षेत्राधिकारी नगर को उचित दिशा निर्देश दिए गए।

### छठ पूजा की खरीदारी के लिए बाजार में उमड़ी भीड़

**रुद्रपुर /देवरिया ।** बृहस्पतिवार से छठ पूजा का महापर्व शुरू हो चुका है। शुक्रवार को दोपहर बाद व्रती महिलाएं छठ घाटों पर जाकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी।छठ पूजा के सामान की खरीदारी के लिए बृहस्पतिवार को पूरे जिले भर के बाजारो में भीड़ नजर आई। बाजार में खरीदारी की भीड़ होने के चलते नगर की प्रमुख सड़कों पर कई बार जाम लगा। हालांकि पुलिस और होमगार्ड के जवान लोगों को जाम से निजात दिलाते रहे। इस बार सूप, फ्ल, दउरी के अलावा नारियल, सेब, केला, संतरा, नाशपाती, गन्ने पर भी महंगाई का असर दिखा। चार दिवसीय छठ महापर्व के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को पूजा सामग्री व अन्य सामान की खरीदारी के लिए नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक के बाजार में भीड़ उमड़ पड़ी। व्रती महिलाओं के साथ परिजन भी बाजार में पूजा से संबंधित सूप, डलिया, फ्ल के अलावा कपड़ा आदि की खरीदारी की। हालांकि पूजा सामग्रियों से लेकर अन्य सामान पर महंगाई का असर रहा। खरीदारों की भीड़ को देखते हुए नगर के रामजी सहाय पीजी कॉलेज रोड, बस स्टेशन रोड, कोतवाली रोड से लेकर मेन मार्केट जमुनी चौराहा, खजुआ चौराहा, आदर्श चौराहा आदि जगहों पर पुलिस ने बैरिकेडिंग किया था। बुधवार से ही बाइक के अलावा अन्य वाहनों का प्रवेश नगर में प्रतिबंधित है। इसके बावजूद बाजार के साथ ही नगर के अन्य मार्गों पर पूरे दिन जाम लगा रहा। खासकर कपड़ा व फ्लों की दुकान पर लोगों की भीड़ रही। बाजार के मार्गों पर सड़क किनारे पूजा सामग्रियों की दुकानें सजने और खरीदारी को लगी भीड़ के कारण भी जाम लगा रहा।

## मऊ में भी छठ पूजा पर बाजारों में रौनक

**मऊ ।** डाला छठ महापर्व के दौरान व्रती महिलाएं शुक्रवार की शाम को डूबते सूर्यदेव को पहला अर्घ्य देंगी। छठ पर्व को देखते हुए गुरुवार को बाजार में पूजन सामग्री की खरीददारी के लिए ठसाठस भीड़ रहा। इस दौरान पूरे दिन नदीए पोखरेए तालाब पर वेदी बनाने के लिए लोगों की होड़ लगी रही। साथ ही साथ जिला प्रशासन द्वारा भी पर्व को देखते हुए सुरक्षा.व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सभी घाटों का अपर पुलिस अधीक्षकए क्षेत्राधिकारी भारी संख्या में पुलिस बल के साथ स्थिति का जायजा लेते रहे। उधर नगर पालिका व नगर पंचायतों द्वारा साफ़सफ़ाई को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिला प्रशासन की टीम कोविड.19 के नियमों का हर हाल में सख्ती के साथ पालन कराने के लिए एलर्ट दिखाई दी। नगर समेत ग्रामीण अंचलों में कोरोना काल के बावजूद डाला छठ महापर्व को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। छठ में खासतौर पर भगवान सूर्य की पूजा की जाती है। दीवाली के बाद से ही महिलाएं छठ पूजा की तैयारी करने लगती है। व्रत रखने वाली श्रद्धालु महिलाओं ने गुरुवार को खरना किया। इसके उपरांत शुक्रवार को भगवान सूर्य को पहला अ?र्घ्य दिया जाएगा और शनिवार को दूसरा अर्घ्य। गुरुवार को पूरे दिन बाजार में फ्ल समेत अन्य पूजन सामग्री की खरीददारी के लिए ठसाठस भीड़ लगा रहा। शहर क्षेत्र के भीटीए औरंगाबादए मिर्जाहादीपुराए आजमगढ़ मोड़ए गाजीपुर तिराहाए रेलवे फाटकए मुंशीपुरा आदि स्थानों पर काफी संख्या में भीड़ लगी रही। उल्लेखनीय है कि छठ पूजा कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मनाया जाता हैए लेकिन इसकी शुरुआत बुधवार यानी 18 नवंबर को कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को नहाय खाय के साथ हुआ। इस दिन व्रती स्नान करने के बाद नये वस्त्र पहनकरए शाकाहारी भोजन किया था। इसी क्रम में गुरुवार को कार्तिक शुक्ल पंचमी को व्रती पूरे दिन खरना का व्रत रखी रहीं। व्रती महिलाओं ने अन्न व जल ग्रहण किए बिना उपवास किया। जबकि शाम को चावल व गुड़ से खीर बनाकर खायी। अब शुक्रवार को तीसरे दिन 20 नवंबर को छठ पर्व का प्रसाद व्रती महिलाओं द्वारा बनाया जाएगा। प्रसाद व फ्ल बांस की टोकरी में सजाए जाते हैं। सभी व्रती महिलाएं शुक्रवार की शाम को डूबते सूर्य देवता को अर्घ्य देंगीं।

## शाम 5.2 व सुबह 6.18 बजे होगा अर्घ्य

**छठ** महापर्व पर व्रती महिलाएं शुक्रवार को दोपहर बाद छठ घाट पर जाएंगी। वहां पूजन कर शाम 5.02 बजे डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी। इसके बाद घर जाकर कोसी भरने समेत अन्य पूजा पाठ करेंगी। शनिवार की सुबह 6.18 बजे सूर्योदय होने पर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत पूरा होगा। प्रशासन ने जिले में मुख्य छठ घाटों को चिह्नित किए हैं, जहां भीड़ अधिक होती है। इन जगहों पर संबंधित थाना क्षेत्र के पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## मनाई गई इंदिरा गांधी की जयंती

**मऊ।** देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वण् इंदिरा गांधी के 103 वे जन्मदिन 19 नवम्बर तथा मऊ जनपद के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सदर चौक से बाल निकेतन रोडवेज सहादतपुरा होते हुए संयुत ज़िला चिकत्सालय तक मार्च भी निकाला गया। कार्यक्रम के दौरान जिला चिकित्सालय पर स्वण् कल्पनाथ राय के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात श्रद्धांजलि सभा किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विश्व विजय सिंह कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी लौह महिला थी। ज़िला अध्यक्ष इंतेखाब आलम ने इंदिरा गांधी एवं कल्पनाथ राय को याद करते हुए कहा कि इन्दिरा गांधी द्वारा गोहाटी मे दिए गए भाषण की मेरे खून का एक.एक कतरा देश को मजबूती प्रदान करेगा आज भी हमे हर कुर्बानी की प्रेरणा देता है। वही प्रदेश सचिव एवं मऊ जनपद के प्रभारी मणिन्द्र मिश्रा ने भी इंदिरा गांधी के नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके अदम्य साहस की चर्चा की।

### बेटियों को इंदिरा गांधी व उनकी जीवनी के बारे में जरूर पढ़ाएं: संगीता

**मुग़लसराय,चन्दौली।**भारत की महान नेता और भारत की प्रथम महिला पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता और भाईचारा के रूप में शहर महिला कांग्रेस की अध्यक्षा श्रीमती संगीता सिंह के रवि नगर आवास पर मनाया गया। इस अवसर पर श्रीमती संगीता सिंह ने कहा कि आज भारत की सभी महिलाओं को बेटियों को स्वर्गीय इंदिरा गांधी से सीख लेनी चाहिए कि उन्होंने अपना नाम भारत ही में ही नहीं विश्व के पटल पर महिलाओं का नाम अंकित कराया वह विश्व की पहली महिला आयरन लेडी के रूप में जानी जाती हैं।

## इंदिरा गांधी की मनाई जयंती

**मुग़लसराय, चन्दौली।** शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान मे कालीमहाल स्थित पार्टी कैम्प कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई इस दौरान कांग्रेसजनो ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की तदोपरान्त एक गोष्ठी का भी आयोजन किया। आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा कि स्व इंदिरा गांधी विश्व की महान नेताओ मे से एक थी, देश को आगे ले जाने मे उन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## दीवानी न्यायालय बनाए जाने के लिए ज्ञापन

**डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत डुमरियागंज मे तहसील बार एसोसिएशन डुमरियागंज के अधिवक्ताओं ने राज्य सरकार की संपत्ति को दीवानी न्यायालय बनाए जाने के लिए ज्ञापन दिया और मांग की कि यह भूमि तहसील के पास है एडुमरियागंज नगर में है इसलिए वादकारियो एवं अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए इसी भूमि पर दीवानी न्यायालय बनाया जाए मांग की गई।

## डीएम ने किया निरीक्षण, दिया आवश्यक निर्देश

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में स्थापित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा आपदा कक्षए मुख्य राजस्व अभिलेखागार कक्षए एसएलओ कक्षए भूलेख का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने संबधित अधिकारियों को साफसफाई व्यवस्था ठीक कराये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कार्यालय में लटके तारों को ठीक कराने तथा खराब ट्यूबलाइट,बल्ब को बदलवाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी सीताराम गुप्त, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी देवेश, उमेश चन्द्र निगम, उपजिलाधिकारी, न्यायिक, सुदामा वर्माए प्रशासनिक अधिकारी शिवपूजन, नाजिर गिरीश मिश्रा, नाजिर कैश रमाकान्त पाठक, पुरूषोत्तम लाल श्रीवास्तव, रुव कुमार त्रिपाठी, आपदा लिपिक उमाकान्त मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## अवशेष प्रबंधन के यंत्र नही लगाने पर हार्वेस्टर होगा सीज

**सकलडीहा,चन्दौली।** शासन के निर्देश पर पराली जलाने पर सख्त रोक है। इस क्रम में गुरूवार को उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार ने सभी राजस्व कर्मीए नायब तहसीलदार एथानाध्यक्ष और कृषि अधिकारियों को अवशेष प्रबंधन के यंत्र लगाये बगैर प्रयोग करने वाले कम्बाईन हार्वेस्टर मालिकों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराकर को सीज करने का निर्देश दिया है। वही कार्रवाई नही करने पर सम्बन्धित अधिकारियों के खिलाफ निलंबन सहित अन्य कार्रवाई की चेतावनी दिया है। साथ ही कृषिकों की मांग पर यंत्र युक्त हार्वेस्टर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। शासन द्वारा समस्त लेखपालए कानूनगोंए नायब तहसीलदार और थानाध्यक्ष व कृषि अधिकारियों को क्षेत्र में भ्रमण कर पराली जलाने पर सख्त रोक लगाने का निर्देश दिया है।

## किसानों की मांग पर उपलब्ध कराये हार्वेस्टर

तहसील क्षेत्र के लोकुंआए मिर्जापुर, डबरिया,माधोपुर,गिरेहु, डेढ़गांवा, अमावल आदि स्थानों कम्बाईन हार्वेस्टर उपलब्ध है। किसानों की मांग पर हार्वेस्टर उपलब्ध कराने में तहसील कर्मी सहयोग प्रदान करे। तहसील बार एसोसिएशन डुमरियागंज के अधिवक्ताओं ने दीवानी न्यायालय बनाने की मांग कर दिया ज्ञापन ।

## दुकान में लगी आग हजारों का सामान व नकदी जली

**चकिया,चन्दौली ।** विकास खंड के गौडिहार गांव में एक जनरल स्टोर की दुकान में अचानक आग लग गई। आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दुकान संचालक रमेश मौर्या ने बताया कि उनके द्वारा जनरल स्टोर की दुकान के साथ मोबाइल रिचार्ज का भी कार्य किया जाता था। जिस कारण रिचार्ज करने के लिए रखे गए मोबाइल सेट और 20 हजार रुपये नकदी के साथ साथ बहुत सारा सामान जलकर राख हो गया।बताया जा रहा है कि आग लगभग रात को 12 बजे लगी।

## श्रद्धांजलि सभा

**सिद्धार्थनगर।** संयुक्त जिला चिकित्सालय में एक्सरे टेक्नीशियन शिवपूजन मणि त्रिपाठी के पिता का आकस्मिक निधन हो गया। खबर मिलने के बाद मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा् आरके कटियार की अध्यक्षता में शोक सभा हुई। इस दौरान दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संयुक्त जिला चिकित्सालय के ओपीडी सभागार में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉआरके कटियार की अध्यक्षता में एक शोक सभा हुई।

## चोरों ने लाखों का जेवर व नगदी उड़ाया

**धर्मापुर, जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती रात में चोर एक मकान पर धावा बोलकर लाखो के गहनों व नगदी उठा ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के चोरसण्ड गांव में तबरेज का आवास है। बीती रात में जब परिवार के लोग भोजन करके सो गए तो चोर उनके घर के पीछे वाले गेट का ताला तोड़कर प्रवेश कर गए। बताया गया कि जिस कमरे में परिवार का कोई सदस्य नहीं थाए उसी कमरे में आलमारी को तोड़कर उसमें रखा सोने का नथियाए मांगटीकाए 2 अंगूठी, चांदी का 1 सेट जेवर सहित 13 हजार रूपये नगदी चोर पार कर गये। सुबह उठने पर परिवार के सदस्यों को जब चोरी की जानकारी हुई तो वह अवाक रह गए। उन्हें गांव के ही धोबी के पोखरा पर दो टूटे बक्से मिले जिनमें सामान गायब थे। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गयी है।

## जायसवाल सभा कल मनायेगा सहस्त्रबाहु का जन्मदिवस

**जौनपुर।** जायसवाल समाज के कुलवंशज राज राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती तिथिनुसार कार्तिक शुक्ल पक्ष सप्तमी के दिन मनायी जायेगी। यह आयोजन श्री जायसवाल सभा धर्मशाला द्वारा 21 नवम्बर दिन शुक्रवार को सायं 4 बजे से रात 8 बजे तक नगर के ख्वाजगी टोला स्थित धर्मशाला में होगा। इस आशय की जानकारी अध्यक्ष जय प्रकाश जायसवाल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। वहीं कार्यक्रम संयोजक डा ओम प्रकाश गुप्ता ने समस्त स्वजातीय बंधुओं से उक्त अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील किया है।

## एनएसयूआई नेता ने किया पौधरोपण

**जौनपुर।** देश के पूर्व एवं प्रथम प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जन्मदिवस पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ;एनएसयूआईद्ध के जिलाध्यक्ष शशांक राय द्वारा पौधरोपण किया गया। यह आयोजन नगर के शिया डिग्री कालेज में किया गया।

### श्री रामलीला समिति ने आय–व्यय प्रस्तुति की खुली बैठक

*शाहगंज, जौनपुर।* स्थानीय क्षेत्र के कलेक्टरगंज में श्री रामलीला समिति द्वारा आय.व्यय के लिए बैठक की गयी जहां संस्थाध्यक्ष रूपेश जायसवाल ने समिति द्वारा किए गए कार्य पर चर्चा किया तो कोषाध्यक्ष अश्वनी कुमार ने आय.व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। वहीं महामंत्री प्रमोद सिंह ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### दिव्यांगों का उपकरण वितरण कार्यक्रम निरस्त

**जौनपुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुरेश मौर्य ने बताया कि एडिप योजनान्तर्गत एलिम्को कानपुर द्वारा 23 से 28 नवम्बर तक पूर्व में चयनित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण हेतु शिविर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित किया गया था। जनपद में विधान परिषद स्नातक निर्वाचन 2020 के कारण आदर्श आचार संहिता लागू है जिसके कारण दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम निरस्त किया जाता है।

## उन्मुखीकरण बैठक में हुई गहन मंत्रणा

संवाददाता। देवरिया



**बेसिक** शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार राय की अध्यक्षता एक उन्मुखीकरण बैठक आयोजित हुई जिसमें ब्लॉक बनकटा एवं भटनी के खंड शिक्षा अधिकारी जिला पिंगल प्रसाद राणा , समस्त जिला समन्वयक, जिला के समस्त एसआरजी एवं ब्लॉक के ।
यूनिसेफ से कमलेश पांडेय एवं ब्लॉक बनकटा और भटनी के सभी प्रधानध्याप मौजूद रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मिशन प्रेरणा एवं आपरेशन कायाकल्प के बारे में सभी प्रधानाध्यापकों को बिंदुवार जानकारी उपलब्ध कराई एवं सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की ।
सभी प्रधानाध्यापकों को कम्पोजिट ग्रांट से जो भी कार्य कराए जाने हैं उसके बारे में बताया और सभी विद्यालयों में समुचित रंगाई पुताई, शुद्ध सुरक्षित पेयजल, बालक बालिका शौचालय, मल्टीपल हैंडवाश की व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मिशन प्रेरणा के अन्तर्गत 3 मॉड्यूल के बारे में भी सबको बताया और सभी लोगों की समस्याओं पर भी चर्चा की और साथ ही साथ एक संकल्प लिया कि हम देवरिया जिले के समस्त विद्यालयों को दिसंबर 2021 तक प्रेरक जिला बनाएंगे।

## कालेज ने मनायी झांसी रानी की जयंती



संवाददाता। जौनपुर

**राजा** श्रीकृष्ण दत्त पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनायी गयी। इस मौके पर प्राचार्य डाण् विष्णु चन्द्र त्रिपाठी ने रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया जिसके बाद सभी शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्राचार्य ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना थी जिन्होंने अल्प आयु में ही ब्रिटिश समाज से लोहा लिया। उप प्राचार्य डा मयानन्द उपाध्याय ने कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का व्यक्तित्व महिला सशक्तीकरण का उदाहरण है। इस अवसर पर डा सन्तोष पाण्डेय, कार्यक्रम अधिकारी रासेयो डाअभय प्रताप सिंह,डा श्याम सुन्दर उपाध्याय,डा सुधाकर शुक्ल मौजूद रहे।

### कई कार्यक्रम आयोजित

**जौनपुर।** मिशन शक्ति के तहत आज तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर की प्राचार्य डॉ, सरोज सिंह के निर्देशन में रानी लक्ष्मीबाई की जन्म दिवस पर शारीरिक शिक्षा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शारीरिक शिक्षा विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ जेबीबी सिंह ने कहा की रानी लक्ष्मीबाई नारी समाज की शक्ति और कर्तव्यनिष्ठा की प्रतीक हैंए मुख्य अतिथि के रूप में समाजशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हरिओम त्रिपाठी ने कहा कि महारानी लक्ष्मी बाई महिला सशक्तिकरण की प्रतिमूर्ति थीए उनकी वीरता उनकी कर्तव्यनिष्ठा आज के वर्तमान महिला समाज के लिए बहुत ही प्रासंगिक ह, उनके वीरता की गाथा का उदाहरण देते हुए उनपर आधारित कविता सुनाई खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी।

## डॉ सुनीता त्रिपाठी बनी मासुसं के प्रदेश सचिव महिला प्रकोष्ठ

**सिद्धार्थनगर।** मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश डॉ गंगेश दीक्षित द्वारा मानवाधिकार सुरक्षा संगठन सिद्धार्थनगर के रतनसेन पीण् जीण् कॉलेज बांसी के सहायक प्रोफेसर डॉण्सुनीता त्रिपाठी को उनके समाज के प्रति जनसेवा की भावना को देखते हुए प्रदेश सचिव महिला प्रकोष्ट उत्तरप्रदेश के पद पर न्युक्ति किया है। साथ ही निर्देश दिया है की समाज मे भय आतंकवाद व्याप्त भरस्टाचार मानवाधिकार उत्पीड़न शोषण एवं मानवाधिकार हनन जैसे जघन्य घटनाओ पर कड़ी नजर रखेंगी तथा प्रशासन को अवगत कराते हुए उनका सहयोग पीड़ित ब्यक्ति की जनहित एवं न्याय हित मे सहायता करेंगी। जन निराकरण की प्रगति आख्या राष्ट्रीय कार्यालय को प्रेषित करती रहेंगी। डॉ सुनीता त्रिपाठी को प्रदेश सचिव महिला प्रकोष्ठ के पद पर नियुक्त होने पर उनको बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। इस बाबत डॉण्सुनीता त्रिपाठी ने राष्ट्रीय व प्रदेश अध्यक्ष का आभार ब्यक्त करते हुए कहा की नई जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी से करते हुए मानव के अधिकारों और सुरक्छा को लेकर जल्द ही प्रदेश कार्यकारिणी महिला प्रकोष्ठ का चयन किया जायेगा।

## दुश्मन देशों की लड़ाई है रेजांगला युद्ध : फौजी

**जौनपुर।** भारत.चीन की सीमा पर स्थित रेजांगला में मेजर शैतान सिंह भाटी के नेतृत्व में मात्र 120 वीर अहीर जवानों द्वारा चीन के हजारों सैनिकों से लोहा लेने के शौर्य दिवस पर जनपद के पूर्व सैनिकों द्वारा रेजांगला शहीद दिवस मनाया गया। उस लड़ाई में 120 जवानों में से 114 शहीद होकर हजारों चीनी सैनिकों को मौत के घाट उतार दिये थे जो आज तक का इतिहास है। पूर्व सैनिक दिनेश यादव प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय यादव महासंघ के नेतृत्व में नगर में कैंडिल मार्च निकालकर कलेक्टेउट्ट के पास स्थित सैनिक कल्याण बोर्ड में उन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। भूतपूर्व सैनिक समिति के बैनर तले आयोजित उक्त श्रद्धांजलि सभा में दिनेश यादव फौजी ने बताया कि 18 नवंबर 1962 को भारत के नहींए विश्व के इतिहास में जाना जाता है। 13 कुमाऊं रेजिमेंट की चार्ली कंपनी के 120 वीर अहीर जवानों ने चीन के हजारों सैनिकों को धूल चटा दिया। इस लड़ाई में 120 जवानों में से 114 वीर अहीर जवान शहीद हो गये थे। इसके अलावा अन्य वक्ताओं ने अपना विचार व्यक्त करते हुये बताया कि रेजांगला की लड़ाई की आज भी इतिहास है। इस अवसर पर पूर्व सैनिक केके सिंहए कमलेश यादवए शिवशंकर यादवए केके दुबेए सुनील दुबेए राज बहादुर यादवए नीरज यादव के अलावा समाजसेवी श्रवण जायसवाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



## सीओ सुशील कुमार हो गये निलम्बित

**जौनपुर।** अपने कारनामों को लेकर पुलिस महकमे में आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे सीओ केराकत सुशील कुमार को डीजीपी ने निलम्बित करते हुए पुलिस मुख्यालय अटैच कर दिया है। इनके निलम्बन कार्यवाही की चर्चा जनपद के आम जन मानस सहित पुलिस विभाग में चटखारे लेकर हो रही है। इनके तमाम मामलों की जांच विभाग में विचाराधीन है। किसी भी जांच में पुलिस का प्रभाव न दिखा सके इसीलिए निलम्बित किया गया है। इनके बारे में बताया जा रहा है कि बतौर सीओ सिटी एवं सीओ सदर आकंठ भ्रष्टाचार में गोते लगा रहे सीओ सुशील कुमार वर्तमान में सीओ केराकत के रूप में लूट पाट एवं अन्य खेल पुलिस की धौंस देकर कर रहे थे।

## उपचार के दौरान बच्ची की मौत परिजनों का अस्पताल में हंगामा

### डाक्टर पर मुकदमा दर्ज करने की मांग

संवाददाता। जौनपुर

नगर के सिटी रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित ईशा हास्पिटल हमेशा की तरह एक बार फ्रि चर्चा में आ गयी। इस बार बच्ची की मौत पर परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया। साथ ही अस्पताल परिसर में जमकर प्रदर्शन करते हुये चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग किया। मालूम हो कि नेवढ़िया थाना क्षेत्र के रामनगर ब्लाक क्षेत्र से आए ग्रामीणों ने उस समय बवाल मचा दिया जब इलाज कराने आयी लगभग 9 साल की बच्ची की मृत्यु हो गई। परिजनों का आरोप है कि 9 साल की बच्ची गोल्डी तिवारी को बीते 15 नवंबर को गाय ने धक्का मार दिया था जिसकी वजह से उसके सर में चोट आ गई थी। उसका उपचार पिछले 5 दिन से किसी न किसी रूप में चर्चा में रहने वाले ईशा हास्पिटल में चल रहा था। परिजनों के अनुसार बीते शाम को लड़की की तबियत बिगड़ गयी जिस पर राहुल श्रीवास्तव नामक डाक्टर ने यह कहकर वेंटिलेटर पर रख दिया कि इससे बच्ची को बचाया जा सकता है। जब परिजनों ने उसकी स्थिति देखी तो अंदाजा लगाये कि बच्ची की मृत्यु बीती रात में ही हो गई थी। सिर्फ पैसे कमाने के लिए उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। यह जानकर परिजन वहीं पर धरने पर बैठ गये। परिजनों का कहना है कि उपचार में लापरवाही की गयी है तथा बच्ची की मौत के बाद भी वेंटिलेटर पर रखा गया था। राहुल चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाय।



## सड़कों पर कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी: डीएम

**जौनपुर।** जिलाधिकारी दिनेश सिंह ने जनपदवासियों से अपील किया कि अपने शहर को साफए सुथराए स्वच्छ बनाने के लिए सबके सहयोग की आवश्यकता है। सभी लोग अपने घरों में एक कूड़ादान अवश्य रखें और अपने दिन भर का कूड़ा उसमें सुरक्षित रखें। दूसरे दिन सुबह जब सफाईकर्मी आता है तो उसको कूड़ा दे दें। इसी प्रकार हर दुकानदार भी इसे सुनिश्चित करें और कूड़ा इधर.उधर दिन भर न फेंके। ऐसे मार्ग जिन की सफाई रात्रि में होती हैए उनके दुकानदारों से अनुरोध है कि वह दुकान बंद करते समय कूड़ा अपनी दुकान के सामने रख दें जिससे रात में सफाई के समय कूड़ा उठाया जा सके।

## नेहरू युवा केंद्र का युवा मंडल विकास अभियान कार्यक्रम संपन्न

**सिद्धार्थनगर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की इकाई नेहरू युवा केंद्र सिद्धार्थनगर के तत्वधान में आज वृहस्पतिवार को युवा मंडल विकाश अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे युवाओ के विकाश बिंदु पर तमाम जानकारी देते हुए उन्हे आगे आने हेतु प्रोत्साहित किया गया। विकाश खंण्ड खुनियांव के हिल्गी नान कार के मे आयोजित किया गया इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अखिलेश मौर्य ने कहा कि युवाओ को सही दिशा दिखाने के लिए ऐसे कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही महत्वपूर्ण रहता है आज के युवा कल देश के भविष्य है इसलिए इनके व्यक्तित्व का निमार्ण सही तरीके से होना चाहिए विशिष्ट अतिथि गोविंद शुक्ला ;विश्व हिंदू महासंघ जिला उपाध्यक्षद्ध ने कहा कि समाज व देश के विकाश मे युवा अहम भागीदारी निभाएं इसके लिए उन्हे प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। समाज सेवी प्रमोद श्रीवास्तवए अत्ताउल्लाह खान युवाओ के दायित्वो पर चर्चा की कहा की अगर उन्हे आगे बढ़ाना है तो उनकी सही समय पर अच्छी दिशा देनी होगी इस पर ध्यान दिया जाए कि युवा सच्चे मार्ग से भटकने ना पाएं इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रिय युवा स्वंसेवक आशीष श्रीवास्तव व मनीष श्रीवास्तव के द्वारा किया गया जिसमे नये युवा मण्डंल और पूराने युवा मण्डंल के अध्यक्ष और सदस्य गण के साथ रविंद्र कुमार चौधरी,प्रदीप राज मौर्य, अबू बकर खान ,सूर्य प्रकाश सिंह ,अमित पटेल आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला अधेड़ का शव

**जगदीशपुर** (अमेठी)। कमरौली थाना क्षेत्र के हाइवे बनभरिया रोड स्थित संत गुफा वीर मंदिर के निकट संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ का शव पड़ा देख कर ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी सूचना पाकर कमरौली थानाध्यक्ष शिवाकान्त पाण्डेय ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्डम के लिए भेजा। मृतक की पहचान अब्दुल लतीफ पुत्र मोहम्मद जमा उम्र लगभग (65 वर्ष) निवासी पुर सोभई कठौरा थाना कमरौली के रूप में हुई। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष शिवाकान्त पाण्डेय ने बताया कि मृतक के भाई मोप्त मोबिन की तहरीर पर जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा ।

## परमा महराज के निधन से प्रमोद तिवारी दुखी

**प्रतापगढ़**। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने शनिदेव धाम के महन्थ परमा महराज जी के आकस्मिक महाप्रयाण को दुखद ठहराते हुए उन्हें एक धर्मनिष्ठ संत करार दिया है। श्री तिवारी ने परमा महराज के निधन को स्वयं के लिए अत्यन्त पीडादायक ठहराते हुए कहा कि वह मेरे परम शुभेच्छु थे तथा उनके निधन से प्रतापगढ़ जिले के आध्यात्म व धर्म के लोककल्याण क्षेत्र को बड़ी क्षति हुई है। वहीं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने परमा महराज जी के आकस्मिक महानिर्वाण को आध्यात्म व संस्कृति तथा मानव कल्याण की सेवा के क्षेत्र मे अपूर्णनीय क्षति कहा है।

## स्कूल में चोरी का रिपोर्ट दर्ज नहीं

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। कोतवाली के केशवपुर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय मे बीती मई माह मे अज्ञात चोरों ने विद्यालय के एक कक्ष का ताला तोडकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने विद्यालय में रखे विज्ञान एवं स्पोर्टस किट के सामान तथा यूपीएस तथा दो माउस आदि उड़ा लिये। घटना को लेकर कई बार तहरीर देने के बावजूद पुलिस केस नहीं दर्ज कर रही है। गुरूवार को प्रधानाध्यापिका ने सीओ को कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। प्रधानाध्यापिका शशिकला ने घटना के बाबत कई बार पुलिस से शिकायत दर्ज कराया। कार्रवाई नहीं होने पर गुरूवार को विद्यालय के शिक्षकों ने सीओ जगमोहन से मिलकर कार्रवाई की मांग की है।

## जमीनी विवाद मे दलित परिवार की पिटाई

लालगंज (प्रतापगढ़)। जमीनी विवाद को लेकर दलित परिवार के सदस्यों के साथ घर मे घुसकर मारपीट तथा तोड़फोड़ को लेकर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। कोतवाली के नेवाज खां खानापटटी निवासी माता प्रसाद सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीते 12 नवंबर को सुबह 10 बजे वह घर पर मौजूद था। इस बीच गांव के विवेक यादव, अमित यादव, विनोद, रामशिरोमणि तथा ज्ञानेन्द्र यादव लाठी डंडे से लैस होकर उसके दरवाजे आ धमके। आरोपियों ने जमीनी विवाद को लेकर पीड़ित को जातिसूचक शब्दों से गालियां देते हुए घर मे घुसकर उसे तथा उसकी बहन व भाभी को लाठी डंडे से मारापीटा। दलित परिवार के शोर मचाने पर आरोपियो ने घर में रखे कीमती सामान भी तोड़कर नष्ट कर दिए। आरोपियों ने पीड़ित को शिकायत करने पर जानलेवा धमकी भी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बुधवार की रात आरोपी विवेक समेत पांच के खिलाफ बलवा तथा घर मे घुसकर मारपीट व तोडफोड तथा दलित उत्पीड़न का केस दर्ज किया है।

## ट्रेन से कटकर महिला की मौत

जगदीशपुर (**अमेठी**)। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के चौकी वारिसगंज के अंतर्गत रेलवे क्रासिंग वारिसगंज के निकट रेलवे लाइन पार करते समय अज्ञात अधेड़ महिला की मौत घटना स्थल पर उस वक्त हो गई जब अचानक मालगाड़ी आ गई स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना जीआरपी पुलिस को देने के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव का शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन कोई पहचान नहीं हो सकी तब जीआरपी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 12 दिसम्बर को

**प्रतापगढ़**। सिविल जज (सीडि)/ प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आकांक्षा मिश्रा ने बताया कि उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 12 दिसम्बर को प्रात: 10 बजे से जनपद मुख्यालय के साथ ही साथ समस्त तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक शमनीय वाद, धारा-138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृत्ति लाभो से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) एवं आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा।

## मार्ग दुर्घटना में वृद्ध की मौत

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। तीव्र गति से तथा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने से वृद्ध की मौत को लेकर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। जेठवारा थाना कटवढ़ साहीपुर निवासी रामफेर ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बुधवार की देर रात एक चारपहिया वाहन से उसका पिता रामलखन पड़ोस के मेवालाल के लडके की बारात मे शामिल होने जा रहा था। कोतवाली लालगंज के घासी का पुरवा छेमर सरैंया के पास चालक द्वारा तीव्र गति से वाहन चलाने को लेकर वाहन अनियंत्रित हो गया। अनियंत्रित वाहन अचानक सड़क किनारे गडढे मे पलटा खा गया। वाहन मे दब जाने से उसके पिता को गंभीर चोटें आ गई। सूचना मिलने पर वह परिजनों के साथ घटनास्थल पर पहुंचा और घायल पिता को इलाज के लिए प्रयागराज ले जा रहा था। अत्यधिक रक्तस्त्राव होने के कारण उसके पिता की मौत हो गयी। पीडित की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ पुलिस ने गुरूवार को मृतक के पुत्र की तहरीर पर गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

## विकास कार्यों की जांच करने पहुंचे अधिकारी

सिरौलीगौसपुर (**बाराबंकी**)। गांवों में मनरेगा से कराए गए विकास कार्यों का डीसी मनरेगा ने औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान उन्होंने गांव में नाली खड़ंजा तालाबों चक मार्गो सहित तमाम मनरेगा कार्यों की बारीकी के साथ पड़ताल किया। जिसमें खामियां पाए जाने पर ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए कमियां दूर करने के दिए निर्देश दिए। गुरुवार को डीसी मनरेगा नरेंद्र देव द्विवेदी ने खंड विकास अधिकारी कमलेश कुमार के साथ विरौली गांव में चक मार्ग तालाब व खड़ंजा का निरीक्षण करने के दौरान अभिलेखों को देखा साथ ही साथ उन्होंने अभिलेख के अनुसार कई कार्यों की नाप भी करवाई। इसके बाद ग्राम विरौली पहुंचे जहां पर खडंजा तालाब आदि का निरीक्षण किया। यहां पर कई कार्यों में बोर्ड टूटा मिला तथा कई कार्य मानक के अनुरूप नहीं पाए गए। कई कार्यों पर बोर्ड नहीं लगाए गए जिस पर डीसी मनरेगा ने नाराज होते हुए ग्राम विकास अधिकारी सत्यानंद सिंह व ग्राम प्रधान को कड़ी फटकार लगाते हुए बोर्डों को लगवाने व मानक अनुरूप कार्य कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर विरौली ग्राम प्रधान ग्राम विकास अधिकारी संजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

## शटर तोड़कर सात पेटी शराब चोरी

सिरौलीगौसपुर (**बाराबंकी**)। देसी शराब ठेके की दुकान से शटर तोड़कर सात पेटी शराब चोरी हो गई है । शिकायत पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच किया है। कोतवाली बदोसराय के ग्राम करोरा में अनिता जायसवाल के नाम से देसी शराब का ठेका है। बुधवार की रात शटर को तोड़कर उसमें रखी सात पेटी शराब पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। सेल्समैन की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने पहुंचकर मामले की जांच किया है पुलिस ने सेल्समैन निर्मल कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह ने बताया की मालिक और सेल्समैन के बीच कुछ लेनदेन का मामला है। जांच की जा रही है।

# अभियान में खोजे गए 73 टीबी मरीज, 3.54 लाख लोगों की स्क्रीनिंग

**संवाददाता**। बाराबंकी

**स्थानीय** जनपद में 10 दिन तक चले घर-घर टीबी रोगी खोज अभियान में 73 नए क्षय रोगी पाए गए। अभियान में लगी 130 टीमों ने 3.54 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की। इस बीच दो हजार से अधिक व्यक्ति संभावित मिले। सभी की बलगम जांच कराई गई है। मरीजों का इलाज शुरू कर दिया गया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. एके वर्मा ने बताया कि पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत टीबी मरीज खोज के लिए जनपद में 10 दिवसीय एक्टिव केस फाइंडिग अभियान चलाया गया। टीमों ने घर-घर जाकर लोगों से टीबी के लक्षणों को लेकर सवाल किए। उनके आधार पर बलगम की जांच कराई गई। अभियान में 73 नए टीबी के मरीज पाए गए। जिले की 341878 लाख आबादी में विशेष अभियान चलाने का लक्ष्य निर्धारित था। टीम की सक्रयिता के फलस्वरूप निर्धारित लक्ष्य को पार कर 354907 लोगों की स्क्रीनिग की गई। संभावित पाए गए 2384 लोगों के बलगम व एक्सरे जांच की गई। इसमें 73 नए मरीज टीबी मरीज चिन्हित किए गए। इन सभी मरीजों को चिन्हित करने के साथ ही उपचार शुरू कर दिया गया है। अभियान में 130 टीमें और 29 सुपरवाइजर लगाए गए थे। यदि किसी परिवार में पहले से ही कोई टीबी का मरीज हैए तो उस परिवार के अन्य सदस्यों को टीबी होने का खतरा काफी बढ़ जाता है। इसीलिए टीबी के सभी मरीजों के परिवारों की स्क्रीनिग भी की गई है।

# कोविड से बचाव के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं: जिलाधिकारी

### कलैक्ट्रेट में कोविड की जांच के लिए कैम्प लगे

### संदिग्ध मरीजों की जांच में कोताही न बरतें

**संवाददाता**। ललितपुर

**जिलाधिकारी** ए. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में कोविड-19 कोर कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि 1522 टेस्ट किये गए, जिनमें 18 धनात्मक केस पाए गए हैं, साथ ही दो मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। जनपद में वर्तमान में कुल 89 एक्टिव केस हैं। जनपद में मरीजों का रिकवरी रेट 96.00 सीएफआर 1.50 तथा धनात्मकता रेट 1.64 प्रतिशत है।

कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कलैक्ट्रेट में कोविड की जांच हेतु कैम्प लगाया जाये। संदिग्ध मरीजों की जांच में कोताही न बरतें। ग्रामीण पेयजल आपूर्ति की समीक्षा में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू विद्युत आपूर्ति हेतु ट्रांसफार्मर एवं अन्य उपकरणों को दुरुस्त रखें।

कोविड अस्पतालों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सर्दी के मौसम को देखते हुए कोविड मरीजों के खानपान पर विशेष ध्यान दिया जायेए उन्हें सुपाच्य भोजन एवं गर्म पानी दिया जाये। साथ ही अस्पतालों में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त रखें। उन्होंने संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला मलेरिया अधिकारी को निर्देश दिए कि लगातार निरीक्षण कर मच्छरों के लार्वा को नष्ट करें। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में कराये गए निरीक्षणों की सूची उपलब्ध कराये साफ सफाई एवं सैनिटाइजेशन की समीक्षा के दौरान डीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्रों में स्वच्छता के साथ साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम व वॉल पेंटिंग के माध्यम से कोविड से बचाव हेतु शासन के आवश्यक दिशा निर्देशों का व्यापक प्रचार प्रसार कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार पांडेय, अपर जिलाधिकारी न्यायिक लवकुश त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश दुबे, क्षेत्राधिकारी सदर, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (पुरुष) डा. अमित चतुर्वेदी, जिला मलेरिया अधिकारी मनोज कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जिला होम्योपैथिक अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. हुसैन खान, डा. डीसी दोहरे, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ जेएस बख्शी, डॉ. राजेश भारती सहित चिकित्सा विभाग के अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

## एबीवीपी की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

सिरौलीगौसपुर (**बाराबंकी**)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बदोसराय के नगर इकाई द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई जयंती के अवसर पर जनता इंटर कॉलेज में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम में उनके द्वारा दिए गए योगदान को याद किया। कार्यकर्ताओं से उनके आदर्शों का अनुसरण करने के लिए कहा गया। इस दौरान लक्ष्मीबाई की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए । इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं को उनकी जीवन के बारे में उनके संघर्षों के बारे में जानकारी दी गई ।रानी लक्ष्मीबाई एवं अंग्रेजों की स्वाधीनता संग्राम की लड़ाई के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में जिला एस एफएस प्रमुख महेश मौर्य, जिला एसएफडी सह प्रमुख योगेन्द्र मौर्य, तहसील सह संयोजक अमन पांडेय व नगर उपाध्यक्ष महेश पटेल, रितिक कनौजिया, कोमल, प्राची, महिमा, निशा रोली, जयोति, अंजलि आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इंदिरा गांधी ने खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया: प्रमोद तिवारी

**संवाददाता**। लालगंज (**प्रतापगढ़**)



**नगर** के इंदिरा चौक पर शहीद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया और शहीद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय एकता की मजबूती का संकल्प लिया। जयंती पर जारी विज्ञप्ति मे कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि इंदिरा गांधी ने श्वेत क्रांति एवं हरित क्रांति के माध्यम से जहां खाद्यान्न के क्षेत्र मे भारत को आत्मनिर्भर बनाया है। वहीं प्रिवियर्स समाप्त कर आमजनों को देश मे पहली बार राजा महराजाओं के बराबरी का सम्मानजनक दर्जा प्रदान किया। प्रमोद तिवारी ने इंदिरा को दुनिया मे शहस्त्राब्दी की शक्तिशाली एवं प्रभावशाली नेता ठहराते हुए कहा है कि दुनिया के पांच आर्थिक एवं सामरिक रूप से शक्तिशाली देशो मे एक सौ तीन गुटनिरपेक्ष देशो का नेतृत्व करने का गौरव भी उनके लौह नेतृत्व मे मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। संयोजक चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय एकता का संकल्प दिलाया। इस मौके पर छोटेलाल सरोज, विकास मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, शिव बहादुर सरोज, पप्पू जायसवाल, संजय द्विवेदी, रामू मिश्रा, कल्लू तिवारी, दिनेश सिंह, धीरेंद्रमणि शुक्ल, सोनू मिश्र, मनीष मिश्र, संदीप शुक्ल आदि रहे।

# हमें अपनी प्राकृतिक धरोहरों को संरक्षित व सुरक्षित रखने का संकल्प लेना होगा

**संवाददाता**। ललितपुर

विश्व धरोहर कार्यक्रम सप्ताह का शुभारंभ पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय में गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में इन्टैक चैप्टर से संतोष शर्मा ने कहा कि आज से विश्व धरोहर सप्ताह का शुभारंभ किया जा रहा है।

इसके तहत 19 से 25 तारीख के मध्य प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के सम्बंध में कार्य किये जायेंगे। ललितपुर जनपद में प्राकृतिक संपदाओं की भरमार है। हमें आज के दिन अपनी प्राकृतिक धरोहरों को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने का संकल्प लेना होगा। हमें अपनी संस्कृति के संरक्षण के लिए सदैव कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड में अनेक महापुरुषों ने जन्म लिया है। इन्टैक प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में कार्य करता रहेगा। इसके उपरान्त रमाकांत तिवारी ने कहा कि आज महारानी लक्ष्मीबाई की जन्मतिथि है। हमारी महिलाओं को झांसी की रानी के गौरवशाली चरित्र का अनुसरण करना चाहिए। इसी क्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक पारसनाथ यादव ने कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। आज के समय में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सम्पूर्ण विश्व में प्रतियोगिता चल रही है। ऐसे में हमें अपनी विरासतए संस्कृति एवं प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण कार्य करना होगा। हमारी सांस्कृतिक विरासत समृद्धशाली रही है, हमें इसे अक्षुण्य बनाये रखना होगा।

विद्यार्थी हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहरों के विषय में विशेष अध्ययन करें, जिससे हमारा देश विश्व गुरु बन सके। हमारे शिक्षक विद्यालयों में किताबी ज्ञान के साथ.साथ सांस्कृतिक धरोहरों की भी जानकारी अवश्य दें। विद्यार्थी अपने जीवन में लक्ष्य के साथ पढ़ाई करेंए जिससे उनका उध्ययन सही प्रगति को प्राप्त कर सके। साथ ही ऐसे विद्यार्थियों की गणना सफल व्यक्ति के रुप में कर सकें। इसके उपरान्त मंत्री मनोहर लाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज के दिन विश्व धरोहर सप्ताह के शुभारंभ के साथ.साथ वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती भी है।

आज का दिन अत्यधिक गौरवशाली है। बुन्देखण्ड क्षेत्र में ललितपुर जनपद प्राकृतिक धनसम्पदाओं से परिपूर्ण हैए विद्यार्थी हमारी प्राकृतिक धरोहरों के बारे में अवश्य ज्ञान अर्जित करें तथा अपने देश का नाम प्रकाशमान करें। उन्होंने कहा कि पुराने समय में हमारे देश को सोने की चिड़िया कहा जाता था। 1857 की क्रान्ति में महारानी लक्ष्मीबाई द्वारा अंग्रेजों से लोहा लिया गया। इससे पूर्व राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल पंथ ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत हुआ राशन वितरण

**संवाददाता**। तिलोई (**अमेठी**)

**प्रदेश** सरकार की बहुआयामी योजना नौनिहालों को कुपोषण से बचाने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत राशन वितरण किया गया जिसमे क्षेत्र के नौनिहालों को राशन दिया गया।

ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिंहपुर के आंगनबाड़ी केंद्र पर बुधवार को समन्वयक भूपेंद्र सिंह की देखरेख में नौनिहालों को ड्राई राशन वितरण किया गया। वितरण के लिए स्वयं सहायता समूह को अधिकृत किया गया था जिसकी अध्यक्षा रामा देवी ने कहाकि शासन द्वारा उनके समूह को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वे उसे निष्ठा के साथ निभाएंगी।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्रीचंद्र चौरसिया समूह की अध्यक्ष श्रीमती रामा देवी, कोषाध्यक्ष नीतू, सचिव संगीता व ग्राम के आनंद कुमार, अशोक कुमार, कृष्णकांत मौजूद रहे।

# भूकम्प व आगजनी से बचाव को लेकर मेगा माकड्रिल

**संवाददाता**। बाराबंकी



**जिलाधिकारी** कार्यालय में गुरुवार को भूकंप व फायर आपदा पर संयुक्त मेगा मोक अभ्यास किया गया। एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक आलोक कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में एनडीआरएफ लखनऊ टीम व बाराबंकी के फायर विभाग, पीडब्ल्यूडी, जिला पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, एनवाईके और रेडक्रास की टीमों द्वारा किसी भी प्रकार की भूकंप व फायर आपदा होने पर खोज, राहत व् बचाव कार्य हेतु मेगा माक का संयुक्त अभ्यास किया गया। जिसका मुख्य उददेश्य घायल व चोटिल व्यक्तियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करना, सभी एजेंसियों का रेस्पांस चेक करना व सभी स्टेक होल्डरस के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है तथा इस मेगा माक अभ्यास द्वारा खोज, राहत व बचाव कार्य के संचालन में आने वाली कमियों की समीक्षा कर उन्हें दूर करना भी है।

इस मेगा माक अभ्यास का सम्पूर्ण नेतृत्व एनडीआरएफ के उप कमांडेंट नीरज कुमार द्वारा लखनऊ टीम के 35 सदस्यी टीम द्वारा किया गया। नीरज कुमार ने बताया कि आपसी समन्वय से सकारात्मक पहल व सशक्त रिस्पांस सिस्टम को विकसित करने से इस तरह की भूकंप व् आगजनी जैसी आपदाओं में होने वाली दुर्घटनाओं से आसानी से निपटा जा सके और समय-समय पर इस तरह के मेगा मॉक अभ्यास द्वारा महत्वपूर्ण जीवन की रक्षा की जा सकेगी। इस मेगा माक अभ्यास के दौरान बाराबंकी के जिलाधिकारी डा आदर्श सिंह, अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. बीकेएस. चौहान एवं अन्य संस्थाओ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# परिवार नियोजन को लेकर अनूठी पहल, हर माह मनेगा खुशहाल परिवार दिवस

### राज्य से लेकर गांव स्तर पर होंगे विविध कार्यक्रम, प्रचार-प्रसार पर जोर

**संवाददाता**। अमेठी

**समुदाय** स्तर पर परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता और स्वीकार्यता बढ़ाने पर सरकार का पूरा जोर है । इसके व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर एक अनूठी पहल के तहत अब हर माह की 21 तारीख को खुशहाल परिवार दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है । इस दिवस पर राज्य से लेकर गाँव स्तर की सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर परिवार नियोजन को बढ़ावा देने को लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 21 तारीख को यदि राजकीय अवकाश होता है तो अगले दिवस पर यह कार्यक्रम आयोजित होंगें। इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश की निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने सूबे के सभी जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेजकर खुशहाल परिवार दिवस के आयोजन के बारे में विस्तृत दिशा.निर्देश जारी किया है। उनका कहना है कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में भी परिवार नियोजन सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है । इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में परिवार नियोजन सेवाओं की समुदाय स्तर पर निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए परिवार नियोजन साधनों की ग्राह्यता को बढ़ाना बहुत जरूरी है । इस पहल के तहत लक्षित समूह के परिवार नियोजन के साधन अपनाने पर खास ध्यान दिया जाएगा । इन लक्षित समूह में शामिल हैं . इस साल की पहली जनवरी के बाद प्रसव वाली वह महिलाएं जो उच्च जोखिम गर्भावस्था के रूप में चिन्हित गयी थी। नव विवाहित दम्पति और वह योग्य दम्पति जिनके तीन या तीन से अधिक बच्चे हैं। आशा कार्यकर्ताओं की इस अनूठी पहल में भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी । वह ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की लक्षित समूह की महिलाओं की लाइन लिस्टिंग करेंगी । ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का दिन यदि 21 तारीख को पड़ता है तो वह उस दिवस को परिवार नियोजन के साधनों पर केन्द्रित करते हुए खुशहाल परिवार दिवस को बड़े पैमाने पर मनाएंगी । गृह भ्रमण के दौरान लक्षित समूह के उन दम्पति को चिन्हित करेंगी जो परिवार नियोजन के किसी साधन को नहीं अपना रहे हैंए उनकी काउंसिलिंग से लेकर बास्केट आफ च्वाइस में मौजूद साधनों से अवगत कराएंगी। इसके अलावा इन साधनों को अपनाने को लेकर कोई भ्रान्ति होगी तो उसे भी दूर करेंगी। सेवाओं की उपलब्धता, स्वीकार्यता व प्रोत्साहन राशि की जानकारी देते हुए साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित करेंगीं। इच्छुक दम्पति का प्री.रजिस्ट्रेशन भी करेंगी। आशा कार्यकर्ता खुशहाल परिवार दिवस पर लक्षित सनूह की चिन्हित अधिकतम महिलाओं को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर चलने के लिए प्रेरित करेंगी ताकि उनको और विस्तार से परिवार नियोजन साधनों के बारे में जानकारी मुहैया करायी जा सके। इस कार्य में सेंटर पर तैनात कम्युनिटी हेल्थ आफिसर भी आशा की मदद करेंगी। एएनएमए स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता, आशा संगिनी और महिला आरोग्य समिति के सदस्य भी इच्छुक दम्पति द्वारा चुने गए साधनों की उपलब्धता पर आशा का सहयोग करेंगे। शहरी क्षेत्र में जहाँ आशा कार्यकर्त्ता नहीं हैं वहां पर शहरी एएनएम द्वारा यह गतिविधियाँ सम्पादित की जाएंगी। एक वर्ष के भीतर विवाहित नव दम्पति को नई पहल किट देते हुए परिवार नियोजन साधनों के बारे में विस्तार से बताते हुए मैरिज रजिस्ट्रेशन के बारे में भी अवगत कराया जाएगा।

# भक्ति और भक्त सदैव हुआ करते हैं भगवान के प्रिय: दिनेश जी महराज

### भागवत कथा में श्रीकृष्ण रूक्मिणी विवाह प्रसंग पर भावविभोर हुए श्रद्धालु

**संवाददाता**। लालगंज (प्रतापगढ़)



**हरनाहर** के समीप रामचंद्रपुर मछेहा हरदोपटटी में हो रही श्रीमदभागवत कथा ज्ञानयज्ञ में चौथे दिन श्रीकृष्ण रूक्मिणी विवाह के कथा वृतांत को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथाव्यास पं. दिनेश शुक्ल गुरूजी महराज ने कहा कि भगवान के प्रति सच्चे मन से प्रेम मनुष्य को उसकी हर आकांक्षा को फलीभूत किया करता है। श्रीकृष्ण के प्रति रूक्मिणी के निष्छल प्रेम का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कथाव्यास ने कहा कि श्रीकृष्ण ने सदैव हर स्थिति मे भक्त की निश्छलता को हृदय से अंगीकृत किया है। दिनेश शुक्ल जी महराज ने कहा कि भगवान कृष्ण के नाम और उनके संकीर्तन मे रमने वाले प्राणी का हर लोक सुमंगल हुआ करता है। उन्होनें कहा कि भगवान का भजन और नित्य प्रति कर्म साधना ही जीवन की शाश्वत तपस्या है। भक्ति और भक्त सदैव श्रीहरि के प्रिय हुआ करते है। कथा के दौरान श्रीकृष्ण रूक्मिणी विवाह को लेकर महिला श्रद्धालुओं के भजन व संकीर्तन ने भी श्रद्धालुओं को आस्थामय भाव मे मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के संयोजक पं. गिरधारी लाल शुक्ल एवं गायत्री शुक्ला ने प्रारम्भ मे गुरू महराज दिनेश जी का श्रद्धालुओं की ओर से अभिषेक किया। सह संयोजक बृजेन्द्र कुमार शुक्ल मुन्ना तथा लालजी शुक्ल ने कथाश्रवण मे आये श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर डा. आशीष शुक्ल, उपेश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, राजेन्द्र शुक्ल, सोनू मिश्र, विनय पाण्डेय आदि रहे।

## कथा आयोजन को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। क्षेत्र के देवली में श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन को लेकर गुरूवार को श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा मे बडी संख्या मे श्रद्धालुओं को भक्तिमय देखा गया। कलश यात्रा साहबगंज बाजार होते हुए गौशाला व मां देवी देवला धाम पहुंची। कलश यात्रा में हाथी-घोड़े व बग्घी के साथ साइकिल तथा बाइक व चारपहिया पर श्रद्धालुओं को भजन कीर्तन मे रमा देखा गया। कलश यात्रा मे प्रमोदवन चित्रकूट से पधारे कथाव्यास स्वामी श्री वेंकटेशाचार्य जी ने भगवान के प्रति आस्था के माहत्म्य पर प्रकाश डाला। मुख्य यजमान निर्मला सिंह व बीडीसी जय सिंह ने श्रद्धालुओं का रोली अभिषेक किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रधान मनोज सिंह ने कथाव्यास का अभिषेक किया। कार्यक्रम में विश्वनाथगंज विधायक डा. आरके वर्मा भी भक्तों के साथ रथ पर बैठे।